2. शिमला-कुल्लु-शिमला–13.5.2019 से। इसे शिमला-मंडी-कुल्लु-मंडी-शिमला के लिए 10 दिसम्बर, 2021 से विस्तारित किया गया है (सप्ताह में तीन)
3. शिमला-धर्मशाला-शिमला – 14.5.2019 से। इसे आगे 9 दिसम्बर, 2021 से शिमला-मंडी-धर्मशाला-शिमला के लिए विस्तारित किया गया है (सप्ताह में तीन)
4. देहरादून-नई टिहरी- श्रीनगर-गौचर-श्रीनगर-नई टिहरी- देहरादून (सप्ताह में तीन) 29.7.2020 से
5. देहरादून-रामपुर-शिमला – 9 दिसम्बर, 2021 से (सप्ताह में तीन)
6. देहरादून-गौचर-देहरादून – 8 अक्तूबर, 2021 से (सप्ताह में छह दिन)
7. देहरादून-श्रीनगर-देहरादून (सप्ताह में तीन)
8. देहरादून-हल्द्वानी/पंतनगर-पिथौड़ागढ़-देहरादून – 8 अक्तूबर, 2021 से (सप्ताह में छह दिन)
9. देहरादून-हल्द्वानी/पंतनगर-अल्मोड़ा- -पिथौरागढ़-अल्मोड़ा-पंतनगर/हल्द्वानी-देहरादून – 26 अगस्त, 2022 से

उपर्युक्त में कुछ मार्गों के परिचालन का तीन वर्ष का काल पूरा हो गया है।

आपकी कंपनी ने पूर्वोत्तर क्षेत्रों, विशेषतः असम, में क्षेत्रीय सम्पर्क योजना (आरसीएस) उड़ान सेवाओं को विस्तारिक करके अनेकों महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। डिब्रुगढ़, जोरहाट, तेजपुर तथा गुवाहाटी जैसे प्रमुख स्थलों से सम्पर्कता के लिए दिनांक 8 फरवरी, 2023 को परिचालन प्रारंभ किए गए थे।

वर्तमान में क्षेत्रीय सम्पर्क योजना उड़ान 2.0 के अंतर्गत असम में निम्नलिखित मार्ग परिचालनात्मक हैं:-

- डिब्रुगढ़ – जोरहाट (3 दिन / सप्ताह)
- जोरहाट – तेजपुर (3 दिन / सप्ताह)
- तेजपुर – गुवाहाटी (3 दिन / सप्ताह)
- गुवाहाटी – तेजपुर (3 दिन / सप्ताह)
- तेजपुर – जोरहाट (3 दिन/ सप्ताह)
- जोरहाट – डिब्रुगढ़ (3 दिन / सप्ताह)

आपकी कम्पनी ने अवसंरचना एवं अन्य आवश्यकताओं की उपलब्धि होने के पश्चात प्रदान किए गए सेक्टरों के लिए उड़ान सेवाएं चरणबद्ध स्वरूप में प्रारंभ की हैं।

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, कर्नाटक और तमिलनाडु की सरकारों ने अपने संबंधित राज्यों में विकास के अंतर्गत आरसीएस हेलीपोर्टों के विकास और लाइसेंसिंग/परिचालन प्राधिकरण हेतु परियोजना प्रबंधन परामर्श हेतु पवन हंस लिमिटेड की सेवाएं प्राप्त की हैं।

इसके अलावा, नागर विमानन मंत्रालय द्वारा हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, असम और अरुणाचल प्रदेश के पांच राज्यों में आरसीएस-II उड़ान के अंतर्गत विकासाधीन सभी 31 हैलीपोर्टों के लिए संचार, सुरक्षा, विजुअल एड्स और अग्निशमन सहित सभी उपकरणों की केंद्रीकृत खरीद के लिए पवन हंस लिमिटेड को नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया है।

आपकी कम्पनी को नागर विमानन मंत्रालय द्वारा इस योजना के अंतर्गत विभिन्न अल्पसेवित एवं असेवित सेक्टरों से सम्पर्कता हेतु अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए ''चैम्पियन ऑफ उड़ान'' के सम्मान के साथ साथ प्रशंसा पत्र भी प्रदान किया गया है।

इस अवसर पर प्रबंधन के प्रति अपना विश्वास बनाए रखने के लिए मैं आप सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं । मैं कम्पनी के कार्यकुशल प्रबंधन में सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए भारत सरकार, नागर विमानन मंत्रालय, नागर विमानन महानिदेशालय तथा अन्य विभिन्न एजेंसियों के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं I मैं कम्पनी के प्रति अपने विश्वास को बनाए रखने के लिए तेल एवं प्राकृतिक गैस कम्पनी लिमिटेड, एनटीपीसी लिमिटेड, गृह मंत्रालय, मिजोरम, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, उड़ीसा एवं जम्मू एवं कश्मीर संघ शासित प्रदेश, संघ शासित प्रदेश लद्दाख, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह तथा लक्षद्वीप द्वीपसमूह की सरकारों तथा इनके कर्मचारियों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के प्रति भी हृदय से आभार व्यक्त करता हूं ।

ह/-

(संजीव राजदान)

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

दिनांक : 23 जुलाई, 2024

निदेशक मंडल की रिपोर्ट

प्रिय सदस्यगण,

आपका निदेशक मंडल आपके सम्मुख पवन हंस लिमिटेड की 38वीं वार्षिक रिपोर्ट तथा 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण, लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट और वित्तीय विवरणों के संबंध में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा की गई टिप्पणियां तथा उनके संबंध में निदेशक मंडल द्वारा दिए गए उत्तरों की सहर्ष प्रस्तुति कर रहा हैं।

I. प्रचालन

क) प्रचालन परिणाम

आपकी कम्पनी द्वारा वर्ष 2022-23 के दौरान प्रचालनों से पिछले वर्ष अर्जित 38513.55 लाख रुपए के राजस्व की तुलना में 41515.96 लाख रुपए के राजस्व की उत्पति की गई है, जो पिछले वर्ष से 7.0% अधिक है। 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के दौरान 47 हेलीकॉप्टरों के कुल बेड़ा आकार में से हेलीकॉप्टरों का मासिक नियोजन 27 रहा है। वर्ष 2022-23 में पिछले वर्ष के 17566 उड़ान घंटों की तुलना में राजस्व उड़ान घंटों की संख्या 18850 घंटे हो गई है।

ख) बेड़ा प्रोफाइल

सम्पूर्ण भारत में पवन हंस ने अपने पूर्णतः संतुलित 47 हेलीकाप्टरों के प्रचालन बेड़े के साथ एशिया के विशालतम हेलीकॉप्टर प्रचालकों में से एक होने की अपनी स्थिति को बरकरार रखा है।

कम्पनी के विद्यमान प्रचालनात्मक बेड़े का स्वरूप निम्नानुसार है:-

हेलीकॉप्टर प्रकार	हेलीकॉप्टरों की संख्या	औसत आयु (वर्ष)
*डॉफिन एसए 365एन	17*	36
डॉफिन एएस365 एन3	14	15
बैल्ल -407	3	19
बैल्ल 206एल4	2	27
एएस 350 बी3	2	12
एमआई-172	3	15
ध्रुव (पट्टे पर)	1	17
सिकोर्स्की एस 76डी (पट्टे पर)	05**	10
योग	**47**	

पीएचएल को 18 जनवरी, 2023 को आयोजित एसोचैम के 14वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सह नागर विमानन पुरस्कार समारोह में नागर विमानन क्षेत्र के विकास में योगदान के लिए "सर्वश्रेष्ठ हेलीकॉप्टर ऑपरेटर" के लिए माननीय नागर विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया से ट्रॉफी प्राप्त करते हुए।

* निदेशक मंडल द्वारा चार डॉफिन एसए365एन हेलीकॉप्टरों, जो 33 वर्ष से भी अधिक पुराने हैं तथा अप्रचलन के कारण काफी समय से ग्राउंड किए गए हैं, के संबंध में क्षमता हानि अनुमोदन प्रदान किया गया है।

** एक सिकोरस्की एस 76डी हेलीकॉप्टर दिनांक 28.6.2022 को मुम्बई अपतट में सागर किरण रिग के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

तदनुसार, प्रभावी प्रचालनात्मक विमान बेड़े का आकार केवल 41 हेलीकॉप्टर है।

ग) <u>बेड़ा परिनियोजन</u>

तेल एवं प्राकृतिक गैस कम्पनी लिमिटेड के अपतटीय प्रचालनों हेतु बम्बई अपतटीय प्लेटफार्म पर स्थित ड्रिलिंग रिग्स तक उनके व्यक्तियों एवं महत्वपूर्ण आपूर्तियों के वहन के लिए पवन हंस द्वारा राउंड द क्लॉक हेलीकॉप्टर सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं । आपकी कम्पनी द्वारा मुम्बई के भू-भाग से 130 नॉटिक्ल मील के दायरे में स्थित तेल एवं प्राकृतिक गैस कम्पनी लिमिटेड की रिग्स (मदर प्लेटफार्म एवं ड्रिलिंग रिग्स) तथा उत्पादन प्लेटफार्म (कुओं) के लिए प्रचालन किए जाते हैं । 31.03.2023 की स्थिति के अनुसार कम्पनी द्वारा तेल एवं प्राकृतिक गैस कम्पनी लिमिटेड को संविदा के अंतर्गत अपतटीय कार्यों के लिए 5 डॉफिन एन 3 हेलीकॉप्टरों से सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

वर्तमान में कम्पनी द्वारा पूर्वोत्तर राज्यों की राज्य सरकारों नामतः मिजोरम एवं त्रिपुरा को एक हेलीकॉप्टर प्रत्येक से सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सिक्किम को कम्पनी द्वारा एक बेल्ल 407 हेलीकॉप्टर से सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। कम्पनी द्वारा अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह प्रशासन को 5 डॉफिन एन3 हेलीकॉप्टर तथा लक्षद्वीप प्रशासन को 03 डॉफिन एन हेलीकॉप्टर से सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। आपकी कम्पनी दमन एवं दीप संघ शासित प्रदेश को भी एक डॉफिन एन/एन3 हेलीकॉप्टर की सेवाएं प्रदान कर रही है। आपकी कम्पनी ने एनटीपीसी (सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम) के साथ तीन वर्ष हेतु हेलीकॉप्टर सेवा अनुबंध का नवीकरण जो आगे दो वर्ष के लिए किया जा सकता है। हिन्दुस्तान ऑयल एक्सप्लोरेशन कम्पनी, मुम्बई को भी आपकी कम्पनी हेलीकॉप्टर सेवाएं प्रदान कर रही है।

विचाराधीन वर्ष के दौरान आपकी कम्पनी द्वारा जम्मू एवं कश्मीर सरकार को 1 बेल्ल 407 हेलीकॉप्टर उपलब्ध करवाया गया है। कम्पनी द्वारा संघ शासित प्रदेश लद्दाख को भी 1 एएस350 बी3 तथा 1 एमआई-172 हेलीकॉप्टर की सेवाएं प्रदान की गई है। कम्पनी द्वारा महाराष्ट्र राज्य सरकार को एक ध्रुव हेलीकॉप्टर से सेवाएं प्रदान की गई हैं। एक डॉफिन एन 3 हेलीकॉप्टर जगदलपुर में सीआरपीएफ की सेवाओं के लिए तैनात किया गया है।

क्षेत्रीय सम्पर्क योजना-चंडीगढ़ तथा क्षेत्रीय सम्पर्क योजना - उत्तराखंड के लिए 2 डॉफिन एन हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं। एक बैल्ल 407 सिंगल इंजन हेलीकॉप्टर उत्तराखंड में क्षेत्रीय सम्पर्क योजना के प्रचालनों के लिए तैनात किया गया है।

पवन हंस द्वारा फाटा से पवित्र केदारनाथ धाम के लिए प्रत्येक वर्ष यात्रा सीजन अर्थात मई-जून एवं सितम्बर-अक्टूबर के दौरान हेलीकॉप्टर सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

हेलीकॉप्टरों का औसत मासिक परिनियोजन निम्नानुसार रहा है :-

औसत मासिक बेड़ा उपयोग



* हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से पट्टे पर प्राप्त एक ध्रुव हेलीकॉप्टर सहित

** हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से पट्टे पर प्राप्त एक ध्रुव हेलीकॉप्टर सहित तथा 4 अप्रयोज्य हेलीकॉप्टरों के अलावा

*** हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से पट्टे पर प्राप्त एक ध्रुव हेलीकॉप्टर सहित तथा 5 खराब हेलीकॉप्टरों के अलावा

घ) <u>बेड़ा विस्तार</u>

अपने आंतरिक स्रोतों से 20% निधियन तथा बैंकों से 80% आवधिक ऋण के माध्यम से आपकी कम्पनी द्वारा अपने बेड़े के विस्तार के लिए 4 लाइट तथा 2 हैवी ड्यूटी के हेलीकॉप्टरों की खरीद करने के प्रयास, रणनीतिक विनिवेश प्रक्रिया के चलते प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा पूंजी निवेश स्थगित करने के निर्णय के कारण, सफल नहीं हो पाए थे। इसके पश्चात बेड़े का विस्तार पट्टा विधि के माध्यम से करने के प्रयास भी किए गए थे।

आपकी कम्पनी ने छह हेलीकॉप्टरों के लिए मैसर्स वर्टिकल एविएशन नम्बर 1 लिमिटेड (आयरलैंड की एक पट्टा देने वाली कम्पनी) के साथ मास्टर लीज एग्रीमेंट एवं एयरक्राफ्ट स्पैस्फिक लीज एग्रीमेंट (एएसएलए) हस्ताक्षर किए हैं। विचाराधीन वर्ष के दौरान मैसर्स वर्टिकल एविशन नम्बर 1 लिमिटेड से तीन हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति प्राप्त हुई है तथा पिछले वर्ष के दौरान दो हेलीकॉप्टर प्राप्त हुए थे।

च) <u>पवन हंस लिमिटेड में रणनीतिक विनिवेश</u>

भारत सरकार द्वारा पवन हंस लिमिटेड में प्रबंधन नियंत्रण के अंतरण के साथ भारत सरकार की समग्र 51% शेयरधारिता का विनिवेश किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस रणनीतिक विनिवेश के लिए निवेश एवं लोक सम्पत्ति प्रबंधन विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा संव्यवहार परामर्शदाता एवं विधि सलाहकार के रूप में क्रमशः मैसर्स एसबीआई कैप्टिल मार्केट्स लिमिटेड एवं मैसर्स क्राफर्ड बेयले एंड कम्पनी को नियुक्त किया गया है। मैसर्स आरबीएसए को नागर विमानन मंत्रालय द्वारा पवन हंस लिमिटेड की परिसम्पत्तियों के मूल्यांकन के लिए नियुक्त किया गया है।

इसी के साथ साथ, तेल एवं प्राकृतिक गैस कम्पनी लिमिटेड (''ओएनजीसी'') ने भी दिनांक 2 अगस्त, 2018 के अपने निदेशक मंडल के संकल्प के माध्यम से पवन हंस लिमिटेड में अपनी सम्पूर्ण 49% की शेयरधारिता समाप्त करने की मंशा व्यक्त की है।

बोलीदाताओं से अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त न होने के कारण विनिवेश की प्रक्रिया को पहले पूरा नहीं किया जा सका था।

पवन हंस लिमिटेड के लिए वर्तमान में रणनीतिक विनिवेश की प्रक्रिया की गई थी जिसके लिए पीआईएम/रूचि अभिव्यक्ति के लिए अनुरोध दिनांक 8.12.2020 को जारी किए गए थे। नियत तिथि(5 मार्च, 2021) तक प्राप्त रूचि अभिव्यक्ति के मूल्यांकन एवं आईएमजी के निदेशों के आधार पर शार्टलिस्ट किए गए बोलीदाताओं को वीडीआर, एसआईएम, आरएफपी के लिए एस्सेस एवं शेयर क्रय अनुबंध का मसौदा उपलब्ध करवाया गया था। शार्टलिस्ट किए गए बोलीदाताओं द्वारा विभिन्न एहतियातों के साथ प्रस्तुत की गई बोलियों का तकनीकी मूल्यांकन किया गया था। वित्तीय बोली दिनांक 23 अप्रैल 2022 को खोली गई थी तथा दिनांक 29 अप्रैल, 2022 को तीन सदस्यों के कंर्सोटियम (नामतः स्टार9 मोबिल्टी प्राइवेट लिमिटेड) को उच्चतर बोलीदाता घोषित किया गया था।

सरकार द्वारा सफल बोलीदाता कंर्सोटियम मैसर्स स्टार 9 मोबिल्टी प्राइवेट लिमिटेड को प्रारंभिक सूचना ज्ञापन (पीआईएम) एवं अर्हता प्रस्ताव अनुरोध (आरएफपी) के प्रावधानों के उपबंधों के अनुसार पवन हंस लिमिटेड के रणनीतिक विनिवेश की प्रक्रिया के प्रति अयोग्य घोषित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके चालू रणनीतिक विनिवेश से संबंधित चालू रूचि अभिव्यक्ति प्रक्रिया दिनांक 3 जुलाई, 2023 को रद्द हो गई है।

छ) <u>रोहिणी हेलीपोर्ट का डीमार्जर</u>

रोहिणी हेलीपोर्ट पर 150 यात्रियों की क्षमता (किसी भी समय बिंदु पर) से युक्त एक टर्मिनल भवन, 16 हेलीकॉप्टरों की पार्किंग क्षमता वाले 4 हेंगर तथा 9 पार्किंग बे स्थापित हैं। इसका निर्माण हेलीकॉप्टर

प्रचालनों, अन्य प्रचालकों को लैंडिंग एवं पार्किंग सुविधा, मरम्मत, अनुरक्षण एवं ओवरहॉल सेवाएं (एमआरओ) तथा प्रशिक्षण सेवाएं प्रदान करने के साथ साथ हेलीकॉप्टर व्यवसाय को एकल समाधान उपलब्ध करवाने के लिए किया गया है।

रोहिणी हेलीपोर्ट के लिए भूमि का आबंटन दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा नागर विमानन मंत्रालय के नाम से दीर्घकालिक पट्टे पर किए जाने के तथ्य को विचार में रखते हुए रोहिणी हेलीपोर्ट रणनीतिक बिक्री / विनिवेश के संव्यवहार के अंतर्गत नहीं आता है। तदनुसार, नागर विमानन मंत्रालय द्वारा रोहिणी हेलीपोर्ट की परिसम्पत्तियों को पवन हंस लिमिटेड की बहियों में शामिल किए जाने के स्थान पर रणनीतिक प्रक्रिया से पूर्व से इसे विशेष उद्देश्य वाहक (एसपीवी) को सौंपने का निर्णय लिया गया है। इस उद्देश्य से अलग से नागर विमानन मंत्रालय तथा तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम की एक प्रतिरूप कम्पनी रोहिणी हेलीपोर्ट लिमिटेड के नाम से गठित की गई है।

संयुक्त सचिव, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 29.8.2022 के आदेश के माध्यम से डीमार्जर योजना अनुमोदित की गई है जिसके अनुसार रोहिणी हेलीपोर्ट का पवन हंस लिमिटेड के साथ डीमार्जर करके गोइंग कंसर्न आधार पर रोहिणी हेलीपोर्ट लिमिटेड के रूप में किया गया है। डीमार्जर की नियत तिथि 1.4.2019 की प्रस्तावित नियत तिथि के स्थान पर संशोधित करके 1.4.2022 निर्धारित की गई है। नियत तिथि में परिवर्तन के परिणामस्वरूप दोनों कंपनियों के लिए पिछले तीन वित्तीय वर्षों के अपने वित्तीय विवरणों, आयकर विवरणों आदि में संशोधन किए जाने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। डीमार्जर योजना दिनांक 26.09.2022 (कंपनी रजिस्ट्रार के सम्मुख आदेश की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने की तिथि) से प्रभावी है। नियत तिथि (1.4.2022) से, रोहिणी हेलीपोर्ट के व्यवसाय आपकी कंपनी द्वारा रोहिणी हेलीपोर्ट लिमिटेड की ओर से किए जा रहे है। डीमार्जर की अपेक्षाओं के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं की जा रही हैं।

ज) वित्तीय वर्ष 2022-23 की समाप्ति के पश्चात घटित महत्वपूर्ण घटनाएं / विकास क्रम

सरकार द्वारा सफल बोलीदाता कंर्सोटियम मैसर्स स्टार 9 मोबिल्टी प्राइवेट लिमिटेड को प्रारंभिक सूचना ज्ञापन (पीआईएम) एवं अर्हता प्रस्ताव अनुरोध (आरएफपी) के प्रावधानों के उपबंधों के अनुसार पवन हंस लिमिटेड के रणनीतिक विनिवेश की प्रक्रिया के प्रति अयोग्य घोषित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके चालू रणनीतिक विनिवेश से संबंधित चालू रूचि अभिव्यक्ति प्रक्रिया दिनांक 3 जुलाई, 2023 को रद्द हो गई है।

II. संदृश्य एवं ध्येय

संदृश्य :

यात्रियों को विश्व श्रेणी की संरक्षित, सुरक्षित, सवंहनीय, वहनीय विमान सेवाओं की सुविधा प्रदान करना।

ध्येयः

छोटे फिक्स्ड विंग वाले विमानों के प्रचालनों के माध्यम से क्षेत्रीय विमान सम्पर्कता प्रदान करने तथा अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप मरम्मत एवं ओवरहॉल सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से हेलीकॉप्टरों एवं सी प्लेन सेवाओं के क्षेत्र में बाजार का नेतृत्व करना।

III. वित्त एवं लेखा

आपकी कम्पनी द्वारा 31.3.2023 की स्थिति के अनुसार तुलन पत्र से युक्त वित्तीय विवरण, 31.3.2023 को समाप्त वर्ष के लाभ एवं हानि विवरण, रोकड़ प्रवाह विवरण, इक्विटी परिवर्तन विवरण तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीति के संक्षेप सहित वित्तीय विवरणों के अतिरिक्त नोट तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए इंड एएस के अनुरूप अन्य व्याख्यात्मक सूचना तैयार की गई है।

क) <u>वित्तीय परिणाम</u>

वर्ष 2021-22 तथा 2022-23 के दौरान आपकी कम्पनी का वित्तीय निष्पादन निम्नानुसार है:-

(रुपए लाख में)

विवरण	2022-23 राशि	2021-2022 राशि
क) प्रचालनों से राजस्व	40080.03	38223.20
ख) अन्य प्रचालन आय	1435.93	290.15
ग) योग प्रचालन आय	41515.96	38513.35
घ) प्रचालन व्यय		
i) हेलीकॉप्टर प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय	14212.13	12333.17
ii) कर्मचारी हितलाभ व्यय	15758.19	15808.51
iii) अन्य व्यय	4272.59	3546.59
योग	**34242.91**	**31688.27**
ङ) प्रचालनात्मक लाभ/(हानि)	7273.05	6825.08
च) अन्य गैर-प्रचालन आय /(व्यय)		
i) अन्य आय	2688.76	2708.26
ii) वित्त लागत	(803.80)	(545.38)
iii) मूल्यह्रास एवं परिशोधन	(9805.16)	(9377.24)
योग	**(7920.20)**	**(7214.36)**
छ) कर पश्चात निवल लाभ/ (हानि)	(647.16)	(389.28)
ज) बंद प्रचालनों से कर पूर्व निवल लाभ/(हानि)	-	(498.27)
योग	**(647.16)**	**(887.55)**
झ) (i) आस्थगित कर परिसम्पतियां (देयताएं)	(1709.22)	(885.13)
(ii) न्यूनतम वैकल्पिक कर	-	-
ञ) अन्य व्यापक आय / हानि	124.38	(55.13)
ट) कर पश्चात निवल लाभ/(हानि)	(2232.00)	(1827.81)

प्रतिशत के दृष्टिकोण से प्रचालनों से प्राप्त राजस्व में पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 7.80% की बढ़त हुई है जो हेलीकॉप्टरों के बेहतर परिनियोजन एवं संसाधनों के इष्टतम उपयोग के कारण है। प्रचालनों से प्राप्त लाभ 6825.08 लाख रुपए से बढ़कर 7273.05 लाख रुपए हो गया है। प्रचालन लाभ में हुई यह वृद्धि निर्णित हर्जानों, एओजी प्रभारों एवं कर्मचारी लागतों में कमी आने के परिणामस्वरूप हासिल हुई है।



ख) <u>लाभांश</u>

वर्ष 2022-23 के दौरान हुई हानियों के कारण आपके निदेशक विचाराधीन वर्ष के लिए किसी भी लाभांश की अनुशंसा किए जाने के प्रति अपनी असमर्थता व्यक्त करते हैं ।

ग) <u>नागर विमानन मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन</u>

लोक उद्यम विभाग की परक्रामण बैठक के पश्चात आपकी कम्पनी द्वारा नागर विमानन मंत्रालय के साथ प्रत्येक वर्ष एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाते थे । वर्ष 2016-17 के लिए आपकी कम्पनी द्वारा

प्रस्तुत की गई निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट के संबंध समझौता ज्ञापन रेटिंग 'बहुत अच्छी' तथा वर्ष 2017-18 की रिपोर्ट 'अच्छी' आंकी गई थी। आपकी कम्पनी द्वारा नागर विमानन मंत्रालय के माध्यम से लोक उद्यम विभाग (डीपीई) से जारी विनिवेश प्रक्रिया के कारण वर्ष 2018-19 के पश्चात से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने के प्रति छूट मांगी गई है।

घ) <u>इक्विटी पूंजी</u>

कम्पनी की कुल इक्विटी शेयर पूंजी 557,48,20,000/- रुपए है जिसमें 10,000/- रुपए मूल्य प्रत्येक के 5,57,482 इक्विटी शेयर हैं।

आपकी कंपनी के इक्विटी शेयर नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के डिपॉजिटरी सिस्टम में शामिल हो गए हैं, जिससे कंपनी के शेयरधारक अपने शेयर प्रमाणपत्र को डीमेट करवा सकते हैं। पवन हंस लिमिटेड, एनएसडीएल और एनएसडीएल डेटा बेस मैनेजमेंट लिमिटेड (रजिस्ट्रार एंड ट्रांसफर एजेंट) के बीच किए गए त्रिपक्षीय अनुबंध के अंतर्गत भारत के राष्ट्रपति के पास धारित 10,000/- रुपये मूल्य प्रत्येक के 1,95,050 इक्विटी शेयर डीमेट किए गए हैं। शेष 89,259 इक्विटी शेयर भारत के राष्ट्रपति के पास भौतिक रूप में हैं।

IV. <u>इंजीनियरिंग / अनुरक्षण क्रियाकलाप</u>

1. अपने हेलीकॉप्टरों के बेड़े के अनुरक्षण के लिए कम्पनी द्वारा नागर विमानन महानिदेशालय से अनुमोदन प्राप्त करके मुम्बई, नई दिल्ली , गुवाहाटी (असम) तथा पोर्टब्लेयर (अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह) में उत्कृष्ट अनुरक्षण सुविधाओं की स्थापना की गई है । यहां हेलीकॉप्टरों की अनुरक्षण जांच की जाती है तथा इसके बैक अप में आंतरिक सुविधाओं से युक्त कार्यशालाएं स्थापित हैं। आपकी कम्पनी की अनुरक्षण क्षमता बिना किसी विदेशी सहायता के पूर्ण रूप से आंतरिक तौर डॉफिन हेलीकॉप्टरों की 'जी' जांच (5400 घंटे/10 वर्ष जांच) तथा एस76डी हेलीकॉप्टरों के लिए (100 घंटे एवं 36 माह तक) कर सकने की है तथा इसके परिणामस्वरूप मरम्मत/ परीक्षण पर होने वाली कम लागत से विदेशी मुद्रा की बचत संभव हो पाई है।

पवन हंस लिमिटेड के स्वामित्व वाले/संचालित हेलीकॉप्टरों के एमआरओ के क्षेत्र में व्यवसायिक सहयोग और अवसरों की खोज के लिए 15.02.2023 को मैसर्स एचएएल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।

2. कम्पनी के गुवाहाटी (असम) बेस को निम्नलिखित अनुरक्षण क्रियाकलापों के लिए अनुमोदित किया गया है:-

- 3000 घंटों/6 वर्ष जांच तक डॉफिन एसए 365एन हेलीकॉप्टरों का अनुरक्षण
- 3000 घंटों/6 वर्ष जांच तक डॉफिन एएस 365एन3 हेलीकॉप्टरों का अनुरक्षण.
- 1200 घंटों/48 माह जांच तक एक्युरियल एएस 350 बी3 हेलीकॉप्टर का अनुरक्षण
- 100 घंटों/90 दिन तक बेल्ल 206 एल4 हेलीकॉप्टर का अनुरक्षण
- 100 घंटों/90 दिन तक बेल्ल 407 हेलीकॉप्टर का अनुरक्षण

3. पवन हंस लिमिटेड के पोर्टब्लेयर (अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह बेस को निम्नलिखित अनुरक्षण क्रियाकलापों के लिए अनुमोदित किया गया है:-

- 3000 घंटों/6 वर्ष जांच तक डॉफिन एसए 365एन हेलीकॉप्टरों का अनुरक्षण
- 1200 घंटों/48 माह जांच तक डॉफिन एएस 365एन3 हेलीकॉप्टरों का अनुरक्षण

पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा अपने संसाधनों से हेलीकॉप्टरों के डॉफिन विमान बेड़े की जांच के लिए टी/2टी/5टी/जी (600 घंटे/1200 घंटे/ 3000 घंटे/ 5400 घंटे) के कुल 21 जांच कार्य किए गए थे।

इसके अलावा, नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा रोहिणी हेलीपोर्ट (दिल्ली) के संबंध में निम्नलिखित अनुमोदन दिए गए हैं:-

- 1500 घंटों की जांच तक बेल्ल 206 एल4 का अनुरक्षण
- 1200 घंटों/24 माह की जांच तक बेल्ल 407 का अनुरक्षण
- 1200 घंटों/48 माह की जांच, प्रमुख बदलाव/ मरम्मत के अलावा, तक एक्युरियल एएस350 बी 3 हेलीकॉप्टर का अनुरक्षण
- 1200 घंटों/4 वर्ष की जांच तक डॉफिन एस ए 365एन हेलीकॉप्टरों का अनुरक्षण
- 1200 घंटों/4 वर्ष जांच तक डॉफिन एसए 365एन3 हेलीकॉप्टरों का अनुरक्षण
- एमआई-172 हेलीकॉप्टर के अनुरक्षण के साथ 500 घंटों तथा 1000 घंटों की जांच

कम्पनी की अनुरक्षण व्यवस्था में संवर्धन करने तथा बाह्य व्यवसाय प्राप्त करने के उद्देश्य से अलग अनुरक्षण, मरम्मत एवं ओवरहॉल (एमआरओ) इकाईयों की स्थापना की गई है।

V. सामग्री प्रबंधन

सभी उपभोग्य वस्तुओं और पुर्जों का प्रापण स्टॉक एवं भावी आवश्यकताओं की समीक्षा करके नियंत्रित किया जाता है और आवश्यकता के अनुसार खरीद का सुनिश्चय करने एवं अधिक भंडार को कम करने और धन के अनावश्यक व्यय को न्यून करने के लिए न्यूनतम नए स्तर निर्धारित किए जाते हैं।

सामग्री विभाग की सभी गतिविधियाँ एकीकृत कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से ऑनलाइन हैं। मांग और आपूर्ति का प्रसंस्करण कुशल हो गया है। सभी डेटा सभी क्षेत्रों और बेसों पर नेटवर्क के उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है।

ई-प्रापण प्रणाली का कुशलतापूर्वक उपयोग किया जाता है जिससे खरीद अधिक पारदर्शी हो गई है।

VI. सूचना व्यवस्था एवं प्रौद्योगिकी प्रयास

संचार के लिए अद्यतन प्रौद्योगिकी समाधानों का समावेश किए बिना उत्तम संचलन संभव नहीं है। पवन हंस में सूचना प्रौद्योगिकी को व्यवसाय की आवश्यकताओं के अनुरूप अंगीकार किया गया है।

आपकी कम्पनी द्वारा व्यावसायिक उपयोज्यता के लिए क्लाउड सेवाओं एवं उड़ान डेटा शेड्यूलिंग सिस्टम, कम्पोनेंट हैल्थ मॉनीटरिंग सिस्टम, सामग्री प्रबंधन प्रणाली, वित्त एवं लेखा प्रणाली, मानव संसाधन प्रणाली एवं बिजनेस डेशबोर्ड के लिए एकीकृत सूचना प्रणाली (आईआईएसपी) का उपयोग किया जा रहा है।

आपकी कम्पनी में कार्यान्वयन किए गए अन्य समाधानों में ई-ऑफिस, ई-टेंडरिंग, ई-आरटीआई, ई-जीईएम, ई-फेस60+, ई-टिकटिंग, आनलाइन बिल ट्रैकिंग सिस्टम, संरक्षा प्रबंधन व्यवस्था, वर्चुअल मीट एवं ई-मेल समाधान शामिल हैं।

आपकी कम्पनी में उपयोग में लाई जा रही प्रौद्योगिकी से कर्मचारियों की पहुंच कार्य प्रयोजन से सम्बद्ध जोखिम सूचना तक कुशल एवं प्रभावी रूप से हो पाती है तथा यह प्रतिस्पर्धी बाजार में प्रतिस्पर्धी स्थिति का लाभ प्राप्त करने के लिए भी आशित है। आईसीटी परिवेश से सेवाओं, संगणन संसाधनों, आनलाइन अध्ययन सामग्रियों, प्रशिक्षण मैनुअलों तथा अन्य केन्द्रीकृत उपयोज्यताओं तक सुगम एवं त्वरित पहुंच स्थापित हो पाती है। जो प्रौद्योगिकियां स्थापित की गई हैं उनसे कर्मचारियों को भी अपने कौशल के अनवरत उन्नयन एवं अपने कार्य परिवेश में विविधता सम्पन्न सुधार लाने के अवसर प्राप्त होते हैं।

पवन हंस द्वारा लागतों को संतुलित करने, सेवाओं की बेहतरी एवं अर्थपूर्ण आपूर्ति के लिए नियंत्रण एवं ग्राहक सेवाओं को बेहतर बनाकर 'ईज आफ डूइंग आपरेशंस' के अंतर्गत विभिन्न व्यवसाय प्रक्रियाओं को मानक बनाने के लिए उत्कृष्ट सूचना प्रौद्योगिकी व्यवहारों को अंगीकार किया गया है।

VII. मानव संसाधन प्रबंधन

क) <u>जनशक्ति</u>

31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार कम्पनी की कुल 569 जनशक्ति (256 स्थाई कर्मचारी तथा 313 ठेका अनुबंध कर्मचारी) की तुलना में 31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार कम्पनी की कुल जनशक्ति 602 है जिनमें 92 पॉयलट, 87 विमान अनुरक्षण इंजीनियर, 02 फ्लाइट इंजीनियर, 55 अधिशासी, 141 तकनीशियन तथा 192 अन्य तकनीकी एवं गैर तकनीकी कर्मचारी हैं ।

ख) <u>औद्योगिक संबंध</u>

विचाराधीन अवधि के दौरान औद्योगिक संबंध मैत्रीपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण बने रहे, कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ नियमित बैठकें आयोजित हुई । कर्मचारियों से संबंधित मामलों का निपटान बातचीत एवं विभिन्न बैठकों में विचार विमर्श के

पवन हंस लिमिटेड के लिए गर्व का दिन, हमारी अपनी युवा और प्रतिभाशाली हेलीकॉप्टर पायलट कैप्टन आशिमा मेंदीरत्ता को 25 मार्च 2023 को भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करने का अवसर मिला।

माध्यम से कर लिया गया । सभी अधिशासियों, पॉयलटों तथा इंजीनियरों (नियमित एवं संविदारत दोनों) के संबंध में तथा यूनियन वर्ग के कर्मचारियों के संबंध में संशोधित आईडीए वेतनमान एवं भत्तों का कार्यान्वयन किया गया है।

ग) **कर्मचारी कल्याण**

कम्पनी द्वारा अपने कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को वृहद चिकित्सा सुविधा, आवास ऋण, सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा सुविधा एवं सामाजिक सुरक्षा के माध्यम से कल्याण लाभ प्रदान किए जाते रहे हैं । पवन हंस लिमिटेड ने एक कल्याण उपाय के तौर पर सेवानिवृति पश्चात समूह चिकित्सा के अंतर्गत उन कर्मचारियों के पति / पत्नी के लिए भी चिकित्सा सुविध विस्तारित की है जो अपने कार्यों के निर्वाह के दौरान अथवा चिकित्सा कारणों से 1.1.2017 के पश्चात दिवंगत हुए हैं। इसके अलावा, कम्पनी द्वारा अपनी नीतियों का संरेखण आर्थिक एवं व्यावसायिक परिवेश के अनुरूप किया गया है । कम्पनी द्वारा अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए तीन ट्रस्ट यथा कर्मचारी अंशदायी भविष्य निधि ट्रस्ट, कर्मचारी उपदान निधि ट्रस्ट तथा कर्मचारी परिभाषित अंशदायी पेंशन ट्रस्ट स्थापित किए गए हैं ।

घ) **कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न के संबंध में महिलाओं का लैंगिंक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेद्ध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत प्रकटीकरण।**

कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न के संबंध में महिलाओं का लैंगिंक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेद्ध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों तथा उसके अध्याधीन बने नियमों के अंतर्गत प्रकटीकरण कर दिया गया है। कम्पनी में कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के निवारण, प्रतिषेद्ध एवं प्रतितोष के लिए एक समिति स्थापित की गई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान लैंगिक उत्पीड़न का एक मामला रिपोर्ट किया गया था जिसकी अपेक्षाओं के अनुसार आरोपित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की गई थी।

ङ) **दिव्यांग जनों के लिए रोजगार एवं प्राथमिकता प्राप्त वर्ग के लिए सरकारी निदेशों का कार्यान्वयन**

कम्पनी द्वारा निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 के संबंध में सभी विधिक प्रावधानों का अनुपालन किया जा रहा है । कम्पनी प्राथमिकता प्राप्त वर्ग यथा अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के संबंध में सरकारी दिशानिर्देशों का अनुपालन कर रही है ।

च) **प्रशिक्षण**

सभी कर्मचारियों यथा अधिशासियों, पॉयलटों, इंजीनियरों, तकनीशियनों तथा सहायक कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है । प्रबंधन दक्षता से संबंधित विभिन्न विषयों पर नियमित रूप से व्याख्यान दिए जाते हैं । जुलाई, 2023 से सभी पात्र कर्मचारियों को ऑनलाइनन विमानन सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कम्पनी अपने कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा आंतरिक कार्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त किए जाने के लिए भी नामित किया जाता है।

पवन हंस के विमानन प्रशिक्षण विद्यालय के संसाधनों का उपयोग पायलटों, इंजीनियरों तथा तकनीशियनों को नियमित पुनश्चर्या प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए किया गया है। कम्पनी द्वारा सितम्बर, 2009 में मुम्बई में पवन हंस हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण संस्थान (पीएचटीआई) की स्थापना की गई है जो नागर विमानन महानिदेशालय से एएमई लाइसेंस की प्राप्ति के लिए नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा अनुमोदित आधारभूत विमान अनुरक्षण इंजीनियरिंग लाइसेंस प्रारंभिक पाठ्यक्रम के साथ साथ मुम्बई विश्वविद्यालय के माध्यम से बीएससी (वैमानिकी) के पाठ्यक्रम के आयोजन भी कर रहा है। दिल्ली में स्थित पीएचटीआई की यूनिट जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए विमान अनुरक्षण इंजीनियरिंग के लाइसेंस कार्यक्रम के साथ साथ बीएससी (वैमानिकी) डिग्री के कार्यक्रम भी आयोजित कर रही है।

संरक्षा एवं कौशल में संवर्धन के उद्देश्य से आपकी कम्पनी द्वारा संरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आयटा (आईएटीए) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं जो इंश्योरेंस बर्सरी प्रोविजन के अंतर्गत कवर होगा। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान पवन हंस लिमिटेड के 28 कर्मचारियों ने अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया है।

पॉयलटों को आपातस्थितियों का सामना करने में सक्षम बनाने के लिए पवन हंस लिमिटेड द्वारा विमान कर्मियों के प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण पद्धति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । उड़ान के दौरान जोखिमकारी परिस्थितियों का सामना करने में समर्थ बनाने के लिए सभी कर्मियों के लिए सिम्यूलेटर प्रशिक्षण के माध्यम से ऐसे प्रशिक्षण प्रदान करने का भी सुनिश्चय किया जाता है ।

VIII. संरक्षा प्रबंधन व्यवस्था तथा एफओक्यूए व्यवस्था

संरक्षा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है तथा आपकी कम्पनी अपने प्रचालनों एवं अनुरक्षण क्रियाकलापों के लिए अनवरत आधार पर संरक्षा को पर्याप्त महत्व प्रदान कर रही है। वैश्विक डोमेन विशेषज्ञों के माध्यम से अपेक्षानुसार तृतीय पक्ष संरक्षा (एसएमएस) ऑडिट करवाए जाते हैं।

उत्तरी क्षेत्र एवं पश्चिमी क्षेत्र में उड़ान डाटा विश्लेषण में सुधार के लिए विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप एफओक्यूए कक्ष स्थापित किया गया है। हेलीकॉप्टर ट्रेकिंग व्यवस्था उनतीस हेलीकॉप्टरों में स्थापित कर दी गई है तथा सम्पूर्ण बेड़े के लिए इसे स्थापित करने की प्रक्रिया की जा रही है।

आपकी कम्पनी में संरक्षा को प्रमुख क्रियाकलाप के रूप में शामिल करने के लिए संरक्षा नीति को संशोधित किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) / नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के दिशानिदेशों के अनुसार अपने प्रचालनों एवं अनुरक्षण क्रियाकलापों के लिए कम्पनी द्वारा संरक्षा प्रबंध व्यवस्था (एसएमएस) का कार्यान्वयन भी ''एसएमएस प्रो'' आधारित साफ्टवेयर के उपयोग से किया गया है।

कॉर्पोरेट कार्यालय, नोएडा में स्थित कम्पनी का राष्ट्रीय विमानन संरक्षा एवं सेवा संस्थान भी क्लासरूम एवं वीडियो आधारित आनलाइन कक्षाओं के उपयोग से सीआरएम, एसएमएस, एसजीटी एवं मानक कारक प्रशिक्षण जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों का आयोजन कर रहा है।

IX. निदेशक मंडल

वित्तीय वर्ष 2022-23 में निदेशक मंडल की चार बैठकें आयोजित की गई हैं । आपकी कम्पनी के निदेशकों का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.सं.	निदेशक का नाम	डीआईएन	वर्ष 2021-22 के दौरान बैठकों में प्रतिभागिता
1	श्री संजीव राजदान, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	08711596	4
2	श्रीमती उषा पाढी, सरकार द्वारा नामित निदेशक	03348716	-
3	श्री विमलेन्द्र आनन्द पटवर्धन, सरकार द्वारा नामित निदेशक	08701559	-
4	एवीएम एस श्रीनिवासन सरकार द्वारा नामित निदेशक, भारतीय वायु सेना का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं	07493794	1
5	श्री पंकज कुमार, तेल एवं प्राकृतिक गैस कम्पनी लिमिटेड का नेतृत्व कर रहे नामित निदेशक	09252235	2
6	एयर मार्शल प्रशांत पुरूषोत्तम खांडेकर एवीएसएम (सेवानिवृत्त) स्वतंत्र निदेशक	02948012	4

7	श्री नवीन कुमार सोनी, स्वतंत्र निदेशक	07134716	4
8	श्रीमती अमि मनिष पारिख, स्वतंत्र निदेशक	09487463	4
9	श्री राजेश सिंह सरकार द्वारा नामित निदेशक	09595873	1
10	श्री असंगबा चुबा आउ सरकार द्वारा नामित निदेशक	08086220	1
11	श्री पदम सिंह नेगी सरकार द्वारा नामित निदेशक (1.2.2023 से नियुक्त)	10041387	-

विचाराधीन वर्ष के दौरान नागर विमानन मंत्रालय से दिनांक 16.10.2022 तथा 25.10.2022 को क्रमशः कार्यमुक्त होने के प्रभाव से श्रीमती उषा पाढी तथा विमलेन्द्र आनन्द पटवर्धन निदेशक नहीं हैं। अपना तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के प्रभाव से एयर मार्शल पी.पी. खांडेकर, एवीएसएम (सेवानिवृत्त) दिनांक 23.01.2023 से कम्पनी में स्वतंत्र निदेशक नहीं है।

आपका निदेशक मंडल, इन आउटगोइंग निदेशकों द्वारा कम्पनी को अपने कार्यकाल के दौरान प्रदत्त अपनी मूल्यवान सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त करता है।

प्रमुख प्रबंधन कार्मिकों से संबंधित विवरण

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 203(1) तथा कम्पनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम संख्या 8(5)(iii) के अनुसरण में कम्पनी में निम्नलिखित पूर्ण कालिक प्रमुख प्रबंधन कार्मिक हैं:-

i) संजीव राजदान, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

ii) श्री रंजीत सिंह चौहान, कम्पनी सचिव

iii) श्री अजय गुप्ता, मुख्य वित्त अधिकारी

उत्तरदेयी प्रबंधक

i) एयर कमाडोर (सेवानिवृत्त) टी.ए. दयासागर, कार्यपालक निदेशक नागर विमानन महानिदेशालय की नियमावली के अंतर्गत अपेक्षाओं के उद्देश्य से दिनांक 2.1.2023 तक उत्तरदायी प्रबंधक थे।

ii) श्री एम.एस बूरा, स्थानापन्न कार्यपालक निदेशक (तकनीकी) दिनांक 3.1.2023 से दिनांक 28.12.2023 तक उत्तरदायी प्रबंधक थे।

iii) श्री संजय कुमार स्थानापन्न कार्यपालक निदेशक (व्यवसाय संवर्धन एवं विपणन) 06.03.2024 से उत्तरदायी प्रबंधक है।

iv) कप्तान राजीव शर्मा, विभाग प्रमुख (संरक्षा)

X. निदेशकों का उत्तरदेयता विवरण

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(5) के प्रावधानों के अनुसरण में 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के वार्षिक लेखों के संबंध में निदेशकों द्वारा:-

(क) वार्षिक लेखों के निर्माण के लिए लेखांकन मानकों का अनुसरण किया गया है तथा सामग्री विचलन से संबंधित उचित स्पष्टीकरण, यदि कोई हों, का समावेश किया गया है ।

(ख) वित्तीय वर्ष के अंत में कम्पनी के क्रियाकलापों की सत्य एवं स्पष्ट रूपरेखा तथा इस अवधि के दौरान कम्पनी की लाभदेयता को प्रस्तुत करने के उद्देश्य से ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया गया है तथा उनका सुसंगत प्रयोग किया गया है जो निर्धारण एवं अनुमानों के लिए औचित्यपरक एवं विवेकसम्मत हैं

(ग) कम्पनी की परिसम्पत्तियों के संरक्षण तथा जालसाजी एवं अन्य अनियमितताओं से बचाव एवं उनके अंवेषण के लिए कम्पनी अधिनियम, 1913 के प्रावधानों के अंतर्गत लेखांकन के उपयुक्त रिकार्ड का अनुरक्षण उचित एवं पर्याप्त सावधानी के साथ किया है ।

(घ) वार्षिक लेखों का निर्माण गोइंग कंसर्न आधार पर किया है; तथा

(ङ) सभी लागू विधानों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उस उचित प्रक्रिया को अपनाया गया है जो प्रक्रिया यथोचित एवं कार्यकुशल स्वरूप में कार्य कर रही थी ।

XI. स्वतंत्र निदेशकों द्वारा घोषणा

स्वतंत्र निदेशकों द्वारा कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(7) के अंतर्गत यह घोषणा की गई है कि वे कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) के प्रावधानों के अनुसार स्वतंत्रता के मापदंडों को पूरा करते हैं।

XII. कॉर्पोरेट शासन

कॉर्पोरेट संचलन की रिपोर्ट सहित प्रेक्टिसिंग कम्पनी सचिव से कॉर्पोरेट संचलन दिशानिर्देशों के अनुपालन के संबंध में प्राप्त प्रमाण पत्र **अनुलग्नक-क** में दिया गया है। प्रबंधन चर्चा तथा विश्लेषण रिपोर्ट **अनुलग्नक-ख** में प्रस्तुत की गई है।

XIII. सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के अंतर्गत मैसर्स एस.एस. पेरिवाल एंड कम्पनी, सनदी सलाहकारों की नियुक्ति सनदी लेखाकारों के रूप में की गई है। सनदी लेखापरीक्षकों नें 16.05.2024 को संशोधित लेखापरीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की है, जिसने उनकी पिछली लेखापरीक्षा दिनांक 23.01.2024 की पिछली लेखापरीक्षा रिपोर्ट को प्रतिस्थापित कर दिया है। मैसर्स एस.एस. पेरिवाल एंड कम्पनी, सनदी सलाहकारों द्वारा अपनी रिपोर्ट में की गई प्रत्येक योग्य, सुरक्षित अथवा प्रतिकूल टिप्पणी के संबंध में निदेशक मंडल द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण **अनुलग्नक-ग** में प्रस्तुत किया गया है।

XIV. भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा की गई टिप्पणियां

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(क) के अनुसरण में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां दिनांक 02.07.2024 को उनके पत्र के माध्यम से प्राप्त हुई है। नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों पर निदेशक मंडल के उत्तर **अनुलग्नक-छ** में प्रस्तुत किया गया है।

XV. साचिविक ऑडिट रिपोर्ट

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) के अनुसरण में कम्पनी द्वारा 31.3.2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए साचिविक अनुपालन ऑडिट किए जाने हेतु मैसर्स वीएपी एंड एसोसिएट्स, कम्पनी सचिव की सेवाएं साचिविक ऑडिटर के रूप में पूर्णकालिक प्रक्रिया के लिए प्राप्त की गई हैं। साचिविक ऑडिट रिपोर्ट तथा उसमें साचिविक लेखापरीक्षकों द्वारा किए प्रेक्षण के संबंध में निदेशक मंडल के उत्तर **अनुलग्नक-घ** में प्रस्तुत किए गए हैं।

XVI. संबद्ध पार्टी संव्यवहार

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 (1) के अंतर्गत वर्ष के दौरान संबद्ध पार्टी कार्य व्यवहार के संबंध में किए गए अनुबंध अथवा व्यवस्थाओं का विवरण **अनुलग्नक-ङ** में प्रस्तुत किया गया है।

XVII. कर्मचारियों से संबंधित विवरण

आपकी कम्पनी एक सरकारी कम्पनी है तथा तदनुसार कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय की दिनांक 5.6.2015 की राजपत्र अधिसूचना के परिप्रेक्ष्य में कम्पनी अधिनियम की धारा 197(12) के प्रावधान एवं सम्बद्ध नियम पवन हंस के लिए लागू नहीं हैं। पूर्णकालिक कार्यात्मक निदेशकों की नियुक्ति की शर्तें एवं निबंधनों का निर्णय भारत सरकार द्वारा लिया जाता है । मुख्य कार्यकारी

अधिकारी एवं कम्पनी सचिव के वेतन तथा नियुक्ति की शर्तों एवं निबंधनों का निर्धारण प्रमुख प्रबंधन कार्मिक होने के कारण लोक उपक्रम विभाग द्वारा निर्धारित मानदंडों का अनुपालन करके किया जाता है ।

XVIII. कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व समिति

आपकी कम्पनी की कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व समिति में श्रीमती अमी पारिख, अध्यक्ष, श्री नवीन कुमार सोनी तथा श्री पदम लाल नेगी, सदस्य हैं। कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के क्रियाकलापों की वार्षिक रिपोर्ट **अनुलग्नक-च** में प्रस्तुत की गई है।

XIX. चौकसी तंत्र व्यवस्था

चौकसी तंत्र व्यवस्था को अभिन्न भाग के रूप में अपनाकर सरकारी दिशानिर्देशों का अनुसरण करते हुए कम्पनी द्वारा कर्मचारियों एवं जनता को उनकी शिकायतों की सुनवाई के लिए सुगम तंत्रव्यवस्था स्थापित की गई है । सरकारी लोक शिकायत पोर्टल पर लोक शिकायतों की नियमित मॉनीटरिंग एक समर्पित अधिकारी द्वारा की जाती है ।

XX. सूचना अधिकार अधिनियम

कम्पनी द्वारा सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अध्याधीन कॉर्पोरेट कार्यालय में केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी तथा पश्चिमी क्षेत्र एवं उत्तरी क्षेत्र में सहायक लोक सूचना अधिकारी के समक्ष प्राप्त होने वाले अनुरोधों पर कार्रवाई के लिए अपने समग्र संगठन में व्यवस्था स्थापित की गई है । कॉर्पोरेट कार्यालय में प्रथम अपीलिय अधिकारी भी नामित किया गया है। कम्पनी द्वारा सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त अनुरोधों पर त्वरित कार्रवाई की गई है तथा केन्द्रीय सूचना आयोग द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों का अनुपालन किया गया है ।

XXI. नागरिक चार्टर

आपकी कम्पनी द्वारा अपनी वेबसाइट पर नागर विमानन मंत्रालय द्वारा निर्धारित फार्मेट के अनुरूप नागरिक चार्टर दर्शाया गया है ।

XXII. सत्यनिष्ठा संधि

कम्पनी द्वारा अपने विक्रताओं के साथ निविदा पूर्व स्तर पर सत्यनिष्ठा संधि पर हस्ताक्षर किए जाते हैं। सत्यनिष्ठा संधि के अंतर्गत विक्रेता द्वारा हस्ताक्षर की जाने वाली एक करोड़ तथा अधिक मूल्य की प्रमुख निविदाएं आती हैं ।

XXIII. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए सार्वजनिक अधिप्राप्ति नीति से सम्बद्ध अनुपालन

पवन हंस लिमिटेड के कॉर्पोरेट एवं क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा एमएसएमई आदेश, 2012 के अनुसरण में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों से क्रय किए गए माल एवं सेवाओं से संबंधित विवरण नीचे प्रस्तुत किया गया है :-

शीर्ष	वित्तीय वर्ष (रुपए लाख में)	
	2022-23	2021-22
कुल वार्षिक अधिप्राप्ति मूल्य	11427.47	12967.00
एमएसई से अधिप्राप्त माल एवं सेवाओं का कुल मूल्य (अ.जा./अ.जजा. उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई सहित)	249.89	514.83
एमएसई से अधिप्राप्त माल एवं सेवाओं का कुल मूल्य (महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई सहित)	शून्य	शून्य
एमएसई से अधिप्राप्त माल एवं सेवाओं का कुल मूल्य (अ.जा./अ.जजा. उद्यमियों, महिला उद्यमियों तथा अन्य एमएसई के स्वामित्व वाले एमएसई सहित)	249.89	514.83

आपकी कम्पनी द्वारा माल एवं सेवाओं की 90% अधिप्राप्ति हेलीकॉप्टरों से सम्बद्ध मदों के लिए की जाती है तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम मंत्रालय द्वारा उपलब्ध करवाई गई मदों की सूची गैर-वैमानिक मानकों के अनुसार है तथा ऐसी अधिप्राप्तियां आयात के माध्यम से की जाती हैं। शेष अधिप्राप्तियों के संबंध में एमएसएमई आदेश, 2012 के प्रावधानों का अनुपालन किया जा रहा है।

XXIV. ऊर्जा संरक्षण एवं प्रौद्योगिकी आमेलन

कम्पनी के क्रियाकलापों को दृष्टिगत रखते हुए ऊर्जा संरक्षण एवं प्रौद्योगिकी आमेलन का प्रभाव अत्यंत सीमित हैं । जहां कहीं आवश्यकता होती है कम्पनी द्वारा ऊर्जा संरक्षण, प्रतिस्थापन आयात, आंतरिक अनुरक्षण, उत्पाद सुधार, तथा लागत कटौती के संबंध में प्रयास किए जाते हैं ।

XXV. विदेशी मुद्रा आय एवं बर्हिप्रवाह

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कम्पनी ने शून्य (पिछले वर्ष 9781.06 लाख रुपए) रुपए की विदेशी मुद्रा अर्जित की है। सामान्यतः विदेशी मुद्रा में कम्पनी के अनुबंध ओएनजीसी के साथ हैं। अनुबंधों के विस्तार के दौरान इनमें यह संशोधन किया गया था कि विस्तारित अनुबंधों के लिए पवन हंस लिमिटेड को भारतीय मुद्रा में भुगतान किया जाएगा। इस कारण से विदेशी मुद्रा आय शून्य है। वर्ष 2022-23 के दौरान विदेशी मुद्रा आउटगो 9525.29 लाख (पिछले वर्ष 13518.35 लाख रुपए) रुपए है।

XXVI. वार्षिक विवरण

कम्पनी अधिनियम की धारा 134(3) के साथ पठनीय धारा 92(3) की अपेक्षाओं के अनुसार निर्मित वार्षिक विवरण का संक्षेप सार वार्षिक रिपोर्ट की प्रस्तुति के पश्चात कम्पनी की वेबसाइट पर प्रस्तुत किया जाएगा तथा इसे कम्पनी की वेबसाइट पर देखा जा सकेगा।

https://www.pawanhans.co.in/inner.aspx?status=2&menu_id=194

https://www.pawanhans.co.in/english/inner.aspx?status=2&menu_id=10185

XXVII. निदेशक की नियुक्ति इत्यादि से संबंधित नीति

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 5.6.2015 की गजट अधिसूचना को ध्यान में रखते हुए एक सरकारी कम्पनी होने के नाते कम्पनी अधिनियम की धारा 134(3)(ई) के प्रावधान पवन हंस के लिए लागू नहीं हैं ।

XXVIII. निष्पादन मूल्यांकन

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 5.6.2015 की गजट अधिसूचना को ध्यान में रखते हुए एक सरकारी कम्पनी होने के नाते कम्पनी अधिनियम की धारा 134(3)(पी) के प्रावधान पवन हंस के लिए लागू नहीं हैं ।

XXIX. सांविधिक प्रकटीकरण

क) वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कम्पनी के व्यवसाय की प्रकृति में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं हुआ है ।

ख) वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कम्पनी द्वारा जनता से कोई जमाराशियां नहीं ली गई हैं ।

ग) विनियमाकों अथवा न्यायालयों अथवा ट्रिब्यूनलों द्वारा कम्पनी की प्रतिष्ठा तथा प्रचालनों पर भविष्य में किसी प्रकार के प्रभाव डालने से संबंधित कोई महत्वपूर्ण अथवा तात्विक आदेश जारी नहीं किए गए हैं।

घ) कम्पनी द्वारा उचित मॉनीटरिंग प्रक्रियाओं सहित आंतरिक नियंत्रण के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है जिसके द्वारा विभिन्न व्यवसाय व्यवहारों, प्रचालनों के कार्यकौशल तथा सांविधिक विधानों, विनियमों एवं कम्पनी नीतियों के अनुसरण का सुनिश्चय किया जाता है ।

ङ) वित्तीय वर्ष की समाप्ति यथा 31.3.2023 तक तथा इस रिपोर्ट की तिथि तक कम्पनी की वित्तीय स्थिति पर प्रभाव डालने से संबंधित किसी प्रकार का वस्तुगत परिवर्तन एवं प्रतिबद्धता नहीं है ।

XXX. राजभाषा नीति

विचाराधीन वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन की दिशा में

हिन्दी दिवस / पखवाड़ा का आयोजन, हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन, हिन्दी पखवाड़े के आयोजन (14-28 सितम्बर, 2022) के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद प्रोत्साहन प्रदान किए जाने एवं राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) एवं राजभाषा नियम, 1976 का अनुपालन किए जाने जैसे महत्वपूर्ण कार्यान्वयन किए गए हैं। नागर विमानन मंत्रालय द्वारा वर्ष 2023 के दौरान आयोजित अंतर्मंत्रालयीन विभागीय प्रतियोगिता में कम्पनी की गृह पत्रिका 'हंसध्वनि' को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया है।

XXXI.सतर्कता

कम्पनी में मुख्य सतर्कता अधिकारी की देखरेख में एक सतर्कता विभाग स्थापित किया गया है । केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अनुसरण करते हुए ई-निविदा, ई-टिकटिंग, ई-भुगतान तथा फाईल ट्रैकिंग का कार्यान्वयन किया गया है ।

केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निदेशों के अनुसार अधिप्राप्तियों के प्रति पारदर्शिता के सुनिश्चय के लिए संशोधित सत्यनिष्ठा संधि कार्यक्रम तथा सत्यनिष्ठा संधि को अंगीकार किया गया है। सत्यनिष्ठा संधि के अंतर्गत केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी संशोधित मानक प्रचालन प्रक्रिया के अनुसार निदेशक मंडल द्वारा संशोधित सत्यनिष्ठा संधि कार्यक्रम अनुमोदित किया गया है तथा इसका कार्यान्वयन किया जा रहा है।

निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित सचेतक नीति आपकी कम्पनी के लिए पहले से ही लागू है।

सतर्कता विभाग द्वारा की गई निरंतर मॉनीटरिंग एवं जांचों के परिणामस्वरूप संगठन की कार्यकुशलता में वृद्धि हुई है और साथ ही उत्तरदेयता के आचरण एवं पारदर्शिता की छवि में सुधार हुआ है।

इस अवधि के दौरान सतर्कता विभाग द्वारा कम्पनी के बेसों / क्षेत्रों में विभिन्न निरीक्षण किए गए थे तथा प्रबंधन को कम्पनी में पारदर्शिता एवं उत्तरदेयता में संवर्धन के लिए कार्यान्वयन हेतु विभिन्न सुझाव दिए गए थे।

सतर्कता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए वार्षिक सम्पत्ति विवरणों की समीक्षा तथा की गई है तथा भारोतोलन तकनीक को भी विचार में लिया गया है। सतर्कता विभाग द्वारा भ्रष्टाचार के उन्मूलन के लिए प्रभावी निवारक उपाय स्थापित किए जाने और साथ ही संगठन के क्रियाकलापों में पारदर्शिता एवं उत्तरदेयता को बढ़ाने की ओर भी ध्यान दिया गया है।

वर्ष 2022 में केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निदेशानुसार **'भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत' "Corruption free India for a developed Nation"** थीम के साथ 31 अक्टूबर से 6 नवम्बर, 2022 के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया था।

XXXII. नए व्यवसाय :

(1) <u>क्षेत्रीय सम्पर्क योजना (आरसीएस)</u>:

आपकी कम्पनी अनुसूचित यात्री प्रचालक (एससीओ) का परमिट प्राप्त करने वाली भारत की प्रथम हेलीकॉप्टर कम्पनी है। इसे क्षेत्रीय सम्पर्क योजना उड़ान के अंतर्गत निविदा 2.0 में भारत के 4 राज्यों में 11 नेटवर्क तथा 4.0 के अंतर्गत 2 नेटवर्क, आरसीएस उड़ान 4.1 के अंतर्गत 6 नेटवर्क तथा आरसीएस उड़ान 4.2 के अंतर्गत 8 नेटवर्क प्रदान किए गए हैं।

प्रदान किए गए मार्गों का विवरण नीचे दिया गया है :

क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना 2.0 के अंतर्गत प्रदान किए गए मार्ग

1. देहरादून-नईटिहरी-श्रीनगर-गौचर-जोशीमठ-गौचर-श्रीनगर-नई टिहरी- देहरादून
2. देहरादून-मसूरी-देहरादून
3. देहरादून-रामनगर-पंतनगर-नैनीताल-पंतनगर-अल्मोड़ा-पिथौरागढ़-अल्मोड़ा-पंतनगर- रामनगर-देहरादून
4. चंडीगढ़-कसौली/बड्डी-शिमला

नागर विमानन मंत्रालय को उड़ान योजना के लिए 20 अप्रैल, 2022 को प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया

5. शिमला-मंडी-कुल्लू-मनाली-मंडी-शिमला
6. शिमला-मंडी- कांगड़ा हवाई अड्डा-मंडी-शिमला
7. शिमला-रामपुर-नाथपा झाकड़ी-रामपुर-शिमला
8. इंफाल-मोरेह-इम्फाल
9. इंफाल-तामेंगलोंग-जिरीबाम-तामेगलोंग-इम्फाल
10. इंफाल-थानियो-परबुंग-थानियो-इंफाल
11. गुवाहाटी-तेजपुर- जोरहाट-डिब्रूगढ़- जोरहाट-तेजपुर-गुवाहाटी

आरसीएस 4.0 के अंतर्गत प्रदान किए गए मार्ग

1. गुवाहाटी-तेजपुर-गुवाहाटी
2. गुवाहाटी-मिसा-गेलेकी-जोरहाट-गेलेकी-मिसा-गुवाहाटी

आरसीएस 4.1 के अंतर्गत प्रदान किए गए मार्ग

ट्वीन इंजन

1. शिलांग-सोहरा-शिलांग
2. शिलांग-दोवाकी-शिलांग
3. देहरादून-श्रीनगर-देहरादून
4. देहरादून-गौचर-देहरादून

सिंगल इंजन

1. पंतनगर-पिथौड़ागढ़-पंतनगर
2. हल्द्वानी-हरिद्वार-हलद्वानी

आरसीएस 4.2 के अंतर्गत प्रदान किए गए मार्ग

1. गुवाहाटी-नगांव-गुवाहाटी
2. नगांव-तेजपुर-नगांव
3. तेजपुर-इटानगर-तेजपुर
4. खलेहरत- शिलांग-खलेहरत
5. शैला-शिलांग-शैला
6. शिलांग-जोवई-शिलांग
7. शिलांग-नोंगस्टोयन-शिलांग
8. शिलांग-विलियमनगर-शिलांग

आरसीएस उड़ान मार्गों की प्रचालनात्मकता

आपकी कंपनी ने क्रमशः 2019 और 2020 के दौरान हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर सेवाओं का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया है। मार्गों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

1. चंडीगढ़-शिमला-चंडीगढ़ 28-02-2019 से (सप्ताह में छह दिन)
2. शिमला-कुल्लू-शिमला 13.05.2019 से जिसे आगे 10 दिसंबर 2021 (सप्ताह में तीन बार) से शिमला-मंडी-कुल्लू-मंडी-शिमला तक विस्तारित किया गया।
3. शिमला-धर्मशाला-शिमला 14.05.2019 से जिसे आगे 9 दिसंबर 2021 (सप्ताह में तीन बार) से शिमला-मंडी-धर्मशाला-मंडी-शिमला तक विस्तारित किया गया।
4. देहरादून -नई टिहरी-श्रीनगर-गौचर-श्रीनगर-नई टिहरी-देहरादून 29-07-2020 से (सप्ताह में तीन बार)
5. शिमला-रामपुर-शिमला 9 दिसंबर 2021 से (सप्ताह में तीन बार)।
6. देहरादून-गौचर-देहरादून 8 अक्टूबर 2021 से (सप्ताह में छह दिन)
7. देहरादून-श्रीनगर-देहरादून (सप्ताह में तीन बार)
8. देहरादून-हल्द्वानी/पंतनगर-पिथौरागढ़-देहरादून 8 अक्टूबर 2021 से (सप्ताह में छह दिन)
9. देहरादून-हल्द्वानी/पंतनगर-अल्मोड़ा-पिथौरागढ़-अल्मोड़ा-पंतनगर/हल्द्वानी-देहरादून 26 अगस्त 2022 से

आपकी कंपनी ने पूर्वोत्तर क्षेत्रों, विशेषतः असम, में क्षेत्रीय सम्पर्क योजना (आरसीएस) उड़ान सेवाओं को विस्तारित करके अनेकों महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। डिब्रुगढ़, जोरहाट, तेजपुर तथा गुवाहाटी जैसे प्रमुख स्थलों से सम्पर्कता के लिए दिनांक 8 फरवरी, 2023 को परिचालन प्रारंभ किए गए थे।

वर्तमान में क्षेत्रीय सम्पर्क योजना उड़ान 2.0 के अंतर्गत असम में निम्नलिखित मार्ग परिचालनात्मक हैं:-

- डिब्रुगढ़ – जोरहाट (3 दिन / सप्ताह)
- जोरहाट – तेजपुर (3 दिन / सप्ताह)
- तेजपुर – गुवाहाटी (3 दिन / सप्ताह)
- गुवाहाटी – तेजपुर (3 दिन / सप्ताह)
- तेजपुर – जोरहाट (3 दिन/ सप्ताह)
- जोरहाट – डिब्रुगढ़ (3 दिन / सप्ताह)

माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी ने 26 अगस्त, 2022 को देहरादून से अल्मोड़ा के लिए पवन हंस की आरसीएस उड़ान की उद्घाटन के दौरान हरी झंडी दिखाई।

आपकी कम्पनी ने अवसंरचना एवं अन्य आवश्यकताओं की उपलब्धि होने के पश्चात प्रदान किए गए सेक्टरों के लिए उड़ान सेवाएं चरणबद्ध स्वरूप में प्रारंभ की हैं।

आपकी कम्पनी को नागर विमानन मंत्रालय द्वारा इस योजना के अंतर्गत विभिन्न अल्पसेवित एवं असेवित सेक्टरों से सम्पर्कता हेतु अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए ''चैम्पियन ऑफ उड़ान'' के सम्मान के साथ साथ प्रशंसा पत्र भी प्रदान किया गया है।

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, कर्नाटक और तमिलनाडु की सरकारों ने अपने संबंधित राज्यों में विकास के अंतर्गत आरसीएस हेलीपोर्टों के विकास और लाइसेंसिंग/परिचालन प्राधिकरण हेतु परियोजना प्रबंधन परामर्श हेतु पवन हंस लिमिटेड की सेवाएं प्राप्त की हैं।

इसके अलावा, नागर विमानन मंत्रालय द्वारा हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, असम और अरुणाचल प्रदेश के पांच राज्यों में आरसीएस-II उड़ान के अंतर्गत विकासाधीन सभी 31 हैलीपोर्टों के लिए संचार, सुरक्षा, विजुअल एड्स और अग्निशमन सहित सभी उपकरणों की केंद्रीकृत खरीद के लिए पवन हंस लिमिटेड को नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया है।

XXXIII. आभारोक्ति

निदेशक मंडल, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विशेषकर नागर विमानन मंत्रालय तथा नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा अनवरत प्रदत्त सहयोग, दिशानिर्देशन एवं सहायता के लिए हार्दिक आभारी है ।

निदेशक मंडल, तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड, विभिन्न राज्य सरकारों तथा अन्य ग्राहकों एवं देश में कम्पनी अन्य सभी स्टेकधारकों द्वारा प्रदत्त विश्वास के प्रति अपना आभार व्यक्त करता है ।

निदेशक मंडल कम्पनी की प्रगति के लिए कार्यरत सभी वर्ग के अपने कर्मचारियों द्वारा प्रदान की गई सत्यनिष्ठ एवं समर्पित सेवाओं के लिए भी आभारी है ।

कृते तथा पवन हंस लिमिटेड के निदेशक मंडल की ओर से

ह/-
(संजीव राजदान)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

दिनांकः 22 जुलाई, 2024
स्थानः नोएडा

निदेशकों की रिपोर्ट का अनुबंध

पेशेवर कंपनी सचिव से प्रमाणपत्र सहित निगमित शासन पर रिपोर्ट	अनुलग्नक-क
प्रबंधन परिचर्चा तथा विश्लेषण रिपोर्ट	अनुलग्नक-ख
लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में अर्हताओं पर निदेशक मंडल का स्पष्टीकरण	अनुलग्नक-ग
साचिविक लेखापरीक्षकों द्वारा किए प्रेक्षणों पर निदेशक मंडल के उत्तर सहित साचिविक लेखा परीक्षक रिपार्ट	अनुलग्नक-घ
एओसी -2 (संबंधित पार्टी प्रकटीकरण)	अनुलग्नक-ङ
निगमित सामाजिक दायित्वों के क्रियाकलापों की वार्षिक रिपोर्ट	अनुलग्नक-च
भारत के नियंत्रक तथा महालेखापरीक्षक की टिप्पणी और उस पर प्रबंधन का उत्तर	अनुलग्नक-छ

दिनांक 10.02.2023 को लखनऊ में आयोजित यूपी वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2023 में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पवन हंस लिमिटेड, टीम पीएचएल के साथ

कॉर्पोरेट शासन पर कम्पनी की रिपोर्ट

क. कॉर्पोरेट शासन

कॉर्पोरेट शासन के संदर्भ में कम्पनी के तत्व विचार से कम्पनी का व्यवसाय व्यवहार प्रदर्शित होने के साथ साथ अपने प्रचालनों में नीतिपरक व्यावसायिक सिद्धांतों के प्रति अनवरत प्रतिबद्धता की प्रस्तुति होती है। पवन हंस लिमिटेड के लिए कॉर्पोरेट शासन प्रक्रियाओं का निर्धारण करने और उनका अनुपालन करने से भी अधिक महत्वपूर्ण है। पवन हंस लिमिटेड में विधिवत परिभाषित ऐसी कॉर्पोरेट संरचना स्थापित है जिससे जांच एवं संतुलन स्थापित होता है तथा संगठन में उचित स्तर निर्धारण करके कम्पनी के क्रियाकलापों का प्रभावी नियंत्रण होता है। कम्पनी उन उत्तम व्यवहारों का अनुसरण एवं प्रक्रियाओं का अंगीकरण करती है जो भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के असूचीबद्ध उपक्रमों के लिए कॉर्पोरेट शासन मापदंडों के अनुसार दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन के लिए हैं।

कम्पनी की कॉर्पोरेट संरचना बहु-स्तरीय है जिसमें शीर्ष स्तर पर निदेशक मंडल तथा इसकी विभिन्न समितियां हैं जो सामूहिक रूप से कॉर्पोरेट शासन के उच्चतर मानकों तथा कम्पनी के क्रियाकलापों में पारदर्शिता का सुनिश्चय करते हैं । कम्पनी की कार्यनीतियों के सफल निष्पादन के उद्देश्य से कॉर्पोरेट शासन के लिए सुदृढ़ एवं प्रभावी कॉर्पोरेट शासन व्यवस्था का सुनिश्चय करने के लिए निदेशक मंडल प्रतिबद्ध है। निदेशक मंडल को कम्पनी की प्रत्येक संगत सूचना का एस्सेस प्राप्त है तथा इसके द्वारा स्वतंत्र निर्णय लेकर प्रबंधकीय निष्पादन की निगरानी की जाती है तथा कम्पनी की देखरेख एवं प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है। आपकी कम्पनी के निदेशक मंडल में विविध पृष्ठभूमि एवं अनुभव प्राप्त 50% निदेशक स्वतंत्र निदेशक तथा भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक, हैं । निदेशक मंडल स्तरीय सभी समितियों के अध्यक्ष स्वतंत्र निदेशक हैं।

पवन हंस लिमिटेड में कम्पनी के निदेशक मंडल तथा वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों के लिए विधिवत परिभाषित आचार संहिता निर्धारित की गई है जो कम्पनी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। निदेशक मंडल के सभी सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों द्वारा आचार संहिता का अनुपालन करने की पुष्टि की गई है। आचार संहिता का अनुपालन करने के प्रति अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की ओर से कम्पनी के निदेशक मंडल एवं वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों के संबंध में की गई एक घोषणा संलग्न है तथा यह इस रिपोर्ट का भाग है।

ख. निदेशक मंडल

वर्ष 2022-23 के दौरान निदेशक मंडल की चार बैठकें दिनांक 29.07.2022, 21.10.2022, 29.12.2022, तथा 18.01.2023 को आयोजित की गई थी। निदेशक मंडल की बैठकों का आयोजन वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से किया गया था।

निदेशक मंडल की बैठक में निदेशकों की उपस्थिति तथा दिनांक 19.1.2023 को आयोजित अंतिम वार्षिक महा सभा से संबंधित विवरण एवं अन्य निदेशकों तथा समिति सदस्यों, अध्यक्षों का विवरण नीचे प्रस्तुत है:-

निदेशक का नाम	वर्ग	वर्ष 2022-23 के दौरान नि. मं. की बैठकों में प्रतिभागिता की संख्या	अंतिम वार्षिक आम सभा में उपस्थिति	अन्य कम्पनियों में धारित निदेशक पदों की संख्या	समितियों में सदस्यता की संख्या (प.हं.लि. सहित)	
					सदस्य	अध्यक्ष
श्री संजीव राजदान	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	4	हां	1	-	-
श्रीमती उषा पाढी	सरकार से नामित निदेशक	शून्य	नहीं	2	1	शून्य
श्री विमलेन्द्र आनन्द पटवर्धन	सरकार से नामित निदेशक	शून्य	हां	8	9	5
श्री राजेश सिंह	सरकार से नामित निदेशक	1	नहीं	3	1	शून्य
श्री पंकज कुमार	सरकार से नामित निदेशक एवं ओएनजीसी लिमिटेड के प्रतिनिधि	2	हां	3	4	शून्य
श्री असंगबा चुबा एओ	सरकार से नामित निदेशक	1	हां	2	1	शून्य
एवीएम एस श्रीनिवासन	सरकार से नामित निदेशक एवं भारतीय वायु सेना के प्रतिनिधि	1	नहीं	शून्य	शून्य	शून्य
एयर मार्शल पी पी खांडेकर एवीएसएम (सेवानिवृत्त)	स्वतंत्र निदेशक	4	हां	शून्य	3	2
श्रीमती अमी पारिख	स्वतंत्र निदेशक	4	हां	शून्य	2	शून्य
श्री नवीन कुमार सोनी	स्वतंत्र निदेशक	4	हां	शून्य	3	1
श्री पदम लाल नेगी	सरकार से नामित निदेशक	शून्य	N.A.	5	1	शून्य

ग. लेखा परीक्षा समिति

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 तथा लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसरण में पवन हंस लिमिटेड लेखा परीक्षा समिति का गठन किया गया है। लेखा परीक्षा समिति द्वारा अन्य कार्यों के साथ साथ वित्तीय विवरणों, आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था, आंतरिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट, सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट, नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों समीक्षा की जाती है। समिति द्वारा से संबंधित कार्य तथा वित्तीय विवरणों के सही, पर्याप्त एवं स्वीकार्य होने के सुनिश्चय के लिए वित्तीय विवरणों से संबंधित प्रकटीकरण भी किए जाते हैं। आंतरिक लेखा परीक्षण क्रियाकलापों की पर्याप्तता की समीक्षा भी लेखापरीक्षा समिति द्वारा की जाती है। लेखापरीक्षा समिति के कार्य क्रियाकलाप कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 के प्रावधानों एवं लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों से संगत हैं।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान दिनांक 29.07.2022, 20.10.2022, 29.12.2022 तथा 18.01.2023 को लेखापरीक्षा समिति की चार बैठकें आयोजित की गई थीं।

31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार लेखापरीक्षा की संरचना तथा वर्ष 2022-23 के दौरान आयोजित लेखापरीक्षा समिति की बैठकों में उपस्थिति का विवरण नीचे दिया गया है:-

क्र.सं.	निदेशक का नाम	पदनाम	वर्ग	उपस्थिति
1	श्री नवीन कुमार सोनी	अध्यक्ष	स्वतंत्र निदेशक	4
2	श्री पदम लाल नेगी	सदस्य	सरकार द्वारा नामित निदेशक	शून्य
3	श्रीमती अमी पारिख	सदस्य	स्वतंत्र निदेशक	4

घ. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति

आपकी कम्पनी में कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 के उपबंधों तथा लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार विधिवत रूप से नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति का गठन किया गया है। सरकारी कम्पनियों के छूट प्राप्त क्रियाकलापों के अलावा नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति के क्रियाकलाप ऊपर उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार निर्दिष्ट किए गए हैं।

31.3.2023 की स्थिति के अनुसार नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति में श्री नवीन कुमार सोनी, स्वतंत्र निदेशक अध्यक्ष तथा श्रीमती अमी पारिख, स्वतंत्र निदेशक सदस्य एवं श्री असंगबा चुबा आउ, सरकार से नामित निदेशक सदस्य हैं।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान पारिश्रमिक समिति की एक बैठक दिनांक 29.7.2022 को आयोजित की गई थी।

ङ. वार्षिक आम सभा

पिछली तीन (3) वार्षिक आम बैठकों का विवरण नीचे दिया गया है:-

वार्षिक आम सभा संख्या	वित्तीय वर्ष	तिथि	समय	स्थल	विशेष संकल्प
35वीं	2019-20	30.12.2020	2.30 बजे दोपहर	सी-14, सेक्टर -1, नोएडा 201301 में स्थित कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय (वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से)	शून्य
36 वीं	2020-21	23.11.2021	3.00 बजे दोपहर	सी-14, सेक्टर -1, नोएडा 201301 में स्थित कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय (वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से)	शून्य
37 वीं	2021-22	30.12.2022 तथा 19.01.2023 (स्थगित वार्षिक आम सभा)	10.00 बजे प्रातः 03.00 बजे दोपहर	सी-14, सेक्टर -1, नोएडा 201301 में स्थित कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय (वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से)	शून्य

च. प्रकटीकरण

i) <u>सामग्रीगत रूप से महत्वपूर्ण सम्बद्ध पार्टी संव्यवहार के संबंध में प्रकटीकरण</u>

भारतीय लेखांकन मानक-24 के अनुसार सम्बद्ध पार्टी संव्यवहार के विवरण लेखांकन नोट के भाग हैं। इसके अलावा फार्म एओसी-2 में दिए गए सम्बद्ध पार्टी संव्यवहार निदेशक मंडल की रिपोर्ट के **अनुलग्नक-ङ** में संलग्न किए गए हैं।

ii) कम्पनी द्वारा कोई महत्वपूर्ण अन्यथा अनुपालन नहीं किया गया है और न ही किसी सांविधिक प्राधिकरण द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों से संबंधित मामले के संबंध में किसी प्रकार के दंड प्रत्यारोपित किए गए हैं, आलोचना की गई है।.

iii) **सचेतक नीति**

सचेतक नीति का कार्यान्वयन किया गया है। इस नीति से किसी विशुद्ध सचेतक को शिकायत जांच अधिकारी तथा ऑडिट समिति तक पहुंच उपलब्ध करवाए जाने सहित किसी भी प्रकार के अत्याचार से सुरक्षा प्रदान की जाती है । यह नीति कम्पनी के सभी कर्मचारियों के लिए उपलब्ध है तथा इसे कम्पनी के इन्टरानेट पर अपलोड किया गया है। यहां यह उललेखनीय है कि किसी भी कार्मिक को लेखापरीक्षा समिति तक पहुंच के लिए मना नहीं किया गया है।

iv) **कॉर्पोरेट शासन दिशानिर्देशों के अनुपालन के संबंध में प्रेक्टिसिंग कम्पनी सचिव से प्राप्त प्रमाण पत्र**

कॉर्पोरेट शासन दिशानिर्देशों के अनुपालन के संबंध में प्रेक्टिसिंग कम्पनी सचिव से प्राप्त प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया है तथा इसे निदेशक मंडल की रिपोर्ट के **अनुलग्नक-क** में शामिल किया गया है।

v) **राष्ट्रपति के दिशानिर्देश**

पिछले तीन वर्षों के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रपति के दिशानिर्देश जारी नहीं किए गए हैं।

छ. **आंतरिक लेखापरीक्षा / आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था / शक्तियों का प्रत्यायोजन**

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कम्पनी के आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग द्वारा आंतरिक लेखापरीक्षा की गई है। आंतरिक लेखापरीक्षा के प्रेक्षण पर निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति द्वारा आवधिक समीक्षा की जाती है तथा आवश्यकतानुसार आवश्यक निदेश जारी किए जाते हैं। कम्पनी में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण व्यवस्था एवं प्रक्रियाएं स्थापित की गई हैं। कम्पनी में अपने विभिन्न कार्यपालकों के लिए शक्तियों के प्रत्यायोजन मैनुअल के माध्यम से वित्तीय शक्तियों के परिभाषित प्रत्यायोजन की व्यवस्था स्थापित है।

ज. **निदेशक मंडल के सदस्य का प्रशिक्षण**

नए निदेशकों के लिए आचार नीति, वित्तीय मामलों, व्यावसायिक प्रचालनों, जोखिम मामलों के साथ साथ कम्पनी की अभिमुखता, बुनियादी मूल्यों के संबंध में अनुकूलन एवं समावेशन की प्रक्रिया की जाती है। सामान्य व्यवहार के अनुसार पुस्तिकाएं, ब्राउशर, वार्षिक रिपोर्ट, कम्पनी का संगम अनुच्छेद एवं संगम ज्ञापन, कॉर्पोरेट शासन से संबंधित दिशानिर्देश इत्यादि की प्रतियां दी जाती हैं।

उपर्युक्त के अलावा निदेशकों को कॉर्पोरेट शासन एवं लोक उद्यम विभाग, आईआईसीए तथा संस्थानों द्वारा आयोजित किए जाने वाले अन्य प्रशिक्षणों के लिए भी नामित किया जाता है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, एक स्वतंत्र निदेशक ने 23-25 जनवरी, 2023 को आई आई सी ए द्वारा आयोजित बेहतर बोर्ड कार्यक्रम के निर्माण के लिए मास्टर क्लास में भाग लिया।

झ. **सम्प्रेषण के माध्यम**

शेयरधारकों को वार्षिक परिणाम वार्षिक रिपोर्ट के माध्यम से भेजे जाते हैं तथा वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की प्रस्तुति सार्वजनिक पहुंच के लिए वेबसाइट www.pawanhans.co.in पर भी की जाती है। निविदाएं तथा कैरियर अवसर की प्रस्तुति भी वेबसाइट पर की जाती है।

****

निदेशक मंडल की रिपोर्ट के अनुलग्नक-क का अनुलग्नक–I
आचार संहिता के अनुपालन से संबंधित घोषणा

मैं, एतद्द्वारा यह घोषणा करता हूं कि कम्पनी को 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के वित्तीय विवरणों के लिए अपने निदेशक मंडल के सदस्यों एवं वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों से कम्पनी के निदेशकों तथा वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक से संबंधित व्यवसाय आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि प्राप्त हो गई है।

ह/-
(संजीव राजदान)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन संख्या 08711596

स्थानः नोएडा
दिनांक : 07.11.2023

कम्पनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं मुख्य वित्त अधिकारी द्वारा वित्तीय विवरणें के संबंध में प्रमाणन / घोषणा

हम, संजीव राजदान, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अजय गुप्ता, मुख्य वित्त अधिकारी,पवन हंस लिमिटेड 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय विवरणों के संबंध में यह प्रमाणित करते हैं कि :

(1) हमने वर्ष को समाप्त वित्तीय विवरणों एवं रोकड़ प्रवाह विवरणों की समीक्षा की है तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार :

(i) ये विवरण किसी प्रकार सामग्रीगत मिथ्या कथन से मुक्त हैं अथवा कोई सामग्रीगत चूक नहीं है अथवा इसमें दिए गए विवरण भ्रामक नहीं हैं तथा

(ii) ये सभी विवरण कम्पनी के कार्यो की सत्य एवं स्वच्छ छवि की प्रस्तुति करते हैं तथा विद्यमान लेखांकन मानकों,लागू विधियों एवं विनियमों के अनुरूप हैं ।

(2) यह कि हमारी सर्वोत्तम एवं विश्वास के अनुसार वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा ऐसा कोई संव्यवहार नहीं किया गया है, जो जालसाजी से युक्त हो अथवा कम्पनी की आचार संहिता के उल्लघन में किया गया हो ।

(3) हम, वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए आंतरिक नियंत्रणों की स्थापना एवं अनुरक्षण करने के उत्तरदायित्व को स्वीकार करते हैं तथा हमने वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित कम्पनी की आंतरिक नियंत्रण व्यवस्थाओं की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया है तथा हमने आतंरिक नियंत्रणों के अभिकल्प अथवा प्रचालनात्मकता की उन न्यूनताओं,यदि कोई हों, का प्रकटीकरण लेखापरीक्षकों तथा लेखपरीक्षा समिति के सम्मुख कर दिया है,जो हमें ज्ञात हैं तथा जिनके संबंध के लिए उपाय किए गए हैं अथवा किए जाने प्रस्तावित हैं ।

(4) जंहा कहीं लागू है वहां हमने लेखापरीक्षकों तथा लेखापरीक्षा समिति के संबंध में जानकारी दी है :

1. महत्वपूर्ण परिवर्तन,जो यदि वर्ष के दौरान वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियत्रणों के संबंध में किए गए हैं;
2. महत्वपूर्ण परिवर्तन,जो यदि वर्ष के दौरान लेखांकन नीतियों में किए गए हैं तथा जिसका प्रकटीकरण वित्तीय विवरणों के नोट में किया गया है तथा
3. जालसाजी की प्रमुख घटनाएं,यदि कोई ऐसी हों,जिनमें प्रबंधन अथवा वित्तीय रिपोर्टिंग पर कम्पनी के आंतरिक नियंत्रणों में महत्वपूर्ण भुमिका वाले किसी कर्मचारी का फसाव हो ।

ह/-
(संजीव राजदान)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन संख्या 08711596

ह/-
(अजय गुप्ता)
मुख्य वित्त अधिकारी

स्थान : नोएडा
तिथि : 07.11.2023

वीएपी एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव

प्रधान कार्यालयः
105, चार्म्स सॉलिटेयर, अहिंसा खंड -2,
इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201014, उ.प्र.
फ़ोनः +91-0120-4272409
मोः +91-9910091070, 9711670085
ई-मेलः vapassociatespcs@gmail.com

कॉर्पोरेट गवर्नेंस के मानदंडों के अनुपालन का प्रमाण पत्र
(लोक उद्यम विभाग द्वारा केन्द्र सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए जारी कॉर्पोरेट शासन दिशानिर्देश, 2010 के खंड 8.2.1 के अनुसार)

सेवा में,
सदस्यगण,
पवन हंस लिमिटेड

हमने लोक उद्यम विभाग (डीपीई), भारी उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केन्द्र सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के सबंध में जारी दिशानिर्देशों में किए गए निर्धारण के अनुसार 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के संबंध में पवन हंस लिमिटेड में कॉर्पोरेट शासन से संबंधित सम्बद्ध बहियों, रिकार्ड तथा विवरणों की जांच की है।

निगमित शासन की शर्तों के अनुपालन का दायित्व प्रबंधन का है। हमारे द्वारा की गई जांच दिशानिर्देशों में निर्धारित कॉर्पोरेट शासन की शर्तों के अनुपालन के लिए कम्पनी द्वारा तदनुसार अंगीकार की गई प्रक्रियाओं तथा उनके कार्यान्वयन का सुनिश्चय करने तक ही सीमित है। हमारा प्रमाणन न तो किसी प्रकार की लेखापरीक्षा है तथा न यह कम्पनी के वित्तीय विवरणों पर हमारे किसी मत की अभिव्यक्ति है।

हमारे मतानुसार तथा हमें प्रदान की सूचना एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार हम यह प्रमाणित करते हैं कि कम्पनी द्वारा लोक उद्यम विभाग द्वारा दिशानिर्देशों में निर्धारित मापदंडों के अनुसार निम्नलिखित के अलावा कॉर्पोरेट शासन की शर्तों का अनुपालन किया गया हैः-

1. सरकार द्वारा नियुक्त नामित निदेशकों की संख्या अधिकतम दो होनी चाहिए। लेखापरीक्षा की अवधि के दौरान दिनांक 1.2.2023 से 31.3.2023 के दौरान निदेशक मंडल का गठन लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देश के खंड 3.1.4 के प्रावधानों के अनुसरण में नहीं है, जिसके अनुसार निदेशक मंडल के सदस्यों में से कम से कम एक तिहाई सदस्य स्वतंत्र निदेशक होने चाहिए।

2. निदेशक मंडल की दो बैठकों के आयोजन के मध्य तीन माह से अधिक का अंतराल नहीं होना चाहिए। तथापि, कम्पनी के रिकार्ड के अध्ययन से, हमें यह ज्ञात हुआ है कि दिनांक 31.3.2022 तथा 29.7.2022 को आयोजित निदेशक मंडल की बैठकों में 3 (तीन) माह से अधिक का अंतराल है।

3. निदेशक मंडल द्वारा कम्पनी के संबंध में लागू सभी विधियों से संबंधित अनुपालन रिपोर्ट की समीक्षा नहीं की गई है।

हम आगे यह उल्लेख करते हैं कि यह अनुपालन न तो भविष्य में कम्पनी की किसी प्रकार की व्यवहार्यता और न ही ऐसी किसी प्रभाव्यता के प्रति किसी प्रकार का आश्वासन है जो प्रबंधन द्वारा कम्पनी कार्यों के लिए किए गए हैं।

कृते वीएपी एंड एसोसिएट्स
कम्पनी सचिव
एफआरएनः पी2023यूपी098500
पीयर रिव्यू संख्याः 1083/2021

ह/-
पारूल जैन
प्रबंधन साझेदार
एम.संख्या एफ8323
सीपी संख्या 13901

स्थान : गाजियाबाद
दिनांकः 29.01.2024

अनुलग्नक-ख

प्रबंधन परिचर्चा तथा विश्लेषण रिपोर्ट

क. औद्योगिक संरचना एवं विकास

भारत विश्व में तीसरा सबसे विशाल अंतर्देशीय विमानन बाजार बन गया है। विमान यातायात की बढ़ती हुई आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भारत सरकार द्वारा देश के एक सिरे से अंतिम छोर तक विमान सम्पर्कता हेतु अवसंरचना विकास की दिशा में विकास कार्य किए जा रहे हैं। हेलीकॉप्टर एवं सम्बद्ध सेवाएं किसी भी राष्ट्रीय विमान क्षेत्र एवं हवाईअड्डा प्रणाली यथा सामान्य विमानन बाजार का अभिन्न अंग होती हैं। नागर विमान बेड़े में 15% की बढ़ोतरी संभावित है। हेलीकॉप्टरों की वार्षिक वृद्धि विशेषज्ञों द्वारा आंकी गई पूर्व प्रत्याशाओं के अनुरूप नहीं हुई है। भारत में नागर विमानन उद्योग पिछले तीन वर्षों से देश के तीव्रतर विकासशील उद्योग के रूप में उभर कर आया है। हेलीकॉप्टरों की मांग अगले पांच वर्षों के दौरान मुख्य रूप से इनकी व्यापक उपयोज्यता के कारण, विशेष रूप से नागरिक और वाणिज्यिक क्षेत्रों में पर्याप्त वृद्धि होने का अनुमान है। तथापि, वैश्विक महामारी कोविड-19 के परिणामस्वरूप हेलीकॉप्टर बाजार पर प्रत्यक्ष महत्वपूर्ण प्रभाव हुआ है । इसके अलावा, वैश्विक महामारी कोविड-19 ने पर्यटन उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है, जिससे वाणिज्यिक हेलीकॉप्टर प्रचालकों का राजस्व प्रभावित हुआ है।

भारत के नागर हेलीकाप्टरों का उपयोग मुख्यतः अपतटीय खनन एवं उत्पादन के लिए लॉजिस्टिक विमान सहायता उपलब्ध करवाने, हेलीकॉप्टर से तीर्थ यात्रा, गैर-अनुसूचित यात्री सेवाओं, तक ही मुख्यतः सीमित हैं तथा कुल हेलीकॉप्टर प्रचालनों का काफी कम प्रतिशत उपयोग हॉटलाइन वाशिंग, आपदा निकासी, इलैक्ट्रानिक समाचार एकत्रण, अंडर स्लंग लोड प्रचालनों, आकाशीय कानून प्रवर्तन जैसे कार्यों के लिए होता है जबकि विकसित देशों में ऐसे प्रमुख कार्यों के लिए हेलीकॉप्टरों का नियोजन काफी अधिक है।

भारत में 138 करोड़ की जनसंख्या के लिए कुल 254 पंजीकृत नागर हेलीकॉप्टर वास्तिवक उपयोग में लाए जा रहे हैं जिसके अनुसार प्रत्येक 57 लाख लोगों के लिए एक हेलीकॉप्टर है जबकि वैश्विक औसत प्रति 4.45 लाख लोगों के लिए एक हेलीकॉप्टर आंकी गई है। एचएआई की सांख्यिकी के अनुसार विश्व में कुल 41,000 नागर हेलीकॉप्टरों की संख्या में भारत में 1% से भी कम हेलीकाप्टर हैं। वस्तुतः भारत में नागर हेलीकाप्टरों की संख्या स्विटजरलेंड से भी कम है। इस सांख्यिकी के बावजूद भी बाजार एवं उद्योग भारतीय नागर हेलीकॉप्टर उद्योग के प्रति आशावान है।

नीचे प्रस्तुत नीतियों के संबंध में नागर विमानन मंत्रालय तथा नागर विमानन महानिदेशालय से विनियामक सहायता प्रदान की जा रही है:-

1) क्षेत्रीय सम्पर्क योजना (आरसीएस):

भारत के दूरस्थ क्षेत्रों के लिए विमान सम्पर्कता का विकास अवसंरचना की कमी एवं उच्चतर विमान किरायों के कारण रेलवे को उपलब्ध प्राथमिकता दिए जाने से बाधित रहा है।

नागर विमानन मंत्रालय द्वारा 21 अक्टूबर, 2016 को 10 वर्ष की अवधि के लिए क्षेत्रीय सम्पर्क योजना – उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) प्रारम्भ की गई है तथा दिनांक 24 अगस्त, 2017 को क्षेत्रीय सम्पर्क योजना का संशोधित दस्तावेज 2.0 जारी अनुमोदित किया गया है जिसमें सर्वसाधारण को संवहनीय क्षेत्रीय विमान सम्पर्क उपलब्ध करवाने एवं वित्तीय सहायता एवं अवसंरचना विकास के माध्यम से उत्तम तंत्र व्यवस्था का निर्माण करके प्रोत्साहित किए जाने के प्रावधान हैं।

इस योजना में हेलीकॉप्टरों के लिए उड़ान दूरी एवं मुद्रास्फीति के आधार पर अधिकतम विमान किराए की रेंज 2,480/- रुपए से 4,970 रुपए निर्दिष्ट की गई है। अंतर्देशीय प्रस्थान के लिए प्रत्येक प्रस्थान पर करारोपण के माध्यम से एक क्षेत्रीय सम्पर्कता निधि (आरसीएफ) का निर्माण किया गया है। इसके लिए, एयर टर्बाइन फ्यूल के उत्पाद शुल्क को 14% से कम करके 3 वर्ष की अवधि के लिए 2% तथा विमान टर्बाइन फ्यूल पर वीएटी को 10 वर्ष की अवधि के लिए 1% अथवा कम किया जाएगा। इसी के साथ

साथ हवाईअड्डा प्रचालकों (भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, राज्य सरकारें, निजी प्रचालक अथवा रक्षा मंत्रालय) द्वारा दी जाने वाले सहायता के अंतर्गत क्षेत्रीय सम्पर्क योजना की उड़ानों इत्यादि पर लैंडिंग एवं पार्किंग के लिए कोई प्रभार नहीं लिया जाएगा।

इसके अलावा, क्षेत्रीय सम्पर्क योजना की जिन सीटों के लिए विमान किराए सीमित किए गए हैं उनकी फिक्स्ड विंग विमान के लिए संख्या 40 है जबकि हेलीकॉप्टरों के लिए यह 13 है तथा तदनुसार छोटे फिक्स्ड विंग विमानों एवं मध्यम हेलीकॉप्टरों के लिए भी क्षेत्रीय सम्पर्क योजना की अपेक्षाओं के अनुसार उचित निर्धारण किए जाएंगे।

कम्पनी को नागर विमानन मंत्रालय द्वारा इस योजना के अंतर्गत विभिन्न अल्पसेवित एवं असेवित सेक्टरों से सम्पर्कता हेतु अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए ''चैम्पियन ऑफ उड़ान'' के सम्मान के साथ साथ प्रशंसा पत्र भी प्रदान किया गया है।

पवन हंस लिमिटेड को क्षेत्रीय सम्पर्क योजना के लिए आयोजित बोलियों में सात राज्यों में विस्तारित 128 मार्गों के 42 नेटवर्क आबंटित किए गए हैं तथा तदनुसार पवन हंस ने निम्नलिखित मार्गों पर अपने प्रचालन प्रारंभ कर दिए हैं :-

हिमाचल प्रदेश :

- चंडीगढ़-शिमला-चंडीगढ़ 28-02-2019 से (सप्ताह में छह दिन)
- शिमला-कुल्लू-शिमला 13.05.2019 से जिसे आगे 10 दिसंबर 2021 (सप्ताह में तीन बार) से शिमला-मंडी-कुल्लू-मंडी-शिमला तक विस्तारित किया गया।
- शिमला-धर्मशाला-शिमला 14.05.2019 से जिसे आगे 9 दिसंबर 2021 (सप्ताह में तीन बार) से शिमला-मंडी-धर्मशाला-मंडी-शिमला तक विस्तारित किया गया।
- देहरादून नई टिहरी-श्रीनगर-गौचर-श्रीनगर-नई टिहरी-देहरादून 29-07-2020 से (सप्ताह में तीन बार)
- शिमला-रामपुर-शिमला 9 दिसंबर 2021 से (सप्ताह में तीन बार)।

उत्तराखंड

- देहरादून-गौचर-देहरादून 8 अक्टूबर 2021 से (सप्ताह में छह दिन)

8 फरवरी, 2023 को गुवाहाटी हवाई अड्डे पर आरसीएस उड़ान योजना के तहत हेलीकॉप्टर परिचालन का उद्घाटन

- देहरादून-श्रीनगर-देहरादून (सप्ताह में तीन बार)
- देहरादून-हल्द्वानी/पंतनगर-पिथौरागढ़-देहरादून 8 अक्टूबर 2021 से (सप्ताह में छह दिन)।
- देहरादून-हल्द्वानी/पंतनगर-अल्मोड़ा-पिथौरागढ़-अल्मोड़ा-पंतनगर/हल्द्वानी-देहरादून 26 अगस्त 2022 से

असम

- डिब्रुगढ़ – जोरहाट (3 दिन / सप्ताह)
- जोरहाट – तेजपुर (3 दिन / सप्ताह)
- तेजपुर – गुवाहाटी (3 दिन / सप्ताह)
- गुवाहाटी – तेजपुर (3 दिन / सप्ताह)
- तेजपुर – जोरहाट (3 दिन/ सप्ताह)
- जोरहाट – डिब्रुगढ़ (3 दिन / सप्ताह)

भविष्य के लिए योजनाएं

पवन हंस भारत में एक प्रमुख हेलीकॉप्टर सेवा प्रदात्ता है तथा यह क्षेत्रीय सम्पर्क योजना (आरसीएस) उड़ान के अंतर्गत हेलीकॉप्टर सेवाओं के विस्तार के माध्यम से मणिपुर, अरूणाचल प्रदेश, नागालैंड, सिक्किम एवं उत्तराखंड के अन्य क्षेत्रों में अपनी पहुंच स्थापित करने की प्रक्रिया कर रहा है।

सेवाओं में विस्तार चरणबद्ध स्वरूप में भौगोलिक चुनौतियों एवं दूरस्थ क्षेत्रों में विमान सम्पर्कता की रणनीतिक अभिमुखता के साथ किया जाएगा।

ii) हेलीकॉप्टर आपातचिकित्सा सेवाएं (एचईएमएस):

विश्व भर में लगभग 11% नागर हेलीकॉप्टरों का उपयोग आपातचिकित्सा सेवाओं के लिए किया जा रहा है तथा अगले पांच वर्षों में लगभग 13% नए हेलीकॉप्टर प्राप्त किए जाने संभावित हैं जिनका उपयोग आपातत चिकित्सा सेवाओं तथा खोज एवं बचाव प्रचालनों के लिए किया जाएगा। तथापि, भारत में 1.3 बिलियन नागरिकों की जनसंख्या के बावजूद हेलीकॉप्टर आपातचिकित्सा सेवाएं लगभग नगण्य हैं । इसकी तुलना में यूएसए में 321 मिलियन लोगों के लिए पहले से ही 1500 आपातचिकित्सा सेवा हेलीकॉप्टर सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

iii) नागर विमानन नीति (एनसीएपी) नीति, 2016

राष्ट्रीय नागर विमानन नीति में भी नगरों के मध्य संचलन, पर्यटन, कानून प्रवर्तन, आपदा सहायता खोज एवं बचाव, आपातचिकित्सा बचाव इत्यादि के लिए हेलीकॉप्टरों के उपयोग को महत्वपूर्ण मानकर निम्नलिखित विधि से प्रोत्साहन दिया जाना लक्ष्यबद्ध किया गया है:-

- सरकार द्वारा हेलीकॉप्टरों के लिए अलग विनियम निर्धारित किए जाएंगे तथा क्षेत्रीय सम्पर्कता के प्रोत्साहन के लिए देश में कम से कम चार हेली-हब स्थापित करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।
- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा उचित वाणिज्यिक शर्तों पर हेलीकॉप्टर प्रचालनों के लिए ऐसे हवाईअड्डों पर भूमि को चिन्हित / पट्टा किया जाएगा जहां से हेलीकॉप्टरों का प्रचालन फिक्स विंग यातायात के प्रति बिना किसी अवरोध के किया जा सकता है। इसके अलावा, हेलीकॉप्टर प्रचालनों के लिए हवाईअड्डा प्रभार उचित रूप से संगत किए जाएंगे।

iv) हेलीकॉप्टर परिचालन नीति

नागर विमानन मंत्रालय द्वारा अक्तूबर, 2021 में मांग एवं विकास की उत्पति के लिए हेलीकॉप्टर प्रचालनों को प्रोत्साहित करने के लिए हेलीकॉप्टर प्रचालन नीति का निर्माण किया गया था। इस नीति का उद्देश्य हेलीकॉप्टर प्रचालनों के संबंध में व्याप्त कठिनाईयों का समाधान खोजना तथा हेलीकॉप्टर प्रचालनों को व्यवहार्य बनाना जिससे कि वे देश में निर्बाध एवं कुशल हेलीकॉप्टर सेवाओं का प्रचालन कर सकें। इस नीति को सर्वसाधारण को दूरस्थ स्थलों पर जाने तथा दुर्गम स्थलों एवं पर्यटक स्थलों पर पहुंच स्थापित करने के नए अवसर भी उपलब्ध हो सकेंगे।

ख. एसडब्ल्यूओटी विश्लेषण

शक्तियां

पवन हंस लिमिटेड द्वारा स्वयं को एक विख्यात ब्रांड के रूप में स्थापित किया गया है तथा यह भारत का सबसे बड़ा हेलीकॉप्टर प्रचालक है। पवन हंस लिमिटेड की शक्तियों में निम्नलिखित शक्तियां शामिल हैं :-

- उत्तम ब्रांड इक्विटी तथा ट्रैक रिकार्ड
- समर्पित एवं अनुभवी कार्यबल जो अत्यंत दुर्गम भौगोलिक एवं भू क्षेत्रों में निष्पादन कर सकने में सक्षम है।
- भारत सरकार से सम्बद्धता एवं समर्थन
- संस्थागत ग्राहकों के लिए दीर्घकालिक आधार पर हेलीकॉप्टरों का नियोजन (ओएनजीसी, राज्य सरकारें, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम इत्यादि)
- सर्वोत्कृष्ट अनुरक्षण सुविधाएं
- ग्राहकों की भिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विभिन्न प्रकार के बेड़े की उपलब्धि के कारण प्रतिस्पर्धात्मक लाभ।
- हैलीपोर्टों / हेलीकॉप्टर प्रचालन परामर्श के विकास की क्षमता

दुर्बलताएं

- पुराना हेलीकॉप्टर बेड़ा
- जारी रणनीतिक विनिवेश की प्रक्रिया के कारण पूंजी व्यय पर रोक लगाए जाने से नए हेलीकॉप्टरों के अधिग्रहण के प्रति असमर्थता
- जनशक्ति पर आयु का प्रभाव
- कड़ी बाजार प्रतिस्पर्धा जिसके कारण परियोजनाओं को हासिल करने के लिए लाभ कम रखना पड़ता है।

अवसर

- विकासशील हेली-पर्यटन
- मरम्मत, अनुरक्षण एवं ओवरहॉल सुविधाएं
- विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा नए हेलीपोर्टों का विकास किए जाने के क्षेत्र में परामर्शी सेवाएं
- चिकित्सा बचाव
- आपदा प्रबंधन
- सीप्लेन प्रचालन

पवन हंस के सीएमडी ने 19.10.2022 को डिफेक्सपो 2022 के दौरान एचएएल के सीईओ (एचसी) के साथ बातचीत की

दुविधाएं

- बेड़ा पुराना होने के कारण मरम्मत की लागत काफी उच्च होना
- कुछ ग्राहकों द्वारा विंटेज की शर्त रखे जाने के कारण कम्पनी कुछ निविदाओं में प्रतिभागिता नहीं कर पा रही है।
- मूल उपकरण निर्माताओं के पास कंपोनेंट्स की मरम्मत एवं ओवरहॉल में देरी
- यूक्रेन – रूस युद्ध के कारण लॉजिस्टिक्स / अतिरिक्त आपूर्ति में देरी

ग. <u>घटक-वार निष्पादन</u>

आपकी कम्पनी द्वारा मुख्यतः अंतर्देशीय गैर-अनुसूचित यात्री विमान सेवाओं का संचलन किया जाता है तथा तदनुसार, इसके संबंध में घटक-वार निष्पादन रिपोर्टिंग के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

घ. <u>आउटलुक</u>

पवन हंस द्वारा ए एस सी आई से छः वर्षीय व्यवसाय योजना 2021-2026 का निर्माण किया गया है जिसमें अन्य व्यवस्थाओं के साथ साथ अगले 6 वर्षों में किए जाने वाले निम्नलिखित प्रमुख प्रयास शामिल हैं:

हेलीकॉप्टर प्रचालन :-

- विद्यमान बाजारों में प्रतिस्पर्धी स्थिति को सुदृढ़ बनाना
- अपने 85% विमान बेड़े का उपयोग दीर्घकाल के लिए तथा 15% विमान बेड़े का उपयोग अल्प काल के लिए करना।
- 8 पुराने हेलीकॉप्टरों के स्थान पर पट्टे के माध्यम से 20 हेलीकॉप्टरों का अधिग्रहण करना
- अन्य के लिए हेलीकॉप्टरों का प्रचालन एवं अनुरक्षण अनुबंध

<u>अनुरक्षण, मरम्मत एवं ओवरहॉल सेवाएं प्रदान करना</u>

- हेलीपोर्टों तथा हेली हबों की स्थापना करना
- सीप्लेन प्रचालन
- फिक्स्ड विंग प्रचालन
- ग्राहक संतुष्टि में सुधार लाना

विद्यमान बाजारों में प्रतिस्पर्धी स्थिति को सुदृढ़ करना :-

- बाजार लाभ प्राप्ति के लिए विद्यमान करारों का नवीकरण
- संरक्षा एवं विश्वसनीयता के उच्चतर मानकों का अनुरक्षण
- अवसर उत्पन्न होने पर अंतर्राष्ट्रीय प्रचालनों के चयन का अनुकरण करना
- ग्राहक की आवश्यकताओं में सुधार की ओर ध्यान केन्द्रीत करके प्रतिस्पर्धी स्थिति को सुदृढ़ बनाना
- ग्राहकों तथा अन्य व्यवसाय सहयोगियों के साथ प्रगाढ़ संबंध स्थापित करना

<u>नए क्षेत्रों में व्यवसाय का अनुकरण करना</u>:-

- विभिन्न राज्यों के साथ हेलीपोर्टों के लिए परामर्शी एवं परियोजना प्रबंधन। कम्पनी द्वारा पहले से क्षेत्रीय सम्पर्क योजना के अंतर्गत पांच राज्यों में 31 हेलीपोर्टों के लिए परामर्शी कार्य प्रारम्भ कर दिए गए हैं। कम्पनी द्वारा कर्नाटक एवं तमिलनाडु राज्य सरकारों को हैलीपोर्टों के विकास के लिए परामर्श सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं।
- चिकित्सा बचाव, कानून प्रवर्तन, समाचार एकत्रण, नगरों के मध्य सम्पर्कता करके प्रमुख नगरों के हवाईअड्डों से नगर केन्द्रों के लिए परिवहन, कॉर्पोरेट यात्रा, तीर्थ यात्रा सेवाएं इत्यादि।
- देश में पर्यटन / तीर्थ यात्रा के क्षेत्र में अपार संभावनाएं उपलब्ध हैं जिनको लक्ष्यबद्ध करके अवसर प्राप्त किए जा सकते हैं। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, दक्षिण भारत, गोवा तथा पूर्वोत्तर राज्य ऐसे हैं जहां नए क्षेत्रों में इस उद्देश्य से अवसर प्राप्त हो सकते हैं ।

आपदा प्रबंधन – समर्पित आपातचिकित्सा सेवाएं / एसएआर प्रचालन :-

- देश में सबसे पहले मेडीवैक हेलीकॉप्टर का प्रचालन पवन हंस लिमिटेड द्वारा ओएनजीसी के लिए किया गया था।

- पवन हंस लिमिटेड द्वारा एनडीएमए के सहयोग से मेडीवैक / एसएआर सेक्टर में उद्यम के नए अवसरों का अंवेषण किया जाएगा।

<u>नए हेलीकॉप्टरों का अधिग्रहण</u>

रणनीतिक विनिवेश के लिए जारी ईओआई (रूचि अभिव्यक्ति) प्रक्रिया रद्द होने के पश्चात पवन हंस लिमिटेड द्वारा भविष्य की आवश्यकताओं की पूर्ति करने एवं पुराने विंटेज हेलीकॉप्टरों को बदलने के लिए प्रशासनिक मंत्रालय से वैश्विक निविदा के माध्यम से 23 हेलीकॉप्टरों का अधिग्रहण किए जाने के लिए अनुमोदन मांगा गया था, जो प्राप्त हो गया है। इसके अलावा, ओएनजीसी की अपतटीय आवश्यकताओं की पूर्ति उच्चतर स्तरों पर भारत सरकार की आत्म निर्भर पहल के अंतर्गत किए जाने के उद्देश्य से स्वदेश में हेलीकॉप्टरों के विकास को प्रोत्साहित करने के संबंध में चर्चाएं जारी हैं।

<u>हेलीकॉप्टर अनुरक्षण सेवाएं</u>:-

पवन हंस मैसर्स यूरोकॉप्टर, फ्रांस की ओर से डॅफिन श्रृंखला के हेलीकॉप्टरों का प्राधिकृत अनुरक्षण केन्द्र है। पवन हंस डॉफिन हेलीकॉप्टरों वाले अन्य प्रचालकों को सेवाएं प्रदान करके अपने मरम्मत तथा ओवरहॉल व्यवसाय का विस्तार करना चाहता है। इस उद्देश्य से एक नए उत्कृष्ट अनुरक्षण केन्द्र का निर्माण किए जाने की योजना है। पवन हंस द्वारा रक्षा हेलीकॉप्टरों के लिए मरम्मत, अनुरक्षण एवं ओवरहॉल सुविधाएं स्थापित करने के एक प्रस्ताव पर कार्य किया जा रहा है तथा मैसर्स जेएससी हेलीकॉप्टर्स, रूस तथा भारतीय वायु सेना से एमआई-172 के लिए एवं मैसर्स हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से ध्रुव हेलीकॉप्टरों के लिए इसके संबंध में विवरण प्राप्त करने की प्रक्रिया की जा रही है।

<u>ग्राहक संतुष्टि में सुधार</u>:-

पवन हंस द्वारा अपने यात्रियों एवं संगठन ग्राहकों से समय समय पर प्रतिक्रियाएं प्राप्त की जाती हैं तथा इसके द्वारा प्रतिक्रिया प्रोफार्मा के निर्माण के लिए बाह्य एजेंसी की सेवाएं प्राप्त करके प्रतिक्रियाएं प्राप्त की गई हैं।

<u>रणनीतिक विनिवेश</u>

भारत सरकार द्वारा पवन हंस लिमिटेड में प्रबंधन नियंत्रण के अंतरण के साथ भारत सरकार की समग्र 51% शेयरधारिता का विनिवेश किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस रणनीतिक विनिवेश के लिए निवेश एवं परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा मैसर्स एसबीआई कैप्टिल मार्केट्स लिमिटेड तथा मैसर्स क्रॉफर्ड बेयले एंड कम्पनी की सेवाएं क्रमशः संव्यवहार परामर्शदाता एवं विधि परामर्शदाता के रूप में प्राप्त की गई हैं। मैसर्स आरबीएसए परामर्शदाता की सेवाएं नागर विमानन मंत्रालय द्वारा पवन हंस लिमिटेड की परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन करने के लिए प्राप्त की गई हैं।

इसी के साथ साथ, तेल एवं प्राकृतिक गैस लिमिटेड (''ओएनजीसी'') द्वारा भी अपने दिनांक 2 अगस्त, 2018 के अपने निदेशक मंडल के संकल्प के माध्यम से पवन हंस लिमिटेड में अपनी सम्पूर्ण 49% की शेयरधारिता समाप्त करने की मंशा व्यक्त की गई है।

बोलीदाताओं से अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त न होने के कारण विनिवेश की प्रक्रिया को पहले पूरा नहीं किया जा सका था।

पवन हंस लिमिटेड के लिए वर्तमान में रणनीतिक विनिवेश की प्रक्रिया की जा रही है जिसके लिए पीआईएम/रूचि अभिव्यक्ति के लिए अनुरोध दिनांक 8.12.2020 को जारी किए गए थे। नियत तिथि(5 मार्च, 2021) तक प्राप्त रूचि अभिव्यक्ति के मूल्यांकन एवं आईएमजी के निदेशों के आधार पर शार्टलिस्ट किए गए बोलीदाताओं को वीडीआर, एसआईएम, आरएफपी के लिए एस्सेस एवं शेयर क्रय अनुबंध का मसौदा उपलब्ध करवाया गया था। शार्टलिस्ट किए गए बोलीदाताओं द्वारा विभिन्न एहतियातों के साथ प्रस्तुत की गई बोलियों का तकनीकी मूल्यांकन किया गया था। वित्तीय बोली दिनांक 23 अप्रैल 2022 को खोली गई थी तथा दिनांक 29 अप्रैल, 2022 को तीन सदस्यों के कंर्सोटियम (नामतः स्टार9 मोबिल्टी प्राइवेट लिमिटेड) को उच्चतर बोलीदाता घोषित किया गया था। सरकार द्वारा सफल बोलीदाता कंर्सोटियम मैसर्स स्टार

9 मोबिल्टी प्राइवेट लिमिटेड को प्रारंभिक सूचना ज्ञापन (पीआईएम) एवं अर्हता प्रस्ताव अनुरोध (आरएफपी) के प्रावधानों के उपबंधों के अनुसार पवन हंस लिमिटेड के रणनीतिक विनिवेश की प्रक्रिया के प्रति अयोग्य घोषित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके चालू रणनीतिक विनिवेश से संबंधित चालू रूचि अभिव्यक्ति प्रक्रिया दिनांक 3 जुलाई, 2023 को रद्द हो गई है।

ङ. जोखिम एवं प्रयोजन

ओएनजीसी जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा 7 से 10 वर्ष की विन्टेज स्थिति वाले हेलीकॉप्टरों के लिए निविदाएं जारी की गई हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में अरूणाचल प्रदेश जैसे राज्य द्वारा भी 5 वर्ष की विन्टेज वाले हैवी हेलीकाप्टरों के लिए निविदाएं जारी की गई हैं। इस प्रकार, इस रूझान का अनुसरण अन्य ग्राहकों द्वारा भी किए जाने की स्थिति आने पर पुराने हेलीकॉप्टरों के बेड़े के साथ नए व्यवसाय को प्राप्त करने के प्रति जोखिम व्याप्त हैं। ग्राहकों से की जाने वाली देयताओं की वसूली की अवधि, विशेषतः राज्य सरकारों, काफी अधिक होती है जिसके कारण बड़ी संख्या में बकाया शेष रहते हैं। इससे कम्पनी का रोकड़ प्रवाह प्रभावित होता है। यद्यपि, ग्राहकों के साथ किए गए अधिकांश करारों में विदेशी मुद्रा तथा विमानन टर्बाइन ईंधन की दरों के संदर्भ मुद्रास्फीति के प्रति प्रतिरक्षा के अंतर्निहित प्रावधान किए गए हैं तथा ऐसे प्रावधानों से वे करार प्रभावित होते हैं जिनमें हेलीकॉप्टरों सेवाओं के लिए निश्चित एवं तय की गई चार्टर दरें होती हैं तथा जिससे इनपुट लागत बढ़ जाती है और मुनाफे का मार्जिन कम हो जाता है। विनिवेश की प्रक्रिया जारी होने के कारण कम्पनी के सम्मुख व्याप्त अनिश्चितता भी सरोकार का एक कारण है। विमानन व्यवसाय का वर्गीकरण आकाश एवं स्थल पर संरक्षा के लिए किया गया है। हेलीकॉप्टरों से होने वाली दुर्घटनाओं के परिणामस्वरूप ग्राहक विश्वास प्रभावित हो सकता है जिसका प्रभाव कम्पनी के व्यवसाय पर हो सकता है।

च. आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था एवं उनकी पर्याप्तता

प्रत्येक प्रकार के क्रियाकलापों में संस्थागत बेहतर प्रक्रियाओं का प्रयोग किए जाने के लिए मानक प्रक्रियाएं एवं दिशानिर्देशों समय समय पर जारी किए जाते हैं । सभी क्रियाकलापों तथा परिसम्पत्तियों के अनाधिकृत प्रयोग की मॉनीटरिंग तथा प्रत्येक व्यवहार सही प्रकार से प्राधिकृत, रिकार्डबद्ध एवं सूचनाबद्ध होने का सुनिश्चय किए जाने के लिए पवन हंस में पर्याप्त आंतरिक व्यवस्था की गई है। कम्पनी द्वारा सभी आंतरिक नियंत्रण नीतियों तथा प्रक्रियाओं का उनसे जुड़े विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार अनुपालन किए जाने का सुनिश्चय किया जाता है तथा आवश्यकतानुसार सुधार कार्रवाई कर ली जाती है। निदेशक मंडल की ऑडिट समिति द्वारा आंतरिक नियंत्रणों की पर्याप्तता की देख रेख की जाती है। समय समय पर विनियामक प्राधिकरणों द्वारा प्रचालनात्मक एवं संरक्षा की दृष्टि से ऑडिट किए जाते हैं ।

वित्त एवं प्रचालनों का विश्लेषण

भौतिक एवं वित्तीय निष्पादन निदेशक मंडल के सम्मुख प्रस्तुत किया जाता है। कम्पनी की वेबसाईट पर वार्षिक रिपोर्ट के साथ साथ कार्यालय से संबंधित समाचार नियमित एवं सुलभ स्वरूप में प्रकाशित किए जाते हैं ।

वर्ष 2022-23 के दौरान कम्पनी द्वारा प्रचालनों से पिछले वर्ष में अर्जित 38223.20 लाख रुपए की तुलना में 40080.03 लाख रुपए का राजस्व कमाया गया है। प्रचालनों से प्राप्त राजस्व में प्रतिशत के दृष्टिकोण से पिछले वर्ष की तुलना में 7.8% की वृद्धि हुई है जो कि हेलीकॉप्टरों के बेहतर उपयोग तथा संसाधनों का इष्टतम उपयोग किए जाने के कारण है। प्रचालनों से प्राप्त लाभ 6.56% की बढ़ोतरी के साथ 6825.08 लाख रुपए से बढ़कर 7273.05 लाख रुपए हो गया है। कम्पनी को प्रचालन लाभ में यह वृद्धि निर्णित हर्जानों, एओजी प्रभारों तथा कर्मचारी लागतों में आई कमी के परिणामस्वरूप प्राप्त हुई है। कम्पनी के रिजर्व एवं अतिरेक 34507.19 लाख रुपए (पिछले वर्ष 41651.20 लाख रुपए) हैं।

अंशकालिक निदेशकों तथा कम्पनी के मध्य वित्तीय सम्बद्धता अथवा संव्यवहार

वर्ष के दौरान किसी भी अंशकालिक निदेशक के साथ कम्पनी के वित्तीय संबंध नहीं हैं । इसके अलावा,

केवल एक स्वतंत्र निदेशक को मंडल की बैठकों तथा निदेशक मंडल की उप समिति की बैठकों में उपस्थिति के लिए सीटिंग फीस का भुगतान किए जाने के अलावा किसी भी अंशकालिक निदेशक को किसी प्रकार का पारिश्रमिक अथवा उपस्थिति प्रभार का भुगतान नहीं किया गया है ।

मानव संसाधन, औद्योगिक संबंध तथा प्रतिभा प्रबंधन मामले

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष में कुल कर्मचारियों की संख्या 569 थी जबकि कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष में यह संख्या 602 थी। वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध सौहार्द रहे हैं । कम्पनी द्वारा अपने पॉयलटों तथा अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जाता है तथा नियमित आधार पर कर्मचारियों के संबंध में आंतरिक प्रशिक्षण विकास भी किए जाते हैं।

पर्यावरण संरक्षण, अक्षय ऊर्जा प्रयोग तथा अनुसंधान एवं विकास मामले

कम्पनी का परम लक्ष्य सदैव से ही पर्यावरण संरक्षण तथा तकनीकों का समावेश करना रहा है तथा विचाराधीन वर्ष के दौरान भी इस लक्ष्य को प्राथमिकता प्रदान की गई है । नवोपाय के तौर कम्पनी कलपुर्जों के स्वदेशीकरण तथा एचएमयू (डॉफिन एन- हेलीकॉप्टर) की विश्वसनीयता में संवर्धन के लिए अध्ययन किए गए हैं ।

सचेतक विवरण

प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण की रिपोर्ट के विवरण में कम्पनी लक्ष्यों, प्रक्षेपण, अनुमानों, आंकड़ों तथा प्रत्याशाओं में लागू कानूनों तथा विनियमों का अनुसरण करते हुए "आगे बढ़ने की आकांक्षा" की प्रस्तुति की गई है। वास्तविक परिणाम ऐसी व्यक्त संभावनाओं से कुछ भिन्न हो सकते हैं।

कम्पनी, आगे बढ़ने की आकांक्षा के संबंध में यहां उल्लिखित विवरण के प्रति किसी उत्तरदायित्व का दावा नहीं करती है क्योंकि इसमें उत्तरवर्ती विस्तार, सूचना अथवा परिस्थितियों के आधार पर भविष्य में होने वाले परिवर्तन का प्रभाव निहित है।

****

सीएमडी-पीएचएल अपने अधिकारियों के साथ 7 जून, 2022 को महामाया बालिका इंटर कॉलेज, नोएडा (यूपी) में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत वृक्षारोपण अभियान में भाग लेते हुए।

अनुलग्नक-ग

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों द्वारा अपनी संशोधित रिपोर्ट में की गई अर्हता / प्रेक्षण के संबंध में निदेशक मंडल के उत्तर

लेखापरीक्षकों का प्रेक्षण	निदेशक मंडल के उत्तर

पवन हंस लिमिटेड के सदस्यों को संबोधित

इंड एएस वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा रिपोर्ट

यह संशोधित लेखापरीक्षा रिपोर्ट हमारी दिनांक 23 जनवरी, 2024 की पूर्व लेखापरीक्षा रिपोर्ट का अध्रिक्रमण करती है।

यह संशोधित लेखापरीक्षा रिपोर्ट भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा किए गए प्रेक्षण के अनुपालन तथा दिनांक 23 जून, 2023 की मूल लेखापरीक्षा रिपोर्ट में उल्लिखित कम्पनी की विनिवेश प्रक्रिया, जो प्रारंभ की गई थी तथा बाद में समाप्त कर दी गई थी, की प्रलेखन प्रक्रिया से संबंधित व्याकरण / टाइपोग्राफिकल व्याख्या से संबंधित अधिक स्पष्टीकरण प्रदान करने तथा सूचना देने के लिए जारी की गई है। तथापि, विनिवेश की प्रक्रिया बाद के काल में दिनांक 3 जुलाई, 2023 किए जाने के तथ्य को ध्यान में रखते हुए, इसका विशिष्ट उल्लेख एवं स्पष्ट प्रकटीकरण अब संशोधित लेखापरीक्षा रिपोर्ट के ''मत के आधार' के प्वांइट संख्या 1ए में किया गया है जिसमें वित्तीय विवरणों के नोट संख्या 32XXV में दिया गया एकमात्र संदर्भ हमारी दिनांक 23 जनवरी, 2024 की मूल लेखापरीक्षा रिपोर्ट में 'मत के आधार' के प्वांइट संख्या 1ए में दिया गया था।

प्रतिकूल मत

हमारे द्वारा किया गया इंड ए एस वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षा कार्य अधिनियम की धारा143(10) में किए गए विनिर्देशन के अंतर्गत सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा परीक्षा मानकों का अनुसरण करते हुए किया गया है। इन मानकों के अंतर्गत हमारे उत्तरदायित्वों का उल्लेख हमारी रिपोर्ट में इंड एएस वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण के लिए लेखापरीक्षकों के दायित्व खंड में किया गया है। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी आचार संहिता के अनुसार हम कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों तथा उसके अध्याधीन निर्मित नियमों के अंतर्गत वित्तीय विवरणों के संबंध में हमारा लेखा परीक्षण सम्बद्ध स्वतंत्र अपेक्षाओं के साथ आचार अपेक्षाओं के अनुरूप किया गया है तथा हमारे द्वारा इन आचार अपेक्षाओं एवं भारतीय सनदी लेखाकार (आईसीएआई) द्वारा जारी आचार संहिता की अपेक्षाओं के अनुरूप अपने उत्तरदायित्वों का पालन किया गया है। हमारा यह मानना है कि इंड एएस स्टेंडएलोन इंड एएस वित्तीय विवरणों के संबंध में हमारा लेखा परीक्षा प्रतिकूल मत प्रस्तुत करने के आधार के लिए हमारे द्वारा प्राप्त किए गए लेखा परीक्षा साक्ष्य पर्याप्त एवं उपर्युक्त हैं।

सत्य एवं स्वच्छ न होने के अपने मत की प्रस्तुति के दौरान लेखापरीक्षक ने निम्नलिखित प्वांइट्स की ओर ध्यान नहीं दिया है:

1. इंड एएस 36 कुछ वर्ग की परिसम्पतियों के मामले में लागू है तथा यह सम्पूर्ण कम्पनी पर लागू नहीं है। इंडएएस 36 – बिक्री के लिए धारित मालसूची, अनुबंध परिसम्पतियों, आस्थगित कर परिसम्पतियों, गैर-चालू परिसम्पतियों के संबंध में लागू नहीं है।

2. संव्यवहार परामर्शदाता तथा परिसम्पति मूल्यांकक द्वारा प्रत्येक आकस्मिक देयताओं, कर्मचारियों के टर्मिनल लाभों और साथ ही स्वैच्छिक / अनिवार्य सेवानिवृत्ति योजना से संबंधित एक्स ग्रेशिया, जिसका भुगतान कम्पनी द्वारा विनिवेश के मामले चुकता किए जाने की संभावना है, पर भी विचार किया गया होगा।

3. संव्यवहार परामर्शदाता तथा परिसम्पति मूल्यांकक ने इस तथ्य पर भी विचार किया होगा कि कम्पनी में किया जाने वाला विनिवेश जहां है जैसा है पर आधारित होगा।

4. मूल्यांकन विशेषज्ञों (संव्यवहार परामर्शदाता तथा परिसम्पति मूल्यांकक) द्वारा किया गया मूल्यांकन कम्पनी में भारत सरकार के अंशभाग के विनिवेश के उद्देश्य से है।

5. लेखापरीक्षक द्वारा विचार में ली गई प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 29.4.2022 की है तथा वित्तीय वर्ष के तुलन पत्र दिनांक 21.10.2022 को हस्ताक्षर किए गए हैं, परन्तु लेखापरीक्षक ने वित्तीय वर्ष 2021-22 की अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट को जारी करते समय इसके बारे में विचार नहीं किया है।

6. निवेश एवं लोक परिसम्पति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) द्वारा जारी दिनांक 3 जुलाई, 2023 की प्रेस विज्ञप्ति में रणनीतिक विनिवेश की चालू प्रक्रिया समाप्त किए जाने का उल्लेख है।

प्रतिकूल मत का आधार

1. क. पवन हंस लिमिटे में विनिवेश के लिए रणनीतिक क्रेता अनुमोदित किया गया तथा पवन हंस लिमिटेड में 51 % की स्टेकधारिता के रणनीतिक विनिवेश के लिए दिनांक 29 अप्रैल, 2022 को रणनीतिक क्रेता अर्थात स्टार9 मोबिल्टी प्राइवेट लिमिटेड को स्वीकृति दी गई थी। तथापि, वित्तीय विवरणों के नोट संख्या 32XXV में की गई निर्दिष्टि के अनुसार दिनांक 3 जुलाई, 2023 को मैसर्स स्टार 9 मोबिल्टी प्राइवेट लिमिटेड को प्रारंभिक सूचना ज्ञापन (पीआईएम) एवं अर्हता प्रस्ताव अनुरोध (आरएफपी) के प्रावधानों के उपबंधों के अनुसार पवन हंस लिमिटेड के रणनीतिक विनिवेश की प्रक्रिया के प्रति अयोग्य घोषित किए जाने का निर्णय लिया गया

प्राप्त सूचना तथा वित्त मंत्रालय, प्रेस सूचना ब्यूरो द्वारा दिनांक 29 अप्रैल, 2022 की विज्ञप्ति के अनुसार पवन हंस लिमिटेड में 51% शेयरधारिता की बिक्री के लिए 211.14 करोड़ रुपए की राशि के बोली दाता मूल्य के प्रति आरक्षित मूल्य 199.92 करोड़ रुपए रखा गया था जो कि विशेषज्ञों (संव्यवहार परामर्शदाता एवं परिसम्पति मूल्यांकक) द्वारा किए गए मूल्यांकन पर आधारित था। 51 % शेयरधारिता का मूल्य 199.92 करोड़ रुपए होने के मूल्यांकन को ध्यान में लेते हुए कम्पनी का कुल मूल्यांकन मूल्य 399.84 करोड़ रुपए है। 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों के अनुसार कम्पनी की निवल समपति 902.55 करोड़ रुपए है। वित्त मंत्रालय द्वारा किए गए मूल्यांकन के अनुसार निवल सम्पति तथा कम्पनी के मूल्यांकन में भिन्नता के कारण क्षमता हानि 502.71 करोड़ रुपए है।

इससे संबंधित आकलन कार्य / गणना निम्नानुसार है :

क्र. सं.	विवरण	मूल्यांकन (दिनांक 29.4.2022 के पीआईबी परिपत्र के अनुसार) यथा कम्पनी का प्रमाणित बाजार मूल्य	31-03-2023 की स्थिति के अनुसार कम्पनी की निवल सम्पति	कम्पनी के मूल्यांकन की तुलना में निवल सम्पति में भिन्नता के कारण क्षमता हानि
1	मूल्यांकन विशेषज्ञ (संव्यवहार परामर्शदाता एवं परिसम्पति मूल्यांकक)	399.84 करोड़ रुपए (199.92 करोड़ *2)	902.55 करोड़ रुपए	502.71 करोड़ रुपए
2	स्टार9 मोबिल्टी प्राइवेट लिमिटेड (उच्चतर बोलीदाता)	422.28 करोड़ रुपए (211.14 करोड़ *2)	902.55 करोड़ रुपए	480.27 करोड़ रुपए

इंड एएस 36 के खंड 9 तथा 10 के अनुसार ''परिसम्पति में कोई क्षमता हानि होने अथवा न होने के संकेत होते हुए भी किसी इकाई का मूल्यांकन प्रत्येक रिपोर्टिंग वर्ष के अंत में किया जाना है। यदि ऐसे कोई संकेत विद्यमान होते हैं तो इकाई द्वारा परिसम्पति से वसूलीय राशि के अनुमान लगाए जा सकते हैं, जो कि किसी व्यवसाय सामुच्चय में अमूत परिसम्पतियों के उपयोज्यता काल अथवा उपयोग एवं साख के लिए न उपलब्ध कोई अमूर्त सम्पति के मामले में नहीं आंके जा सकते हैं। इसके अलावा :-

1. इंड एएस 36 में अक्षमता हानि के आकलन की एक निर्दिष्ट विधि है, जिसके अंतर्गत वसूलीय राशि के निर्धारण किए जाते हैं परन्तु विशेषज्ञों की मूल्यांकन रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से उपलब्ध न होने के कारण यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है कि किया गया मूल्यांकन इंड एएस 36 के संबंधित पैरा 9-17 से संगत है।
2. रिपोर्ट समान रिपोर्टिंग अवधि, जो कि मार्च, 23 है, से संबंधित नहीं है तथा यह दिनांक 29.4.2022 की प्रेस विज्ञप्ति पर आधारित है। मूल्यांकन कोविड अवधि के दौरान तब किया गया था जब विमानन सेक्टर अनेक समस्याओं से जूझ रहा था।

इस प्रकार, ऊपर उल्लिखित कारणों से 502.71 करोड़ अथवा 480.27 करोड़ रुपए की आकलन की गई अक्षमता हानि सही नहीं है तथा यदि विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध नहीं है तो मूल्यांकन, विधि, कवरेज, आवधिकता, आशय आदि के उद्देश्य से प्रेस विज्ञप्ति को विश्वास में नहीं लिया जा सकता है।

भारत सरकार द्वारा अक्तूबर, 2016 में विनिवेश प्रक्रिया घोषित किए जाने और मंत्रालय के अनुमोदन के बिना प्रमुख पूंजी परिसम्पतियों का प्रापण न किए जाने के निदेश के होते हुए भी कोविड अवधि सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान का परिचालन राजस्व एवं निवल लाभ (हानि) का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

वित्तीय वर्ष	परिचालनों से राजस्व / % वृद्धि (रुपए लाख में)	कर पश्चात निवल हानि (रुपए लाख में)	राजस्व में % हानि
2020-21	37,237.48	(1,660.99)*	4.46%
2021-22	38,512.77 / 3.42 %	(1,367.98)*	3.55%
2022-23	41,515.96 / 7.80%	(2,232.00)	5.38%

***रोहिणी हेलीपोर्ट की हानि को विचार में नहीं लिया गया है**

दिनांक 29.04.2022 को पीआईबी विज्ञप्ति, जो निम्नानुसार पठित है: -

"पवन हंस लिमिटेड में विनिवेश के लिए रणनीतिक क्रेता का अनुमोदन"

''आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति से शक्ति प्राप्त वैकल्पिक तंत्रव्यवस्था, जिसमें श्री नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण, केन्द्रीय वित्त एवं एएमपी; कॉर्पोरेट कार्य तथा श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री शामिल हैं, द्वारा पवन हंस लिमिटेड में भारत सरकार की समग्र शेयरधारिता (शेयरधारिता का 51%) की बिक्री उच्चतम बोलीदाता मैसर्स स्टार9मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड को किए जाने का अनुमोदन दिया गया है।

पवन हंस लिमिटेड, हेलीकॉप्टर और एयरो मोबिलिटी सेवाएं प्रदान करने वाला भारत सरकार तथा ओएनजीसी का एक संयुक्त है। भारत सरकार के पास कम्पनी की 51% शेयरधारिता है तथा ओएनजीसी के पास शेष 49% शेयरधारिता है। ओएनजीसी द्वारा पहले अपनी समग्र शेयरधारिता का विनिवेश भारत सरकार के रणनीतिक विनिवेश संव्यवहार के अंतर्गत निर्धारित सफल को उसी समान मूल्य एवं शर्तों के अनुसार किए जाने का निर्णय लिया गया था जो भारत सरकार के साथ तय की गई थी।

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा अक्टूबर, 2016 में पवन हंस लिमिटेड में भारत सरकार की सम्पूर्ण शेयरधारिता के रणनीतिक विनिवेश का अनुमोदन दिया गया था। इसके लिए पूर्वकाल में यह प्रक्रिया किए जाने के तीन प्रयास किए गए थे। प्रथम प्रयास के अंतर्गत रूचि अभिव्यक्ति की प्राप्ति के लिए दिनांक 13 अक्तूबर, 2017 को प्रारंभिक सूचना ज्ञापन (पीआईएम) जारी किया गया था। इसके प्रति प्राप्त चार रूचि अभिव्यक्तियों में से केवल एक ही योग्य पाई गई थी तथा इससे संबंधित संव्यवहार दूसरे चरण में रद्द कर दिया गया था। दिनांक 14 अप्रैल, 2018 को रूचि अभिव्यक्ति की प्राप्ति के लिए प्रारंभिक सूचना ज्ञापन जारी किया गया था जिसमें दो बोलीदाता योग्य पाए गए थे तथा उन्हें अर्हता प्रस्ताव (आरएफपी) जारी किया गया था। रूचि अभिव्यक्ति प्राप्त करने के लिए अंतिम प्रारंभिक सूचना ज्ञापन दिनांक 11 जुलाई, 2019 को जारी किया गया था। इसकी प्रतिक्रिया में प्राप्त चार रूचि अभिव्यक्तियों में से केवल एक ही योग्य पाई गई तथा यह प्रक्रिया रद्द कर दी गई थी। रूचि अभिव्यक्ति प्राप्त करने के लिए यह चौथी पुनरावृति है जो 8 दिसम्बर, 2020 को दोहराई गई थी। इसके प्रति सात रूचि अभिव्यक्तियां प्राप्त हुई तथा चार इच्छुक बोलीदाताओं को योग्य बोलीदाता के रूप में शार्टलिस्ट किया गया था। विस्तृत प्रक्रियाओं के सम्पादन के पश्चात योग्य बोलीदाताओं

उपर्युक्त से यह देखा जा सकता है कि कम्पनी का विमान बेड़ा आकार समान होने के बावजूद भी परिचालनों से प्राप्त राजस्व में बढ़ोतरी हुई है तथा निवल हानि भी काफी हाशिए पर है। तदनुसार, ऐसे कोई संकेत नहीं हैं जिनके आलोक में प्रबंधन को सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण से प्राप्य राशि के अनुमान आंकने चाहिए।

और यह भी कि, लेखांकन मानक (एसए) 705 में उल्लिखित प्रतिकूल मत की स्थिति ''लेखापरीक्षक द्वारा अपने प्रतिकूल मत की अभिव्यक्ति तब करनी चाहिए जब लेखापरीक्षक ने पर्याप्त यथोचित ऐसे लेखापरीक्षा प्रमाण एकत्र कर लिए हों, जिनसे यह निष्कर्ष होता हो कि वैयक्तिक अथवा समुदित मिथ्याकथन वित्तीय विवरणों के प्रति सामग्रीगत तथा व्यापक, दोनों, है।''

संव्यवहार परामर्शदाता द्वारा किसी विस्तृत रिपोर्ट के बिना किए गए मूल्यांकन की राशि का हवाला देने वाली किसी प्रेस विज्ञप्ति को पर्याप्त यथोचित लेखापरीक्षा प्रमाण नहीं माना जा सकता है तथा इस प्रकार इस कारण से प्रतिकूल मत नहीं दिया जा सकता है।

उपर्युक्त के परिप्रेक्ष्य में लेखापरीक्षक द्वारा पवन हंस लिमिटेड के वित्तीय विवरणों के संबंध में दिया गया प्रतिकूल मत आधारहीन है।

उपर्युक्त के अलावा, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा धारा 143(6) के अंतर्गत जारी दिनांक 2.7.2024 की अनुपूरक लेखापरीक्षा रिपोर्ट में यह उल्लेख है कि :

कम्पनी के मूल्यांकन के संबंध में सांविधिक लेखापरीक्षकों के प्रेक्षण को निम्नलिखित को विचार में लेकर अक्षमता हानि के आकलन का आधार नहीं माना जा सकता है:-

क) कम्पनी के संबंध में किया गया मूल्यांकन सम्पूर्ण कम्पनी के लिए तथा कम्पनी के विनिवेश के उद्देश्य से किया गया है, जबकि अक्षमता हानि की प्रक्रिया केवल कुछ परिसम्पतियों के वर्ग के लिए की जाती है तथा यह सम्पूर्ण कम्पनी के लिए नहीं की जाती है। इंड एएस 36 (परिसम्पतियों की क्षमता हानि से संबंधित) मालसूची, निर्माण अनुबंधों से उत्पन्न परिसम्पतियों, आस्थगित कर परिसम्पतियों, वित्तीय परिसम्पतियों, बिक्री के धारित के रूप में वर्गीकृत गैर-चालू परिसम्पतियों के मामले में लागू नहीं है।

ख) विनिवेश के उद्देश्य से किए गए कम्पनी के मूल्यांकन तथा वर्ष 2022-23 के वित्तीय विवरणों के अनुमोदन में विचारणीय समय अंतराल है क्योंकि मूल्यांकन से संबंधित कार्य दिसम्बर, 2020 से पूर्व किया गया था। इसके अलावा, विनिवेश की प्रक्रिया अब चूंकि समाप्त हो चुकी थी अत: किए गए मूल्यांकन का उद्देश्य

को अपनी वित्तीय बोली प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था। तीन वित्तीय बोलियां प्राप्त हुई थी।

निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, विशेषज्ञों (लेनदेन सलाहकार एवं परिसम्पति मूल्यांकक) द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर, पवन हंस लिमिटेड की 51% शेयरधारिता की बिक्री के लिए आरक्षित मूल्य 199.92 करोड़ रुपए तय किया गया था। इसके पश्चात बोलीदाताओं की उपस्थिति में तीनों बोलियां खोली गईं। सभी तीन बोलियां मैसर्स बिग चार्टर प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स महाराजा एविएशन प्राइवेट लिमिटेड और मैसर्स अल्मास ग्लोबल अपॉर्चुनिटी फंड एसपीसी के कंर्सोटियम मैसर्स स्टार9 मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में 211.14 करोड़ रुपए की उच्चतम बोली के साथ वैध पाई गईं; जो आरक्षित मूल्य से अधिक था। अन्य दो बोलियां 181.05 करोड़ रुपए तथा 153.155 करोड़ रुपए मूल्य की थी। विस्तृत विचार-विमर्श के बाद, मैसर्स स्टार9 मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड की वित्तीय बोली सरकार द्वारा स्वीकार की गई है।

रणनीतिक विनिवेश लेनदेन प्रक्रिया का कार्यान्वयन मुक्त प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से किया गया था, जो एक बहुस्तरीय परामर्शदात्री निर्णय लेने वाले तंत्र द्वारा समर्थित थी, जिसमें अंतर मंत्रालयी समूह, विनिवेश पर सचिवों का कोर समूह और सशक्त वैकल्पिक तंत्र शामिल था। लेन-देन अब समापन चरण में है। अगले चरण में अवार्ड पत्र जारी करने, शेयर क्रय करार पर हस्ताक्षर करना तथा संव्यवहार समाप्ति की प्रक्रिया की जानी है।

पवन हंस लिमिटेड द्वारा पिछले तीन वर्ष (वित्तीय वर्ष -19, वित्तीय वर्ष-20 तथा वित्तीय वर्ष-21) के दौरान घाटे वहन किए गए हैं। कम्पनी के पास 42 हेलीकॉप्टरों का विमान बेड़ा है जिसमें से 41 हेलीकॉप्टर कम्पनी के स्वामित्व में है। स्वामित्व वाले हेलीकॉप्टरों का औसत उपयोज्यता काल 20 वर्ष है तथा इनमें से तीन चौथाई हेलीकॉप्टरों का विनिर्माण मूल उपकरण विनिर्माता द्वारा नहीं किया जा रहा है। निजीकरण की इस प्रक्रिया से यह संभावना है कि रणनीतिक क्रेता द्वारा अधिक पूंजी के उपयोग से कम्पनी के पुराने विमान बेड़े के स्थान पर नया विमान बेड़ा शामिल किया जाएगा तथा कम्पनी के निष्पादन में सुधार लाया जाएगा।''

****

ख. वित्तीय विवरण के अनुसार, कम्पनी के पास 1381.71 करोड़ रुपए की कुल परिसम्पतियों में से 871.21 करोड़ रुपए मूल्य (अर्थात कुल परिसम्पतियों का 63.05 %) की पीपीई का धारण है। मूल्यांकन एवं कम्पनी की निवल सम्पति में विशाल भिन्नता है जो कि सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण का क्षमता हानि परीक्षण किए जाने की आवश्यकता की सूचक है। इंड एएस 36 के अनुसार भी समाप्त हो चुका था। उपरोक्त को विचार में रखते हुए, कम्पनी के विनिवेश के उद्देश्य से किया गया यह मूल्यांकन रिपोर्टिंग अवधि अर्थात वर्ष 2022-23 के अंत में स्थिर परिसम्पतियों की अक्षमता हानि के निर्धारण का आधार नहीं हो सकता है। इसके अलावा, यह इंड एएस 36 के पैराग्राफ 9 के अनुपालन में भी नहीं है जिसमें यह उल्लेख है कि ''इकाई को प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में मूल्यांकन करके यह ज्ञात करना चाहिए कि क्या किसी परिसम्पति में अक्षमता के संकेत हैं अथवा नहीं हैं। यदि ऐसे कोई संकेत होते हैं तो इकाई द्वारा परिसम्पतियों से वसूलीय राशि के अनुमान आंकने चाहिए।''

3. इंड एएस 36 के अनुसार अक्षमता के आकलन की एक निर्दिष्ट विधि है जिसके अंतर्गत वसूलीय राशि का निर्धारण करना होता है, तथापि, विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की रिपोर्ट उपलब्ध न होने के कारण से यह निष्कर्ष नहीं किया जा सकता है कि क्या परिसम्पतियों का मूल्यांकन इंड एएस 36 के अनुसरण में किया गया है अथवा नहीं किया गया है।

तदनुसार, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा अपनी रिपोर्ट में यह उल्लेख किया है कि सांविधिक लेखापरीक्षक द्वारा अक्षमता हानि के संबंध में की गई प्रक्रिया प्रतिकूल मत के निर्धारण के आधार के रूप में पर्याप्त नहीं है।

परिसम्पतियों की क्षमता हानि का परीक्षण किया जाना अनिवार्य है तथा प्रबंधन द्वारा इसे वार्षिक आधार पर किया जाना चाहिए।

इंड एएस 36 के अनुसार, परिसम्पतियों की अक्षमता हानि का मूल्यांकन यह ज्ञात करने के लिए किया जाता है कि क्या परिसम्पति में अक्षमता हानि के कोई लक्षण हैं अथवा नहीं है तथा इसके लिए इकाई द्वारा निम्नलिखित न्यूनतम लक्षणों को ऐसा निर्धारण करने के लिए विचार में लिया जाता है:

सूचना के बाह्य स्रोत

(क) अवधि के दौरान, किसी परिसम्पति का बाजार मूल्य समय काल के प्रभाव अथवा सामान्य उपयोग की प्रत्याशा से काफी कम होने की स्थिति।

(ख) अवधि के दौरान, जिस प्रौद्योगिकी, बाजार, आर्थिक अथवा विधिक परिवेश में कम्पनी अपने परिचालन करती है अथवा जहां परिसम्पति का उपयोग किया जा रहा है,प्रतिकूल प्रभाव के साथ साथ निकट भविष्य में महत्वपूर्ण परिवर्तन होने की स्थिति।

(ग) अवधि के दौरान बाजार ब्याज दरों अथवा निवेश पर प्रतिफल की अन्य बाजार दरों में वृद्धि होने की स्थिति तथा ऐसी कोई वृद्धि जिनका प्रभाव परिसम्पति के उपयोज्यता मूल्य के आकलन के लिए प्रयुक्त छूट दर पर होने तथा परिसम्पति की वसूली योग्य राशि में सामग्रीगत स्वरूप में कमी होने की संभावना हो।

(घ) इकाई की निवल परिसम्पतियों की वहन राशि कम्पनी के बाजार पूंजीयन से अधिक होने की स्थिति में।

सूचना के आंतरिक स्रोत

(ङ) परिसम्पति का उपयोगी न होने अथवा उसमें किसी भौतिक क्षति का प्रमाण उपलब्ध होने की स्थिति।

(च) अवधि के दौरान इकाई पर प्रतिकूल प्रभाव वाले महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं, अथवा निकट भविष्य में कुछ ऐसी सीमा अथवा स्वरूप में होने की संभावना है जिससे परिसम्पति का उपयोग अथवा संभावित उपयोग प्रभावित हो सकता है। ऐसे परिवर्तनों में परिसम्पति अनुपयोगी होना, उसका उपयोग समाप्त किए जाने की योजना होना अथवा परिसम्पति से सम्बद्ध परिचालन की पुनर्संरचना करना, निपटान की संभावित तिथि से पूर्व परिसम्पति के निपटान की योजना बना, परिसम्पति के उपयोज्यता काल का अनिश्चित के स्थान पर निश्चित काल के लिए पुनर्मूल्यांकन किया जाना शामिल है।

(छ) आंतरिक रिपोर्टिंग से साक्ष्य उपलब्ध है जिनसे यह ज्ञात होता है कि परिसंपत्ति का आर्थिक निष्पादन अपेक्षा से अधिक खराब है अथवा हो सकता है।

आंतरिक रिपोर्टिंग के साक्ष्य उपलब्ध हैं कि परिसंपत्ति ख़राब हो सकती है, जिसमें निम्नलिखित व्याप्त होना शामिल है:

(क) परिसंपत्ति की प्राप्ति के लिए नकदी प्रवाह, अथवा बाद में इसे परिचालनात्मक बनाने अथवा बनाए रखने के लिए अपेक्षित नकदी जो निर्धारित बजट से काफी अधिक है।

(ख) परिसम्पति से वास्तविक निवल नकदी प्रवाह अथवा परिचालनात्मक लाभ अथवा हानि प्रवाह जो निर्धारित बजट से काफी अधिक है। परिचालन लाभ या हानि जो कि निर्धारित बजट के अनुसार लाभकारी नहीं है;

(ग) बजटीय निवल नकदी प्रवाह अथवा परिचालन लाभ में काफी कमी, अथवा परिसंपत्ति से बजटीय घाटे में अत्यधिक बढ़ोतरी; अथवा

(घ) परिसंपत्ति के लिए परिचालन घाटा या शुद्ध नकदी बहिर्वाह, जब वर्तमान अवधि की राशि भविष्य के लिए बजटीय राशि के साथ एकत्रित की जाती है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 की रिपोर्ट के पैराग्राफ 'मामले का प्रभाव' में दी गई सूचना के अनुसार प्रबंधन ने पिछले वित्तीय वर्ष पीपीई अर्थात परिसम्पतियों की क्षमता हानि नहीं की गई थी। चालू वर्ष के दौरान भी चूंकि कम्पनी ने पीपीई का क्षमता हानि परीक्षण नहीं किया तथा ऊपर प्वांइट संख्या 1 में किए गए उल्लेख के अनुसार कम्पनी के मूल्यांकन एवं निवल सम्पति में काफी अधिक भिन्नता / कमी है। तदनुसार, लेखा बहियों / वित्त में कम्पनी की सत्य एवं स्वच्छ छवि की प्रस्तुति नहीं हुई है। इस प्रकार, लेखापरीक्षा मत को परिवर्तित करके अर्हक मत से प्रतिकूल मत किया गया है।

2. इंड एएस 37 'प्रावधान, आकस्मिक देयताएं एवं आकस्मिक परिसम्पतियां' का अनुपालन नहीं किया गया है जो कम्पनी के पास लागत केन्द्रों और न ही ग्राहक अनुबंधों के लिए वास्तविक बनाम बजट राजस्व की तुलना के लिए कोई परिभाषित व्यवस्था न होने के कारण है, अतः इस प्रकार दूभर अनुबंधों एवं उनके प्रावधानों, यदि कोई हों, को संज्ञान में नहीं लिया जा सकता है।

वर्तमान में कम्पनी मैनुअल रूप से लागत केन्द्र-वार लाभदेयता विवरण तैयार कर रही है। कम्पनी अपने सिस्टम को अपडेट कर रही है जिससे कि लागत केन्द्र-वार लाभदेयता ज्ञात की जा सके तथा इसकी तुलना अनुमोदित बजट से की जा सके।

3. वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान एक ग्राहक को चार्टर व्यवसाय के अंतर्गत हेलीकॉप्टर उपलब्ध करवाए थे जिसकी उडान अवधि के अनुमानित राजस्व के लिए अग्रिम प्राप्त किया जाना था। न तो कोई अग्रिम के तौर पर कोई राशि प्राप्त की गई है और न ही इसकी छूट के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदान किया गया अनुमोदन हमें उपलब्ध करवाया गया है। हमने अनुबंध के विरूद्ध की गई अधिक बिलिंग की ओर भी ध्यान दिया है जो ग्राहक द्वारा कम करवाई गई थी तथा विपणन विभाग द्वारा स्वीकार कर ली गई थी। इसके लिए ग्राहक से प्राप्य कुल 436.79 लाख रुपए की राशि में से ग्राहक से केवल 252.30 लाख रुपए की पुष्टि प्राप्त हुई है। कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2020-21 तथा 2021-22 के दौरान ग्राहक को क्रमशः 101.71 लाख रुपए तथा 76.87 लाख रुपए की राशि का क्रेडिट नोट जारी किया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान शेष 5.91 लाख रुपए की शेष राशि न तो ग्राहक से प्राप्त हुई है और न ही इसकी कोई पुष्टि ही मिली है, इस प्रकार, इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इससे होने वाले प्रभाव के परिमाण का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

4. वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान एक ग्राहक को चार्टर व्यवसाय के अंतर्गत एनटीपीसी हेलीकॉप्टर उपलब्ध करवाए गए थे तथा एनटीपीसी को 91.5% की दर से इसका क्रेडिट प्रदान कर दिया गया था। जैसा कि ऊपर पैरा 3 में उल्लेख किया गया है कि ग्राहक ने उन दिनों की देयताओं के प्रति विवाद किया है जिस दौरान हेलीकॉप्टर स्टैंडबाई था तथा जिसके लिए एनटीपीसी से 46.45 लाख रुपए की वसूली की जानी चाहिए। इसके परिणामस्वरूप राजस्व में 4.32 लाख रुपए की वृद्धि तथा वर्ष के दौरान वाणिज्यिक प्रचालनों की हानि में उपर्युक्त राशि की घटत हुई है। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान लेखा बहियों में और कोई समायोजन / रिवर्सल नहीं किए गए हैं।

लेखापरीक्षा अर्हता वित्तीय वर्ष 2021-22 का दोहराव है। पहले दिए गए उत्तर वर्तमान में भी सही हैं तथा यही प्रस्तुति अब नीचे की जा रही है :

ग्राहक के साथ किए अनुबंध के अनुसार ग्राहक को प्रतिदिन न्यूनतम 2 घंटे की उड़ान अथवा वास्तविक घंटे की उड़ान, जो भी अधिक हो, का भुगतान करना होता है परन्तु ग्राहक प्रतिदिन न्यूनतम औसत 2 घंटे की प्रतिदिन की उड़ान की शर्त के साथ वास्तविक उड़ान घंटों के आधार पर भुगतान करके के प्रति इच्छुक है।

वित्तीय वर्ष 2018-19 तथा वित्तीय वर्ष 2019-20 की लेखा बहियों के अनुसार कुल 1215.89 लाख रुपए की बिलिंग पार्टी को की गई थी जिसके प्रति 1019.72 लाख रुपए प्राप्त हुए थे तथा पार्टी द्वारा 17.58 लाख रुपए की राशि स्रोत पर कर कटौति के रूप में काटी गई थी।

शेष 178.58 लाख रुपए की राशि को सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से वित्तीय वर्ष 2020-21 में 101.71 लाख रुपए की प्रविष्टियां तथा वित्तीय वर्ष 2020-21 में 76.87 लाख रुपए की प्रविष्टियां रिवर्स की गई थी। तदनुसार, पार्टी के प्रति अब शून्य शेष है।

एनटीपीसी राशि के भुगतान के लिए तैयार नहीं था, जिसके कारण एनटीपीसी को वित्तीय वर्ष 2023-24 में आवश्यक डेबिट नोट / इनवॉयस जारी किया गया है तथा पहले ही लेखापरीक्षक को प्रस्तुत किया जा चुका है।

5. कम्पनी द्वारा वर्ष 2019-2020 की अवधि में विदेशी मुद्रा में हुए उतार चढ़ाव के प्रति एक ग्राहक के संबंध में 1,078.67 लाख रुपए के बिल न किए गए राजस्व का लेखांकन किया गया है जो अनुबंध के उल्लंघन में गलती से ग्राहक पर प्रभारित किए गए थे। **उपरोक्त राशि का बिल जारी किया गया है जिसकी न तो राशि प्राप्त हुई है और न ही ग्राहक की ओर से इसकी पुष्टि की गई है।** इसके अलावा, वर्ष के अंत में 812.44 लाख रुपए की संभावित क्रेडिट हानि की स्वीकृति का लेखांकन राजस्व के रूप में किया गया है। इसके परिणामस्वरूप राजस्व तथा अनुबंध परिसम्पत्तियों में 1,078.67 लाख रुपए की बढ़त, व्यवसाय प्राप्यों की अक्षमता हानि के प्रावधानों में 812.44 लाख रुपए की राशि की बढ़त तथा वर्ष के दौरान जारी प्रचालनों की हानि में 266.23 लाख रुपए की घटत हुई है। कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में 135.06 लाख रुपए की राशि के संभावित क्रेडिट हानि (ईसीएल) के प्रावधान किए हैं।

लेखा बहियों में एटीएफ / विदेशी मुद्रा उतार चढ़ाव से संबंधित कुल 947.50 लाख रुपए के बिल न किए गए राजस्व का लेखांकन किया गया है जिसके प्रति 812.44 लाख रुपए की संभावित क्रेडिट हानि से संबंधित प्रावधान वित्तीय वर्ष 2019-20 में तथा 135.06 लाख रुपए के प्रावधान वित्तीय वर्ष 2020-21 में किए गए हैं। इसके अलावा, अगस्त, 2016 से मार्च, 2020 की अवधि के लिए विदेशी मुद्रा उतार चढ़ाव के प्रति 31.3.2020 की आईएनवी संख्या पीएचडब्ल्यूएफ/पीबीएल/-पीबीएल/87 के माध्यम 131.17 लाख रुपए के संशोधित कर इनवॉयस तैयार किए गए हैं तथा संभावित क्रेडिट हानि के अंतर्गत आवश्यक प्रावधान समान लेखा बहियों में पहले से ही कर लिए गए हैं।

तदनुसार, कम्पनी ने लेखांकन मानकों की अपेक्षाओं के अनुरूप पहले ही कार्रवाई कर ली है। भुगतान की प्राप्ति के लिए कम्पनी ग्राहक से निरंतर सम्पर्क कर रही है।

6. कम्पनी ने वर्ष के अंत में संविदारत कर्मचारियों यथा बेस सहायकों, हैल्परों सहित उत्तरी क्षेत्र के विभिन्न बेसों तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 तक कम्पनी द्वारा सेवा में लिए गए एसोसिएट पायलटों एवं वर्ष के दौरान सेवा में लिए गए संविदारत कर्मचारियों के संबंध में एक बीमांकक के माध्यम से उपदान बीमांकन मूल्यांकन करवाए हैं। तथापि, हम वेतन सूची/ कम्पनी के कर्मचारियों का डेटा उपलब्ध न होने के कारण बीमांकिक मूल्यांकन रिपोर्ट से कर्मचारियां की संख्या की तुलना / समाधान लेखा बहियों / वित्तीय विवरणों के साथ नहीं कर पा रहे हैं। इससे इंड एएस वित्तीय विवरणों पर होने वाले प्रभाव के परिमाण का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

वेतन सूची शीटों से संबंधित दस्तावेज लेखापरीक्षकों को सभी कर्मचारियों के बीमांकिक मूल्यांकन के सत्यापन के लिए, उनके द्वारा सत्यापन के लिए वेतनसूची पैकेज पर डायरेक्ट एस्सेस के साथ, शेयर किए थे।

7. क. कम्पनी द्वारा घटक लेखांकन के अनुसार मूल्यह्रास का आकलन किए जाने के दौरान संज्ञान में लिए गए सभी घटकों, मेन गियर बॉक्स (एमजीबी) एवं इंजन के अलावा, के संबंध में अवस्थांतरण की तिथि अर्थात 1 अप्रैल, 2015 के लिए "शून्य' उड़ान घंटे विचार में लिए गए हैं। तथापि, ऐसे घटक पहले से ही पूंजीयन किए जाने की अपनी संबंधित तिथि से उपयोग में लाए जा रहे थे। हमें यह स्पष्टीकरण दिया गया है कि 1 अप्रैल, 2015 को प्रत्येक घटक के वास्तविक उड़ान घंटों का संज्ञान किया जाना संभव नहीं है तथा इसे ध्यान में रखते हुए इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभाव का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

ख. वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कॉर्पोरेट कार्यालय में निम्नलिखित परिसम्पतियों के संबंध में अत्यधिक मूल्यह्रास प्रभारित किया गया है।

परिसम्पति का नाम	वर्ष के दौरान प्रभारित मूल्यह्रास	वर्ष के दौरान प्रभारित मूल्यह्रास	निवल भिन्नता
एयर कंडीशनर	0.27	0.07	0.20
एयर कंडीशनर	0.27	0.07	0.20
एयर कंडीशनर	0.20	0.06	0.14
कार्यालय उपकरण	0.02	0.03	(0.01)
कम्प्यूटर	2.57	0.2I	2.36
कम्प्यूटर	0.97	0.65	0.32
योग	**4.31**	**1.09**	**3.23**

इसके परिणामस्वरूप, वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान राजस्व में 3.23 लाख रुपए कमी तथा परिसम्पति पीपीई में 3.23 लाख रुपए की कमी हुई है।

8. कम्पनी द्वारा दिनांक 1 अप्रैल, 2015 अर्थात अवस्थातंरण की तिथि को सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के वहन मूल्य को मानित लागत के रूप में उपयोग में लिया गया है। कम्पनी ने प्रत्येक डॉफिन एन3 हेलीकॉप्टर के सन्निहित अनुरक्षण के लिए 40 लाख रुपए तथा प्रत्येक डॉफिन एन हेलीकॉप्टर के सन्निहित अनुरक्षण के लिए 60 लाख रुपए विचार में लिए हैं। ऐसे निर्धारण को युक्तिसंगत नहीं माना जा सकता है तथा तदनुसार इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इससे होने वाले प्रभाव की मात्रा का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

घटक लेखांकन के लिए मूल्यह्रास का आकलन किए जाने के दौरान पवन हंस लिमिटेड ने एमजीबी, इंजनों तथा एम्बेड्डेड के संबंध में पारगमन की तिथि अर्थात 1 अप्रैल, 2015 की स्थिति के अनुसार शून्य उड़ान घंटे विचार में लिए थे। वर्ष 2019-20 तथा 2020-21 में पारगमन की तिथि अर्थात 1 अप्रैल, 2015 की स्थिति से आगे के लिए कम्पनी ने पहले ही एमबीडी तथा इंजनों के लिए वास्तविक उड़ान घंटों के अनुसार क्रमशः संशोधित मूल्यह्रास किए हैं।

सन्निहित लागत के मामले में पारगमन की तिथि से प्रत्येक डॉफिन एन3 हेलीकॉप्टर की सन्निहित लागत 40 लाख भारतीय रुपए तथा प्रत्येक डॉफिन एन हेलीकॉप्टर के लिए 60 लाख भारतीय रुपए मानी जाती है। तदनुसार, 1 डॉफिन एन तथा 6 डॉफिन एन3 हेलीकॉप्टरों का मूल्यह्रास सन्निहित अनुरक्षण लागत के अनुसार किया गया था। पारगमन की तिथि के पश्चात, यदा कदा किए गए वास्तविक व्यय के अनुसार सन्निहित लागत का पूंजीयन कर लिया गया था।

डब्ल्यूडीवी की 31.3.2023 की स्थिति के अनुसार कुल सन्निहित लागत 1306.01 लाख रुपए है जिसमें से 1150.78 लाख रुपए के डब्ल्यूडीवी का पूंजीयन वास्तविक सन्निहित लागत के अनुसार किया जा चुका है जबकि शेष 155.23 लाख रुपए के डब्ल्यूडीवी की सन्निहित पूंजीयन लागत एन3 (106.39 लाख रुपए) के लिए है तथा ऊपर किए गए उल्लेख के अनुसार पारगमन की तिथि के अनुसार एन3 हेलीकॉप्टर की सन्निहित पूंजीयन लागत (48.84 लाख रुपए) है। पारगमन की अवधि के दौरान सन्निहित पूंजीयन लागत के संबंध में वर्ष में कुल 15.79 लाख रुपए का मूल्यह्रास किया गया है। इससे यह स्पष्ट है कि इसका समग्र प्रभाव महत्वहीन है।

3.23 लाख रुपए की उपरोक्त राशि महत्वहीन है, मूल्यह्रास की अधिशेष राशि के संबंध में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान आवश्यक प्रक्रिया की जाएगी।

ऊपर प्वांइट संख्या 7ए में दिए गए उत्तर की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है। इसके संबंध में, आगे निम्नलिखित प्रस्तुत है :-

डॉफिन एन3 विमान बेड़े के सन्निहित अनुरक्षण के लिए 40.00 लाख रुपए तथा डॉफिन एन विमान बेड़े के लिए 60.00 लाख रुपए का निर्धारण पारगमन के काल के दौरान, एन एवं एन3 विमान बेड़े पर पारगमन की अवधि के पश्चात व्ययित जी-इंस्पेक्शन अनुरक्षण के औसत व्यय के आधार पर किया गया था तथा इसके बारे में हमारे वित्तीय वर्ष 2016-17 के लेखों में स्पष्टीकरण दिए गए हैं। पारगमन की अवधि के पश्चात डॉफिन एन तथा डॉफिन एन3 पर वास्तविक व्ययित जी-इंस्पेक्शन अनुरक्षण व्यय को विचार में लेकर सन्निहित लागत का पूंजीयन किया गया है।

यह स्पष्ट है कि इसका समग्र प्रभाव महत्वहीन है।

9.	पश्चिम क्षेत्र के शाखा लेखापरीक्षकों का ध्यान इस ओर गया है कि कम्पनी तथा दमन एवं दीव प्रशासन के मध्य दिनांक 1 अप्रैल, 2022 से प्रारंभ एक वर्ष की अवधि के लिए एक डॉफिन एसए 365एन हैलीकॉप्टर के पट्टे के संबंध में, दिनांक 12 जनवरी, 2023 को अनुबंध किया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कम्पनी ने दमन एवं दीव प्रशासन को डॉफिन एसए 365एन3 हैलीकॉप्टर उपलब्ध करवाया था तथा इसके संबंध में अनुबंध न होने के कारण दमन एवं दीव प्रशासन को बीजक जारी नहीं किए जा सके थे जिसके कारण बिल की प्रस्तुति एवं वस्तु एवं सेवा कर के भुगतान में देरी हुई है। तथापि, केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 13 के अनुसार क्षेत्र से वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2016 के अंतर्गत सेवाओं की आपूर्ति के समय पर आउटपुट कर देयता (केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर तथा राज्य वस्तु एवं सेवा कर) का भुगतान किया जाना अपेक्षित है तथा जनवरी, 2023 के दौरान इसका अनुपालन नहीं किया गया है। इसके परिणामस्वरूप ब्याज एवं अन्यथा अनुपालन के सांविधिक प्रावधानों के अंतर्गत जुर्माना लगाया जा सकता है।	दमन एवं दीव प्रशासन के साथ नियमित अनुसरण करने के पश्चात विधिवत निष्पादित दस्तावेज जनवरी, 2023 में प्राप्त हुए तथा इस प्रकार उसी माह में इनवॉयस जारी किए गए और जीएसटी भी इसी प्रकार देय तिथि को चुकता की गई थी।
10.	क. पश्चिम क्षेत्र के शाखा लेखापरीक्षकों का ध्यान इस ओर गया है कि कम्पनी की 5.61 लाख रुपए की की ऋण एवं अग्रिम प्राप्ति (देयताएं) तथा 25.15 लाख रुपए की व्यवसाय देयताएं पिछले 3 से भी अधिक वर्षों से बकाया हैं। पार्टियों को भुगतान नहीं किए गए हैं तथा कोई पुष्टि प्राप्त नहीं हुई है। इसके परिणामस्वरूप देयताओं का अतिकथन एवं 30.75 लाख रुपए के लाभ की न्यूनोक्ति हुई है।	पूर्व कर्मचारियों को 5.61 लाख रुपए देय हैं जिसका भुगतान मानव संसाधन विभाग से अंतिम क्लीयरेंस प्राप्त होने के पश्चात किया जाएगा। 25.15 लाख रुपए के व्यापार देय में से 3.65 लाख रुपए एक पार्टी को देय हैं जिसके लिए अनुमोदन प्रतीक्षित है, 12.04 लाख रुपए की राशि वित्तीय वर्ष 2023-24 में आवश्यक प्रविष्टियां करके चुकता / समाधान अथवा समायोजित की गई थी तथा शेष 9.48 लाख रुपए की राशि के संबंध में समाधान प्रक्रिया की जा रही है। इसका भुगतान समायोजन चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान संबंधित विभाग के समर्थन से कर लिया जाएगा।
	ख. पश्चिम क्षेत्र के शाखा लेखापरीक्षकों का ध्यान इस ओर गया है कि कम्पनी की व्यवसाय देयताओं में 5.74 लाख रुपए की नामे शेष राशि शामिल है जो 3 वर्ष से अधिक से बकाया है तथा जिसके लिए कम्पनी ने कोई प्रावधान नहीं किए हैं तथा कोई पुष्टि प्राप्त नहीं हुई है। इसके परिणामस्वरूप, परिसम्पतियों का अतिकथन एवं 5.74 लाख रुपए की राशि के लिए लाभ का अतिकथन हुआ है।	5.74 लाख रुपए में से हमने पहले ही 2.20 लाख रुपए के संदेहास्पद अग्रिम के प्रावधान कर लिए हैं। शेष 3.53 लाख रुपए की राशि का निपटान वित्तीय वर्ष 2023-24 में किया जा रहा है।

ग. i) उत्तरी क्षेत्र (रोहिणी हेलीपोर्ट के अलावा) में वसूलीयोग्य एवं बकाया नामे के बिल वार विश्लेषण के अनुसार ऐसा देखने में आया है कि 3849.18 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 2483.42 लाख रुपए) की राशि के बिल मुख्यतः केन्द्र सरकार / राज्य सरकारों / संघशासित क्षेत्रों के अलावा बाह्य पार्टियों (निजी पीएसयू) से बकाया हैं जिनमें से 566.48 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 509.47 लाख रुपए) तीन से भी अधिक वर्षों से बकाया हैं।

3849.18 लाख रुपए की राशि में 3220.52 लाख रुपए की राशि राज्य सरकार प्राधिकरणों / स्वायत्त निकायों से संबंधित है, तदनुसार, केवल 628.67 लाख रुपए की राशि ही राज्य / केन्द्र सरकार/ सरकारी प्राधिकरणों / स्वायत्त निकायों/ संघ शासित प्रदेशों के अलावा है। जून, 2024 तक 628.67 लाख रुपए तथा 3220.52 लाख रुपए में से क्रमशः 318.29 लाख रुपए तथा 1946.26 लाख रुपए की राशि प्राप्त हो चुकी है। शेष देयों की वसूली के लिए कम्पनी अपने ग्राहकों के साथ निरंतर अनुसरण कर रही है।

ii) मुख्यतः केन्द्र सरकार / राज्य सरकारों / संघशासित क्षेत्रों से 11782.24 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 11672.81 लाख रुपए) के वसूलीयोग्य एवं बकाया नामे हैं जिनमें से 6548.04 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 6215.65 लाख रुपए) तीन से भी अधिक वर्षों से तथा 2420.02 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 2124.19 लाख रुपए) सात से भी अधिक वर्षों से बकाया हैं।

जून, 2024 तक 11782.24 लाख रुपए की बकाया राशि में से 2794.68 लाख रुपए की राशि ग्राहकों से प्राप्त हो गई है। शेष देयों की वसूली के लिए कम्पनी अपने ग्राहकों के साथ निरंतर अनुसरण कर रही है।

iii) वर्ष के अंत में आकलन किए गए अनुसार उपयोज्यता काल संभावित क्रेडिट हानि के आधार पर बहियों में 6676.55 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 6251.42 लाख रुपए) के प्रावधान बहियों में अग्रेषित किए गए हैं। बकाया बिलों तथा आंशिक रूप से चुकता बिलों का अनुसरण किया जा रहा है तथा प्रबंधन का यह विचार है कि इनमें से अधिकांश केन्द्र सरकार / राज्य सरकारों/ संघशासित क्षेत्रों से बकाया हैं जिनकी वसूली भविष्य में कर ली जाएगी।

उत्तरी क्षेत्र में 6676.55 लाख रुपए की राशि के ईसीएल प्रावधान बहियों में प्रभारित किए गए हैं, तथापि, परामर्शदाता द्वारा जारी दिनांक 13.10.2023 के ईसीएल प्रमाणपत्र के अनुसार 6695.94 लाख रुपए की राशि के ईसीएल प्रावधान किए जाने चाहिए थे।

परामर्शदाता द्वारा जारी ईसीएल प्रमाणपत्र के आधार पर लेखा बहियों में ईसीएल के लिए प्रावधान किए गए थे। कम्पनी द्वारा बकाया देयों की वसूली के लिए ग्राहकों के साथ नियमित अनुसरण किया जा रहा है।

19.39 लाख रुपए की राशि रोहिणी हेलीपोर्ट से संबंधित है जिसे लेखा बहियों एवं खातों में से कम कर दिया गया है, यद्यपि रोहिणी हेलीपोर्ट सहित ईसीएल प्रमाणपत्र एक साथ जारी किए गए हैं।

उत्तरी क्षेत्र के वित्त लेखों के अनुसार 15644.09 लाख रुपए के देनदार हैं तथा ईसीएल में 9.01 लाख रुपए के देनदार घटा दिए गए हैं जो रोहिणी हेलीपोर्ट से संबंधित हैं तथा इन देनदारों को जोड़ने से यह राशि 15704.18 लाख रुपए है। इसमें 60.09 लाख रुपए की भिन्नता है जो रोहिणी हेलीपोर्ट के देनदारों से संबंधित है।

उत्तरी क्षेत्र के लेखों तथा ईसीएल प्रमाणपत्र में उल्लिखित देनदारों के अनुसार कुल देनदारों में भिन्नता है। इससे संबंधित विवरण निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	विवरण	रुपए (लाख में)
1.	वित्तीय विवरणों के अनुसार देनदार	15650.69
2.	ईसीएल प्रमाणपत्र के अनुसार देनदार	15695.15
	भिन्नता	44.46

इसके संबंध में मिलान विवरण उपलब्ध न होने के कारण हम कोई टिप्पणी नहीं कर रहे हैं, इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इससे होने वाले प्रभाव को आंका नहीं जा सकता है।

11. क) प्रबंधन ने जीएसटीआर-3बी और जीएसटीआर-2ए/2बी में प्राप्त सेवाओं/क्रय के प्रति दावा किए गए आईटीसी का लेखा बहियों के साथ मिलान प्रदान नहीं किया है। इसके कारण लेखा बहियों में उल्लिखित जीएसटी प्राप्य और देय तथा जीएसटी पोर्टल पर उपलब्ध शेष का मिलान नहीं किया गया है।

ख) संबंधित रिटर्न अर्थात जीएसटीआर 3बी और जीएसटीआर 1 के साथ प्रदान की गई सेवाओं/टर्नओवर का मिलान प्रदान किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

विवरण	उत्तरी क्षेत्र**	कॉर्पोरेट क्षेत्र*
वित्त के अनुसार टर्नओवर (अन्य आय के अलावा)	14,592.78 लाख	48.98 लाख
जीएसटीआर3बी	13,820.12 लाख	53.82 लाख
जीएसटीआर I	14,016.01 लाख	53.82 लाख
जीएसटीआर 1 एवं वित्तीय विवरणों में भिन्नता	576. 77 लाख	(4.84) लाख

इसके परिणामस्वरूप 576.77 लाख रुपए की राशि के लिए राजस्व का अतिकथन एवं परिसम्पतियों का अतिकथन हुआ है।

* कॉर्पोरेट क्षेत्र में टर्नओवर के लिए मिलान किए गए तथा इनमें भिन्नता पिछले वर्ष किए गए संशोधन एवं स्थिर परिसम्पतियों की बिक्री के कारण है। तथापि, जीएसटी पोर्टल से जीएसटी देय / प्राप्य के मिलान नहीं किए गए हैं।

** उत्तरी क्षेत्र में जीएसटीआर 1, 3बी तथा बहियों के मिलान किए गए हैं। तथापि, समर्थित दस्तावेज उपलब्ध न करवाए जाने के कारण देय / प्राप्य जीएसटी के प्रति जीएसटी पोर्टल से मिलान न किए जाने के कारण इनका सत्यापन नहीं किया जा सकता है।

ग) पश्चिम क्षेत्र के शाखा लेखापरीक्षकों का ध्यान इस ओर गया है कि कम्पनी, जीएसटी के संबंध में, जीएसटीआर 2ए के साथ उपयोग में लाई गई इनपुटों का समाधान किए जाने की प्रक्रिया कर रही है। इसके परिणामस्वरूप ब्याज का प्रत्यारोपण एवं सांविधिक व्यवस्था का उल्लंघन करने के परिणामस्वरूप अन्य जुर्माने लगाए जा सकते हैं।

लेखा बहियों तथा जीएसटी पोर्टल के लिए समाधान के प्रत्येक आवश्यक विवरण / डेटा एस्सेस लेखापरीक्षकों को प्रदान किया गया था।

उत्तरी क्षेत्र के मामले भिन्नता के कारण निम्नलिखित हैं :-

विवरण	रुपए लाख में
जीएसटीआर 1 में विचार में न लिया गया आरसीएस राजस्व (जीएसटी लागू नहीं)	2834.70
स्टॉक अंतरण / जीएसटीआर 1 में शामिल बेसों के व्यय	(2176.66)
अन्य आय जो जीएसटीआर 1 तथा लेखा बहियों में अन्य आय के रूप में विचार में ली गई है	(81.27)
योग	**576.77**

कॉर्पोरेट कार्यालय के मामले में लेखा बहियों तथा जीएसटी पोर्टल से किया जीएसटी का समाधान लेखापरीक्षकों पहले ही उपलब्ध करवा दिया गया था, कॉर्पोरेट कार्यालय का समाधान निम्नलिखित है:

1. जीएसटीआर-1 तथा जीएसटीआर - 3 बी के अनुसार करयोग्य राशि - 53.82 लाख रुपए (लक्षद्वीप की 48.98 लाख रुपए की राशि सहित)
2. वित्तीय वर्ष 2022-23 में दर्शाई गई पिछले वर्ष की कर योग्य राशि - 1.32 लाख रुपए
3. जोड़ें : वित्तीय वर्ष 2023-24 के विवरण में दर्शाई गई वित्तीय वष्र 2022-23 की कर योग्य राशि - 0.24 लाख रुपए
4. राजस्व रजिस्टर के अनुसार वित्तीय वष्र 2022-23 में कुल करयोग्य राशि - 52.74 लाख रुपए

इस प्रकार, कॉर्पोरेट कार्यालय में कोई भिन्नता नहीं है।

लेखापरीक्षक द्वारा अन्य आय के अलावा केवल लक्षद्वीप की 48.99 लाख रुपए की राशि को विचार में लिया गया है, यदि जीएसटीआर3बी तथा जीएसटीआर 1 में आय को शामिल न किया जाए तो समाधान का कोई प्रश्न नहीं उठता है।

जीएसटीआर 2ए में से इनपुट क्रेडिट प्राप्ति का समाधान कर लिया गया है तथा पश्चिम क्षेत्र की सभी वार्षिक विवरणियां दिसम्बर 2023 में प्रस्तुत कर दी गई हैं।

12. i) प्रबंधन द्वारा स्रोत पर कर कटौती तथा लाभ एवं हानि लेखे / लेखा बहियों का समाधान आय कर प्राधिकरण के सम्मुख प्रस्तुत की गई स्रोत पर कर कटौती के विवरणों के साथ किया जा रहा है। कुछ इस प्रकार की स्थितियां प्रकाश में आई हैं जिनमें यह देखा गया है कि व्ययों के लेखांकन में देरी हुई है जिसके परिणामस्वरूप प्राधिकरण को टीडीएस देयता जमा करने में देरी हुई है और क्षेत्र को वर्ष के दौरान टीडीएस राशि देर से जमा करने पर 16.52 लाख रुपए का ब्याज भी देना पड़ा है। इसके अलावा, प्रबंधन ने पार्टियों के व्ययों एवं आंकड़ों मिलान लेखा बहियां से करने में देरी की है। लेखा बहियों में दर्शाया गया टीडीएस देय हमें प्रदान किए गए टीडीएस रिटर्न डेटा से मेल नहीं करता है। इसका परिणामी प्रभाव ब्याज उगाही एवं आय कर अधिनियम, 1961 का अनुपालन न किए जाने पर सांविधिक शास्ति प्रावधानों के अंतर्गत हो सकता है।

ii) उत्तरी क्षेत्र में, 31.3.2023 की लेखा बहियों / वित्तीय विवरणों के अनुसार देय टीडीएस का मिलान नीचे उल्लिखित जमा चालानों के साथ नहीं किया गया है। मिलान / डेटा उपलब्ध न होने के कारण इंड एएस वित्तीय विवरणों पर होने वाले परिणामी प्रभाव, यदि कोई हो, के परिमाण का आकलन किया जाना संभव नहीं है।

विवरण	बहियों के अनुसार देय टीडीएल	जमा टीडीएस चालान	भिन्नता
व्यावसायिक / तकनीकी सेवाओं के भुगतान पर टीडीएस 26064	6.12	4.17	1.95
260560- टीडीएस (जारी) देय	16.05	15.91	0.14
260647-टीडीएस देय 1940	2.36	2.69	(0.33)

विधिवत सत्यापित / अनुमोदित बिलों की प्राप्ति पर क्रय बिलों / व्ययों का लेखांकन किया जा रहा है तथा मार्च से संबंधित पार्टियों / विभाग से देर से प्राप्त हुए हैं तथा देय ब्याज के साथ टीडीएस जमा करवा दिया गया है।

टीडीएस विवरणों से संबंधित डेटा का समाधान लेखा बहियों में टीडीएस विवरणों के साथ किया जा चुका है तथा इसे लेखापरीक्षकों को प्रस्तुत कर दिया गया है।

1. **टीडीएस व्यावसायिक:** दिनांक 18.1.2024 के चालान संख्या 01136 के माध्यम 1.95 लाख रुपए का टीडीएस जमा किया गया है तथा इसे लेखापरीक्षकों को प्रस्तुत कर दिया गया है।
2. **टीडीएस Cont.:** दिनांक 18.1.2024 के चालान संख्या 01085 के माध्यम 0.14 लाख रुपए का टीडीएस जमा किया गया है तथा इसे लेखापरीक्षकों को प्रस्तुत कर दिया गया है।
3. **टीडीएस 194क्यू:** धारा 194 क्यू के अंतर्गत आईओसी एटीएफ बिलों के प्रावधान के अनुसार मार्च, 2023 में 0.33 लाख रुपए का टीडीएस जमा किया गया है इसका प्रभारण / समायोजन दिनांक 22.1.2024 के जेवी संख्या 0975 में किया गया है।

13. i) ऐसा देखने में आया है कि 6.03 लाख रुपए की राशि की वसूलीयोग्य टीडीएस/टीसीएस कम प्रभारित की गई है। तथापि, प्रबंधन द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार 6.03 लाख रुपए की शेष राशि का दावा वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए आईटीआर भरने के दौरान किया जाएगा तथा चालू वर्ष के दौरान प्रविष्टियों की क्लोजिंग को विचार में रखकर प्रविष्टियों को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्रभावित किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2022-23 से मिलान का विवरण उपलबध न होने के कारण इसका सत्यापन नहीं किया जा सका है। इस प्रकार, इससे इंड एएस वित्तीय विवरणों पर होने वाले प्रभाव का मापन नहीं किया जा सकता है।

लेखापरीक्षकों द्वारा कभी भी टीडीएस समाधान के लिए नहीं कहा गया है। तथापि, 6.03 लाख रुपए की राशि में से 5.04 लाख रुपए वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान प्रभारित किए गए हैं तथा शेष 0.98 लाख रुपए का समाधान किया जा रहा है।

इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2021-22 के आयकर विवरण की प्रस्तुति के दौरान उक्त टीडीएस राशि को विचार में लिया गया है।

ii)	कम्पनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के संबंध में लेखा बहियों तथा 26एएस के अनुसार वसूलीयोग्य टीडीएस / टीसीएस का मिलान उपलब्ध नहीं करवाया गयाा है। वित्तीय वर्ष से संबंधित मिलान उपलब्ध न करवाए जाने के कारण इनका सत्यापन नहीं किया गया है। इस प्रकार, इससे इंड एएस वित्तीय विवरणों पर होने वाले प्रभाव का मापन नहीं किया जा सकता है।	अक्तूबर 2023 से अब तक लेखापरीक्षा की अवधि के दौरान यह कभी भी नहीं कहा गया था। 1087.55 लाख रुपए की टीडीएस राशि लेखा बहियों तथा फार्म 26एएस में दर्शाए गए अनुसार मेल करती है। इसके अलावा, लेखापरीक्षकों को वित्तीय लेखांकन पैकेज तथा आयकर लॉगिन का एस्सेस / पासवर्ड प्राप्त हैं, जहां से इनका सत्यापन किया जा सकता है।
14.	व्यवसाय प्राप्यों / विविध लेनदारों के कालक्रम के संबंध में नोट संख्या 32 XXXVIII (क), व्यवसाय देयों / विविध देनदारों से संबंधित नोट संख्या XXXVIII (ख) तथा नोट संख्या 32 XXIX हमें प्राप्त नहीं हुए हैं तथा हमने काल क्रम वार विभाजन / अनुपात विश्लेषण के आधार का सत्यापन नहीं किया है तथा हमने इनकी हमें की गई प्रस्तुति के अनुसार इनका उपयोग किया है।	विभिन्न विक्रेताओं से बिलों की प्राप्ति के पश्चात उन्हें बहियों में प्रभारित किया जाता है तथा क्रेडिटरों के कालक्रम के आधार पर बही लेखे तैयार किए जाते हैं। इसी प्रकार ग्राहकों को की जाने वाली बिलिंग भी बहियों में प्रभारित की जाती है तथा इसी आधार पर कालक्रम तैयार किया जाता है जिसका सत्यापन बहियों / लेखा बहियों से किया जा सकता है। इसके अलावा, लेखापरीक्षकों को सिस्टम के माध्यम से लेखा बहियों का डायरेक्ट एस्सेस डेटा सत्यापन के लिए प्रदान किया गया था
15. क)	पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखापरीक्षक द्वारा यह प्रेक्षण किया गया है कि, कम्पनी तथा तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के मध्य लामबंदी की तिथि से 5 वर्ष की अवधि के लिए दो सिक्रोस्र्की एस76डी क्रू चेंज हेलीकॉप्टरों को पट्टे पर देने के लिए 15 फरवरी, 2022 को एक अनुबंध किया था। वित्तीय वर्ष 2022-2023 के दौरान, एक पट्टे पर लिया गया एक सिक्रोस्र्की हेलीकॉप्टर वीटी-पीडब्ल्यूआई(एमएसएन 761060) दिनांक 28 जून, 2022 को मुंबई हाई अपतटीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया तथा बीमा कम्पनी द्वारा बीमा दावे का निपटान जनवरी 2023 माह में किया गया था। उपर्युक्त घटना के कारण, तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने चार्टर सेवाओं को बंद कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप फ्लाइंग मासिक शुल्क के मामले में राजस्व हानि हुई है तथा इससे इंड एएस वित्तीय विवरणों पर होने वाले प्रभाव का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।	यह तथ्यपरक विवरण है। सेवाएं समाप्त करने का निर्णय ओएनजीसी द्वारा एक एस76डी हेलीकॉप्टर की दुर्घटना के कारण लिया गया था। तथापि, पवन हंस लिमिटेड द्वारा विभिन्न ग्राहकों की अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए एक अन्य एस76डी हेलीकॉप्टर चार्टर किराया आधार पर उपयोग में लाया जा रहा है। इसके अलावा, कम्पनी ने एएमआरसीडी तंत्रव्यवस्था के अंतर्गत अनुबंध रद्द किए जाने के प्रति ओएनजीसी लिमिटेड के निर्णय को चुनौती दी है जो विचाराधीन है।

ख) हम यात्री बीमा दावे पर टिप्पणी नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि कम्पनी द्वारा हमें इसकी प्रमात्रा उपलब्ध नहीं करवाई गई है। इंड एएस वित्तीय विवरण के नोट संख्या 32 XIII (ग) में किए गए उल्लेख के अनुसार, मृतक/ओएनजीसी लिमिटेड के परिवार के सदस्यों के साथ स्वैच्छिक निपटान के लिए यात्री देयता दावों का सर्वेक्षणकर्ता द्वारा मूल्यांकन किया जा रहा है। तथापि, इसके लिए कोई प्रमात्रा निर्धारित नहीं की गई है। इसलिए, इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभाव को निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

1) कृपया खंड संख्या 32(XII)(ग) की ओर ध्यान दें जिसमें यह उल्लेख है कि ''कम्पनी ने $12,700,00 की राशि के सुनिश्चित बीमा मूल्य का एक सिकोरस्की हेलीकॉप्टर वीटी-पीडब्ल्यूआई (एमएसएन 761060) पट्टे पर दिया था जो 28/06/2022 को तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के लिए उड़ान कार्य के दौरान मुंबई हाई अपतट क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। पवन हंस लिमिटेड ने दुर्घटना की सूचना बीमा कम्पनी को दे दी थी। इस विमान को ''पूर्ण क्षतिग्रस्त'' घोषित किया गया है। तदनुसार, बीमा कम्पनी ने $ 12,600,000 (निवल कटौती रू $100,000) की निवल राशि पर दावे का निपटान किया है तथा इसका भुगतान सीधे ही पट्टा करार के अनुसार पट्टाकार को जनवरी, 2023 में जारी कर दिया गया है। पट्टा करार के अनुसार $100,000 की कटौती की गई राशि का भुगतान पवन हंस लिमिटेड द्वारा सीधे ही पट्टाकार को किया गया है। यात्री देयता दावों के संबंध में मृतकों के परिवार के सदस्यों / ओएनजीसी के साथ स्वैच्छिक निपटान के लिए सर्वेक्षक द्वारा मूल्यांकन किए जा रहे हैं।

हेलीकॉप्टर बीमा पॉलिसी के अनुसार, प्रत्येक दुर्घटना के लिए यात्री स्वीकृत देयता 20 लाख रुपए है। जबकि पवन हंस लिमिटेड और ओएनजीसी अनुबंध के अनुसार, पवन हंस लिमिटेड को प्रत्येक घटना के लिए किसी यात्री के हेलीकॉप्टर में होने अथवा चढ़ने अथवा उतरने के दौरान किसी भी ऑपरेशन से लगने वाली चोट अथवा मृत्यु के संबंध में यात्री और चालक दल देयता बीमा सुनिश्चित करना है, जिसकी सांविधिक अथवा स्वीकृत देयता की अधिकतम राशि 7.5 लाख रुपए प्रति यात्री है, जो अधिक है।

इस प्रकार, यात्री मृत्यु दावा स्वीकृत देयता सीमा प्रत्येक व्यक्ति के लिए 20 लाख रुपए (सांविधिक देयता के अनुसार) है और यह राशि घातक दावे के मामले में बीमा कम्पनी द्वारा अनिवार्य देय है।

तथापि, किसी भी यात्री की मृत्यु के मामले में, यदि पुनर्बीमाकर्ता/बीमा कम्पनी मृतक के कानूनी उत्तराधिकारियों के साथ स्वैच्छिक समझौते के अंतर्गत 20 लाख रुपए से अधिक राशि का मुआवजा देती है, तो पवन हंस लिमिटेड की इसमें कोई भूमिका नहीं है। पुनर्बीमाकर्ता/बीमा कम्पनी द्वारा स्वीकृत उच्च देयता पवन हंस लिमिटेड द्वारा देय नहीं है।

इसलिए, इसका कोई प्रतिकूल प्रभावन पवन हंस लिमिटेड पर नहीं होगी क्योंकि दावे केवल बीमा कम्पनी द्वारा देय हैं।

ग) नोट संख्या 2बी(ii) में सूचित लेखांकन नीतियों के अनुसार, कम्पनी की कार्यात्मक मुद्रा भारतीय रुपए है। तथापि, नोट संख्या 32 XIII (ग) के अनुसार हेलीकॉप्टर के बीमा दावे की मात्रा अमेरिकी डॉलर में दी गई है। इसे भारतीय रुपए में भी सूचित किया जाना चाहिए।

नोट संख्या 32(XII)(ग) में यूएसडी में उल्लिखित राशि वह राशि थी जो बीमा कम्पनी द्वारा पट्टा अनुबंध तथा / अथवा बीमा अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार पट्टादाता को सीधे भुगतान की गई थी / निपटान की गई थी।

16. पश्चिमी क्षेत्र में शाखा लेखा परीक्षक द्वारा यह प्रेक्षण किया गया है कि कम्पनी और अंडमान एवं निकोबार प्रशासन द्वारा 19 अगस्त, 2015 के अनुबंध में एक परिशिष्ट जोड़ा गया था और 24 मार्च, 2022 के अनुबंध के अंतर्गत 6 महीने की अवधि के लिए निश्चित मासिक शुल्क और अतिरिक्त ओवरहेड, प्रति घंटा उड़ान शुल्क, रखरखाव, शुल्क और एटीएफ लागत आदि में परिवर्तन के स्थान पर हेलीकॉप्टर सहायता सेवाएं प्रदान करने का अनुबंध किया गया था। अनुबंध की शर्तों के अनुसार 90 घंटे की उड़ान के पश्चात प्रति घंटा उड़ान शुल्क को मूल प्रति घंटा उड़ान शुल्क के 30% तक बढ़ाया जाएगा। तथापि, ऑडिट के दौरान कुछ मामलों में देखा गया कि 90 घंटे से अधिक की उड़ान के दौरान मूल प्रति घंटा उड़ान शुल्क में 30% की वृद्धि के स्थान पर मूल प्रति घंटा उड़ान शुल्क के अनुसार शुल्क लिया गया था। इसके परिणामस्वरूप राजस्व की हानि हुई है तथा इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभाव को निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

ग्राहक को चूकवश जून 2022 तक संचयी आधार पर जारी किए गए थे। तथापि, जुलाई 2022 से हेलीकॉप्टर वार इनवॉयस प्रति हेलीकॉप्टर प्रति माह 90 घंटे के अनुसार जारी किए गए हैं तथा ग्राहक को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 5.17 लाख रुपए की राशि के पूरक इनवॉयस जारी हैं।

17. क) पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक का ध्यान इस ओर गया है कि, क्षेत्र में संव्यवहार की तिथि की विनिमय दरों पर क्षेत्र की कार्यात्मक मुद्रा में विदेशी मुद्रा संव्यवहार को स्वीकृति दिए जाने की व्यवस्था है। तथापि, शाखा (पश्चिमी क्षेत्र) द्वारा उस माह के प्रथम दिन की विनिमय दर के उपयोग से ओएनजीसी से संबंधित विदेशी मुद्रा राजस्व को स्वीकृति दी गई है, जिस माह से राजस्व संबंधित है। शाखा (पश्चिमी क्षेत्र) द्वारा किया गया यह लेखांकन व्यवहार न तो क्षेत्र की व्यवस्था के अनुरूप है और न ही यह इंड एएस 21 «विदेशी मुद्रा दरों में परिवर्तन के प्रभाव» के अनुपालन में है। तथापि, हम इंड एएस वित्तीय विवरणों पर ऐसे गलत लेखांकन व्यवहार से उत्पन्न होने वाले प्रभाव, यदि कोई हो, को निर्धारित नहीं कर सकते हैं।

ओएनजीसी के लिए विदेशी मुद्रा में जारी की गई इनवॉयस की बुकिंग का विवरण नीचे दिया गया है :

1. VT-PHX तथा VT-PHY के कॉल साइन के लिए विदेशी मुद्रा की अपेक्षा नहीं होती है।

2. VT-PWB, VT-PWC तथा VT-PWE, के कॉल साइन के लिए जारी की जाने वाली इनवॉयस यूएसडी में जारी की जाती है तथा ओएनजीएस के अनुबंध में किए गए उल्लेख के अनुसार विनिमय दर निम्नानुसार उपयोग में लाई जाती है :

9. भुगतान की मुद्रा: भुगतान ओएनजीसी द्वारा यूएसडी के समतुल्य भारतीय रुपए में किया जाएगा जो इनवॉयस जारी किए के माह के प्रथम दिन (उपलब्ध) की विनिमय दर पर आधारित होगा जो थामसन रियूटर्स की इंटर-नेट साइट https://in.reuters.com/markets/currencies पर प्रकाशित होगी। ठेकेदार द्वारा इनवॉ-यस मासिक आधार पर जारी की जाएगी।

3. VT-PWI कॉल साइन वाले: चूकवश इनवॉयस विदेशी मुद्रा में जून 2022 माह के प्रथम दिन की विनिमय पर जारी की गई थी।

ऐसा राजस्व स्वीकृति की तिथि की दर की विनिमय दर पर आधारित होता है। इसमें उत्पन्न होने वाली राजस्व भिन्नता विदेशी मुद्रा में उतार चढ़ाव के कारण होती है जिसका लेखांकन हमारी लेखा बहियों में किया जाता है। इसके अलावा, 31.3.2023 की स्थिति के अनुसार भारतीय रुपए में परिवर्तित विदेशी मुद्रा की राशि के बकाया भी 31.3.2023 की विनिमय दर पर हमारी लेखांकित नीति के अनुसार हैं।

ख) उत्तरी क्षेत्र में, वित्तीय विवरण और प्रदान की गई विदेशी मुद्रा उतार-चढ़ाव वर्किंग शीट में दर्ज विदेशी मुद्रा उतार-चढ़ाव में भिन्नता है। गैर-समाधान के कारण, प्रभाव, यदि कोई हो, को इंड एएस वित्तीय विवरण पर निर्धारित नहीं किया जा सका। जिसका विवरण इस प्रकार है:-

क्र.सं.	**विवरण**	**राशि (रुपए लाख में)**
1.	वित्तीय विवरणों में स्वीकृति विदेशी मुद्रा उतार चढ़ाव से हानि	27.21
2.	कार्यशील शीट के अनुसार विदेशी मुद्रा उतार चढ़ाव से हानि	5.79
	अंतर / भिन्नता	21.42

21.42 लाख रुपए की राशि में विदेशी मुद्रा दर अंतर / भिन्नता नहीं है, आवश्यक विवरण लेखापरीक्षकों को उपलब्ध करवा दिए गए हैं।

18. प्रतिकूल मत के आधार के कॉलम की ओर ध्यान आकर्षित किया जताा है जिसमें खंड 1 से 7क, 8, 10ग तथा 12 से 17 का इंड एएस वित्तीय विवरणों पर कोई प्रभाव नहीं है अथवा प्रभाव का मापन नहीं किया जा सकता है। खंड संख्या 7ख, 10क, जेओबी तथा 11 के परिणामस्वरूप में 'राजस्व' में 548.53 लाख रुपए की बढ़ोतरी, ''व्यवसाय देय एवं अन्य देयताओं'' में 19.40 लाख रुपए की वृद्धि, ''ऋण एवं अग्रिमों (देयताओं)'' में 5.61 लाख रुपए की बढ़त, ''परिसम्पतियों'' में 576.77 लाख रुपए की बढ़ोतरी तथा संपति, संयंत्र एवं उपकरण में 3.23 लाख रुपए की कमी के साथ साथ 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के संबंध में आस्थगित कर एवं ईपीएस पर परिणामी प्रभाव होगा।

ऊपर पर्याप्त स्पष्टीकरण दिए गए हैं।

मामले का प्रभाव

1. नोट संख्या 32 XXXVI (viii) क में किए गए उल्लेख के अनुसार वर्ष के दौरान कम्पनी ने परामर्शदाताओं द्वारा उपलब्ध करवाए गए प्रमाण पत्र के आधार पर उपयोज्यता काल संभावित क्रेडिट हानि की स्वीकृति का लेखांकन किया है। तथापि, परामर्शदाताओं ने हमारी रिपोर्ट में किए गए उल्लेख के अनुसार अधिक / न्यून बिलिंग अथवा ग्राहक द्वारा काटे गए निर्णित हर्जाने को विचार में नहीं लिया था। तदनुसार, कम्पनी द्वारा संभावित क्रेडिट हानि की स्वीकृति के लिए किया गया लेखांकन संधारणीय नहीं है तथा इंड एएस वित्तीय विवरणों पर होने वाले इसके परिणामी प्रभाव, यदि कोई हुए, का मापन किया जाना संभव नहीं है।

वर्ष के दौरान अधिक / कमतर बिलिंग नहीं की गई है। अनुबंध के अनुसार जब कभी ग्राहक द्वारा निर्णित हर्जाना लगाया जाता है तो उसका लेखांकन लेखा बहियों में किया जाता है।

2. नोट संख्या 32 XXX में दी गई जानकारी के अनुसार कम्पनी ने 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार केवल कॉर्पोरेट कार्यालय,उत्तरी क्षेत्र एवं पश्चिम क्षेत्र के संबंध में सूक्षम एवं लघु उद्यमों की देयताओं को संज्ञान में लिया है। आपूर्तिकर्ताओं से 'सूक्षम, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006' के प्रावधानों की उपयोज्यता के संबंध में पुष्टि मांगी गई हैं जिनके प्रति कॉर्पोरेट क्षेत्र, उत्तरी क्षेत्र में कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है तथा पश्चिम क्षेत्र को सीमित प्रतिक्रिया मिली है। तदनुसार, हम कम्पनी द्वारा उक्त अधिनियम का अनुपालन किए जाने के संबंध में किसी प्रकार की टिप्पणी प्रस्तुत नहीं कर पा रहे हैं।

अविवादित भुगतान अनुबंध की शर्तों की अनुसूची के अनुसार होता है, तथापि, यह सूचित किया जाता है कि पवन हंस लिमिटेड द्वारा निविदा प्रक्रिया के दौरान संबंधित प्रमाण पत्र सहित एमएसएमई की स्थिति बोलीदाताओं से ज्ञात की जाती है। तदनुसार, कार्य आदेश के अनुसार आपूर्तिकर्ताओं को एमएसएमई अधिनियम के अनुसार भुगतान किए जाते हैं।

3.	नोट संख्या 32 XV में किए गए उल्लेख के अनुसार पवन हंस लिमिटेड के साथ रोहिणी हेलीपोर्ट लिमिटेड के विलय की 1 अप्रैल, 2022 से समाप्ति का गोइंग कंसर्न के आधार पर अनुमोदन कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा दिनांक 29.8.2022 के आदेश संख्या 24/2/2020-सीएल-III के माध्यम से प्रदान ककिया गया है। तदनुसार, विलय समाप्ति की अनुमोदित योजना के अनुसरण में 1.4.2022 की यथास्थिति को रोहिणी हेलीपोर्ट से संबंधित परिसम्पतियों एवं देयताओं का अंतरण रोहिणी हेलीपोर्ट लिमिटेड को किया गया है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
4.	पश्चिमी क्षेत्र के शाखा परीक्षक द्वारा यह प्रेक्षण किया गया है कि नोट संख्या 2 बी (vi) में कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अनुसार हेलीकॉप्टरों के उपयोज्यता काल को 20 वर्ष किए जाने के स्थान पर आंतरिक तकनीकी समिति के सुझाव से डॉफिन / बेल/ एक्यूरियूल विमान बेड़े के लिए उपयोज्यता काल को बढ़ाकर 40 वर्ष किए जाने का उल्लेख किया गया है जिससे वर्ष के दौरान कम मूल्यह्रास प्रभारित हुआ है और जिसके फलस्वरूप इंड एएस वित्तीय विवरणों में घाटे पर परिणामी प्रभाव हुआ है। हमने यह देखा है कि पिछले कुछ वर्षों में एयरक्राफ्ट ऑन ग्राउंउ (एओजी) के दिनों, ग्राहकों द्वारा निर्णित हर्जाने लगाए जाने में बढ़ोतरी होने, राजस्व उड़ान घंटों में कमी आने तथा कालातीत होने के कारण निर्माता / ओईएम से डॉफिन एएस 365एन के कुछ वैमानिक कलपूर्जे प्राप्त न हो पाने के कारण हेलीकॉप्टरों को लम्बे समय तक ग्राउंड किए जाने की घटनाएं बड़ी हैं। यह चूंकि एक तकनीकी मामला है अतः हमने तकनीकी समिति द्वारा किए गए मूल्यांकन को आधार माना है।	हेलीकॉप्टरों के अनुमानित उपयोज्यता काल का मूल्यांकन आंतरिक तकनीकी समिति करती है। बेल्ल एवं एयरबस हेलीकॉप्टरों का उपयोज्यता काल अनिश्चित होता है। एयरबस हेलीकॉप्टर्स द्वारा 30 से 40 वर्ष तक उत्पाद समर्थन दिए जाने का आश्वासन दिया गया है जो कि 30 से 40 वर्ष के उपयोज्यता काल का आधार है। एमआई-172 हेलीकॉप्टरों के मामले में, मैसर्स रशियन हेलीकॉप्टर्स ने 30 वर्ष का निश्चित उपयोज्यता काल निर्धारित किया है तथा इसमें होने वाला संवर्धन उनके द्वारा प्रदान किए जाने वाले उपयोज्यता काल विस्तार कार्यक्रम पर आधारित है। विश्व भर में हेलीकॉप्टरों का नियोजन संबंधित देश विनियामक प्राधिकरण द्वारा जारी किए जाने वाले उड़नयोग्यता प्रमाण पत्र पर आधारित होता है। इस प्रकार, ओईएम से निरंतर प्राप्त स्पेयर्स सपोर्ट के साथ, किसी हेलीकॉप्टर के उपयोज्यता काल के निर्धारण का केवल एक ही मापदंड नागर विमानन महानिदेशालय (विनियामक प्राधिकरण) द्वारा जारी किया जाने वाला वैध उड़नयोग्यता प्रमाणपत्र है।
5.	नोट संख्या 32 IX में किए गए उल्लेख के अनुसार व्यवसाय प्राप्य, व्यवसाय देय, दीर्घकालिक तथा अल्पकालिक दायित्व, अन्य चालू दायित्व, दीर्घकालिक तथा अल्पकालिक ऋण एवं अग्रिम तथा जमा पर शेष की पार्टियों से पुष्टि मांगे जाने पर सीमित पुष्टि प्राप्त हुई है। बकाया पुष्टि एवं पुनःसमाधान उपलब्ध न होने के परिणामस्वरूप वित्तीय विवरणों पर होने वाले प्रभाव की प्रमात्रा नहीं आंकी जा सकती है।	वर्ष के अंत में पार्टियों से व्यापार प्राप्य / देय से संबंधित शेष की पुष्टि प्राप्त किए जाने के पत्र इस सूचना के साथ भेजे गए थे कि वे अपनी प्रतिक्रिया / पुष्टि सीधे सांविधिक लेखापरीक्षक को भेजें।

6. वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा अवस्थांतरण की तिथि अर्थात 1 अप्रैल, 2015 से अपनी सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के लिए घटक लेखांकन का अनुसरण किया गया है। कम्पनी द्वारा हेलीकॉप्टर के छः प्रमुख घटकों यथा इंजन, मेन गियर बॉक्स (एमओबी), हब असेम्बली, ट्रांसमिशन असेम्बली, अंतःस्थापित अनुरक्षण एवं हल्ल को संज्ञान में लिया गया है। वर्ष के दौरान डॉफिन एन तथा एन3 बेड़े का मूल्यह्रास वास्तविक उड़ान घंटों के स्थान पर औसत उड़ान घंटों के अनुसार किया गया है। इसके अलावा, डॉफिन एन एवं एन3 के इंजनों की ओवरहॉल की लागत का पूंजीयन एकल लाइन मद के रूप में सम्बद्ध घटक के शेष को लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किए बिना किया गया है।

तथापि, पश्चिम क्षेत्र के शाखा लेखापरीक्षकों कि क्षेत्र ने अवस्थांतरण की तिथि अर्थात 1 अप्रैल, 2015 को समपति, संयंत्र एवं उपकरण की मानित लागत को वहन मूल्य के रूप में उपयोग किया है। क्षेत्र द्वारा प्रतयेक डॉफिन एन3 हेलीकाप्टर का अंतःस्थापित अनुरक्षण 40 लाख रुपए तथा डॉफिन एन का 60 लाख रुपए विचार में लिया गया है। निर्धारण का यह आधार औचित्यपरक नहीं है तथा इस प्रकार इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इससे होने वाले प्रभाव का परिमाण मापा नहीं जा सकता है।

इसके संबंध में कृपया अर्हता संख्या 7/8 के प्रति दिया गया उत्तर देखें।

7. क) लेखा परीक्षा वर्ष के दौरान हमारी रिपोर्ट के साथ संलग्न वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के संबंध में हमारा ध्यान अनेक भिन्नताओं की ओर गया हैं। इस प्रकार आंतरिक लेखा परीक्षण को ओर अधिक सुदढ़ बनाया जाना तथा सभी विभागों, विशेषतः अचल परिसम्पत्ति प्रबंधन, मालसूची प्रबंधन, बोली प्रक्रिया, अधिप्राप्ति प्रक्रिया, राजस्व लेखांकन एवं वसूली, सांविधिक अनुपालन, मानव संसाधन प्रबंधन एवं सूचना प्रौद्योगिकी सामान्य नियंत्रण के क्रियाकलापों का कम्पनी के प्रचालनों के आकार एवं प्रकृति के अनुरूप गहन सत्यापन किया जाना आवश्यक है।

कम्पनी अपने आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग को सुदृढ़ बनाने की प्रक्रिया कर रही है।

ख) इसके अलावा, कम्पनी द्वारा प्रति माह प्राप्त मुख्य उड़ान घंटों के रूप में लेखा बहियां में लाभ राजस्व के रूप में स्वीकृत किया जाता है और बाद में घंटों की पोस्टिंग सिस्टम में मैन्युअल रूप से की जाती है। सिस्टम जनरेटेड शीट में दिखाए गए उड़ान के घंटे हेलीकॉप्टरों के मैनिफेस्ट में दिखाए गए उड़ान के घंटों से मेल नहीं खाते हैं। तथापि, सिस्टम के राजस्व पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है क्योंकि राजस्व सीधे मैनिफ़ेस्ट से बुक किया जाता है, लेकिन सिस्टम को मजबूत करने की आवश्यकता है और खातों की पुस्तकों में डेटा की सही रिकॉर्डिंग के लिए मैन्युअल हस्तक्षेप को समाप्त किया जाना चाहिए। परीक्षण जांच के आधार पर निम्नलिखित त्रुटियाँ/चूकें पाई गईं:

माह	हेलीकॉप्टर प्रकार	हेलीकॉप्टर पंजीकरण संख्या	बीजक के अनुसार उड़ान घंटे	सिस्टम द्वारा उत्पन्न शीट
अगस्त	एएस 350 बी 3	वीटी-पीएचयू	62:15:00	58:05:00
जून	एएस350 बी3	वीटी-पीएचवी	43:15:00	45:05:00
अप्रैल	डॉफिन एएस365एन3 एएस365एन3		19:10	18:30

इनवॉयस का निर्माण ग्राहक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित भौतिक / मैनुअल मेनिफेस्ट के आधार पर किया जाता है तथा इससे राजस्व पर कोई प्रभाव नहीं है। मेनिफेस्ट पंचिंग एक ऑनलाइन प्रणाली है जिसमें कभी कभी बेस पर तकनीकी / नेटवर्क समस्या के कारण देरी होती है।

ग) सभी क्षेत्रों से संबंधित ट्रॉयल शेष, ओएसटी, टीडीएस एवं बही लेखों की उत्पति अलग अलग मैनुअल आधार पर की जाती है। मूल्यह्रास का गणन एवं उससे संबंधित कार्य मैनुअल स्वरूप में किए जाते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए इनके संबंध में रिपोर्टिंग, मिलान, डेटा विश्लेषण सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली स्थापित नहीं है जिसके माध्यम से लेखापरीक्षा रिपोर्टों की उत्पति सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली पर की जा सके। स्टैंडएलोन/ समेकित तुलनपत्र के निर्माण तथा रिपोर्टिंग उद्देश्यों से कम्पनी अपने वित्तीय डेटा तथा लेखा बहियों को क्षेत्र वार मैनुअल स्वरूप में करती है तथा ऐसे करने से वित्तीय विवरणों के समेकन के दौरान मानव चूक, लोप तथा अकरण संभव हो सकता है। एक्सेल में तैयार किए जाने वाले वित्तीय विवरण ट्रॉयल शेष से सम्बद्ध नहीं किए जाते हैं, कुछ कॉलमों में मैनुअल रूप में पंचिंग / एक्सेल शीट में लिकिंग की जाती है। इसके संबंध में किसी प्रकार समर्थित विवरण / स्रोत उपलब्ध नहीं करवाया गया है / स्पष्ट नहीं किया गया है।

कम्पनी अपने सिस्टम को अपडेट करने की प्रक्रिया कर रही है जो 10 से अधिक वर्ष पुराना है। लेखापरीक्षकों को लेखापरीक्षा की प्रक्रिया के दौरान सभी समर्थित दस्तावेज / विवरण उपलब्ध करवाए गए थे।

8. अग्रिम कर की राशि में निर्धारण वर्ष 2021-22 तक के पूर्ण निर्धारणों से संबंधित 77478.78 लाख रुपए (31 मार्च, 2022 6968.89 लाख रुपए) की राशि शामिल है तथा 740.32 लाख रुपए की राशि निर्धारण वर्ष 2022-23 से संबंधित है, जिनके निर्धारण अभी पूरे नहीं हुए हैं तथा शेष 1087.55 लाख रुपए का अग्रिम कर चालू वित्तीय वर्ष से संबंधित है।

31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार उपर्युक्त अग्रिम कर की 7478.78 लाख रुपए की राशि निर्धारण वर्ष 2021-22 (मार्च 31,2022 6,968.89 लाख रुपए) तक की धनवापसी योग्य राशि की मात्रा का निर्धारण वर्तमान स्थिति में नहीं किया जा सकता है क्योंकि इनके मामले सीआईटी/आइटीएटी के सम्मुख लंबित हैं। इस प्रकार, आयकर विभाग से वसूली / समायोजन योग्य 7,232.68 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 6809.45 लाख रुपए) की निवल राशि 'गैर-चालू परिसम्पतियों' के अंतर्गत दर्शाई गई है तथा शेष 2073.97 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 1340.07 लाख रुपए) की राशि 'चालू कर परिसमपतियों' के अंतर्गत दर्शाई गई है।

सभी संबंधित विवरण एवं दस्तावेज लेखापरीक्षकों को शेयर किए गए थे तथा अतिरिक्त लेखांकन नोट्स में पर्याप्त स्पष्टीकरण दिए गए हैं।

9. क) जैसा कि नोट संख्या 32 II (सी) (iii) में किए गए उल्लेख के अनुसार, सेवा कर से संबंधित आकस्मिक देयता 31-03-2023 को 7435.07 लाख रुपए (31.03.2022 को 7435.07 लाख रुपए) है। सेवा कर विभाग की ओर से जारी किया गया कारण बताओ नोटिस अप्रैल, 2009 से जून, 2017 की अवधि से संबंधित है। सेवा कर विभाग द्वारा जारी 18.59 लाख रुपए के मांग नोटिस के प्रति, कम्पनी सेवा कर आयुक्त के सम्मुख, 2431.09 लाख रुपए के मांग नोटिस के प्रति ट्रिब्यूनल में 364.40 लाख रुपए के मांग के प्रति प्रतिवाद कर रही है तथा सीएक्स (अपील) के सम्मुख 265.15 लाख रुपए के मांग नोटिस का न्याय निर्णय प्रतीक्षित है। वर्ष 2014-15 से 2016-17 की अवधि के दौरान पूर्वोत्तर राज्यों को पट्टे पर प्रदान किए हैलीकॉप्टर के संबंध में जुर्माने एवं ब्याज सहित लगभग 4355.84 लाख रुपए का सेवा कर भुगतान न किए जाने से संबंधित दिनांक 6.7.2021 का मूल आदेश प्राप्त हुआ है।

अतिरिक्त लेखांकन नोट्स में पर्याप्त स्पष्टीकरण दिए गए हैं।

ख) इसके अलावा, वस्तु एवं सेवा कर से संबंधित आकस्मिक देयता में 4021.13 में बढ़ोतरी हुई है जो कि अपर आयुक्त, सीजीएसटी से दिनांक 7 जून, 2023 को कारण बताओं मांग नोटिस के रूप में पूर्वोत्तर राज्यों को जुलाई, 2017 से मार्च, 2022 के दौरान हेलीकॉप्टरों के प्रति ओएसटी का भुगतान न किए जाने से संबंधित है जिसमें ब्याज तथा जुर्माना ब्याज शामिल है।

अतिरिक्त लेखांकन नोट्स में पर्याप्त स्पष्टीकरण दिए गए हैं।

10. नोट संख्या 32 XXV में किए गए उल्लेख के अनुार भारत सरकार ने पवन हंस लिमिटेड में प्रबंधन नियंत्रण सहित अपनी समग्र 51% शेयरधारिता का रणनीतिक विनिवेश किए जाने का निर्णय लिया गया था। इस उद्देश्य से निवेश एवं लोक सम्पति प्रबंधन विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा दिनांक 20 मार्च, 2017 को 'एसबीआई कैपिटल मार्केट्स को उक्त रणनीतिक विनिवेश के लिए संव्यवहार परामर्शदाता नियुक्त किया गया था। निवेश एवं लोक सम्पति प्रबंधन विभाग द्वारा की गई उक्त नियुक्ति के अलावा मैसर्स क्राफ्रड बेयलेय एंड कम्पनी को विधि परामश्रदाता एवं मैसर्स आरबीएसए को पवन हंस लिमिटेड की परिसमपतियों का मूल्यांकक नियुक्त किया गया था।

इसके लिए की जाने वाली प्रक्रियाओं के अंतर्गत प्रारंभिक सूचना ज्ञापन (पीआईएम) के साथ साथ रूचि अभिव्यक्ति जारी करने की प्रक्रिया मार्च, 2017 में प्रारंभ हो गई थी तथा वैश्विक बोली आमंत्रित करने के लिए प्रथम रूचि अभिव्यक्ति दिनांक 13 अक्तूबर, 2017 को जारी की गई थी, जिसे दिनांक 6 अप्रैल, 2018 को हटा दिया गया था क्योंकि अगले चरण (वित्तीय बोली) के लिए केवल एक ही योग्य बोलीदाता से बोली प्राप्त हुई थी।

इसके पश्चात, प्रारंभिक सूचना ज्ञापन (पीआईएम) के साथ दूसरी रूचि अभिव्यक्ति दिनांक 14 अप्रैल, 2018 को जारी की गई थी तथा प्रारंभिक सूचना ज्ञापन का शुद्धिपद्ध दिनांक 31 मई, 2018 को जारी हुआ था तथा बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 18 जून, 2018 थी।

उपर्युक्त के परिणामस्वरूप, तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग ('ओएनजीसी') द्वारा दिनांक 2 अगस्त, 2018 के अपने निदेशक मंडल संकल्प के माध्यम पवन हंस लिमिटेड में अपनी 49% की समग्र शेयरधारिता आफलोड करने की मंशा व्यक्त की गई थी। इस नई स्थिति में दिनांक 15 अगस्त, 2018 को प्रारंभिक सूचना ज्ञापन का एक परिशिष्ट जारी करके सभी संभावित एवं विद्यमान बोलीदाताओं को विनिवेश प्रक्रिया में प्रतिभागिता का अवसर प्रदान किया गया था। तदनुसार, इच्छुक बोलीदाताओं द्वारा रूचि अभिव्यक्ति की प्रस्तुति की अंतिम तिथि को 12 सितम्बर, 2018 तक के लिए बढ़ा दिया गया था तथा इसे बाद में 19 सितमबर, 2018 तक के लिए बढ़ाया गया था। बोलियों के मूलयांकन की प्रक्रिया की गई थी तथा गोपनीय सूचना ज्ञापन (सीआईएम) डाक्यूमेंट जारी किया गया था और चयनित बोलीदाताओं को 9 अक्तूबर, 2018 उक्त मामले का प्रभाव वित्तीय वर्ष 2019-20 के अतिरिक्त लेखांकन नोट संख्या XXIV (ख) से प्राप्त किया गया है। बाद के वर्षों अर्थात वित्तीय वर्ष 2021-22 तथा 2022-23 में कम्पनी नियमित रूप से विनिवेश स्थिति की प्रस्तुति अतिरिक्त लेखांकन नोट्स में करती रही है।

को वीडीआर के लिए एस्सेस प्रदान किया गया था। इसके पश्चात दिनांक 18 दिसम्बर, 2018 को प्रस्ताव अनुरोध (आरएफपी) जारी किया गया था तथा एसबी की टिप्पणियों / सुझाव के समावेश के साथ अंतिम एसपीए दस्तावेज वीडी पर दिनांक 1 मार्च, 2019 को अपलोड किया गया था जिसमें 5 मार्च, 2019 तक बोलियां आमंत्रित की गई थी, जिसे शार्टलिस्ट किए गए बोलीदाताओं के अनुरोध पर एक सप्ताह अर्थात 12 मार्च, 2019 तक के लिए आगे विस्तारित किया गया था।

उपर्युक्त के प्रति, नियत तिथि अर्थात 12 मार्च, 2019 तक केवल एक बोली प्राप्त हुई थी। बोली संव्यवहार परामर्शदाता (एसबीआई कैपिटल) द्वारा छटनी के पश्चात यह सूचित किया गया था कि यह बोली सशर्त है तथा इसके दिया गया विवरण अपूर्ण है तथा प्रस्ताव अनुरोध के खंड 8, अयोग्यता के अंतर्गत यह अयोग्य भी है। तदनुसार, बोली को रद्द कर दिया गया था तथा इस मामले को निवेश एवं लोक सम्पति प्रबंधन विभाग को इस संबंध में कार्रवाई का निर्णय लेने के लिए संदर्भित किया गया था।

विस्तृत विचार विमर्श के पश्चात, वैकल्पिक तंत्रव्यवस्था (एएम) द्वारा दिनांक 3 मई, 2019 को एक नई रूचि अभिव्यक्ति / प्रारंभिक सूचना ज्ञापन बोलीदाताओं द्वारा प्रतिभागिता के लिए जारी करने के निर्णय की सूचना दी गई थी। तदनुसार, 13 तथा 17 मई, 2019 को आयोजित ईसी बैठकों में लिए गए निर्णय एवं इसके संबंध में अनुमोदन प्राप्ति के अनुसार संशोधित प्रारंभिक सूचना ज्ञापन तैयार किया गया था तथा दिनांक 22 अगस्त, 2019 तक बोली प्रस्तुति की तिथि के निर्धारण के साथ इसे 11 जुलाई, 2019 को जारी किया था। बोली प्रस्तुति की अंतिम तिथि को बोलीदाताओं से प्राप्त अनुरोध के आधार पर क्रमशः 12 सितम्बर, 2019, 26 सितम्बर, 2019 तथा 10 अक्तूबर, 2019 तक के लिए विस्तारित किया गया था। उपर्युक्त के प्रति रूचि अभिव्यक्ति प्राप्त हुई थी। तथापि, अगले चरण (वित्तीय बोली) के लिए केवल एक ही बोली योग्य पाई थी जिससे इसके संबंध में आगे की कार्रवाई नहीं की गई।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए डीआईपीएएम द्वारा एसबीआई कैपिटल को भावी बोलिदाताओं के साथ रोड शो किए जाने का निदेश दिया गया है तथा तदनुसार बोलिदाताओं के साथ बैठकें आयोजित की गई थी तथा एसबीआई कैप द्वारा उनसे प्राप्त इनपुट/ प्रेक्षण डीआईपीएएम को इस बारे में अंतिम निर्णय लेने के लिए सूचित कर दिए थे।

11. पश्चिम क्षेत्र के शाखा लेखापरीक्षकों का ध्यान निम्नलिखित मदों की ओर आकर्षित हुआ है:

क) क्षेत्र तथा तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) द्वारा दिनांक 19 जुलाई, 2022 को 3 डॉफिन 365एन3 प्रोडक्शन टास्क हेलीकॉप्टरों का चार्टर किराए पर प्रदान करने के लिए अनुबंध किया था तथा दिनांक 15 फरवरी, 2022 को समझौते में उल्लिखित विशिष्टताओं के अनुरूप ओएनजीसी के अपतटीय परिचालनों के लिए 02 सिक्रोस्र्की एस76डी क्रू चेंज हेलीकॉप्टरों चार्टर किराए पर प्रदान करने के लिए एक अनुबंध भी किया था। इसके अलावा, उत्पादन कार्य हेलीकॉप्टर अनुबंध को अनुबंध संख्या एमयूएम/ओएफएफ/लॉजिस्टिक्स/एमएम/2022/पी टी ए च ए च ए ल जी आ र पी ए/1067720/पी76एएल2204/90100357-5 के माध्यम से 2 प्राड्क्शन टॉस्क हेलीकॉप्टर किराए पर दिए जाने के लिए नवीकरण किया गया था तथा क्रू परिवर्तन हेलीकॉप्टर अनुबंध को अनुबंध संख्या एमयूएम/ओएफएफ-लॉजिस्टिटकस/एमएम/2022/उत्पादन/1027876/पी76एएल22004 के माध्यम प्रोड्क्शन टॉस्क हेलीकॉप्टर अनुबंध के रूप में 3 प्रोडक्शन टॉस्क हेलीकॉप्टर अपतटीय परिचालनों के लिए किराए पर उपलब्ध करवाने के लिए परिवर्तित किया गया था। क्षेत्र को उपरोक्त विचाराधीन सेवाओं के लिए निश्चित मासिक शुल्क और उड़ान मासिक शुल्क प्राप्त होता है। यदि क्षेत्र ओएनजीसी को हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने में सक्षम नहीं हो पाता है, तो हेलीकॉप्टर उपलब्ध नहीं होने की अवधि के लिए क्षेत्र को निश्चित मासिक शुल्क देय नहीं होता है। इसके अलावा, परिसमापन क्षति के लिए ग्राउंडिंग के पूरे दिन के लिए निश्चित मासिक शुल्क के 5% के बराबर राशि और ग्राउंडिंग के आधे दिन के लिए निश्चित मासिक शुल्क के 2.5% (यानी, 5% का 50%) के बराबर रुपए राशि का भुगतान करना आवश्यक है। वर्ष के दौरान 113.36 लाख (पिछले वर्ष 31.78 लाख रुपए) की कटौती की गई है। इसके परिणामस्वरूप एक गैर-परिचालन दिवस के परिणामस्वरूप निश्चित मासिक शुल्क के साथ-साथ परिसमापन क्षति का नुकसान हुआ है, जो देय भुगतान से काट लिया गया। चूंकि अनुबंध के अंतर्गत अनुमानित दायित्वों को पूरा करने की लागत अनुबंध की अवधि के दौरान प्राप्त होने वाले अपेक्षित आर्थिक लाभों से अधिक है, इसलिए अनुबंध एक कठिन अनुबंध है। (नोट संख्या 24 हेलीकाप्टर परिचालन और रखरखाव व्यय देखें)।

उक्त प्रभाव वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए तथ्यपरक विवरण है तथा निर्णित हर्जाना / कटौतियां ओएनजीसी के साथ किए गए अनुबंध के अनुसार हैं।

ख)	क्षेत्र ने इस दौरान की गई उड़ान के संबंध में प्रत्येक माह की 7 तारीख तक निश्चित मासिक शुल्क (एफएमसी) और उड़ान प्रति घंटा शुल्क (एफएचसी) के चालान और अन्य स्वीकार्य शुल्क जारी करने के संबंध में समझौते की शर्तों का पालन नहीं किया है। निश्चित मासिक शुल्क (एफएमसी) और उड़ान प्रति घंटा शुल्क (एफएचसी) के लिए पिछले महीने और इसके लिए भुगतान चालान की प्राप्ति से 21 कार्य दिवसों के भीतर प्राप्त किया जाएगा। समझौते की शर्तों का अनुपालन न करने के कारण, हम इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इससे उत्पन्न होने वाले नकदी प्रवाह, यदि कोई हो, पर प्रभाव की मात्रा निर्धारित नहीं कर पा रहे हैं।	एफएमसी के मामले में किसी माह से संबंधित इनवॉयस अग्रिम जारी किए जाते हैं। घंटों के आधार वाले इनवॉयस केवल तभी जारी किए जाते हैं जब दोनों पार्टियों द्वारा हस्ताक्षरित उड़ान मेनिफेस्ट प्राप्त होता है तथा इसकी प्राप्ति के पश्चात एफएचसी इनवॉयस वरीयता के आधार पर तैयार किए जाते हैं। ऐसी कुछ स्थितियां हैं जिनमें बिल देर से तैयार किए गए थे, जैसा कि एस76डी के मामले में हुआ था तथा उससे संबंधित कार्रवाई कर ली गई थी और वर्तमान में हस्ताक्षरित मेनिफेस्ट की प्राप्ति के तत्काल पश्चात राजस्व इनवॉयस जारी किए जा रहे हैं। पार्टी के साथ फ्लाइंग मेनिफेस्ट शीघ्र प्रस्तुत किए जाने के लिए प्रयास किए जाते हैं जिससे कि इनवॉयस अनुबंध की शर्तों के अनुसार तैयार किए जा सकें। इसके अलावा हम अनुबंध के अनुसार यथाशीघ्र एवं समय पर भुगतान जारी करने के संबंध में ग्राहक के साथ अनुसरण करते हैं और ग्राहक के कार्यालय में वैयक्तिक विजिट भी करते हैं
ग)	वर्ष के दौरान क्षेत्र ने डॉफिन एएस365एन3 और सिक्रोस्र्की एस76डी हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने के लिए तेल और प्राकृतिक गैस निगम के साथ एक अनुबंध किया था। हालाँकि हेलीकॉप्टरों को जुटाने में देरी के कारण उड़ान शुरू नहीं हो सकी। इसके परिणामस्वरूप तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के साथ अनुबंध में निर्धारित शर्तों को पूरा न करने के कारण क्षेत्र पर 77.30 लाख रुपए जुटाने में देरी के कारण परिसमापन हर्जाना लगाया गया।	लेखा बहियों में आवश्यक व्यय प्रभारित किए गए हैं।
घ)	वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, क्षेत्र ने सिक्रोस्र्की एस76डी हेलीकॉप्टरों के परिचालन में देरी के कारण 259.78 लाख रुपए की परिसमापन क्षति के लिए प्रावधान किया है। तथापि, प्रावधान अधिक पाया गया और अतिरिक्त प्रावधान की राशि 23.39 लाख रुपए का पुनर्लेखन किया गया था और इसे चालू वर्ष के लाभ और हानि विवरण में जमा किया गया है।	वित्तीय वर्ष 2022-23 की लेखा बहियों में आवश्यक समायोजन किए गए हैं।
ङ)	वर्ष के दौरान तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने 92.42 लाख रुपए की आंशिक निष्पादन बैंक गारंटी लागू की थी और इसे चालू वर्ष के लाभ और हानि के विवरण में प्रभारित किया गया है।	जून 2022 में दुर्घटना के पश्चात चूंकि एस76डी हेलीकॉप्टरों का अनुबंध समाप्त हो गया है तथा ओएनजीसी द्वारा बैंक गारंटी की 50% राशि भुना ली गई है, अतः इसे वर्ष 2022-23 के लाभ एवं हानि विवरण में दर्शाया गया है।

12.	पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक द्वारा यह प्रेक्षण किया गया है कि, वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, क्षेत्र को सिक्रोस्र्की मॉडल एस76डी हेलीकॉप्टरों की चार्टर उड़ान सेवाएं प्रदान करने के लिए 65.11 लाख रुपए की व्यापार प्राप्य अग्रिम राशि प्राप्त हुई है। क्षेत्र ने ऐसे प्राप्त अग्रिमों पर आउटपुट टैक्स देनदारी (जीएसटी और एससीजीएसटी @9% प्रत्येक) का भुगतान नहीं किया है। केंद्रीय वस्तु और सेवा अधिनियम, 2017 की धारा 13 के तहत आवश्यक 9.93 लाख। इसके परिणामस्वरूप संभावित रूप से गैर-अनुपालन के लिए क़ानून के प्रावधानों के अनुसार ब्याज और अन्य दंडात्मक प्रावधान हो सकते हैं।	जीएसटी का भुगतान इनवॉयस तैयार किए जाने के समय किया जाता है तथा इनवॉयस का निपटान अग्रिम भुगतान के प्रति होता है।
13.	पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक ने यह देखा है कि, जैसा कि नोट संख्या 32 II (डी) में कहा गया है, जो भारतीय एएस वित्तीय विवरणों का भाग है, क्षेत्र ने आरएलसीआरएलसी (सी) यू द्वारा आईडी अधिनियम की धारा 33 सी (1)के अंतर्गत पारित दिनांक 27 जून, 2022 के आदेश, जिसमें 10% वार्षिक ब्याज के साथ 580.76 लाख रुपए की राशि का वसूली प्रमाणपत्र (आरसी) जारी किए जाने तथा उसके परिणामस्वरूप दिनांक 12 अक्टूबर, 2022 को कलेक्टर, मुंबई उपनगरीय जिला द्वारा जारी परिणामी कुर्की आदेश, जिसके अंतर्गत ऊपर उल्लिखित राशि के लिए क्षेत्र के बैंक खाते को अटैच किया जाना है, के प्रति रिट याचिका दायर की है। माननीय बम्बई उच्च न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 15 नवंबर, 2022 द्वारा निर्देश दिया है कि बैंक खाते को पूरी तरह से फ्रीज करने के स्थान पर बैंक ऑफ बड़ौदा 650.00 लाख रुपए की राशि को रोककर याचिकाकर्ता (पीएचएल) को अपने पास रखकर बैंक खाता उपयोग करने की अनुमति देने का निर्देश दिया जा सकता है। इसके परिणामस्वरूप क्षेत्र की नकदी प्रवाह स्थिति पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है तथा इसलिए, हम वित्तीय विवरणों पर उत्पन्न होने वाले इसके प्रभाव का मापन नहीं कर पा रहे हैं।	अतिरिक्त लेखांकन नोट्स में पर्याप्त स्पष्टीकरण दिया गया है।

14. पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक का ध्यान इस ओर गया है कि क्षेत्र ने पट्टा देनदारियों और उपयोग अधिकार परिसम्पति की गणना के लिए वृद्धिशील ऋण दर को विचार में नहीं लिया है। शाखा (पश्चिमी क्षेत्र) द्वारा उपयोग में लाया गया यह लेखांकन व्यवहार न तो क्षेत्र की नीति के अनुरूप है और न ही इंड एएस 116 'पट्टों' के अनुपालन में है। तथापि, हम इंड एएस वित्तीय विवरणों पर ऐसे गलत लेखांकन व्यवहार से उत्पन्न होने वाले प्रभाव, यदि कोई हो, का निर्धारण करने में असमर्थ हैं।

इंड एएस 116 के पैरा 26 के अनुसार, ''प्रारंभ तिथि से पट्टेदार द्वारा पट्टा देयता का मापन उन पट्टा भुगतानों के वर्तमान मूल्य पर किया जाएगा जो उक्त तिथि को चुकता नहीं किए गए हैं। **पट्टे में अंतर्निहित ब्याज दर,** यदि त्वरित संभव है, के उपयोग से पट्टा भुगतानों की डिस्कांउटिंग की जाएगी। यदि इस दर का **त्वरित निर्धारण संभव नहीं है** तो पट्टेदार द्वारा **वृद्धिशील ऋण दर** का उपयोग किया जाएगा।''

इंड एएस 116 के अनुसार ''**पट्टे में ब्याज दर अंतर्निहित** का अर्थ वह ब्याज दर है जो (क) भुगतानों तथा (ख) निम्नलिखित के समान मूल्य का गैर-गारंटी अवशेष मूल्य (i) **अंतर्निहित परिसम्पति का उचित मूल्य** तथा (ii) पट्टाकार की अन्य कोई प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागत'' है।

चूंकि उचित मूल्य के निर्धारण के लिए अंतर्निहित परिसम्पतियों का उचित मूल्य आंकने के लिए पर्याप्त अनुमान लगाए जाने अपेक्षित हैं तथा इसके त्वरित निर्धारण योग्य का अभिप्राय अनुमान लगाए जाने योग्य नहीं हो सकता है। तदनुसार, जब पट्टे में ब्याज दर निहित होती है तो पट्टे का निर्धारण केवल अनुमानों तथा/अथवा पूर्वानुमानों के उपयोग से किया जा सकता है, इस प्रकार पट्टे में निहित ब्याज दर त्वरित निर्धारण योग्य नहीं होती है।

उपर्युक्त निष्कर्ष के आधार पर प्रबंधन ने यह निर्णय लिया है कि पट्टे में निहित ब्याज त्वरित निर्धारण योग्य नहीं है।

इंड एएस 116 के अनुसार '**पट्टाकार की वृद्धिशील ऋण दर** का अर्थ वह ब्याज दर है जो पट्टेदार को समान शर्तों, तथा समान प्रतिभूति, जो समान आर्थिक परिवेश में उपयोग अधिकार परिसम्पति के समान मूल्य की किसी परिसम्पति की प्राप्त करने की एक आवश्यक निधि है, के साथ चुकता करनी होती है।''

ऊपर दी गई परिभाषा से यह स्पष्ट है कि पट्टाकार की वृद्धिशील ऋण दर एक पट्टा विशिष्ट दर है जिससे ''पट्टे के उपबंधों एवं शर्तों को विचार में लिया जाना'' परिभाषित होता है।'' इंड एएस 116 में पट्टाकार की वृद्धिशील ऋण दर की परिभाषा के अनुसार पट्टा भुगतानों के समान भुगतान प्रोफाइल के साथ किसी ऋण पर ब्याज दर की प्रस्तुति के लिए अपनी वृद्धिशील ऋण दर का निर्धारण पट्टाकार द्वारा किए जाने की स्पष्ट अपेक्षा नहीं है। तथापि, प्रारंभ प्वांइट के लिए ऐसा किया जाना अच्छा है।

कृपया यह नोट करें कि कम्पनी की बहियों में कोई ऐसी प्राप्ति नहीं है। यह कम्पनी एक ऋण मुक्त कम्पनी है जिससे प्रारंभ प्वांइट पर वृद्धिशील ऋण दर के निर्धारण के लिए कम्पनी के पास कोई त्वरित उपलब्ध ब्याज दर नहीं है।

सम्पति पट्टे से संबंधित डिस्काउंट दर

प्रारंभ प्वांइट के रूप में कम्पनी द्वारा सम्पति के प्रति ऋण, वाणिज्यिक सम्पति के प्रति ऋण, अचल सम्पति के रेहन के प्रति ऋण से संबंधित सूचना एकत्र की गई हे जो विभिन्न बैंकों की अलग अलग है तथा इनसे संबंधित उपबंध एवं शर्तें, नीचे दिए गए विवरण के अनुसार, किसी पट्टे के उपबंध पर निर्भर करती हैं:-

क्र.सं.	बैंक	ब्याज दर
1	भारतीय स्टेट बैंक	10.50% से 11.50%
2	एचडीएफसी बैंक	9.00% से 10.25%
3	एक्सिस बैंक	9.50% से 10.35%

उपर्युक्त विश्लेषण के आधार पर प्रबंधन ने 9% को प्रारंभ प्वांइट माने जाने का निर्धारण किया है। इसमें प्रबंधन ने उपर्युक्त दर पर 1% का जोखिम प्रीमियम भी जोड़ा है। इस प्रकार, पट्टा सम्पति की डिस्काउंटिंग के लिए प्रबंधन द्वारा वृद्धिशील ऋण दर 10% निर्धारित की गई है।

हेलीकॉप्टर के लिए डिस्कांउट दर

पट्टाकार की वृद्धिशील ऋण दर से वह ब्याज दर प्रस्तुत होती है जो पट्टाकार द्वारा, अन्यों के साथ साथ, समान आर्थिक परिवेश में चुकता की जानी है। यदि अनुबंध के अंतर्गत पट्टा भुगतान पट्टाकार की कार्यात्मक मुद्रा से भिन्न मुद्रा में किए जाने की अपेक्षा है तो पट्टाकार की वृद्धिशील ऋण दर का निर्धारण उस विदेशी मुद्रा की समान राशि के ऋण के आधार पर किया जाना है।

हेलीकॉप्टर के पट्टा अनुबंध में पट्टा भुगतान कम्पनी की कार्यात्मक मुद्रा से भिन्न मुद्रा में किए जाने अपेक्षित होने के कारण प्रबंधन द्वारा पट्टा भुगतान किए जाने की मुद्रा अर्थात यूएसडी की ऋण दर का निर्धारण करने के प्रयास किए गए हैं।

प्रमुख बैंकों (भारतीय स्टेट बैंक तथा बैंक ऑफ बड़ौदा) से पूछताछ के दौरान यह सूचित किया गया है कि मुद्रा, संगठन की साख एवं ऋण के काल के आधार पर ऋण दरों का निर्धारण होता है। हमारे मामले में यह दीर्घकालिक अर्थात 7 वर्षों के लिए होने के कारण वर्ष 2021 के लिए यह दर अंतर्राष्ट्रीय ऋण दर एवं बैंक की ब्याज मार्जिन दर के अनुसार होगी जो कि 3% अधिक है, प्रबंधन ने उक्त दर पर 1% का जोखिम प्रीमियम भी जोड़ा है, जिससे पट्टाकृत हेलीकॉप्टर के संबंध में प्रत्येक पट्टे की वृद्धिशील ऋण दर 4% निर्धारित हुई है।

15. जैसा कि नोट क्रमांक 32II (क) तथा (ख) में कहा गया है, जो इंड एएस वित्तीय विवरणों का है, कम्पनी ने बैंकों को दी गई काउंटर गारंटी के संबंध में 1371.41 लाख रुपए की राशि की गारंटियों का प्रकटीकरण किया है जिसमें से साख पत्र की 1544.98 लाख रुपए की राशि में से 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार 479.50 लाख रुपए पश्चिमी क्षेत्र से संबंधित है । इसका ब्यौरा / विवरण अथवा गारंटियों एवं साख पत्र से संबंधित आकस्मिक देनदारियां उपलब्ध न होने के कारण हम कोई टिप्पणी नहीं कर पा रहे हैं।

आकस्मिक देयताएं

क) दी गई गारंटियां

(रुपए लाख में)

विवरण	**31 मार्च, 2023**	**31 मार्च, 2022**
बैंकों को दी गई काउंटर गारंटी	1371.41	1706.59

ख) साख पत्र

(रुपए लाख में)

विवरण	**31 मार्च, 2023**	**31 मार्च, 2022**
साख पत्र	1544.98	2504.27

लेखापरीक्षकों को संबंधित दस्तावेजों के साथ विस्तृत वर्किंग दिनांक 4.12.2023 को ईमेल के माध्यम से शेयर की जा चुकी है।

16. नोट क्रमांक 32 II (ग) (i) में किए उल्लेख के अनुसार 31 मार्च, 2023 की यथास्थिति को आयकर से संबंधित आकस्मिक देयता 3374.35 लाख रुपए से बढ़ाकर 4003.06 लाख रुपए हो गई है। कम्पनी को चालू वर्ष 22-23 के दौरान आयकर विभाग से धारा 143(1)/I/54 के अंतर्गत कर निर्धारण वर्ष 2021-22 से संबंधित दिनांक 28.12.2022 तथा दिनांक 24.2.2023 का आदेश प्राप्त प्राप्त हुआ है जिसमें वित्तीय वर्ष 2020-21 से संबंधित कुछ अस्वीकृतियों के प्रति 628.71 लाख रुपए की मांग की गई है। कम्पनी ने आयकर विभाग से प्राप्त आदेश के लिए सीआईटी (अपील) के पास अपील दायर की है।

(रुपए लाख में)

विवरण	**31 मार्च, 2023**	**31 मार्च, 2022**
कम्पनी द्वारा आईटीएटी/ सीआईटी (अपील) के सम्मुख आयकर मांग का प्रतिरोध	4003.06	3374.35

लेखापरीक्षकों को सभी दस्तावेज शेयर किए गए हैं। सीपीसी द्वारा कर निर्धारण वर्ष 2021-22 के संबंध में आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 143(1)/ 154 के अंतर्गत कर मांग जारी किए जाने के कारण कम्पनी की आकस्मिक देयता में 628.71 लाख रुपए की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा, कम्पनी ने सीपीसी द्वारा अस्वीकृति दिए जाने के प्रति सीआईटी (ए) के सम्मुख अपनी अपील फाइल कर दी है। इस प्रकार, लेखांकन नोटों में 4003.06 लाख रुपए की आकस्मिक कर राशि से संबंधित प्रकटीकरण सही है जिसके प्रति कम्पनी ने सीआईटी/ आईटीएटी फोरम में अपील प्रस्तुत की है।

17.	जैसा कि नोट संख्या 32 XXI (ए), जो इंड एएस वित्तीय विवरणों का अभिन्न भाग है, में उल्लेख है, कि पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक ने सतर्कता विभाग आरएफ से अंतर्कायालय ज्ञापन के आधार पर दिनांक 12 अगस्त, 2014 के संदर्भ संख्या पीएचएल/सीओ/वीआईजी/219 में ई उक्त (आईओएम) सीवीओ (मुख्य सतर्कता अधिकारी) ने जांच की और लक्षद्वीप में 129.21 लाख रुपए की वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में प्रबंधन को रिपोर्ट सौंपी थी। प्रबंधन ने कर्मचारियों को देय 40.09 लाख रुपए की सहायता/चालान/बिल/क्रेडिट को संज्ञान में लिया है तथा प्रबंधन के मतानुसार केवल 89.12 लाख रुपए की शेष राशि को हानि माना गया है और 2014-15 के वित्तीय विवरणों में इसके लिए प्रावधान किए गए हैं। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अप्रैल 2008 से मार्च 2011 की अवधि के लिए लक्षद्वीप प्रशासन से 59.29 लाख रुपए का यात्रा बिल प्राप्त हुआ था। मानव संसाधन विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार जांच की गई है और सुझाई गई कार्रवाई को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। मामले पर कार्रवाई कॉरपोरेट कार्यालय द्वारा की जा रही है।	इसके संबंध में लेखांकन नोट्स में पर्याप्त स्पष्टीकरण दिए गए हैं।
18.	पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक ने नोट संख्या 32 XXI (ङ), जो इंड एएस वित्तीय विवरणों का अभिन्न भाग है, में यह प्रेक्षण किया है कि इसमें 0.83 लाख रुपए की राशि का उपयोग हुआ है तथा यही प्रेक्षण पोर्टब्लेयर डिटेचमेंट में उपलब्ध नकदी एवं लेखा बही नकदी के अंत शेष में भी किया गया है। मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग के दिनांक 18 सितम्बर, 2023 के संदर्भ संख्या पीएचएलः डब्ल्यूआरः एडमिनः058 के माध्यम से मामले की जांच के लिए एक जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है और इस संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट अभी भी प्रतीक्षित है। प्रबंधन के मतानुसार इसे 0.83 लाख रुपए की हानि माना गया है और वर्ष के दौरान वित्तीय विवरणों में इसे तदनुसार प्रभारित किया गया है।	इसके संबंध में लेखांकन नोट्स में पर्याप्त स्पष्टीकरण दिए गए हैं।

19. पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक ने पाया कि 31 मार्च, 2023 तक विदेशी पार्टियों के पास पड़े रोटेबल्स से संबंधित जानकारी निम्नानुसार है:-

(रुपए लाख में)

विवरण	सकल लागत	डब्ल्यूडीवी मूल्य (डब्ल्यूडीवी)
31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार रोटेब्ल्स	7848.28	5595.08
घटाएं बी/एस तिथि के पश्चात वापस प्राप्त रोटेब्ल्स	(1881.41)	(1467.38)
बी/एस तिथि के पश्चात निवल शेष	5966.87	7062.46

वर्तमान स्थिति के अनुसार विशेष में रखी रोटेब्ल्स, जो परिसम्पतियां हैं, का निवल शेष 710.83 रुपए (542.67 रुपए की डब्ल्यूडीवी) होने की पुष्टि हुई जिनकी प्राप्ति नहीं हुई है। शेष की पुष्टि प्राप्त न होने के कारण हम शेष पर इसकी प्रमात्रा के प्रभाव, यदि कोई हो, का निर्धारण नहीं कर पा रहे हैं।

सदैव की भांति, इस वर्ष भी विदेश में रखे भंडार के संबंध में पुष्टियां रिपेयर एजेंसियों को भेजी गई थी तथा तीन एजेंसियों के अलावा अन्य सभी एजेंसियों से उनके यहां रखे भंडार के बारे में मदवार पुष्टि प्राप्त हुई थी। डब्ल्यूडीवी सहित इन रोटेब्ल्स की सकल राशि सहित भेजी गई मदों एवं एजेंसियों से वापस प्राप्त मदों का उल्लेख अतिरिक्त लेखांकन नोट्स में किया गया है।

20. 31-03-2022 (कर निर्धारण वर्ष 2022-23) तथा 31-03-2023 (कर निर्धारण वर्ष 2023-24) को समाप्त वर्ष के लिए आयकर विवरण की प्रस्तुति कर ऑडिट रिपोर्ट से पहले की गई थी। दोनों निर्धारण वर्षों के लिए आयकर विवरण प्रस्तुत करने के संबंध में कम्पनी ने उल्लेख किया है कि क्रमशः सम्बद्ध कर निर्धारण वर्षों के लिए कर ऑडिट कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है तथा आयकर फार्म (जेटीआर 6) में इसका उल्लेख लागू नहीं के रूप में किया गया है। प्रस्तुति की तिथियां निम्नानुसार हैं:-

क्र.सं.	वर्ष	प्रस्तुति का प्रकार	तिथि
1.	निर्धारण वर्ष 2022-23	मूल	06-11-2022
		संशोधित	31-12-2022
		संशोधित	31-12-2022
2.	निर्धारण वर्ष 2023-24	मूल	30-10-2023

कर निर्धारण वर्ष 2022-23: - लेखपरीक्षित लेखों पर निदेशकों तथा सांविधिक लेखापरीक्षक के रूप में मैसर्स एस.एस. पेरीवाल एंड कम्पनी (चार्टर्ड एकाउंटेंट) द्वारा 21.10.2022 को हस्ताक्षर किए गए थे। कम्पनी के लेखापरीक्षित लेखों के आधार पर कम्पनी से अपनी आईटीआर की प्रस्तुति दिनांक 6.11.2022 की अंतिम तिथि / विस्तारित तिथि को अथवा उससे प्रस्तुत किए जाने की अपेक्षा है तथा ऐसा न किए जाने की स्थिति में आयकर प्राधिकरण द्वारा हानियों की स्वीकृति नहीं की जाएगी। तदनुसार, कम्पनी ने अपने आयकर विवरण प्रस्तुत किए थे, जो कि किसी भी देश के कानून के अनुसार अपराध नहीं है। इसके पश्चात, लेखापरीक्षक द्वारा आयकर प्रस्तुत किए जाने की विस्तारित अंतिम तिथि दिनांक 31.12.2022 को फार्म 3सीडी दिया गया था तथा कम्पनी ने सांविधिक लेखापरीक्षकों से प्राप्त कर लेखापरीक्षा रिपोर्ट के साथ अपनी संशोधित आईटीआर फाइल कर दी थी। इस प्रकार, कम्पनी ने आयकर अधिनियम का पालन किया है।

कर निर्धारण वर्ष 2023-24: - लेखापरीक्षा लंबित होने के दौरान तथा प्रबंधन द्वारा किए गए लेखों के सत्यापन के आधार पर एवं कम्पनी के घाटों के दावे की प्रस्तुति के लिए; कम्पनी के सर्वश्रेष्ठ हित में अनंतिम आधार पर आईटीआर की प्रस्तुति की गई थी। इसे आगे कानून का विधिवत पालन करके संशोधित किया जाएगा।

21.	इंड एएस वित्तीय विवरण के नोट संख्या 32XI(ख) (4) के अनुसार कम्पनी ने उत्तरी क्षेत्र से संबंधित अर्जित छुट्टी देयता की 68.62 लाख रुपए की राशि गैर चालू प्रावधान शीर्ष के अंतर्गत प्रभारित की है, तथापि वास्तविक मूल्यांकन के अनुसार यह चालू प्रावधान के अंतर्गत आती है। कम्पनी इंड एएस वित्तीय विवरण में गलत वर्गीकरण किए हैं।	चूकवश उत्तरी क्षेत्र की 68.62 लाख रुपए की अचुकता देयता को चालू देयता के स्थान पर गैर-चालू देयता के रूप में विचार में लिया गया है। इससे कम्पनी की लाभप्रदत्ता पर कोई प्रभाव नहीं हुआ है तथा राशि महत्वपूर्ण नहीं है।

अन्य विधिक एवं विनियामक अपेक्षाओं की रिपोर्ट

1.	कम्पनी अधिनियम की धारा143 की उप धारा (11) के निबंधनों के अनुसार भारत सरकार द्वारा कम्पनी (लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट)आदेश, 2020 (''आदेश'') द्वारा अपेक्षित उक्त आदेश के पैरा 3 तथा 4 में यथा लागू विनिर्दिष्ट विषयों पर एक हम अनुलग्नक – क में प्रस्तुत कर रहे हैं।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
2.	अधिनियम के अनुच्छेद 143(3) की अपेक्षाओं के अनुसार हम यह रिपोर्ट करते हैं किः	
क)	हमने, 'प्रतिकूल मत के आधार' के पैराग्राफ में की गई टिप्पणी की शर्त के साथ, वे सब सूचनाएं और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के लिए आवश्यक हैं;	ऊपर प्रतिकूल मत के संबंध में पर्याप्त स्पष्टीकरण / उत्तर दिए गए हैं
ख)	हमारे मतानुसार, 'प्रतिकूल के आधार' के पैराग्राफ में वर्णित मामलों के प्रभाव के अलावा, विधि अपेक्षाओं के अनुसार कम्पनी द्वारा लेखों की उचित बहियों का अनुरक्षण किया गया है तथा ऐसा अब तक इन बहियों की हमारी जांच से प्रतीत हुआ है। कार्पोरेट कार्यालय तथ उत्तरी क्षेत्र का लेखापरीक्षण हमने किया गया है जबकि पश्चिम क्षेत्र का लेखापरीक्षण संबंधित शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा किया गया है। तथापि, हमने यह देखा है कि कम्पनी द्वारा ऐसे लेखांकन पैकेज का उपयोग किया जा रहा है जो कि अब प्रचलन में नहीं है तथा चालू अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए इसका उन्नयन / परिवर्तन किया जाना अपेक्षित है;	कम्पनी द्वारा अपने लेखांकन पैकेज को अपडेट करने की प्रक्रिया की जा रही है।
ग)	शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा अधिनियम की धारा143(8) के अंतर्गत लेखा परीक्षित कम्पनी के पश्चिम क्षेत्र के लेखों का लेखा परीक्षण करके हमें भेजा गया है तथा इस रिपोर्ट को तैयार करने के लिए उसके संबंध में उचित अनुकूलन किया गया है ;	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
घ)	इस रिपोर्ट में वर्णित तुलन पत्र, अन्य व्यापक आय सहित लाभ-हानि विवरण, इक्विटी परिवर्तन विवरण तथा रोकड़ प्रवाह विवरण कम्पनी की लेखा बहियों से मेल खाते हैं;	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं

ङ)	हमारे मतानुसार, 'प्रतिकूल मत के आधार' के पैराग्राफ में की गई टिप्पणी की शर्त के साथ, उपर्युक्त इंड एएस वित्तीय विवरण कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015, यथासंशोधित के साथ पठित अधिनियम की धारा133 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट भारतीय लेखांकन मानक(इंड एएस) से संगत हैं;	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
च)	एक सरकारी कम्पनी होने के कारण अधिनियम की धारा 164(2) के प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं होते हैं;	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
छ)	कम्पनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों के प्रचालनिक प्रभाव का उल्लेख **'अनुलग्नक 'ख''** में प्रस्तुत हमारी पृथक रिपोर्ट में किया गया है;	
ज)	अधिनियम की अनुसूची V के साथ पठनीय धारा 197 के अंतर्गत लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में प्रबंधन पारिश्रमिक के भुगतान से संबंधित सूचना को शामिल किए जाने की अपेक्षा अधिनियम की धारा 197(16), यथासंशोधित, की अपेक्षाओं के अनुसार सरकारी कम्पनी होने के कारण कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है;	अनुलग्नक ख में अर्हता के प्रति पर्याप्त स्पष्टीकरण / उत्तर दिए गए हैं।
झ)	हमारे मतानुसार और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी (लेखा परीक्षा और लेखापरीक्षक) नियम, 2014, के नियम 11 के अनुसार लेखा परीक्षा रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में :	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
i.	कम्पनी ने अपने इंड एएस वित्तीय विवरणों में अपनी वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव का प्रकटीकरण किया है - इंड एएस वित्तीय विवरण के नोट संख्या 32 (II) का संदर्भ लें;	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
ii.	कम्पनी द्वारा ऐसे कोई दीर्घकालिक अनुबंध नहीं किए गए हैं जिनसे हानियों की किसी प्रकार की कोई संभावना हो। कम्पनी द्वारा डेरियेटिव अनुबंध नहीं किए जाते हैं।	
iii.	ऐसी कोई राशियां नहीं थी जिन्हें कम्पनी के निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि में अंतरित किए जाने आवश्यकता हुई हो। तदनुसार, ऐसी राशियों के अंतरण में देरी होने का प्रश्न नहीं उठता है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
iv. क)	प्रबंधन ने यह प्रस्तुति दी है कि उनकी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार कम्पनी द्वारा विदेशी इकाईयों, ''मध्यस्थों'' सहित किसी व्यक्ति (व्यक्तियों) अथवा इकाई (इकाईयों) को किसी निधि का अग्रिम अथवा ऋण नहीं दिया गया है अथवा निवेश (ऋण पर प्राप्त निधियों अथवा शेयर प्रीमियम अथवा अन्य स्रोतों से अथवा अन्य प्रकार की निधियों में किसी में से) इस	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं

	सहमति, लिखित अथवा अन्यथा स्वरूप में, के साथ नहीं किया गया है कि मध्यस्थ द्वारा, प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप में, कम्पनी अथवा कम्पनी की ओर से (''अंतिम लाभग्राहियों'') अन्य व्यक्तियों अथवा निर्धारित इकाईयों को ऋण अथवा उनमें निवेश अथवा कोई गारंटी, प्रतिभूति अथवा, अंतिम लाभग्राहियों की ओर से किसी प्रकार की प्रतिभूति प्रदान की जाएगी;	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
ख)	प्रबंधन ने यह प्रस्तुति दी है कि उनकी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार कम्पनी ने विदेशी इकाई (''निधियन पार्टी'') सहित किसी व्यक्ति (व्यक्तियों) अथवा इकाई (इकाईयों) से किसी निधि का अग्रिम अथवा ऋण की प्राप्ति इस सहमति, लिखित अथवा अन्यथा स्वरूप में, के साथ नहीं की है कि कम्पनी द्वारा, प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप में, निधियन पार्टी (''अंतिम लाभग्राहियों'') की ओर से अन्य व्यक्तियों अथवा निर्धारित इकाईयों को ऋण अथवा उनमें निवेश अथवा कोई गारंटी, प्रतिभूति अथवा, अंतिम लाभग्राहियों की ओर से किसी प्रकार की प्रतिभूति प्रदान की जाएगी;	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
ग)	हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं, जिनका उपयोग परिस्थितियों के अनुसार औचित्यपरक एवं यथोचित समझा गया है, से हमारी जानकारी में ऐसा कुछ प्रकाश में नहीं आया है जिसके प्रभाव से ऐसा माना जा सके कि उपर्युक्त (क) एवं (ख) में नियम 11(ङ) के नियम (i) एवं (ii) के अंतर्गत की गई प्रस्तुति में किसी प्रकार का कोई मिथ्याकथन है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
v.	कम्पनी ने वर्ष के दौरान कोई लाभांश घोषित नहीं किया है अथवा भुगतान नहीं किया है।	
vi.	लेखांकन साफ्टवेयर, जिसमें ऑडिट ट्रेल (एडिट लॉग) सुविधा को रिकॉर्ड करने की सुविधा है, तथा के उपयोग से लेखा बहियों के अनुरक्षण के लिए कम्पनी (लेखांकन) नियमावली, 2014 के नियम 3(1) के परंतुक कम्पनी के संबंध में जो 1 अप्रैल, 2023 से लागू है, तथा तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षा एवं लेखापरीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11(जी) के अंतर्गत रिपोर्टिंग 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लागू नहीं है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
3.	अधिनियम की धारा 143(5) की कम्पनी के संबंध में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा जारी निदेशों के संबंध में की गई कार्रवाई तथा कम्पनी के इंड एएस वित्तीय विवरणों पर हुए इसके प्रभाव इस रिपोर्ट के ''अनुलग्नक -ग'' में प्रस्तुत किए गए हैं।	अनुलग्नक ग में अर्हता के प्रति पर्याप्त स्पष्टीकरण / उत्तर दिए गए हैं।

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के इंड ए एस वित्तीय विवरणों पर पवन हंस लिमिटेड के सदस्यों को संबोधित स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक 'क'

लेखापरीक्षक का प्रेक्षण	निदेशक मंडल के उत्तर
(i) क) (क) पश्चिम क्षेत्र में कम्पनी द्वारा संपति, संयंत्र एवं उपकरण के मात्रात्मक एवं स्थिति के पूर्ण विवरण दर्शाने वाले रिकार्ड का डिजीटल माध्यम अनुरक्षण में किया गया है। निगमित कार्यालय के संबंध में अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित अचल परिसम्पत्ति रजिस्टर का रखरखाव किया गया है, तथापि, कुछ मामले ऐसे प्रकाश में आए हैं जिनमें अचल परिसम्पत्तियों का मात्रात्मक एवं स्थिति का सही विवरण नहीं दिया गया है। उत्तरी क्षेत्र में कम्पनी द्वारा मात्रात्मक विवरण एवं स्थिर परिसम्पत्तियों की स्थिति पूर्ण विवरण दर्शाने वाले रिकार्ड का अनुरक्षण नहीं किया गया है।	जब कभी अपेक्षित हुआ है कम्पनी ने प्रमात्रा विवरण एवं स्थिर परिसम्पतियों की स्थिति सहित पूर्ण विवरण दर्शाने वाले स्थिर परिसम्पति रजिस्टर के रिकार्ड को अपडेट करने की प्रक्रिया की है।
ख) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी द्वारा अमूर्त परिसम्पतियों की प्रमात्रा एवं स्थिति के विवरण सहित पूर्ण विवरण दर्शाने वाले रिकार्ड का अनुरक्षण नहीं किया गया है। इंड एएस वित्तीय विवरणों के नोट संख्या 4 के अंतर्गत केवल एक अमूर्त परिसम्पपति यथा (लेखांकन प्रणाली का टीसीएस पैकेज) का प्रकटीकरण किया गया है तथा इसके निर्धारित उपयोज्यता काल में इसका परिशोधन कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार लेखा बहियों में कर लिया गया है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं है
ख) हमें प्रदान की गई सूचना तथा स्पष्टीकरण के आधार पर कम्पनी में अचल सम्पत्तियों के भौतिक सत्यापन के लिए 3 वर्ष में किए जाने का नियमित कार्यक्रम स्थापित है जिसके अंतर्गत सभी अचल परिसम्पत्तियों का भौतिक सत्यापन चरणबद्ध पद्धति से किया जाता है। पश्चिम क्षेत्र मे सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण के भौतिक सत्यापन का नियमित कार्यक्रम स्थापित है जिसके अंतर्गत सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण का चरणबद्ध स्वरूप में भौतिक सत्यापन किया जाता है। पिछले वर्ष प्रबंधन द्वारा अपनी प्रत्येक सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण का भौतिक सत्यापन योजनागत कार्यक्रम के अनुसार किया गया था। हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, पश्चिम क्षेत्र में रखे वैस्टलैंड विमान बेड़े सहित कॉर्पोरेट कार्यालय, पूर्वी क्षेत्र एवं इसके बेस तथा उत्तरी क्षेत्र एवं इसके बेस में प्रबंधन द्वारा भौतिक सत्यापन किए गए हैं।	वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान कॉर्पोरेट कार्यालय / उत्तरी क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र की स्थिर परिसम्पतियों का भौतिक सत्यापन स्वतंत्र एजेंसी द्वारा किया गया है। भौतिक सत्यापन रिपोर्ट का मिलान लेखा बहियों से किया गया है। न्यूनता एवं अतिरेक रिपोर्ट सहित भौतिक सत्यापन रिपोर्ट निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित की जा चुकी है।

इंड एएस वित्तीय विवरण के नोट संख्या 32VI(ख) में ''स्थिर परिसम्पतियों का भौतिक सत्यापन'' के संबंध में किए गए उल्लेख के अनुसार विचाराधीन वित्तीय वर्ष के दौरान एक स्वतंत्र एजेंसी द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया था तथा स्थिर परिसम्पति रजिस्टर से मिलान की प्रक्रिया की जा रही है। तथापि, हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष में स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से कोई भौतिक सत्यापन नहीं किया गया है। स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से पिछला भौतिक सत्यापन यथा (स्थिर परिसम्पतियों का मिलान) वित्तीय वर्ष 2020-21 यथा अगस्त, 2020 में किया गया था।

हमारे मतानुसार कम्पनी के आकार एवं इसकी परिसम्पत्तियों की प्रकृति को विचार में लेकर प्रबंधन को भौतिक सत्यापन की इस अवधिकता को सुदृढ़ किया जाना चाहिए तथा हेलीकॉप्टर, जो कि इसकी प्रमुख सम्पत्ति है, संयंत्र एवं उपकरणों के साथ अतिरिक्त इंजनों का सत्यापन वार्षिक आधार पर किया जाना चाहिए। इसके अलावा, वर्ष के अंत में 7982.72 लाख रुपए के सकल मूल्य के रोटेब्ल्स मरम्मत के लिए भिजवाए गए थे जो कुछ विदेशी मूल उपकरण निर्माताओं के पास रखे हुए हैं। इनमें से 2014.60 लाख रुपए के सकल मूल्य के रोटेब्लस तथा 1561.74 लाख रुपए मूल्य के डब्ल्यूडीवी 31 मार्च, 2023 के पश्चात वापस प्राप्त हो गए हैं। पश्चिम क्षेत्र कुछ मूल उपकरण निर्माताओं से क्षेत्र की ओर से रखे गए 710.83 लाख रुपए (542.67 लाख रुपए की डब्ल्यूडीवी) के सकल मूल्य के संबंध में पुष्टि प्राप्त नहीं कर सका है। उत्तर क्षेत्र के संबंध में हम शेष उन रोटेब्ल्स के संबंध में संबंधित पार्टियों से प्राप्त पुष्टि का सत्यापन नहीं कर पाए हैं जो विदेशी उपकरण आपूर्तिकर्ताओं के पास रखे हुए हैं।

ग) इंड ए एस वित्तीय विवरणों में सम्पति, संयंत्र तथा उपकरण के नोट संख्या 3 में किए गए प्रकटीकरण के अनुसार अचल परिसम्पत्तियों के हक विलेख कम्पनी के नाम हैं जो रोहिणी हैलीपोर्ट के अलावा, जिसकी भूमि का स्वामित्व नागर विमानन मंत्रालय के पास है। इसके अलावा, पश्चिम क्षेत्र में आवास भवन (जेएचसी) के अलावा जिसका हक विलेख कम्पनी के नाम पर इसलिए नहीं है कि इसकी भूमि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के नाम पर है तथा कम्पनी द्वारा इस भूमि पर 242 फ्लैट निर्मित किए गए हैं जिनमं से 50 फ्लैट भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को उक्त भूमि के पट्टे के बदले दिए गए हैं जो आंशिक रूप से पट्टे पर 25 वर्ष की अवधि के लिए प्राप्त की गई है। इसके अलावा नोट संख्या 32 (V) (ख) में 6 एमएचएडीए फ्लैटों, जिनका कब्जा कम्पनी के पास है परन्तु इन फ्लैटों का पट्टा शीर्ष कम्पनी के नाम पंजीकृत नहीं है, के संबंध में प्रकटीकरण किया गया है। इन फ्लैटों का विवरण नीचे दिया गया है:

यह तथ्यपरक विवरण है

सम्पति का विवरण	सकल वहन मूल्य	किसके नाम धारित	क्या प्रोमोटर, निदेशक अथवा उनके संबंधी अथवा प्रोमोटर	किस अवधि से धारित हैं	कम्पनी के नाम धारित न होने के कारण
आवासीय फ्लैट		एमएचएडीए	लागू नहीं	1998 से अब तक	स्टाम्प ड्यूटी का भुगतान न किए जाने के कारण

घ) हमें प्रदान की गई सूचना तथा स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी ने सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण तथा अमूर्त परिसम्पतियों का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया है। तदनुसार कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश, 2020 ('आदेश') का पैराग्राफ 3(i)(घ) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।

कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं

ङ) हमें प्रस्तुत सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार 31 मार्च, 202 की स्थिति के अनुसार वर्ष के दौरान कम्पनी के प्रति बेनामी संव्यवहार (प्रतिबंध) अधिनियम, 1988 (2016 में यथासंशोधित) तथा उसके अध्याधीन निर्मित नियमों के अंतर्गत किसी बेनामी संपति के धारण के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं

(ii) क)	हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार औचित्यपरक अंतराल में मालसूचियों का भौतिक सत्यापन (तृतीय पार्टियों के पास रखी मालसूचियों एवं मार्गस्थ सामग्रियों के अलावा) नहीं किया गया है। पश्चिम क्षेत्र के मामले में, प्रबंधन द्वारा वर्ष के अंत में मालसूचियों का भौतिक सत्यापन किया गया है । तथापि, बहियों के अनुसार शेष एवं भौतिक सत्यापन रिपोर्ट के मध्य लेखा बहियों में समाधान किए जा रहे हैं। डिटेचमेंट के भंडार एवं पुर्जों के मामले में प्रेषण मुम्बई से किया जाता है तथा वर्ष के अंत में पश्चिम क्षेत्र में भंडार एवं पुर्जों के अंत शेष को संबंधित डिटेचमेंट द्वारा प्रस्तुत भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट के आधार पर रिकार्ड में लिया जाता है तथा ऐसा होने से इसके लिए सीमित नियंत्रण की व्यवस्था की गई है। उत्तरी क्षेत्र में, मालसूचियों का भौतिक सत्यापन आंतरिक रूप से प्रबंधन द्वारा किया गया है तथा भंडार ऑडिट के कार्य तृतीय पक्षकार / स्वतंत्र बाह्य एजेंसी द्वारा किए गए हैं। हमारे मतानुसार एवं हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार वर्ष के दौरान प्रबंधन द्वारा भौतिक सत्यापन किए गए हैं, बहियों एवं भौतिक सत्यापन रिपोर्ट के मध्य व्याप्त अनियमितताओं को विचार में लिया गया है। इसके अलावा, बही प्रमात्रा एवं वास्तविक प्रमात्रा के बीच किसी प्रकार की भिन्नता को समाप्त करने के लिए मालसूची संचलन हेतु आंतरिक प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए। कृपया प्रबंधन द्वारा मालसूचियों के भौतिक सत्यापन कके दौरान पाई गई न्यूनताओं / अतिरेक के लिए इंड एएस वित्तीय विवरणों का नोट संख्या 32 VII देखें।	वित्तीय वर्ष में मालसूची का भौतिक सत्यापन किया गया था। भौतिक सत्यापन रिपोर्ट का मिलान लेखा बहियों से किया जा चुका है। भौतिक सत्यापन के पश्चात न्यूनता एवं अतिरेक रिपोर्ट का लेखांकन पश्चिम क्षेत्र में किया गया है।
ख)	हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी को लेखापरीक्षा अवधि के वर्ष के दौरान किसी भी समय बैंकों अथवा वित्तीय संस्थानों द्वारा पांच करोड़ रुपए से अधिक की कार्यशील पूंजी सीमा स्वीकृत नहीं की गई है। तदनुसार कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') के पैराग्राफ 3(ii) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं

(iii)	हमे प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी ने कम्पनियों, फर्मों सीमित अथवा अन्य पार्टियों में किसी प्रकार का निवेश नहीं किया है तथा किसी प्रकार की गारंटी अथवा प्रतिभूति प्रदान नहीं की है। तदनुसार कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') के पैराग्राफ 3(iii) (क) (ख) (ग) (घ) (ङ) (च) कम्पनी पर लागू नहीं होते हैं।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
(iv)	हमें उपलब्ध करवाई गई सूचना तथा दिए गए स्पष्टीकरणों तथा हमारे द्वारा कम्पनी के रिकार्ड की जांच के अनुसार कम्पनी द्वारा कम्पनी अधिनियम की धारा 185 तथा 186 किसी प्रकार के ऋण अथवा उनमें कोई निवेश, अथवा उन्हें किसी प्रकार की गारंटी अथवा प्रतिभूति प्रदान नहीं किए गए है । तदनुसार कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') के पैराग्राफ 3(v) के प्रावधान कम्पनी के लिए लागू नहीं होते हैं।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
(v)	कम्पनी द्वारा किसी प्रकार के जमा अथवा ऐसी कोई राशियां स्वीकार नहीं की गई हैं जो धारा 73 से 76 के अंतर्गत तथा उनके अंतर्गत निर्मित नियमों के अंतर्गत आती हों। कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') के पैराग्राफ 3(iv) के प्रावधान कम्पनी के लिए लागू नहीं होते हैं।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
(vi)	केन्द्र सरकार द्वारा कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 की उप धारा (1) के अंतर्गत कम्पनी के लिए लागत रिकार्ड का अनुरक्षण किए जाने का निर्धारण नहीं किया गया है। तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') के पैराग्राफ 3 (vi) कम्पनी पर लागू नहीं होता है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं

(vii) क) हमें उपलब्ध करवाई गई सूचना तथा दिए गए स्पष्टीकरणों तथा हमारे द्वारा की गई कम्पनी की लेखा बहियों में राशियों की कटौती / प्राप्ति के रिकार्ड की जांच के अनुसार कम्पनी द्वारा भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, आय कर, बिक्री कर, सेवा कर, सीमा शुल्क, मूल्य संवर्धित कर तथा उपकर लागू अन्य सभी अविवादित सांविधिक देयताओं के संबंध में सामान्यतः वर्ष के दौरान संबंधित प्राधिकरणों को नियमित रूप से भुगतान किया गया है। हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार उत्पाद कर के लिए कम्पनी द्वारा भी बकाया देय नहीं है।

हमें दी गई सूचना एवं प्रस्तुत स्पष्टीकरणों के अनुसार भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, आय कर, बिक्री कर, सेवा कर, सीमा शुल्क, मूल्य संवर्धित कर,माल एवं सेवा कर तथा उपकर लागू अन्य सभी देयताओं के 31 मार्च,2023 की स्थिति के अनुसार उनकी देयता से छः माह की अवधि से अधिक बकाया नहीं थे जो 13.81 लाख रुपए की स्टाम्प ड्यूटी के अलावा, एमएचएडीए यथा चालू सर्कल दर के अनुसार प्राप्त होने की शर्त पर है तथा जिसका भुगतान अभी तक नहीं किया गया है तथा पश्चिम क्षेत्र की रिपोर्ट निम्नानुसार सूचित की गई हैः

क्र.सं.	देयताओं की प्रकृति	सांविधि का नाम	राशि (रुपए लाख में)
1.	श्रम उपकर	भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996	0.29 लाख

कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं

पश्चिम क्षेत्र के मामले में कम्पनी ने मई 1998 में 6 आवासीय फ्लैटों का क्रय एमएचएडी, मुम्बई से किया था तथा इनका कब्जा आबंटन पत्र के आधार पर प्राप्त किया गया था तथा कम्पनी ने अस्थाई आधार पर स्टाम्प ड्यूटी एवं पंजीकरण के प्रति 13.81 लाख रुपए के प्रावधान किए थे जो सोसायटी के पक्ष में हक विलेख का उचित निष्पादन किए जाने की शर्त पर हैं। कुछ सोसायटियों ने मूल्य में भिन्नता के कारण एमएचएडीए के खिलाफ मुम्बई उच्च न्यायालय में दावा किया है। तथापि, स्टाम्प ड्यूटी एवं पंजीकरण की राशि का वर्तमान स्थिति में निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

महाराष्ट्र बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेल्फेयर बोर्ड, मुम्बई को निम्नलिखित के प्रति उपकर के रूप में 0.33 लाख रुपए की राशि निम्नलिखित के माध्यम से चुकता की गई है :

1. वर्ष 2021-22 के लिए 29,444 रुपए
2. वर्ष 2022-23 के दौरान 4,099 रुपए

क) हमें प्रस्तुत सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार निम्नानुसार किए गए उल्लेख के अलावा 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार कम्पनी द्वारा संबंधित प्राधिकरण में किसी विवाद के कारण जमा न करवाए गए आय कर, बिक्री कर, सम्पत्ति कर, सेवा कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, तथा उपकर की कोई देयता बकाया नहीं है :-

क्र. सं.	विधान विवरण	देयता का स्वरूप	राशि (रुपए लाख में)*	राशि से संबद्ध अवधि	विवादित मामला कहां लंबित है
1	दिल्ली मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2004	वीएटी, ब्याज **	7,963.08	वि.व. 2006-07	अपीलिय ट्रिब्यूनल, वीएटी, दिल्ली
2	दिल्ली मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2004	वीएटी, ब्याज **	8,989.66	वि.व. 2007-08	अपीलिय ट्रिब्यूनल, वीएटी, दिल्ली
3	दिल्ली मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2004	वीएटी, ब्याज**	12,194.39	वि.व. 2008-09	अपीलिय ट्रिब्यूनल, वीएटी, दिल्ली
4	दिल्ली मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2004	वीएटी, ब्याज **	14,107.79	वि.व. 2009-10	अपीलिय ट्रिब्यूनल, वीएटी, दिल्ली
5	वित्त अधिनियम, 1994	सेवा कर	532.31 (71.21)	वि.व. 2009-10	अपीलिय ट्रिब्यूनल, मुम्बई
6	वित्त अधिनियम, 1994	सेवा कर	447.43	वि.व. 2010-11	अपीलिय ट्रिब्यूनल, मुम्बई
7	वित्त अधिनियम, 1994	सेवा कर	551.39	वि.व. 2011-12	अपीलिय ट्रिब्यूनल, मुम्बई
8	वित्त अधिनियम, 1994	सेवा कर	274.07 (50.51)	वि.व. 2012-13	अपीलिय ट्रिब्यूनल, मुम्बई
9	वित्त अधिनियम, 1994	सेवा कर	482.40 (43.00)	वि.व. 2014-15	सीमाशुल्क, उत्पाद एवं सेवा कर अपीलिय ट्रिब्यूनल, मुम्बई
10	वित्त अधिनियम, 1994	सेवा कर	223.50 (20.07)	वि.व. 2015-16	अपीलिय ट्रिब्यूनल, मुम्बई
11	वित्त अधिनियम, 1994	सेवा कर	354.08 (33.29)	वि.व. 2016-17	अपीलिय ट्रिब्यूनल, मुम्बई
12	वित्त अधिनियम, 1994	सेवा कर	31.84 (2.69)	वि.व. 2017-18	अपीलिय ट्रिब्यूनल, मुम्बई
13	वित्त अधिनियम, 1994	दंड	182.20 (13.66)	वि.वर्ष 2009-13	अपीलिय ट्रिब्यूनल, मुम्बई

ये राशियां अतिरिक्त लेखांकन नोट संख्या 32(II) में विचार में ली गई हैं।

15	आय कर अधिनियम, 1961	व्यय एवं ब्याज के प्रति अस्वीकृति	992.17 (1,055.04)	नि.व. 1997-98	आईटीएटी, दिल्ली
16	आय कर अधिनियम, 1961	व्यय एवं ब्याज के प्रति अस्वीकृति	2,975.00 (3,536)	नि.व. 1998-99	आईटीएटी, दिल्ली
17	आय कर अधिनियम, 1961	व्यय एवं ब्याज के प्रति अस्वीकृति	2,650.00 (3,292.78)	नि.व. 1999-00	आईटीएटी, दिल्ली
18	आय कर अधिनियम, 1961	व्यय एवं ब्याज के प्रति अस्वीकृति	4,742.00 (5,046.84)	नि.व. 2001-02	आईटीएटी, दिल्ली
19	आय कर अधिनियम, 1961	व्यय एवं ब्याज के प्रति अस्वीकृति	2,556.00 (3,277.91)	नि.व. 2001-02	आईटीएटी, दिल्ली
21.	आयकर अधिनियम, 1961	व्यय एवं ब्याज के प्रति अस्वीकृति	628.71	नि.व. 2021-22	सीआईटी (अपील)
22.	आयकर अधिनियम, 1961	धारा 271 (ग) के अंतर्गत जुर्माना	39.18	नि.व. 2002-03	सीआईटी (अपील)

* कोष्ठक में दिए गए आंकड़े या तो विरोध सहित राशि जमा करवाने अथवा प्राधिकरणों द्वारा कम्पनी को देय धनवापसी की राशि को रोके जाने से संबंधित हैं।

** वित्तीय वर्ष 2006-07 से वित्तीय वर्ष 2009-10 से संबंधित14327.36 लाख रुपए के वीएटी जुर्माने की स्वीकृति दिनांक 6.10.2022 को अपीलिय ट्रिब्यूनल द्वारा की गई है। तथापि, हमें इस आशय की कोई पुष्टि/विवरण प्राप्त नहीं हुआ है कि क्या विभाग द्वारा छूट/स्वीकृति के संबंध में किसी प्रकार की अपील दायर की गई है अथवा नहीं की गई है तथा इनके संबंध में 31.3.2023 की स्थिति के अनुसार देयता प्रावधानों पर कोई प्रभाव हो सकता है / नहीं हो सकता है। विवरण निम्नलिखित है:

वर्ष	जुर्माना (रुपए लाख में)
वित्तीय वर्ष 2006-07	4,581.17
वित्तीय वर्ष 2007-08	4,000.68
वित्तीय वर्ष 2008-09	3,647.54
वित्तीय वर्ष 2009-10	2,097.97
योग	**14,327.36**

(viii) हमारे मतानुसार एवं हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरणों तथा हमारे द्वारा कम्पनी की लेखा बहियों में ऐसे कोई संव्यवहार नहीं हैं जिन्हें आय कर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत कर निर्धारण के लिए वर्ष के दौरान सरेंडर किया गया हो अथवा आय के रूप में प्रकटीकरण किया गया हो। तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') का पैराग्राफ 3(viii) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।

कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं

(ix) क) कम्पनी ने ऋणदाताओं से किसी प्रकार के ऋण अथवा उधार प्राप्त नहीं किए गए हैं। तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') का पैराग्राफ 3(ix) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
ख) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी को किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्थान अथवा सरकार अथवा किसी सरकारी प्राधिकरण द्वारा जानबूझकर चूककर्ता घोषित नहीं किया गया है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
ग) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी ने वर्ष के दौरान किसी प्रकार के आवधिक ऋण तथा ऋण प्राप्त नहीं किए हैं। तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') का पैराग्राफ 3(ix)(ग) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
घ) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी ने वर्ष के दौरान अल्पकालिक निधियों की उत्पति नहीं की है। तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') का पैराग्राफ 3(ix) (घ) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
ङ) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी ने वर्ष के दौरान अल्पकालिक निधियों की उत्पति नहीं की है। तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') का पैराग्राफ 3(ix) (घ) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
च) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी ने वर्ष के दौरान अपनी प्रतिभूतियों में धारित संयुक्त उद्यमों अथवा सम्बद्ध कम्पनियों की प्रतिभूतियों को रेहन रखकर किसी प्रकार के ऋण की उत्पति नहीं की है। तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') का पैराग्राफ 3(ix) (च) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं होता है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
(x) क) कम्पनी ने प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव अथवा अग्रेतर सार्वजनिक प्रस्ताव (नामे लिखतों सहित) के माध्यम से धन की उत्पति नहीं की है। तदनुसार, आदेश का पैराग्राफ 3(x) (क) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं होता है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं

ख)	हमें प्रस्तुत की गई सूचना तथा दिए गए स्पष्टीकरण तथा हमारे द्वारा कम्पनी के रिकार्ड की जांच के आधार पर कम्पनी द्वारा वर्ष के दौरान शेयरों तथा पूर्णत अथवा आंशिक परिवर्तनीय लाभांशों के लिए किसी प्रकार का अधिमान्य आबंटन अथवा निजी नियोजन नहीं किया गया है तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') का पैराग्राफ 3(ix) (ख) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं होता है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
(xi) क)	लेखा बहियों एवं कम्पनी के रिकार्ड की जांच तथा हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के आधार पर लेखापरीक्षा मानकों में दी गई सामग्रीकता के सिद्धांतों पर विचार करके हम यह रिपोर्ट करते हैं कि इंड एएस वित्तीय विवरणों के नोट संख्या 32 XXI में सूचित किए गए के अलावा कम्पनी द्वारा अथवा कम्पनी के प्रति किसी प्रकार की जालसाजी न तो हुई है तथा न ही लेखापरीक्षा अवधि के दौरान रिपोर्ट की गई है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
ख)	हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143 की उप धारा (12) के अनुसार लेखापरीक्षकों ने कम्पनी (लेखापरीक्षा एवं लेखापरीक्षक) नियमावली 2014 में निर्धारित फार्म एडीटी-4 केन्द सरकार के सम्मुख प्रस्तुत नहीं किया गया है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
ग)	प्रबंधन द्वारा हमें दी गई प्रस्तुति के अनुसार वर्ष के दौरान कम्पनी को कोई व्हीसल ब्लोअर शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
(xii)	हमारी जानकारी एवं विश्वास तथा हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार यह कम्पनी निधि कम्पनी नहीं है। तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश, 2020 ('आदेश') का पैराग्राफ 3(xii)(क) (ख) (ग) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं होता है;	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
(xiii)	हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों तथा हमारे द्वारा की गई कम्पनी के रिकार्ड की जांच के आधार पर कम्पनी ने अधिनियम की धारा 177 तथा 188 के प्रावधानों, जहां लागू हैं, किया है तथा लागू लेखांकन मानकों की अपेक्षाओं के अनुसार इंड एएस वित्तीय विवरणों में सम्बद्ध पार्टियों के साथ किए गए संव्यवहारों का प्रकटीकरण नोट संख्या 32 XXVII में किया है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं

(xiv)	क) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, कार्यात्मक विभागों के नियंत्रण को कम्पनी के आकार एवं कम्पनी के परिचालनों के अनुकूल बनाने के लिए आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली को सुदृढ़ बनाया जाना अपेक्षित है;	हम आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग को सुदृढ़ बनाने की प्रक्रिया कर रहे हैं।
	ख) संबंधित क्षेत्रों की आंतरिक लेखापरीक्षा की रिपोर्टों पर हमारे द्वारा लेखापरीक्षा की प्रक्रिया के दौरान विचार किया गया है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
(xv)	हमें प्रदान की गई सूचना तथा दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी ने अपने निदशकों अथवा उनसे सम्बद्ध व्यक्तियों के साथ किसी प्रकार के गैर-नकद संव्यवहार नहीं किए हैं। तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश, 2020 ('आदेश') का पैराग्राफ 3(xv) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं होता है;	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
(xvi)	क) कम्पनी से भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-1ए के अंतर्गत पंजीकरण की अपेक्षा नहीं है। तदनुसार आदेश का खंड 3(xvi)(क) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
	ख) कम्पनी से भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-1ए के अंतर्गत पंजीकरण की अपेक्षा नहीं है। तदनुसार आदेश का खंड 3(xvi)(ख) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
	ग) यह कम्पनी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्मित विनियमों की परिभाषा के अनुसार प्रमुख निवेश कम्पनी (सीआईसी) नहीं है, तदनुसार खंड 3(xvi)(ग) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
	घ) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, लेखापरीक्षा की प्रक्रिया के दौरान समूह का कोई सीआईसी (प्रमुख निवेश कम्पनी) नहीं है। तदनुसार खंड 3(xvi)(घ) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
(xvii)	हमारी लेखापरीक्षा से संबंधित वित्तीय वर्ष के दौरान तथा तत्काल निकट पिछले वर्ष के दौरान कम्पनी को नकदी हानियां नहीं हुई हैं।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं

(xviii) वर्ष के दौरान कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 140(2) के अंतर्गत सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा त्यागपत्र दिए जाने की कोई घटना नहीं हुई है। तदनुसार कम्पनी (लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश, 2020 (आदेश) का पैराग्राफ 3(x)(क) तथा (ख) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
(xix) वित्तीय अनुपात, कालक्रम एवं वित्तीय परिसम्पतियों से प्रतिफल प्राप्ति की संभावित तिथियों, वित्तीय विवरणों से सम्बद्ध अन्य सूचना तथा निदेशक मंडल एवं प्रबंधन की योजनाओं के संबंध में हमारी जानकारी तथा पूर्वानुमानों के लिए समर्थित दस्तावेजों की हमारे द्वारा की गई जांच के आधार पर हमारी जानकारी में ऐसा कुछ नहीं आया है जो हमारी इस धारणा का कारण बन सकें कि लेखापरीक्षा रिपोर्ट में उल्लिखित तिथि को किसी प्रकार की ऐसी सामग्रीगत अनिश्चितता व्याप्त है जिसके प्रभाव से कम्पनी तुलन पत्र तिथि के अनुसार विद्यमान अपनी देयताओं की पूर्ति तुलन पत्र की तिथि से एक वर्ष की अवधि के दौरान नहीं कर पाएगी। तथापि, हम यह उल्लेख करना चाहते हैं कि यह क्षेत्र की भावी व्यवहार्यता का किसी प्रकार का कोई आश्वसन नहीं है। हम आगे यह भी उल्लेख करना चाहते हैं कि हमारी रिपोर्टिंग हमारी लेखापरीक्षा तिथि के तथ्यों पर आधारित है तथा हम इस संबंध में न तो किसी प्रकार की गारंटी दे रहे हैं और कोई आश्वासन दे रहे हैं कि कम्पनी तुलन पत्र की तिथि से एक वर्ष की अवधि में उत्पन्न होने वाली, जब कभी वे भुगतान के लिए देय हों, सभी देयताओं की पूर्ति कर देगी ।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
(xx) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार तथा हमारे द्वारा की गई कम्पनी के रिकार्डों की जांच के अनुसार कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 में उल्लिखित कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के प्रावधान वित्तीय विवरणों के नोट संख्या 32 XVII के अनुसार कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं
(xxi) हमारे मतानुसार एवं हमें प्रस्तुत सूचना तथा दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, भारत में निगमित और समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल कंपनियों की कम्पनी (ऑडिटर की रिपोर्ट) आदेश, 2020 रिपोर्ट में पश्चिमी क्षेत्र शाखा लेखा परीक्षक द्वारा कोई अलग योग्यता या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है। सीएआरओ रिपोर्ट में पश्चिमी क्षेत्र के संबंधित लेखा परीक्षक द्वारा योग्यता या प्रतिकूल टिप्पणी को क्रमशः कॉर्पोरेट क्षेत्र और उत्तरी क्षेत्र रिपोर्टिंग के साथ मुख्य सीएआरओ रिपोर्ट में बिंदुवार शामिल/विलय किया गया है।	कोई टिप्पणी अपेक्षित नहीं

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए पवन हंस लिमिटेड के इंड ए एस वित्तीय विवरणों के संबंध में संशोधित स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की समान तिथि का अनुबंध 'ख'

लेखापरीक्षकों का प्रेक्षण	निदेशक मंडल के उत्तर

कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 143 के उप खंड 3 की धारा वाक्य (i) के अंतर्गत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की रिपोर्ट

हमने 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार **पवन हंस लिमिटेड** ("कम्पनी") की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का लेखा परीक्षण इस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए हमारे द्वारा किए गए इंड ए एस वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण के साथ किया है ।

अर्हक मत

हमें प्रस्तुत की गई सूचना तथा दिए गए स्पष्टीकरणों तथा हमारे द्वारा की गई लेखा परीक्षा के अनुसार कम्पनी में आरसीएम एवं लक्ष्य, प्रक्रिया एवं उनसे संबंधित जोखिम के अंतर की ट्रेकिंग से युक्त वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण सहित आंतरिक नियंत्रण को सुचारू बनाने के लिए विस्तृत मॉडल का प्रलेखन नहीं किया गया है। हमारी परीक्षण जांच एवं नियंत्रणों के लिए स्थापित प्रणाली की पर्याप्तता एवं प्रभाव्यता की समीक्षा के दौरान अचल परिसम्पत्ति प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन, निविदा प्रक्रिया, राजस्व लेखांकन, सांविधिक अनुपालन, मानव संसाधन प्रबंधन, प्रचालन एवं सूचना प्रौद्योगिकी सामान्य नियंत्रण की पर्याप्तता के डिजायन एवं प्रभाव्यता में अंतर पाए गए हैं। इसके अलावा, बेसों पर भी व्ययों के संबंध में समेकित प्रविष्टियां की जाती हैं अर्थात व्ययों की स्वीकृति देर से की जाती है जिसके कारण टीडीएस एवं जीएसटी जैसी सांविधिक देयताएं प्रभावित होती हैं। क्षेत्रीय सम्पर्क योजना प्रचालनों तथा पूर्व वर्षों में श्री केदारनाथ यात्रा के संबंध में विलम्बित टिकट बिक्री/गैर-समाधान किए जाने के मामले प्रकाश में आए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी साफ्टवेयर के पुराने वर्जन के कारण इंड एएस तथा जीएसटी के वित्तीय विवरणों की उत्पति नहीं हो सकती है तथा इन्हें हाथ से लिखकर तैयार करना पड़ता है। आंतरिक नियंत्रणों की समग्र प्रचालनात्मक प्रभाव्यता एवं परिभाषित नियंत्रणों के आधार पर इकाई द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली सूचना के निर्बाध संसाधन के लिए सूचना प्रौद्योगिकी साफ्टवेर को अद्यतन किया जाना आवश्यक है। सूचना प्रौद्योगिकी साफ्टवेयर ऐसे भी कुछ मामले प्रकाश में आएं जिनमें डीओपी उल्लंघन हुए हैं कुछ मामलों के संबंध में सक्षम प्राधिकारी से कार्योत्तर अनुमोदन प्राप्त किया गया है। अपनी परीक्षण जांच से कुछ मामलों में हमने अधिक/कम राशि के बीजक निर्मित करने तथा प्रमुख व्यवसाय प्राप्यों तथा क्रेडिटरों के शेष के समाधान न किए जाने, अनुमोदन के लिए स्थापित ई-फाइल सिस्टम में गतिरोध उत्पन्न करके ऑफलाइन/मैनुअल नोट शीटों पर अनुमोदन प्रदान किए जाने के मामलों के प्रचलन की ओर ध्यान दिया है। भर्ती पर रोक होने के बावजूद भी कम्पनी द्वारा काफी लम्बे समय से कम्पनी में प्राधिकारों के प्रत्यारोपण मैट्रिक्स, क्रय मैनुअल, मानव संसाधन मैनुअल, लेखा मैनुअल के लिए प्राधिकार प्रत्यायोजन स्थापित किए गए हैं। कम्पनी से कम्पनी अधिनियम के अंतर्गत सांविधिक लेखा परीक्षण के अलावा आंतरिक लेखा परीक्षा, सतर्कता निगरानी तथा नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षण के साथ साथ नागर विमानन महानिदेशालय के नियमों का अनुसरण किए जाने की अपेक्षा की गई है। इसके अलावा, संव्यवहारों के प्रलेखन, समीक्षा एवं पर्यवेक्षण के लिए प्रभावी व्यवस्था स्थापित है। संव्यवहार स्तर, मिलान/समूहन स्तर तथा प्रस्तुति/रिपार्टिंग स्तर पर नियंत्रण स्थापित किए गए हैं। स्थिर परिसम्पत्ति प्रबंधन, प्रापण प्रक्रिया, राजस्व लेखांकन, सांविधिक अनुपालन, राजकोष प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन एवं सूचना प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था विद्यमान एवं कार्यशील है।

स्रोत पर कर कटौती, वस्तु सेवा कर, सेवा कर से संबंधित दायित्वों का सदैव कर्मठतापूर्वक निर्वाह किया जाता है। हम अपने टीसीएस साफ्टवेयर का उन्नयन करने की प्रक्रिया कर रहे हैं जिससे वस्तु सेवा कर से संबंधित रिपोर्टों की उत्पति सिस्टम से उत्पन्न की जा सकेगी।

आय कर कानून के अंतर्गत रिमोट क्षेत्रों में 10000/- रुपए का भुगतान नकद करने की अनुमति दी गई है। क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना के बेस तथा श्री केदारनाथ जी यात्रा 2019 पर होने वाली टिकटों की बिक्री की राशि उसी बेस के बैंक खाते में जमा की जाती है तथा आरक्षण एवं समाधान की प्रक्रिया भी वाणिज्य विभाग द्वारा वहीं से की जाती है, इसके अलावा आनलाइन आरक्षण की राशि सीधे खाते में जमा होती है।

पवन हंस लिमिटेड के सभी क्षेत्रों में पूर्णतः कार्यक्षम मानव संसाधन विभाग स्थापित है। तथापि, नागर विमानन मंत्रालय द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के परिप्रेक्ष्य में मानव संसाधन विभाग रिक्त पदों पर भर्ती किए जाने की प्रक्रिया नहीं कर पा रहा है।

संविदारत कर्मचारियों तथा परामर्शदाताओं को नियुक्त किया जा रहा है। विधिक मामलों के आंतरिक नियंत्रण तथा आकस्मिक देयताओं की परिमाण निर्धारण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाना आवश्यक है। इसके अलावा, नोट संख्या XXI में किए गए उल्लेख के अनुसार चालू वर्ष (नकदी का दुरूपयोग) तथा पिछले वर्षों के दौरान कम्पनी में हुई जालसाजी की कुछ घटनाओं का पता चला है जिसके मूल कारण को ज्ञात करने के लिए विस्तृत विश्लेषण किया जाना चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं की आवृत्ति को समाप्त अथवा कमतर किया जा सके। कुछ कर्मचारियों के संबंध में हित विरोध होने तथा प्रमुख कर्मचारियों का रोटेशन के अनुसार स्थानांतरण न किए जाने से जालसाजी को बढ़ावा मिल सकता है। हमारा ध्यान पदों से संबंधित अनुक्रमण योजना तैयार न किए जाने, ग्राहकों के साथ अनुबंधों का मानकीकरण न किए जाने, मूल उपकरण निर्माता के पास 1 वर्ष से भी अधिक अवधि से रोटेब्ल्स रखे जाने, पार्टियों से/को बकाया शेष के लिए 3 वर्ष से अधिक अवधि तक समाधान न किए जाने, ओवरआल उड़ान तथा बिलिंग घंटों के संबंध में प्रति पायलट उड़ान घंटों का समाधान न किए जाने के मामलों की ओर भी गया है। एमआईएस व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए जाने की आवश्यकता है।

हमारे मतानुसार, नियंत्रण मानदंडों के लक्ष्यों की प्राप्ति के संबंध में ऊपर उल्लिखित सामग्रीगत कमी/कमियों के प्रभावों / संभावित प्रभावों के अलावा कम्पनी द्वारा सामग्रीगत स्वरूप में प्रत्येक वित्तीय रिपोर्टिंग पर अपने आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की प्रक्रिया का पूर्ण सामग्रीगत स्वरूप में अनुरक्षण किया गया है तथा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखा परीक्षण के मार्गदर्शी नोट में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों के अनुरूप कम्पनी द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण के लिए की गई स्थापना के आधार पर 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग पर ऐसे आंतरिक नियंत्रण प्रभावी रूप से कार्य कर रहे थे।

हमने संज्ञान में लाई गई प्रत्येक सामग्री कमजोरी / कमजोरियों तथा उपर्युक्तानुसार 31 मार्च, 2022 की स्थिति के लिए कम्पनी के इंड ए एस वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण के लिए उपयोग में लाई लेखा परीक्षण की प्रकृति, समय उपर्युक्ता एवं विस्तार पर विचार किया है तथा हमारे मतानुसार ये सामग्रीगत कमजोरियां कम्पनी के इंड ए एस वित्तीय विवरणों को प्रभावित नहीं करती हैं।

नागर विमानन मंत्रालय द्वारा दिनांक 17 नवम्बर, 1998 को इन निदेशों के साथ भर्ती की प्रक्रियाओं पर रोक लगाई गई थी कि आगे केवल अपरिहार्य एवं अनिवार्य पदों के लिए की जाने वाली भर्तियां निदेशक मंडल से अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात ही भरी जानी चाहिए। तदनुसार, नागर विमानन मंत्रालय के आदेशों के अनुसरण में कम्पनी की केवल आपात्त प्रचालनात्मक अपेक्षाओं के लिए ही अनिवार्य पदों पर भर्ती करने की कार्रवाई की गई थी। इस रोक को लगाए जाने के समय पवन हंस लिमिटेड के पास 30 हेलीकॉप्टर तथा 773 कर्मचारी थे एवं नए हेलीकॉप्टरों के अधिग्रहण के साथ अनिवार्य जनशक्ति की भर्ती की प्रक्रिया या तो नियमित आधार पर अथवा प्रचालनात्मक अपेक्षाओं एवं विभिन्न ग्राहकों के साथ हेलीकॉप्टरों के अनुबंध की परिवर्तनशील प्रकृति को विचार में लेकर संविदात्मक आधार पर की गई थी।

कृते एवं निदेशक मंडल के निमित्त

ह/-
(संजीव राजदान)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

दिनांक : 22 जुलाई, 2024
स्थान : नोएडा

अनुलग्नक-घ

साचिविक लेखा परीक्षा रिपोर्ट
31 मार्च,2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के संबंध में

[कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 204(1) तथा कंपनी (प्रबंधन कार्मिकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियमावली,2014 के नियम 9 के अनुसरण में]

सेवा में
सदस्य,
पवन हंस लिमिटेड

हमने **पवन हंस मिमिटेड (सीईएन यू6200यूपी1985जीओआई129953)** (एतद्वारा कंपनी के नाम से संबोधित) द्वारा लागू सांविधिक प्रावधानों एवं उत्तम निगमित व्यवहारों का अनुसरण किए जाने का साचिविक लेखापरीक्षा किया है । साचिविक लेखापरीक्षा की प्रक्रिया का संचलन निगमित आचरण / सांविधिक अनुपालन के मूल्याकंन का औचित्यपरक आधार प्राप्त करने तथा उनके संबंध में अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए किया गया था।

क. हमारे द्वारा कंपनी की बहियों,प्रपत्रों,कार्य विवरण पुस्तिकाओं,फार्मों एव दाखिल की गई विवरणियां तथा कंपनी द्वारा अनुरक्षित किए गए अन्य रिकार्ड तथा साचिविक लेखापरीक्षा का निर्वाह किए जाने के दौरान कंपनी एवं प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा भी हमें उपलब्ध करपाई गई सूचनाओं के संबंध में की गई जांच के आधार पर हम, एतद्वारा,यह सूचित करते हैं कि हमारे मतानुसार 31 मार्च 2023(लेखापरीक्षा अवधि) को समाप्त वित्तीय वर्ष की समाहित लेखापरीक्षा अवधि के दौरान कंपनी द्वारा यहां सूचीबद्ध सांविधिक प्रावधानों का पूर्णत अनुसरण किया गया है तथा कंपनी में यहां किए गए उल्लेख के अनुसार निदेशक मंडल प्रक्रियाएं एवं अनुसरण की क्रियाविधि,रिपोर्ट किए जाने की शर्त के साथ, यथोचित ढंग से की गई है :

ख. हमने निम्नलिखित प्रावधानों का अनुसरण किए जाने के संदर्भ में 31 मार्च,2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की बहियों, प्रपत्रों, कार्य विवरण पुस्तिकाओं, फार्मों एव दाखिल की गई विवरणियां तथा कंपनी द्वारा अनुरक्षित किए गए अन्य रिकार्ड की जांच की है :

(i) कंपनी अधिनियम,2013 (अधिनियम) तथा उसके अध्यधीन निर्मित नियम ।

(ii) प्रतिभूति संविदा (विनियम) अधिनियम,1956 ('एससीआरए') तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियम **(लेखापरीक्षा अवधि के लिए कंपनी पर लागू नहीं)** ।

(iii) निपेक्षागार अधिनियम,1956 तथा उसके अध्यधीन निर्मित विनियम एवं उपनियम एक हद तक कंपनी पर लागू नहीं ।

(iv) विदेशी मूद्रा प्रबंधन अधिनियम,1999 तथा उसके अंतर्गत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश,समुद्रपारीय प्रत्यक्ष निवेश तथा विदेशी वाणिज्यिक ऋणों के लिए निर्मित नियम तथा विनियम **(लेखापरीक्षा अवधि के लिए कंपनी पर लागू नहीं)** ।

(v) भारतीय प्रतिभूति और विनमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ('सेबी अधिनियम') के अध्यधीन निर्धारित विनियमों एवं दिशानिर्देशों **(लेखापरीक्षा अवधि के लिए कंपनी पर लागू नहीं)**।

(vi) केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के लिए कॉरपोरेट गवनेंस पर दिशानिर्देश, सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी 2010 ('डीपीई दिशानिर्देश') ।

(vii) हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि, कंपनी में प्रचलित अनुपालन प्रणाली के संबंध में, प्रासंगिक दस्तावेजों और उसके अनुसरण में रिकॉर्ड की जांच के आधार पर, नमूना जांच के आधार पर, कंपनी ने आमतौर पर कंपनी के लिए विशेष रूप से लागू कानूनों का अनुपालन किया है, जैसा कि प्रबंधन द्वारा शिनाख्त किया गया है, कंपनी के लिए उनकी प्रयोज्यता की सीमा तक, विमान अधिनियम, 1934 और विमान नियम, 1937, आदि सहित।

ग. हमने नीचे उल्लिखित लागू उपवाक्यों का अनुसरण किए गए जाने के सबंध में भी जांच की है:-

(i) इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सैक्रेटरिज इंडिया (भारतीय कंपनी सचिव संस्थान) द्वारा निदेशक मंडल की बैठकों (एसएस-1) तथा आम सभाओं (एसएस-2) के संबंध में जारी साचिविक मानक।

(ii) शेयर बाजारों के साथ सूचीबद्ध किए जाने के लिए कंपनी द्वारा किए गए अनुबंध **(लेखापरीक्षा अवधि के लिए कंपनी पर लागू नहीं)** ।

घ. समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने निम्नलिखित टिप्पणियों के अधीन उपरोक्त उल्लिखित अधिनियम, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के प्रावधानों का अनुपालन किया है:

(i) वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण 30.12.2022 को आयोजित कंपनी की 37वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में नहीं रखे जा सके (कंपनी द्वारा 3 महीने के लिए समय विस्तार प्राप्त किया गया था) , क्योंकि तब तक C&AG की टिप्पणियाँ प्राप्त नहीं हुई थीं। सीएजी की टिप्पणियों के साथ लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण 19.01.2023 को आयोजित कंपनी की स्थगित 37वीं एजीएम में रखे गए और शेयरधारकों द्वारा अपनाए गए।

(ii) डीपीई दिशानिर्देशों से संबंधित:

क. सरकार द्वारा नियुक्त नामित निदेशकों की संख्या अधिकतम दो तक सीमित रहेगी। ऑडिट अवधि के दौरान 01.02.2023 से 31.03.2023 तक बोर्ड की संरचना डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 3.1.4 के प्रावधानों के अनुरूप नहीं थी, जिसके अनुसार बोर्ड के कम से कम एक तिहाई सदस्य स्वतंत्र निदेशक होने चाहिए।

ख. किन्हीं दो बोर्ड बैठकों के बीच का समय अंतराल तीन महीने से अधिक नहीं होना चाहिए। हालाँकि, कंपनी के रिकॉर्ड को देखने पर, हमने पाया कि दिनांक 31.03.2022 और 29.07.2022 की बोर्ड बैठकों के बीच का समय अंतराल 3 (तीन) महीने से अधिक है।

ग. बोर्ड ने डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार कंपनी पर लागू सभी कानूनों की अनुपालन रिपोर्ट की समीक्षा नहीं की है।

ड. हम आगे इसकी रिपोर्ट करते हैं

(i) कंपनी के निदेशक मंडल का गठन विधिवत रूप से कार्यपालक निदेशकों, गैर-कार्यपालक निदेशकों के उचित संतुलन के साथ किया गया है, सिवाय इसके कि कंपनी के बोर्ड में नामित निदेशकों की नियुक्ति के संबंध में पैरा घ में उल्लेख किया गया है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल की संरचना में जो परिवर्तन हुए अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में किए गए।

(ii) बोर्ड की बैठकें निर्धारित करने के लिए सभी निदेशकों को पर्याप्त नोटिस दिया जाता है, एजेंडा और एजेंडे पर विस्तृत नोट आम तौर पर कम से कम सात दिन पहले भेजे जाते थे, हालांकि, कुछ मामलों में नोटिस और एजेंडा कागजात कम नोटिस के साथ बोर्ड के सहमति से भेजे गए थे ओर बैठक से पहले एजेंडा आइटम पर अधिक जानकारी और स्पष्टीकरण मांगने और प्राप्त करने और बैठक में सार्थक भागीदारी के लिए एक प्रणाली मौजूद है।

(iii) बोर्ड की बैठकों और समिति की बैठकों में सभी निर्णय बहुमत से लिए जाते हैं जैसा कि निदेशक मंडल या बोर्ड की समिति की बैठकों के कार्यवृत्त में दर्ज किया जाता है, जैसा भी मामला हो।

च. हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि :

प्राप्त जानकारी और रखे गए रिकॉर्ड के आधार पर कंपनी में पर्याप्त प्रणाली और प्रक्रिया है जो कंपनी के आकार और संचालन के अनुरूप है ताकि लागू कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों की निगरानी और अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

नोटः इस रिपोर्ट को हमारे सम दिनांक के पत्र के साथ पढ़ा जाना है, जो **"अनुलग्नक क"** के रूप में संलग्न है और इस रिपोर्ट का एक अभिन्न अंग है।

कृते वीएपी एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव
एफआरएनः पी2023यूपी098500
पीयर समीक्षा संख्याः 1083/2021

ह/-
पारुल जैन
मैनेजिंग पार्टनर
एम. नं. F8323
सीपी नंबर 13901
UDIN: F008323E003326924

स्थानः गाजियाबाद
दिनांकः 29.01.2024

अनुलग्नक-'क'

सेवा में,
सदस्यगण,
पवन हंस लिमिटेड

हमारी समान तिथि की रिपोर्ट को इस पत्र के साथ पढ़ा जाना है।

1. सचिवालय रिकॉर्ड क अनुरक्षण का दायित्व कंपनी के प्रबंधन का है। हमारा उत्तरदायित्व हमारे लेखापरीक्षा के आधार पर ऐसे सचिवालय रिकॉर्ड के प्रति अपने मत की अभिव्यक्ति करना है।

2. हमारे द्वारा सचिवालय रिकॉर्डो की सामग्री की परिशुद्धता के संबंध में औचित्यपरक आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा व्यवहारों तथा प्रक्रियाओं का अनुरक्षण किया गया है। यह सत्यापन जांच आधार पर सचिवालय रिकार्ड में उल्लिखित तथ्यों को परिशुद्धता का सुनिश्चय करने के लिए किया गया है। हमारा यह मानना है कि हमारे द्वारा की गई प्रक्रियाएं एवं व्यवहार हमारे मत की अभिव्यक्ति का औचित्यपरक आधार है।

3. कॉर्पोरेट और अन्य लागू कानूनों,नियमों, विनियमों, मानकों के प्रावधानों का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी परीक्षा टेस्ट चेक के आधार प्रक्रियाओं के सत्यापन तक सीमित थी।

4. हमारी लेखापरीक्षा जांच केवल कंपनी द्वारा किए जाने वाले लागू कानूनों के कानूनी अनुपालन तक ही सीमित है, हमने इससे संबंधित व्यावहारिक पहलुओं की जांच नहीं की है।

5. हमने कंपनी के वित्तीय रिकॉर्ड और खातों की पुस्तकों की शुद्धता और उपयुक्तता के साथ-साथ विभिन्न प्रकटीकरणों और रिटर्न में बताए गए मूल्यों और आंकड़ों की शुद्धता की पुष्टि नहीं की है, जैसा कि निर्दिष्ट कानूनों के तहत कंपनी द्वारा प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है, हालांकि हम इस तरह के रिटर्न में दी गई जानकारी पर कुछ हद तक भरोसा किया है।

6. कंपनी द्वारा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर कानूनों जैसे लागू वित्तीय कानूनों के अनुपालन की इस लेखापरीक्षा में समीक्षा नहीं की गई है क्योंकि यह सांविधिक लेखा परीक्षकों और अन्य नामित पेशेवरों द्वारा समीक्षा के अधीन है और इस रिपोर्ट की सामग्री को कंपनी के संबंध में किसी ऑडिटर (ऑडिटरों)/एजेंसियों/प्राधिकारियों द्वारा प्रस्तुत/प्रस्तुत की जाने वाली रिपोर्ट में टिप्पणियों, यदि कोई हो, के साथ संयोजन में पढ़ा जाना चाहिए और अलग नहीं किया जाना चाहिए।

7. आवश्यकता पड़ने पर हमारे द्वारा कानूनों, नियमों तथा विनियमों एवं स्थितियों के घटित होने इत्यादि के संबंध में प्रंबधन से प्रस्तुति प्राप्त की गई है।

8. सांविधिक ऑडिट रिपोर्ट न तो कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता के बारे में आश्वासन है और न ही उस प्रभावकारिता या प्रभावशीलता के बारे में, जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के मामलों का संचालन किया है।

कृते वीएपी एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव
एफआरएनः पी2023यूपी098500
पीयर समीक्षा संख्याः 1083/2021

ह/-
पारुल जैन
मैनेजिंग पार्टनर
एम. नं. F8323 / सीपी नंबर 13901
UDIN: F008323E003326924

स्थानः गाजियाबाद
दिनांकः 29.01.2024

सचिवीय लेखापरीक्षकों द्वारा अपने लेखापरीक्षा रिपोर्ट - वर्ष 2022-23 में किए गए प्रेक्षण के प्रति निदेशक मंडल के उत्तर

प्रेक्षण (i):

(i) भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक से टिप्पणियां प्राप्त न होने के कारण निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित वित्तीय वर्ष 2021-22 के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण दिनांक 30.12.2022 (कम्पनी द्वारा 3 माह का विस्तार प्राप्त किया गया था) को आयोजित कम्पनी की 37वीं वार्षिक आम सभा (एजीएम) में प्रस्तुत नहीं किए जा सके थे। भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों के साथ लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति दिनांक 19.1.2023 को आयोजित कम्पनी की स्थगित 37वीं वार्षिक आम सभा में प्रस्तुत किए गए थे तथा इन्हें शेयरधारकों द्वारा अंगीकार किया गया था।

प्रेक्षण का उत्तर (i) :

भविष्य में अनुपालन के लिए नोट कर लिया है।

लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों से संबंधित प्रेक्षण (ii):

क. सरकार द्वारा नियुक्त नामित निदेशकों की संख्या अधिकतम दो होनी चाहिए। लेखापरीक्षा की अवधि के दौरान दिनांक 1.2.2023 से 31.3.2023 के दौरान निदेशक मंडल का गठन लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देश के खंड 3.1.4 के प्रावधानों के अनुसरण में नहीं है, जिसके अनुसार निदेशक मंडल के सदस्यों में से कम से कम एक तिहाई सदस्य स्वतंत्र निदेशक होने चाहिए।

ख. निदेशक मंडल की दो बैठकों के आयोजन के मध्य तीन माह से अधिक का अंतराल नहीं होना चाहिए। तथापि, कम्पनी के रिकार्ड के अध्ययन से, हमें यह ज्ञात हुआ है कि दिनांक 31.3.2022 तथा 29.7.2022 को आयोजित निदेशक मंडल की बैठकों में 3 (तीन) माह से अधिक का अंतराल है।

ग. निदेशक मंडल द्वारा कम्पनी के संबंध में लागू सभी विधियों से संबंधित अनुपालन रिपोर्ट की समीक्षा नहीं की गई है।

प्रेक्षण (ii) के उत्तर :

(क) कम्पनी के निदेशक मंडल का गठन प्रशासनिक मंत्रालय यथा नागर विमानन मंत्रालय द्वारा किया गया है। लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार निदेशक मंडल का गठन किए जाने का मामला नागर विमानन मंत्रालय के सम्मुख प्रस्तुत किया गया है।

(ख) भविष्य में अनुपालन के लिए नोट कर लिया है।

(ग) भविष्य में अनुपालन के लिए नोट कर लिया है।

कृते एवं निदेशक मंडल के निमित्त

ह/-

(संजीव राजदान)

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

दिनांक : 22 जुलाई, 2024

स्थान : नोएडा

निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अनुबंध 'ड.'
फार्म संख्या एओसी -2

(अधिनियम की धारा134 उप-धारा (3) के खंड वाक्य (एच) तथा कम्पनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 8(2) के अनुसरण में।)

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 की उप-धारा (1) में संदर्भित संबद्ध पार्टियों के साथ कम्पनी द्वारा तत्संबंधी तीसरे परन्तुक के अंतर्गत किए गए आर्म्स लैंथ संव्यवहारों सहित किए गए अनुबंध / की गई व्यवस्थाओं के विवरणों के प्रकटीकरण का फार्म ।

1. आर्म्स लैंथ के अलावा किए गए अनुबंधों अथवा की गई व्यवस्थाओं अथवा किए गए संव्यवहारों का विवरण

क्र.सं.	(क) संबद्ध पार्टी का/के नाम तथा संबंद्धता		(ख) अनुबंध / व्यवस्थाओं / संव्यवहारों का स्वरूप	(ग) अनुबंध / व्यवस्थाओं / संव्यवहारों की अवधि	(घ) अनुबंध की प्रमुख शर्तें अथवा		(ड.) निदेशक मंडल द्वारा दिए गए अनुमोदन की तिथि (तिथियां), यदि कोई हों	(च) अग्रिम के रूप में चुकता राशि, यदि कोई हो	(छ) अग्रिम के रूप में चुकता राशि, यदि कोई हो	(ज) धारा 188 के प्रथम परंतुक के अंतर्गत की गई अपेक्षा के अनुसार किस तिथि को आम बैठक में विशेष संकल्प पारित किया गया
	नाम	सम्बद्धता			प्रमुख शर्तें	संव्यवहार मूल्य (रुपए मिलियन में)				
शून्य										

2. आर्म्स लैंथ आधार पर किए गए अनुबंध अथवा व्यवस्थाएं अथवा संव्यवहारों का विवरण

क्र.सं.	(क) संबद्ध पार्टी का/के नाम तथा संबंद्धता		(ख) अनुबंध / व्यवस्थाओं / संव्यवहारों का स्वरूप	(ग) अनुबंध / व्यवस्थाओं / संव्यवहारों की अवधि	(घ) अनुबंध की प्रमुख शर्तें अथवा		(ड.) निदेशक मंडल द्वारा दिए गए अनुमोदन की तिथि (तिथियां), यदि कोई हों	(च) अग्रिम के रूप में चुकता राशि, यदि कोई हो
	नाम	सम्बद्धता			प्रमुख शर्तें	संव्यवहार मूल्य (रुपए मिलियन में)		
1	तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड	एसोसिएट	हेलीकॉप्टर सेवाओं के लिए राजस्व	वित्त वर्ष 2022-23 के लिए	आईसीबी के माध्यम से अनुबंध	12086.57		
2	तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड	एसोसिएट	प्रदत्त सेवाओं पर विदेशी मुद्रा लाभ (हानि)	वित्त वर्ष 2022-23 के लिए	वास्तविक	शून्य		
3	तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड	एसोसिएट	तेल एवं प्राकृतिक गैस लिमिटेड द्वारा एलडी प्रभार	वित्त वर्ष 2022-23 के लिए	वास्तविक	190.66		

अनुलग्नक-च

निदेशक मंडल की वर्ष 2022-23 की रिपोर्ट में शामिल किए जाने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्वों के क्रियाकलापों की वार्षिक रिपोर्ट

1. कम्पनी द्वारा प्रक्रिया के लिए प्रस्तावित परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों एवं इसके वेब-लिंक के परिदृश्य सहित कम्पनी की कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति की संक्षिप्त रुपरेखा

पवन हंस लिमिटेड के निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 2 मई, 20.17 को आयोजित अपनी 158वीं बैठक में कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 135, कारपोरेट मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी कम्पनी (कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियमावली, 2014 तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए लोक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक नीति (सीएसएस) एवं संवहनीयता के संबंध में जारी दिशानिर्देशों (लो.उ.वि. दिशानिर्देश) में उल्लिखित कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति की रूपरेखा के अनुरूप पवन हंस लिमिटेड की कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व एवं सवंहनीयता के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया था।

यह कम्पनी अधिनियम की अनुसूची VII में सूचीबद्ध क्रियाकलापों की स्पष्ट व्याख्या के अनुसार पवन हंस लिमिटेड द्वारा भारत के भौगोलिक क्षेत्र की सीमाओं में प्रमुखतः समाज के सुविधाहीन वंचित, निर्धन वर्ग के हितार्थ एवं पर्यावरण के लिए निर्वाह किए जा रहे सभी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व परियोजनाओं / कार्यक्रमों के लिए लागू है।

नीति के अनुसार परियोजनाओं / कार्यक्रमों का निर्धारण तथा उनके लिए आवंटित किया जाने वाला बजट योग्य कार्यान्वयन एजेंसियों के समावेश, आवश्यक मूल्यांकन एवं अपेक्षित प्रतिफल की स्पष्ट प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व परियोजनाओं / कार्यक्रमों के संबंध में निम्नलिखित घटकों को यथासंभव विचार में लिया जाता है:

1. आवश्यक / व्यवहार्य समझे जाने पर आवश्यकता आधारित मूल्यांकन / बेसलाइन सर्वेक्षण/ अध्ययन ;
2. संज्ञान किए गए क्षेत्रों तथा भौगोलिक क्षेत्रों के लिए विशिष्ट एवं मापनयोग्य प्रयोजक / लक्ष्यों का निर्धारण करना;
3. परियोजना का निर्माण करना तथा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करना;
4. समय सीमाओं का निर्धारण करना - उनके संबंध में प्रारम्भ तिथि एवं समापन तिथि का स्पष्ट उल्लेख करना;
5. वार्षिक वित्तीय निर्धारण विनिर्दिष्ट करना;
6. लाभग्राहियों (जहां संभव हो नाम के साथ) की स्पष्ट पहचान का उल्लेख करना;
7. परियोजना / कार्यक्रम की पूर्ण अवधि के लिए लक्ष्यों का स्पष्ट निर्धारण करना;
8. कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ करार निष्पादित करना एवं हस्ताक्षर करना;
9. विस्तृत एवं सहमत दस्तावेज प्रक्रिया तैयार करना तथा उसका कार्यान्वयन करना;
10. सुदृढ़ आवधिक समीक्षा करना तथा निगरानी करना;
11. अनिवार्य रिपोर्टिंग।

कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व एवं संवहनीयता समिति द्वारा अलग अलग कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व परियोजनाओं / कार्यक्रमों के लिए ध्यान दिए जाने वाले क्षेत्रों एवं बजट का निर्धारण सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा गैर सरकारी / निजी एजेंसियों सहित विभिन्न सरकारी विभागों से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर प्रारंभ में प्रथम स्तर (कनिष्ठ) स्तर पर तथा उसके पश्चात दूसरे स्तर (वरिष्ठ) पर किया जाता है।

पवन हंस लिमिटेड की वेबसाइट www.pawanhans.co.in में कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व एवं संवहनीयता नीति के क्रियाकलापों तथा दिनांक 28.2.2014, 6.8.2014, 24.10.2014 एवं 23.5.2016 की सरकारी राजपत्र अधिसूचनाओं, लोक उद्यम विभाग के दिनांक 21.10.2014 के कार्यालय ज्ञापन , कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के दिनांक 28.6.2014 के सामान्य परिपत्र संख्या 21/2014, दिनांक 12.1.2016 के 01/2016, दिनांक 16.5.2016 के 05/2016 तथा लोक उद्यम विभाग के दिनांक 10.12.2018 के कार्यालय ज्ञापन संख्या सीएसआर-08/002/2018-डीआर (सीएसआर) जैसे अन्य दस्तावेजों के लिए लिंक उपलब्ध करवाए गए हैं।

2. कॉर्पोरेट सामाजिक समिति की संरचना

पवन हंस लिमिटेड के निदेशक मंडल की कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व समिति में निम्नलिखित सदस्य हैं:-

i) श्रीमती अमी मनीष पारिख, स्वतंत्र निदेशक, अध्यक्ष

ii) श्री पदम लाल नेगी, संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, नागर विमानन मंत्रालय एवं निदेशक, पवन हंस लिमिटेड - सदस्य

iii) श्री नवीन कुमार सोनी, स्वतंत्र निदेशक, सदस्य

3. पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान कम्पनी का औसत लाभ विवरण :-

नीचे दिए गए विवरण के अनुसार कम्पनी का पिछले तीन वर्षों के दौरान औसत निवल लाभ नकारात्मक है:-

(रुपए लाख में)

विवरण	2019-20	2020-21	2021-22
धारा 198 के अंतर्गत लाभ	(-) 10996.96	(-) 3317.07	(-) 1006.11
पिछले तीन वर्षों में धारा 135 के अंतर्गत औसत लाभ	(-) 5106.71 (15320.14 / 3)		

4. निर्धारित कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व व्यय (ऊपर मद 3 की राशि का दो प्रतिशत)

ऊपर तालिका 3 में दी गई स्थिति के अनुसार पिछले तीन वर्षों में औसत लाभ नकारात्मक होने के कारण वित्तीय वर्ष 2022-23 में कोई कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व व्यय नहीं किया गया है।

5. वित्तीय वर्ष के दौरान किए गए कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व व्यय का विवरण।

औसत लाभ नकारात्मक होने के कारण वित्तीय वर्ष 2022-23 में कोई कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व व्यय नहीं किया गया है।

(क) वित्तीय वर्ष में व्यय की जाने वाली कुल राशि - शून्य

(ख) व्यय न की गई राशि, यदि कोई हो - लागू नहीं

6. यदि कम्पनी द्वारा पिछले तीन वर्षों के अपने निवल लाभ के औसत की दो प्रतिशत राशि अथवा उसके किसी भाग का व्यय नहीं किया गया है तो कम्पनी ऐसी राशि का व्यय न करने के कारण अपने निदेशक मंडल की रिपोर्ट में उपलब्ध करवाने चाहिए।

यह लागू नहीं है क्योंकि कम्पनी से वित्तीय वर्ष 2022-23 में कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व क्रियाकलापों के लिए किसी राशि के व्यय की अपेक्षा नहीं है।

7. **कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व समिति का इस आशय का उत्तरदेयता विवरण कि कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति का कार्यान्वयन एवं मॉनीटरिंग कम्पनी के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व उद्देश्यों एवं नीति के अनुसार किया गया है।**

यह प्रमाणित किया जाता है कि कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति का कार्यान्वयन एवं मॉनीटरिंग कम्पनी के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व उद्देश्यों एवं नीति के अनुसार सभी पूर्व परियोजनाओं / कार्यक्रमों के संबंध में किया गया है।

ह/-
संजीव राजदान
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,
पवन हंस लिमिटेड

ह/-
अमी मनीष पारिख
अध्यक्ष, कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व समिति,
पवन हंस लिमिटेड

दिनांक : 22 जुलाई, 2024
स्थान : नोएडा

अनुलग्नक-छ

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) (ख) के अंतर्गत 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के पवन हंस लिमिटेड के वित्तीय विवरणों पर की गई टिप्पणियों के उत्तर

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां	निदेशक मंडल के उत्तर
1. लाभप्रदत्ता के संबंध में टिप्पणियां **लाभ एवं हानि लेखा** **अन्य व्ययः 4,272.59 लाख रुपए (नोट सं. 28)** वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा 681.35 लाख रुपए मूल्य के इनवॉयस पवन हंस लिमिटेड के नाम मासिक ड्राई लीज प्रभारों तथा प्रशिक्षण प्रभारों के संबंध में जारी किए गए थे। तथापि, उपर्युक्त इनवॉयस में से पवन हंस लिमिटेड ने केवल 550.07 रुपए की ही स्वीकृति अन्य व्यय के रूप में की है तथा 131.28 लाख रुपए के अलेखित शेष को छोड़ दिया है। इसके परिणामस्वरूप ''अन्य व्यय'' तथा ''चालू देयता'' की न्यूनोक्ति और इसके परिणामस्वरूप वर्ष के संबंध में 131.28 लाख रुपए की हानियों की न्यूनोक्ति हुई है।	चूकवश एचएएल के 131.28 लाख रुपए की राशि के दो बिलों का लेखांकन वित्तीय वर्ष 2022-23 में नहीं किया गया था। इन्हें अब, 57.00 लाख रुपए तथा 74.28 लाख रुपए की राशि के लिए क्रमशः दिनांक 30.8.2023 के वाउचर संख्या एनआर/एसवी/2023-24/830 तथा दिनांक 19.3.2024 के वाउचर संख्या एनआर/एसवी/2023-24/1748 द्वारा प्रभारित कर लिया गया है।
2. गैर चालू परिसम्पतियों की वित्तीय स्थिति पर टिप्पणियां **पूंजी कार्य प्रगति पर - 112.75 लाख रुपए (नोट 3.1).** उपर्युक्त में पवन हंस लिमिटेड, जुहू एयरोड्राम तथा मुम्बई में भवनों की छतों पर वाटर प्रूफिंग उपचार के प्रति किए गए मरम्मत कार्य पर 37.25 लाख रुपए की व्यय की गई राशि शामिल है। उपरोक्त कार्य का स्वरूप मरम्मत एवं अनुरक्षण होने के कारण, इस पर हुए व्यय को अन्य व्यय में प्रभारित किया जाना चाहिए था। इसके परिणामस्वरूप, पूंजी कार्य प्रगति पर में 37.25 लाख रुपए का अतिकथन तथा अन्य व्यय में समान राशि की न्यूनोक्ति हुई है। इसके परिणामस्वरूप, वर्ष के दौरान हुई हानि में भी 37.25 लाख रुपए की न्यूनोक्ति हुई है। इस मामले की ओर वर्ष 2021-22 में भी ध्यान आकर्षित किया गया था, तथापि, प्रबंधन द्वारा कोई सुधार कार्रवाई नहीं की गई है।	12.30 लाख रुपए की राशि वित्तीय वर्ष 2022-23 से संबंधित है जबकि 24.95 लाख रुपए की राशि वित्तीय वर्ष 2021-22 से संबंधित है। अनजाने में वित्तीय वर्ष 2022-23 में सुधार प्रविष्टि नहीं की गई थी तथा यह राशि पश्चिम क्षेत्र में पूंजी कार्य प्रगति पर के अंतर्गत दर्शाई गई थी। वित्तीय वर्ष 37.25 लाख रुपए के लिए दिनांक 3.11.2023 को जीवी संख्या डब्ल्यूआर/जेवी/2023-24/0650 के माध्यम से आवश्यक समायोजन प्रविष्टियां कर ली गई थी।

3.	**नकदी प्रवाह विवरण के संबंध में टिप्पणियां** पवन हंस लिमिटेड ने अपनी लेखा बहियों में 340.40 रुपए की ब्याज आय का लेखांकन सावधि जमा पर ब्याज उपचय के रूप में किया है जिसमें 135.64 लाख रुपए की सावधि जमा पर प्राप्त ब्याज उपचय की राशि शामिल है। इसके संबंध में पवन हंस लिमिटेड परिचालन क्रियाकलापों से नकदी प्रवाह का आकलन किए जाने के दौरान अन्य वित्तीय परिसम्पतियों में 'बढ़त/घटत' के अंतर्गत 135.64 लाख के प्रभाव को विचार में लिया है। इसके अलावा, 135.64 लाख रुपए के ब्याज उपचय सहित 340.40 लाख रुपए की कुल ब्याज आय को भी निवेश क्रियाकलापों से प्राप्त नकदी प्रवाह का आकलन किए जाने के दौरान विचार में लिया गया है। इंड एएस 7 के अनुसार नकदी से प्राप्त ब्याज को ही केवल निवेश क्रियाकलापों में शामिल किया जाना अपेक्षित है, तथापि प्रबंधन ने निवेश क्रियाकलापों से 135.64 लाख रुपए के ब्याज उपचय के प्रभाव को विचार में लिया है जो इंड एएस 7 के अनुपालन में नहीं है। इसके परिणामस्वरूप निवेश क्रियाकलापों से नकदी प्रवाह में 135.64 लाख रुपए का अतिकथन तथा परिचालन क्रियाकलापों से नकदी प्रवाह में समान राशि की न्यूनोक्ति हुई है।	सदैव की भांति, परिचालन आय ज्ञात करने के लिए बैंक जमा से प्राप्त 340.40 लाख रुपए की ब्याज आय को कर पूर्व निवल लाभ / हानि में से घटा लिया गया था तथा इसके संबंध में नकदी प्रवाह विवरण में निवेश क्रियाकलापों के रूप में भी विचार किया गया था। चालू परिसम्पतियों / देयताओं में बढ़त / घटत का आकलन करने के दौरान सावधि जमा में से 135.64 लाख रुपए के ब्याज उपचय को विचार में लिया गया था। तदनुसार, निवल प्रभाव केवल 204.76 लाख रुपए का है। इसे इंड एएस के अनुसार अप्रत्यक्ष विधि के अंतर्गत भी किया गया था।

4. लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के संबंध में टिप्पणियां	
1. इंड एएस 36 में किसी इकाई से प्रत्येक रिपोटिंग अवधि के अंत में यह ज्ञात करने के लिए मूल्यांकन करने की अपेक्षा की गई है कि क्या किसी परिसम्पति में क्षमता हानि के संकेत हैं अथवा नहीं हैं। यदि ऐसे कोई संकेत होते हैं तो इकाई से परिसम्पति से वसूलीय राशि के अनुमान आंकने की अपेक्षा की गई है। तथापि, कम्पनी ने ऐसे क्षमता हानि परीक्षण नहीं किए हैं। सांविधिक लेखापरीक्षकों ने अपनी रिपोर्ट में इस न्यूनता की ओर ध्यान आकर्षित किया है।	भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर की गई टिप्पणियों के संबंध में सांविधिक लेखापरीक्षकों से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है।
सांविधिक लेखापरीक्षकों ने अपनी संशोधित रिपोर्ट में "प्रतिकूल मत के आधार" के पैरा 1क में यह उल्लेख किया है कि "51 % शेयरधारिता का मूल्य 199.92 करोड़ रुपए होने के मूल्यांकन को ध्यान में लेते हुए कम्पनी का कुल मूल्यांकन मूल्य 399.84 करोड़ रुपए है। 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों के अनुसार कम्पनी की निवल सम्पति 902.55 करोड़ रुपए है। वित्त मंत्रालय द्वारा किए गए मूल्यांकन के अनुसार निवल सम्पति तथा कम्पनी के मूल्यांकन में भिन्नता के कारण क्षमता हानि 502.71 करोड़ रुपए है।" सांविधिक लेखापरीक्षक ने क्षमता हानि का मूल्यांकन पवन हंस लिमिटेड में 51 प्रतिशत स्टेकधारिता के आधार पर किया है। तथापि, सांविधिक लेखापरीक्षक का कम्पनी के मूल्यांकन के संबंध में किया गया प्रेक्षण, निम्नलिखित कारणों से, किसी भी आधार पर क्षमता हानि के आकलन का आधार नहीं माना जा सकता है:-	भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर की गई इस टिप्पणी के प्रति निदेशक मंडल सहमत है कि सांविधिक लेखापरीक्षक द्वारा प्रतिकूल मत के निर्धारण के लिए लिया गया आधार पर्याप्त नहीं है।
1. कम्पनी के संबंध में किया गया मूल्यांकन सम्पूर्ण कम्पनी के लिए तथा कम्पनी के विनिवेश के उद्देश्य से किया गया है, जबकि अक्षमता हानि की प्रक्रिया केवल कुछ परिसम्पतियों के वर्ग के लिए की जाती है तथा यह सम्पूर्ण कम्पनी के लिए नहीं की जाती है। इंड एएस 36 (परिसम्पतियों की क्षमता हानि से संबंधित) मालसूची, निर्माण अनुबंधों से उत्पन्न परिसम्पतियों, आस्थगित कर परिसम्पतियों,	

	वित्तीय परिसम्पतियों, बिक्री के धारित के रूप में वर्गीकृत गैर-चालू परिसम्पतियों के मामले में लागू नहीं है।	
2.	विनिवेश के उद्देश्य से किए गए कम्पनी के मूल्यांकन तथा वर्ष 2022-23 के वित्तीय विवरणों के अनुमोदन में विचारणीय समय अंतराल है क्योंकि मूल्यांकन से संबंधित कार्य दिसम्बर, 2020 से पूर्व किया गया था। इसके अलावा, विनिवेश की प्रक्रिया अब चूंकि समाप्त हो चुकी थी अतः किए गए मूल्यांकन का उद्देश्य भी समाप्त हो चुका था। उपरोक्त को विचार में रखते हुए, कम्पनी के विनिवेश के उद्देश्य से किया गया यह मूल्यांकन रिपोर्टिंग अवधि अर्थात वर्ष 2022-23 के अंत में स्थिर परिसम्पतियों की अक्षमता हानि के निर्धारण का आधार नहीं हो सकता है। इसके अलावा, यह इंड एएस 36 के पैराग्राफ 9 के अनुपालन में भी नहीं है जिसमें यह उल्लेख है कि ''इकाई को प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में मूल्यांकन करके यह ज्ञात करना चाहिए कि क्या किसी परिसम्पति में अक्षमता के संकेत हैं अथवा नहीं हैं। यदि ऐसे कोई संकेत होते हैं तो इकाई द्वारा परिसम्पतियों से वसूलीय राशि के अनुमान आंकने चाहिए।''	
3.	इंड एएस 36 के अनुसार अक्षमता के आकलन की एक निर्दिष्ट विधि है जिसके अंतर्गत वसूलीय राशि का निर्धारण करना होता है, तथापि, विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की रिपोर्ट उपलब्ध न होने के कारण से यह निष्कर्ष नहीं किया जा सकता है कि क्या परिसम्पतियों का मूल्यांकन इंड एएस 36 के अनुसरण में किया गया है अथवा नहीं किया गया है। **उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए सांविधिक लेखापरीक्षक द्वारा अक्षमता हानि के संबंध में की गई प्रक्रिया प्रतिकूल मत के निर्धारण के आधार के रूप में पर्याप्त नहीं है।**	

2. प्रतिकूल मत के आधार के रूप में स्वतंत्र निदेशक की रिपोर्ट के पैरा 10(ग)(iii) में यह उल्लेख है कि ''उत्तरी क्षेत्र में 6676.55 लाख रुपए की राशि के ईसीएल प्रावधान बहियों में प्रभारित किए गए हैं, तथापि, परामर्शदाता द्वारा जारी दिनांक 13.10.2023 के ईसीएल प्रमाणपत्र के अनुसार 6695.94 लाख रुपए की राशि के ईसीएल प्रावधान किए जाने चाहिए थे''। इसके अलावा, स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की ''अन्य'विधिक एवं विनियामक अपेक्षाओं की रिपोर्ट'' के पैरा 2(ख) में उत्तरी क्षेत्र के लेखों की लेखापरीक्षा सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा किए जाने का उल्लेख है। उपरोक्त तथ्य को विचार में लेते हुए, सांविधिक लेखापरीक्षकों को उत्तरी क्षेत्र के लेखों के नोट संख्या 32 (प्रावधान मूवमेंट) में शामिल प्रकटीकरण को विचार में लेना चाहिए था जिसमें यह स्पष्ट दर्शाया गया है कि रोहिणी हेलीपोर्ट से संबंधित 19.39 लाख रुपए की ईसीएल की राशि का समायोजन बहियों में किया गया है। **उपर्युक्त पर विचार न किए जाने से, इसके संबंध में सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट अपूर्ण है।**	भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर की गई टिप्पणियों के संबंध में सांविधिक लेखापरीक्षकों से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर की गई टिप्पणियों के प्रति निदेशक मंडल सहमत है।
5. अन्य टिप्पणी **इक्विटी एवं देयताएं** **चालू देयताएं** **व्यापार देय 6,739.49 लाख रुपए (नोट सं. 19)** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों से संबंधि 104.66 लाख रुपए के व्यापार देय की तुलन पत्र में अलग से प्रस्तुति नहीं की गई है जो कि कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा अधिसूचित कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III के संशोधित प्रारूप के अनुसार नहीं है।	इसका अनुपालन अनुवर्ती वर्षों में किया जाएगा।

कृते एवं निदेशक मंडल के निमित्त

ह/-
(संजीव राजदान)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

दिनांक : 22 जुलाई, 2024
स्थान : नोएडा

वित्तीय अंश
2022-23 के लिए

आय के स्रोत





लागत संरचना



जनशक्ति विवरण



परिचालन से राजस्व, परिचालन लाभ और शुद्ध लाभ



राजस्व उड़ान घंटे



राजस्व



संपत्ति संयंत्र एवं उपस्कर



पवन हंस लिमिटेड
वर्ष 2018-19 से 2022-23 के लेखापरीक्षित लेखों का संक्षेप सार

रु. करोड़ में

विवरण	अनुपात	2022-23 (इंड एएस)	2021-22 (इंड एएस)	2020-21 (इंड एएस)	2019-20 (इंड एएस)	2018-19 इंड एएस)
संसाधन						
निवल सम्पत्ति		90255.39	97000.66	98155.61	101011.02	101781.98
गैर-चालू देयताएं						
-ऋण निधियां –प्रतिभूत ऋण		-	-	67.60	853.10	1,323.52
-अन्य दीर्घकालिक देयताएं		11067.87	18164.21	755.89	873.72	33.57
-दीर्घकालिक प्रावधान		4695.52	4391.56	4302.9	3913.05	3470.57
-आस्थगित कर देयताएं		10699.6	8933.98	8073.84	9329.72	17280.79
योग		**116718.38**	**128490.41**	**111355.84**	**115980.61**	**123890.43**
संसाधनों का उपयोग						
स्थिर परिसमपत्तियां		140415.26	140758.22	115047.06	109512.59	105064.68
घटाएं:मूल्यह्रास		53294.48	45915.1	38770.44	32861.08	30355.71
निवल स्थिर परिसम्पत्तियां		**87120.78**	**94843.12**	**76276.62**	**76651.51**	**74708.97**
पूंजी कार्य प्रगति पर		112.75	928.92	32.82	12.77	688.73
दीर्घकालिक ऋण एवं अग्रिम		54.66	93.08	100.83	121.43	542.35
अन्य गैर-चालू परिसम्पत्तियां		7356.24	7076.54	6500.51	6717.09	7729.22
अन्य वित्तीय परिसम्पत्तियां		475.70	514.81	520.52	547.28	237.99
निवल कार्यशील पूंजी		21598.24	25033.94	28634.83	31930.53	38605.91
		116718.37	**128490.41**	**112066.13**	**115980.61**	**122513.17**
नियोजित पूंजी		**108831.77**	**120805.98**	**104944.27**	**108594.81**	**114003.61**
आय						
प्रचालनों से राजस्व		41515.96	38512.77	37237.48	34593.16	38115.58
ब्याज / अन्य आय		2688.76	2708.37	2881.32	3081.68	3284.00
योग		**44204.72**	**41221.14**	**40118.80**	**37674.84**	**41399.58**
आउटगोइंग						
हेलीकॉप्टर प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय		14212.13	12395.07	13031.46	14872.99	16646.07
कर्मचारी लाभ व्यय		15758.19	15829.01	16748.39	18016.27	17190.1
वित्त लागतें		803.8	545.38	195.69	284.60	141.62
मूल्यह्रास एवं परिशोधन व्यय		9805.16	9338.07	6599.2	7261.69	7583.57
अन्य व्यय		4272.59	3541.32	5788.78	5615.61	9113.78
योग		**44851.87**	**41648.85**	**42363.52**	**46051.16**	**50675.14**
वर्ष में असाधारण मदों से पूर्व लाभ			(427.71)	(2,244.72)	(8,376.32)	(9,275.56)
अपरिहार्य मदें		-	-	-	-	-
कर पूर्व लाभ		**(647.15)**	**(427.71)**	**(2,244.72)**	**(8,376.32)**	**(9,275.56)**
कराधान के लिए प्रावधान		-	-	90.00	-	-
घटाएं: प्राप्त एमएटी क्रेडिट		-	-	-	-	-
पूर्व वर्षों के लिए कर के प्रावधान		-	-	-	191.21	(10.26)
आस्थगित कर देयता		1709.22	885.14	(1,074.26)	(7,721.26)	(2,906.31)
अन्य व्यापक आय		1,24.37	(55.13)	(400.53)	(506.73)	(129.27)
बंद प्रचालनों से लाभ/(हानि)		-	(498.27)	(484.12)	(499.93)	(561.23)
कर पश्चात निवल लाभ		**(2,232.00)**	**(1,866.25)**	**(2,145.11)**	**(1,852.93)**	**(7,049.49)**
महत्वपूर्ण अनुपात						
क) निवल लाभ अनुपात	निवल लाभ/(हानि) / योग राजस्व	-5.38%	-4.85%	-5.76%	-5.36%	-18.50%
ख) निवेश पर लाभ	निवल लाभ/(हानि) / नियोजित पूंजी	-2.05%	-1.54%	-2.04%	-1.71%	-6.18%
निवल सम्पति पर लाभ	निवल लाभ/(हानि) / निवल सम्पति	-2.47	-1.92%	-2.19%	-1.83%	-6.93%
लंबित नामे संग्रहण (माह)	प्रचालनात्मक नामे / प्रचालन राजस्व का मासिक औसत	4.69	5.98	5.58	5.71	5.31
मालसूची टर्नओवर (माह)	वर्ष एवं मालसूची / प्रचालन राजस्व का मासिक औसत	1.59	1.94	1.59	1.77	1.56
चालू अनुपात	सी.ए. : सी.एल.	2.01	2.14	2.34	2.76	3.11
नामे इक्विटी अनुपात	नामे / इक्विटी	-	-	0.00	0.02	0.02
	नामे / निवल सम्पति	-	-	0.00	0.01	0.01

एस.एस पेरिवाल एंड कम्पनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की संशोधित रिपोर्ट

सेवा में,

पवन हंस लिमिटेड के सदस्यों को संबोधन

ईड एएस वित्तीय विवरणों पर लेखापरीक्षा रिपोर्ट

यह संशोधन लेखापरीक्षा रिपोर्ट हमारी दिनांक 23 जनवरी, 2024 की पूर्व लेखापरीक्षा रिपोर्ट का अधिक्रमण करती है

इंड एएस वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा रिपोर्ट पर, यह संशोधित लेखापरीक्षा रिपोर्ट भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा की गई टिप्पणियों का अनुपालन करने और कंपनी की विनिवेश प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेजी तथ्यों/घटनाओं की व्याकरणिक/टाइपोग्राफ़िक व्याख्या के संबंध में अधिक स्पष्टीकरण और जानकारी प्रदान करने के लिए जारी की गई है, बाद में इसे रद्द कर दिया गया, जिसका उल्लेख 23 जनवरी 2024 की मूल लेखापरीक्षा रिपोर्ट में किया गया है। हालाँकि, यह तथ्य कि विनिवेश प्रक्रिया को बाद के चरण में 03 जुलाई 2023 को रद्द कर दिया गया है, अब विशेष रूप से उल्लेख किया गया है और "मत के आधार" के बिंदु संख्या 1 ए में स्पष्ट रूप से खुलासा किया गया है। संशोधित लेखापरीक्षा रिपोर्ट,जिसके लिए केवल वित्तीय विवरणों के नोट संख्या 32XXV का संदर्भ हमारी मूल लेखापरीक्षा रिपोर्ट दिनांक 23 जनवरी 2024 में "मत के आधार" के बिंदु संख्या 1 ए में दिया गया था।

प्रतिकूल मत

हमने पवन हंस लिमिटेड ("कंपनी") के संलग्न इंड ए एस वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च 2023 की स्थिति के अनुसार तुलन पत्र तथा लाभ एवं हानि विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), इक्विटी परिवर्तन विवरण एवं समाप्त वर्ष के अनुसार रोकड़ प्रवाह विवरण तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का संक्षेप एवं अन्य स्पष्टीकरण सूचना (इसका उल्लेख एतद्वारा "इंड एएस वित्तीय विवरणों" के रूप में किया जाएगा) के साथ साथ भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा पश्चिम क्षेत्र की लेखा परीक्षित रिपोर्ट शामिल की गई है।

हमारे मत तथा हमारे पास उपलब्ध सूचना एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार कम्पनी के कार्यों तथा अन्य व्यापक आय, नकदी प्रवाह विवरण एवं उपर्युक्त तिथि को समाप्त वर्ष के इक्विटी परिवर्तन विवरणों के संबंध में, उपर्युक्त इंड एएस वित्तीय विवरण, हमारी रिपोर्ट प्रतिकूल मत भाग के अंतर्गत प्रकटीकरण किए गए महत्वपूर्ण मामलों के कारण, यथासंशोधित कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 (''इंड एएस) के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानकों तथा भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप सत्य एवं स्वच्छ छवि की प्रस्तुति नहीं करते हैं।

हमारे द्वारा किया गया इंड ए एस वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षा कार्य अधिनियम की धारा143(10) में किए गए विनिर्देशन के अंतर्गत सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा परीक्षा मानकों का अनुसरण करते हुए किया गया है। इन मानकों के अंतर्गत हमारे उत्तरदायित्वों का उल्लेख हमारी रिपोर्ट में इंड एएस वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण के लिए लेखापरीक्षकों के दायित्व खंड में किया गया है। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी आचार संहिता के अनुसार हम कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों तथा उसके अध्याधीन निर्मित नियमों के अंतर्गत वित्तीय विवरणों के संबंध में हमारा लेखा परीक्षण सम्बद्ध स्वतंत्र अपेक्षाओं के साथ आचार अपेक्षाओं के अनुरूप किया गया है तथा हमारे द्वारा इन आचार अपेक्षाओं एवं भारतीय सनदी लेखाकार (आईसीएआई) द्वारा जारी आचार संहिता की अपेक्षाओं के अनुरूप अपने उत्तरदायित्वों का पालन किया गया है। हमारा यह मानना है कि इंड एएस स्टेंडएलोन इंड एएस वित्तीय विवरणों के संबंध में हमारा लेखा परीक्षा प्रतिकूल मत प्रस्तुत करने के आधार के लिए हमारे द्वारा प्राप्त किए गए लेखा परीक्षा साक्ष्य पर्याप्त एवं उपर्युक्त हैं।

प्रतिकूल मत का आधार

1. पवन हंस लिमिटेड के विनिवेश के लिए रणनीतिक खरीदार को मंजूरी दे दी गई थी और रणनीतिक खरीदार अर्थात स्टार9 मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड (उच्चतम बोली लगाने वाले) की वित्तीय बोली 29 अप्रैल 2022 को रणनीतिक रूप से 51% पीएचएल हिस्सेदारी का विनिवेश करने के लिए स्वीकार कर ली गई थी। हालांकि, की पीआईएम और आरईएफ के प्रावधानों के संदर्भ में बोलीदाता को अयोग्य ठहराया गया । रणनीतिक विनिवेश के लिए ईओआई प्रक्रिया 3 जुलाई, 2023 को रद्द कर दी गई,जैसा कि वित्तीय विवरण के नोट संख्या 32XXV में निर्दिष्ट है।

   वित्त मंत्रालय, प्रेस सूचना ब्यूरो विज्ञप्ति दिनांक 29 अप्रैल, 2022 में उपलब्ध और उल्लिखित जानकारी के अनुसार, पीएचएल की 51% शेयरधारिता की बिक्री के लिए आरक्षित मूल्य 199.92 करोड़ रुपए तय किया गया था, जबकि बोली लगाने वाले का मूल्य 211.14 करोड़ रुपए था। विशेषज्ञों (लेन-देन सलाहकार और परिसंपत्ति मूल्यांकनकर्ता) द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर, 51% हिस्सेदारी के मूल्यांकन 199.92 करोड़ रुपए को ध्यान में रखते हुए, कंपनी का कुल मूल्यांकन 399.84 करोड़ रुपये है। 31 मार्च, 2023 तक वित्तीय विवरणों के अनुसार कंपनी की कुल संपत्ति 902.55 करोड़ है। वित्त मंत्रालय द्वारा किए गए मूल्यांकन के अनुसार, कंपनी के मूल्यांकन की तुलना में निवल मूल्य में अंतर के कारण क्षमता हानि 502.71 करोड़ है।

कार्य/गणना इस प्रकार है:-

क्र.सं.	**विवरण**	**मूल्यांकन (पीआईबी परिपत्र दिनांक 29.04.2022 के अनुसार) अर्थात कंपनी का प्रामाणिक बाजार मूल्य**	**31.03.2023 को निवल संपत्ति**	**कंपनी के मूल्यांकन की तुलना में निवल मूल्य में भिन्नता के कारण क्षमता हानि**
1.	मूल्यांकन विशेषज्ञ (लेनदेन परामर्शदाता एवं परिसंपत्ति मूल्यांकक)	399.84 करोड़ रुपए (199.92 करोड़* 2)	902.55 करोड़	502.71 करोड़
2.	स्टार9 मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड (उच्चतम बोलीदाता)	422.28 करोड़ (211.14 करोड़*2)	902.55 करोड़	480.27 करोड़

दिनांक 29.4.2022 को जारी पीआईबी विज्ञप्ति निम्नानुसार पठित है :-

''पवन हंस लिमिटेड में रणनीतिक विनिवेश के अनुमोदित रणनीतिक क्रेता''

''आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति से शक्ति प्राप्त वैकल्पिक तंत्रव्यवस्था, जिसमें श्री नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण, केन्द्रीय वित्त एवं एएमपी; कॉर्पोरेट कार्य तथा श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री शामिल हैं, द्वारा पवन हंस लिमिटेड में भारत सरकार की समग्र शेयरधारिता (शेयरधारिता का 51%) की बिक्री उच्चतम बोलीदाता मैसर्स स्टार9मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड को किए जाने का अनुमोदन दिया गया है।

पवन हंस लिमिटेड, हेलीकॉप्टर और एयरो मोबिलिटी सेवाएं प्रदान करने वाला भारत सरकार तथा ओएनजीसी का एक संयुक्त उद्यम है। भारत सरकार के पास कंपनी की 51% शेयरधारिता है तथा ओएनजीसी के पास शेष 49% शेयरधारिता है। ओएनजीसी द्वारा पहले अपनी समग्र शेयरधारिता का विनिवेश भारत सरकार के रणनीतिक विनिवेश संव्यवहार के अंतर्गत निर्धारित सफल बोलीदाता को उसी समान मूल्य एवं शर्तों के अनुसार किए जाने का निर्णय लिया गया था जो भारत सरकार के साथ तय की गई थी।

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा अक्टूबर, 2016 में पवन हंस लिमिटेड में भारत सरकार की सम्पूर्ण शेयरधारिता के रणनीतिक विनिवेश का अनुमोदन दिया गया था। इसके लिए पूर्वकाल में यह प्रक्रिया किए जाने के तीन प्रयास किए गए थे। प्रथम प्रयास के अंतर्गत रूचि अभिव्यक्ति की प्राप्ति के लिए दिनांक 13 अक्तूबर, 2017 को प्रारंभिक सूचना ज्ञापन (पीआईएम) जारी किया गया था। इसके प्रति प्राप्त चार रूचि अभिव्यक्तियों में से केवल एक ही योग्य पाई गई थी तथा इससे संबंधित संव्यवहार दूसरे चरण में रद्द कर दिया गया था। दिनांक 14 अप्रैल, 2018 को रूचि अभिव्यक्ति की प्राप्ति के लिए प्रारंभिक सूचना ज्ञापन जारी किया गया था जिसमें दो बोलीदाता योग्य पाए गए थे तथा उन्हें अर्हता प्रस्ताव (आरएफपी) जारी किया गया था। रूचि अभिव्यक्ति प्राप्त करने के लिए अंतिम प्रारंभिक सूचना ज्ञापन दिनांक 11 जुलाई, 2019 को जारी किया गया था। इसकी प्रतिक्रिया में प्राप्त चार रूचि अभिव्यक्तियों में से केवल एक ही योग्य पाई गई तथा यह प्रक्रिया रद्द कर दी गई थी। रूचि अभिव्यक्ति प्राप्त करने के लिए यह चौथी पुनरावृति है जो 8 दिसम्बर, 2020 को दोहराई गई थी। इसके प्रति सात रूचि अभिव्यक्तियां प्राप्त हुई तथा चार इच्छुक बोलीदाताओं को योग्य बोलीदाता के रूप में शार्टलिस्ट किया गया था। विस्तृत प्रक्रियाओं के सम्पादन के पश्चात योग्य बोलीदाताओं को अपनी वित्तीय बोली प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था। तीन वित्तीय बोलियां प्राप्त हुई थी।

निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, विशेषज्ञों (लेनदेन सलाहकार एवं परिसम्पति मूल्यांकक) द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर, पवन हंस लिमिटेड की 51% शेयरधारिता की बिक्री के लिए आरक्षित मूल्य 199.92 करोड़ रुपए तय किया गया था। इसके पश्चात बोलीदाताओं की उपस्थिति में तीनों बोलियां खोली गईं। सभी तीन बोलियां मैसर्स बिग चार्टर प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स महाराजा एविएशन प्राइवेट लिमिटेड और मैसर्स अल्मास ग्लोबल अपॉर्चुनिटी फंड एसपीसी के कंर्सोटियम मैसर्स स्टार9 मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में 211.14 करोड़ रुपए की उच्चतम बोली के साथ वैध पाई गईं; जो आरक्षित मूल्य से अधिक था। अन्य दो बोलियां 181.05 करोड़ रुपए तथा 153.155 करोड़ रुपए मूल्य की थी। विस्तृत विचार-विमर्श के बाद, मैसर्स स्टार9 मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड की वित्तीय बोली सरकार द्वारा स्वीकार की गई है।

रणनीतिक विनिवेश लेनदेन प्रक्रिया का कार्यान्वयन मुक्त प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से किया गया था, जो एक बहुस्तरीय परामर्शदात्री निर्णय लेने वाले तंत्र द्वारा समर्थित थी, जिसमें अंतर मंत्रालयी समूह, विनिवेश पर सचिवों का कोर समूह और सशक्त वैकल्पिक तंत्र शामिल था। लेन-देन अब समापन चरण में है। अगले चरण में अवार्ड पत्र जारी करने, शेयर क्रय करार पर हस्ताक्षर करना तथा संव्यवहार समाप्ति की प्रक्रिया की जानी है।

पवन हंस लिमिटेड द्वारा पिछले तीन वर्ष (वित्तीय वर्ष -19, वित्तीय वर्ष-20 तथा वित्तीय वर्ष-21) के दौरान घाटे वहन किए गए हैं। कम्पनी के पास 42 हेलीकॉप्टरों का विमान बेड़ा है जिसमें से 41 हेलीकॉप्टर कम्पनी के स्वामित्व में है। स्वामित्व वाले हेलीकॉप्टरों का औसत उपयोज्यता काल 20 वर्ष है तथा इनमें से तीन चौथाई हेलीकॉप्टरों का विनिर्माण मूल उपकरण विनिर्माता द्वारा नहीं किया जा रहा है। निजीकरण की इस प्रक्रिया से यह संभावना है कि रणनीतिक क्रेता द्वारा अधिक पूंजी के उपयोग से कम्पनी के पुराने विमान बेड़े के स्थान पर नया विमान बेड़ा शामिल किया जाएगा तथा कम्पनी के निष्पादन में सुधार लाया जाएगा।

भविष्य में इसका सामग्रीगत प्रभाव कंपनी के वित्तीय आंकड़ों पर भी हो सकता है। तथापि, वित्तीय विवरणों पर होने वाले ऐसे प्रभाव का परिमाण आंका नहीं जा सकता है।

ख. वित्तीय विवरणों के अनुसार, कंपनी के पास कंपनी की कुल संपत्ति 1381.71 करोड़ रुपए में से 871.21 करोड़ रुपए (अर्थात कुल संपत्ति का 63.05%) की पीपीई है । कंपनी का मूल्यांकन और निवल मूल्य में महत्वपूर्ण भिन्नता है, जो पीपीई की क्षमता हानि परीक्षण के लिए एक संकेत है। इंड एस 36 के अनुसार क्षमता हानि परीक्षण अनिवार्य है और प्रबंधन द्वारा वार्षिक आधार पर आयोजित किया जाना अपेक्षित है।

प्रबंधन द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 की लेखा रिपोर्ट में मामले के प्रभाव पैराग्राफ में दी गई सूचना के अनुसार पिछले वित्तीय वर्ष परिसंपत्तियों यथा पीपीई का

क्षमता हानि परीक्षण नहीं किया गया है । कंपनी द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के संबंध में भी पीपीई का क्षमता हानि परीक्षण नहीं किया गया है। तदनुसार,लेखा बहियों / वित्त से कंपनी कार्यों की सत्य एवं स्वच्छ छवि की प्रस्तुति नहीं होती है । इसलिए, लेखापरीक्षा रिपोर्ट में मत को अर्हक मत के स्थन पर प्रतिकूल मत के रूप में परिवर्तित किया गया है ।

सूचना के बाह्य स्रोत

(क) अवधि के दौरान, किसी परिसम्पति का बाजार मूल्य समय काल के प्रभाव अथवा सामान्य उपयोग की प्रत्याशा से काफी कम होने की स्थिति।

(ख) अवधि के दौरान, जिस प्रौद्योगिकी, बाजार, आर्थिक अथवा विधिक परिवेश में कम्पनी अपने परिचालन करती है अथवा जहां परिसम्पति का उपयोग किया जा रहा है,प्रतिकूल प्रभाव के साथ साथ महत्वपूर्ण परिवर्तन होने की स्थिति।

(ग) अवधि के दौरान बाजार ब्याज दरों अथवा निवेश पर प्रतिफल की अन्य बाजार दरों में वृद्धि होने की स्थिति तथा ऐसी कोई वृद्धि जिनका प्रभाव परिसम्पति के उपयोज्यता मूल्य के आकलन के लिए प्रयुक्त छूट दर पर होने तथा परिसम्पति की वसूली योग्य राशि में सामग्रीगत स्वरूप में कमी होने की संभावना हो।

(घ) इकाई की निवल परिसम्पतियों की वहन कम्पनी के बाजार पूंजीयन से अधिक होने की स्थिति में।

सूचना के आंतरिक स्रोत

(ङ) परिसम्पति का उपयोगी न होने अथवा उसमें किसी भौतिक क्षति का प्रमाण उपलब्ध होने की स्थिति।

(च) अवधि के दौरान इकाई पर प्रतिकूल प्रभाव वाले महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं, अथवा निकट भविष्य में कुछ ऐसी सीमा अथवा स्वरूप में होने की संभावना है जिससे परिसम्पति का उपयोग अथवा संभावित उपयोग प्रभावित हो सकता है। ऐसे परिवर्तनों में परिसम्पति अनुपयोगी होना, उसका उपयोग समाप्त किए जाने की योजना होना अथवा परिसम्पति से सम्बद्ध परिचालन की पुनर्संरचना करना, निपटान की संभावित तिथि से पूर्व परिसम्पति के निपटान की योजना बना, परिसम्पति के उपयोज्यता काल का अनिश्चित के स्थान पर निश्चित काल के लिए पुनर्मूल्यांकन किया जाना शामिल है।

(छ) आंतरिक रिपोर्टिंग से साक्ष्य उपलब्ध है जिनसे यह ज्ञात होता है कि परिसंपत्ति का आर्थिक निष्पादन अपेक्षा से अधिक खराब है अथवा हो सकता है।

आंतरिक रिपोर्टिंग के साक्ष्य उपलब्ध हैं कि परिसंपत्ति ख़राब हो सकती है, जिसमें निम्नलिखित व्याप्त होना शामिल है:

(क) परिसंपत्ति की प्राप्ति के लिए नकदी प्रवाह, अथवा बाद में इसे परिचालनात्मक बनाने अथवा बनाए रखने के लिए अपेक्षित नकदी जो निर्धारित बजट से काफी अधिक है।

(ख) परिसम्पति से वास्तविक निवल नकदी प्रवाह अथवा परिचालनात्मक लाभ अथवा हानि प्रवाह जो निर्धारित बजट से काफी अधिक है। परिचालन लाभ या हानि जो कि निर्धारित बजट के अनुसार लाभकारी नहीं है;

(ग) बजटीय निवल नकदी प्रवाह अथवा परिचालन लाभ में काफी कमी , अथवा परिसंपत्ति से बजटीय घाटे में अत्यधिक बढ़ोतरी; अथवा

(घ) परिसंपत्ति के लिए परिचालन घाटा या शुद्ध नकदी बहिर्वाह, जब वर्तमान अवधि की राशि भविष्य के लिए बजटीय राशि के साथ एकत्रित की जाती है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 की रिपोर्ट के पैराग्राफ 'मामले का प्रभाव' में दी गई सूचना के अनुसार प्रबंधन ने पिछले वित्तीय वर्ष पीपीई अर्थात परिसम्पतियों की क्षमता हानि नहीं की गई थी। चालू वर्ष के दौरान भी चूंकि कम्पनी ने पीपीई का क्षमता हानि परीक्षण नहीं किया तथा ऊपर प्वांइट संख्या 1 में किए गए उल्लेख के अनुसार कम्पनी के मूल्यांकन एवं निवल सम्पति में काफी अधिक भिन्नता / कमी है। तदनुसार, लेखा बहियों / वित्त में कम्पनी ककी सत्य एवं स्वच्छ छवि की प्रस्तुति नहीं हुई है। इस प्रकार, लेखापरीक्षा मत को परिवर्तित करके अर्हक मत से प्रतिकूल मत किया गया है।

2. इंड एएस 37 'प्रावधान, आकस्मिक देयताएं एवं आकस्मिक परिसम्पतियां' का अनुपालन नहीं किया गया है जो कम्पनी के पास लागत केन्द्रों और न ही ग्राहक अनुबंधों के लिए वास्तविक बनाम बजट राजस्व की तुलना के लिए कोई परिभाषित व्यवस्था न होने के कारण है, अतः इस प्रकार दूभर अनुबंधों एवं उनके प्रावधानों, यदि कोई हों, को संज्ञान में नहीं लिया जा सकता है।

3. वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान एक ग्राहक को चार्टर व्यवसाय के अंतर्गत हेलीकॉप्टर उपलब्ध करवाए थे जिसकी उड़ान अवधि के अनुमानित राजस्व के लिए अग्रिम प्राप्त किया जाना था। न तो कोई अग्रिम के तौर पर कोई राशि प्राप्त की गई है और न ही इसकी छूट के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदान किया गया अनुमोदन हमें उपलब्ध करवाया गया है। हमने अनुबंध के विरूद्ध की गई अधिक बिलिंग की ओर भी ध्यान दिया है जो ग्राहक द्वारा कम करवाई गई थी तथा विपणन विभाग द्वारा स्वीकार कर ली गई थी। इसके लिए ग्राहक से प्राप्य कुल 436.79 लाख रुपए की राशि में से ग्राहक से केवल 252.30 लाख रुपए की पुष्टि प्राप्त हुई है। कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2020-21 तथा 2021-22 के दौरान ग्राहक को क्रमशः 101.71 लाख रुपए तथा 76.87 लाख रुपए की राशि का क्रेडिट नोट जारी किया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान शेष 5.91 लाख रुपए की शेष राशि न तो ग्राहक से प्राप्त हुई है और न ही इसकी कोई पुष्टि ही मिली है, इस प्रकार, इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इससे होने वाले प्रभाव के परिमाण का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

4. वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान एक ग्राहक को चार्टर व्यवसाय के अंतर्गत एनटीपीसी हेलीकॉप्टर उपलब्ध करवाए गए थे तथा एनटीपीसी को 91.5% की दर से इसका क्रेडिट प्रदान कर दिया गया था। जैसा कि ऊपर पैरा 3 में उल्लेख किया गया है कि ग्राहक ने उन दिनों की देयताओं के प्रति विवाद किया है जिस दौरान हेलीकॉप्टर स्टैंडबाई था तथा जिसके लिए एनटीपीसी से 46.45 लाख रुपए की वसूली की जानी चाहिए। इसके परिणामस्वरूप राजस्व में 4.32 लाख रुपए की वृद्धि तथा वर्ष के दौरान वाणिज्यिक प्रचालनों की हानि में उपर्युक्त राशि की घटत हुई है। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान लेखा बहियों में और कोई समायोजन / रिवर्सल नहीं किए गए हैं।

5. कम्पनी द्वारा वर्ष 2019-2020 की अवधि में विदेशी मुद्रा में हुए उतार चढ़ाव के प्रति एक ग्राहक के संबंध में 1,078.67 लाख रुपए के बिल न किए गए राजस्व का लेखांकन किया है जो अनुबंध के उल्लंघन में गलती से ग्राहक पर प्रभारित किए गए थे। उपरोक्त राशि का बिल जारी किया गया है जिसकी न तो राशि प्राप्त हुई है और न ही ग्राहक की ओर से इसकी पुष्टि की गई है। इसके अलावा, वर्ष के अंत में 812.44 लाख रुपए की संभावित क्रेडिट हानि की स्वीकृति का लेखांकन राजस्व के रूप में किया गया है। इसके परिणामस्वरूप राजस्व तथा अनुबंध परिसम्पत्तियों में 1,078.67 लाख रुपए की बढ़त, व्यवसाय प्राप्यों की अक्षमता हानि के प्रावधानों में 812.44 लाख रुपए की राशि की बढ़त तथा वर्ष के दौरान जारी प्रचालनों की हानि में 266.23 लाख रुपए की घटत हुई है। कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में 135.06 लाख रुपए की राशि के संभावित क्रेडिट हानि (ईसीएल) के प्रावधान किए हैं। कंपनी ने शेष 131.17 लाख रुपए के बारे में कोई विवरण नहीं दिया है, जो आज तक बकाया है।

6. कम्पनी ने वर्ष के अंत में संविदारत कर्मचारियों यथा बेस सहायकों, हैल्परों सहित उत्तरी क्षेत्र के विभिन्न बेसों तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 तक कम्पनी द्वारा सेवा में लिए गए एसोसिएट पायलटों एवं वर्ष के दौरान सेवा में लिए गए संविदारत कर्मचारियों के संबंध में एक बीमांकक के माध्यम से उपदान बीमांकन मूल्यांकन करवाए हैं। तथापि, हम वेतन सूची/ कम्पनी के कर्मचारियों का डेटा उपलब्ध न होने के कारण बीमांकिक मूल्यांकन रिपोर्ट से कर्मचारियां की संख्या की तुलना / समाधान लेखा बहियों / वित्तीय विवरणों के साथ नहीं कर पा रहे हैं। इससे इंड एएस वित्तीय विवरणों पर होने वाले प्रभाव के परिमाण का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

7. क. कम्पनी द्वारा घटक लेखांकन के अनुसार मूल्यह्रास का आकलन किए जाने के दौरान संज्ञान में लिए गए सभी घटकों, मेन गियर बॉक्स (एमजीबी)

एवं इंजन के अलावा, के संबंध में अवस्थांतरण की तिथि अर्थात 1 अप्रैल, 2015 के लिए "शून्य' उड़ान घंटे विचार में लिए गए हैं। तथापि, ऐसे घटक पहले से ही पूंजीयन किए जाने की अपनी संबंधित तिथि से उपयोग में लाए जा रहे थे। हमें यह स्पष्टीकरण दिया गया है कि 1 अप्रैल, 2015 को प्रत्येक घटक के वास्तविक उड़ान घंटों का संज्ञान किया जाना संभव नहीं है तथा इसे ध्यान में रखते हुए इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभाव का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

ख. वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कॉर्पोरेट कार्यालय में निम्नलिखित परिसम्पत्तियों के संबंध में अत्यधिक मूल्यह्रास प्रभारित किया गया है।

परिसम्पत्ति का नाम	वर्ष के दौरान प्रभारित मूल्यह्रास	वर्ष के दौरान प्रभारित मूल्यह्रास	निवल भिन्नता
एयर कंडीशनर	0.27	0.07	0.20
एयर कंडीशनर	0.27	0.07	0.20
एयर कंडीशनर	0.20	0.06	0.14
कार्यालय उपकरण	0.02	0.03	(0.01)
कम्प्यूटर	2.57	0.21	2.36
कम्प्यूटर	0.97	0.65	0.32
योग	**4.31**	**1.09**	**3.23**

इसके परिणामस्वरूप, वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान राजस्व में 3.23 लाख रुपए कमी तथा परिसम्पत्ति पीपीई में 3.23 लाख रुपए की कमी हुई है।

8. कम्पनी द्वारा दिनांक 1 अप्रैल, 2015 अर्थात अवस्थातंरण की तिथि को सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के वहन मूल्य को उपयोग में लिया गया है। कम्पनी ने प्रत्येक डॉफिन एन3 हेलीकॉप्टर के सन्निहित अनुरक्षण के लिए 40 लाख रुपए तथा प्रत्येक डॉफिन एन हेलीकॉप्टर के सन्निहित अनुरक्षण के लिए 60 लाख रुपए विचार में लिए हैं। ऐसे निर्धारण को युक्तिसंगत नहीं माना जा सकता है तथा तदनुसार इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इससे होने वाले प्रभाव की मात्रा का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

9. पश्चिम क्षेत्र के शाखा लेखापरीक्षकों का ध्यान इस ओर गया है कि कम्पनी तथा दमन एवं दीव प्रशासन के मध्य दिनांक 1 अप्रैल, 2022 से प्रारंभ एक वर्ष की अवधि के लिए एक डॉफिन एसए 365एन हैलीकॉप्टर के पट्टे के संबंध में, दिनांक 12 जनवरी, 2023 को अनुबंध किया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कम्पनी ने दमन एवं दीव प्रशासन को डॉफिन एसए 365एन3 हैलीकॉप्टर उपलब्ध करवाया था तथा इसके संबंध में अनुबंध न होने के कारण दमन एवं दीव प्रशासन को बीजक जारी नहीं किए जा सके थे जिसके कारण बिल की प्रस्तुति एवं वस्तु एवं सेवा कर के भुगतान में देरी हुई है। तथापि, केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 13 के अनुसार क्षेत्र से वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2016 के अंतर्गत सेवाओं की आपूर्ति के समय पर आउटपुट कर देयता (केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर तथा राज्य वस्तु एवं सेवा कर) का भुगतान किया जाना अपेक्षित है तथा जनवरी, 2023 के दौरान इसका अनुपालन नहीं किया गया है। इसके परिणामस्वरूप ब्याज एवं अन्यथा अनुपालन के सांविधिक प्रावधानों के अंतर्गत जुर्माना लगाया जा सकता है।

10. क. पश्चिम क्षेत्र के शाखा लेखापरीक्षकों का ध्यान इस ओर गया है कि कम्पनी की 5.61 लाख रुपए की ऋण एवं अग्रिम प्राप्ति (देयताएं) तथा 25.15 लाख रुपए की व्यवसाय देयताएं पिछले 3 से भी अधिक वर्षों से बकाया हैं। पार्टियों को भुगतान नहीं किए गए हैं तथा कोई पुष्टि प्राप्त नहीं हुई है। इसके परिणामस्वरूप देयताओं का अतिकथन एवं 30.75 लाख रुपए के लाभ की न्यूनोक्ति हुई है।

ख. पश्चिम क्षेत्र के शाखा लेखापरीक्षकों का ध्यान इस ओर गया है कि कम्पनी की व्यवसाय देयताओं में 5.74 लाख रुपए की नामे शेष राशि शामिल है जो 3 वर्ष से अधिक से बकाया है तथा जिसके लिए कम्पनी ने कोई प्रावधान नहीं किए हैं तथा कोई पुष्टि प्राप्त नहीं हुई है। इसके परिणामस्वरूप, परिसम्पतियों का अतिकथन एवं 5.74 लाख रुपए की राशि के लिए लाभ का अतिकथन हुआ है।

ग. i) उत्तरी क्षेत्र (रोहिणी हेलीपोर्ट के अलावा) में वसूलीयोग्य एवं बकाया नामे के बिल वार विश्लेषण के अनुसार ऐसा देखने में आया है कि 3849.18 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 2483.42 लाख रुपए) की राशि के बिल मुख्यतः केन्द्र सरकार / राज्य सरकारों / संघशासित क्षेत्रों के अलावा बाह्य पार्टियों (निजी पीएसयू) से बकाया हैं जिनमें से 566.48 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 509.47 लाख रुपए) तीन से भी अधिक वर्षों से बकाया हैं।

ii) मुख्यतः केन्द्र सरकार / राज्य सरकारों / संघशासित क्षेत्रों से 11782.24 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 11672.81 लाख रुपए) के वसूलीयोग्य एवं बकाया नामे हैं जिनमें से 6548.04 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 6215.65 लाख रुपए) तीन से भी अधिक वर्षों से तथा 2420.02 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 2124.19 लाख रुपए) सात से भी अधिक वर्षों से बकाया हैं।

iii) वर्ष के अंत में आकलन किए गए अनुसार उपयोज्यता काल संभावित क्रेडिट हानि के आधार पर बहियों में 6676.55 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 6251.42 लाख रुपए) के प्रावधान बहियों में अग्रेषित किए गए हैं। बकाया बिलों तथा आंशिक रूप से चुकता बिलों का अनुसरण किया जा रहा है तथा प्रबंधन का यह विचार है कि इनमें से अधिकांश केन्द्र सरकार / राज्य सरकारों/ संघशासित क्षेत्रों से बकाया हैं जिनकी वसूली भविष्य में कर ली जाएगी।

उत्तरी क्षेत्र में 6676.55 लाख रुपए की राशि के ईसीएल प्रावधान बहियों में प्रभारित किए गए हैं, तथापि, परामर्शदाता द्वारा जारी दिनांक 13.10.2023 के ईसीएल प्रमाणपत्र के अनुसार 6695.94 लाख रुपए की राशि के ईसीएल प्रावधान किए जाने चाहिए थे।

उत्तरी क्षेत्र के लेखों तथा ईसीएल प्रमाणपत्र में उल्लिखित देनदारों के अनुसार कुल देनदारों में भिन्नता है। इससे संबंधित विवरण निम्नानुसार है:-

क्र. संख्या	विवरण	रुपए (लाख में)
1.	वित्तीय विवरणों के अनुसार देनदार	15650.69
2.	ईसीएल प्रमाणपत्र के अनुसार देनदार	15695.15
	भिन्नता	44.46

इसके संबंध में मिलान विवरण उपलब्ध न होने के कारण हम कोई टिप्पणी नहीं कर रहे हैं, इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इससे होने वाले प्रभाव को आंका नहीं जा सकता है।

11) क) प्रबंधन ने जीएसटीआर-3बी और जीएसटीआर-2ए/2बी में प्राप्त सेवाओं/क्रय के प्रति दावा किए गए आईटीसी का लेखा बहियों के साथ मिलान प्रदान नहीं किया है। इसके कारण लेखा बहियों में उल्लिखित जीएसटी प्राप्य और देय तथा जीएसटी पोर्टल पर उपलब्ध शेष का मिलान नहीं किया गया है।

ख) संबंधित रिटर्न अर्थात जीएसटीआर 3बी और जीएसटीआर 1 के साथ प्रदान की गई सेवाओं/टर्नओवर का मिलान प्रदान किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

विवरण	उत्तरी क्षेत्र **	कॉर्पोरेट क्षेत्र *
वित्त के अनुसार टर्नओवर (अन्य आय के अलावा)	14,592.78 लाख	48.98 लाख
जीएसटीआर3बी	13,820.12 लाख	53.82 लाख
जीएसटीआर I	14,016. O1 लाख	53.82 लाख
जीएसटीआर 1 एवं वित्तीय विवरणों में भिन्नता	576. 77 लाख	(4.84) लाख

इसके परिणामस्वरूप 576.77 लाख रुपए की राशि के लिए राजस्व का अतिकथन एवं परिसम्पतियों का अतिकथन हुआ है।

* कॉर्पोरेट क्षेत्र में टर्नओवर के लिए मिलान किए गए तथा इनमें भिन्नता पिछले वर्ष किए गए संशोधन एवं स्थिर परिसम्पतियों की बिक्री के कारण है। तथापि, जीएसटी पोर्टल से जीएसटी देय / प्राप्य के मिलान नहीं किए गए हैं।

** उत्तरी क्षेत्र में जीएसटीआर 1, 3बी तथा बहियों के मिलान किए गए हैं। तथापि, समर्थित दस्तावेज उपलब्ध न करवाए जाने के कारण देय / प्राप्य जीएसटी के प्रति जीएसटी पोर्टल से मिलान न किए जाने के कारण इनका सत्यापन नहीं किया जा सकता है।

ग) शाखा लेखापरीक्षकों का ध्यान इस ओर गया है कि कम्पनी, जीएसटी के संबंध में, जीएसटीआर 2ए के साथ उपयोग में लाई गई इनपुटों का समाधान किए जाने की प्रक्रिया कर रही है। इसके परिणामस्वरूप ब्याज का प्रत्यारोपण एवं सांविधिक व्यवस्था का उल्लंघन करने के परिणामस्वरूप अन्य जुर्माने लगाए जा सकते हैं।

12.) i) प्रबंधन द्वारा स्रोत पर कर कटौती तथा लाभ एवं हानि लेखे / लेखा बहियों का समाधान आय कर प्राधिकरण के सम्मुख प्रस्तुत की गई स्रोत पर कर कटौती के विवरणों के साथ किया जा रहा है। कुछ इस प्रकार की स्थितियां प्रकाश में आई हैं जिनमें यह देखा गया है कि व्ययों के लेखांकन में देरी हुई है जिसके परिणामस्वरूप प्राधिकरण को टीडीएस देयता जमा करने में देरी हुई है और क्षेत्र को वर्ष के दौरान टीडीएस राशि देर से जमा करने पर 16.52 लाख रुपए का ब्याज भी देना पड़ा है। इसके अलावा, प्रबंधन ने पार्टियों के व्ययों एवं आंकड़ों मिलान लेखा बहियां से करने में देरी की है। लेखा बहियों में दर्शाया गया टीडीएस देय हमें प्रदान किए गए टीडीएस रिटर्न डेटा से मेल नहीं करता है। इसका परिणामी प्रभाव ब्याज उगाही एवं आय कर अधिनियम, 1961 का अनुपालन न किए जाने पर सांविधिक शास्ति प्रावधानों के अंतर्गत हो सकता है।

ii) उत्तरी क्षेत्र में, 31.3.2023 की लेखा बहियों / वित्तीय विवरणों के अनुसार देय टीडीएस का मिलान नीचे उल्लिखित जमा चालानों के साथ नहीं किया गया है। मिलान / डेटा उपलब्ध न होने के कारण इंड एएस वित्तीय विवरणों पर होने वाले परिणामी प्रभाव, यदि कोई हो, के परिमाण का आकलन किया जाना संभव नहीं है।

उत्तरी क्षेत्र

विवरण	बहियों के अनुसार देय टीडीएल	जमा टीडीएस चालान	भिन्नता
व्यावसायिक / तकनीकी सेवाओं के भुगतान पर टीडीएस 260564	6.12	4.17	1.95
260560- टीडीएस (जारी) देय	16.05	15.91	0.14
260647-टीडीएस देय 1940	2.36	2.69	(0.33)

13.i) ऐसा देखने में आया है कि 6.03 लाख रुपए की राशि की वसूलीयोग्य टीडीएस/टीसीएस प्रभारित नहीं की गई है। तथापि, प्रबंधन द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार 6.03 लाख रुपए की शेष राशि का दावा वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए आईटीआर भरने के दौरान किया जाएगा तथा चालू वर्ष के दौरान प्रविष्टियों की क्लोजिंग को विचार में रखकर प्रविष्टियों को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्रभावित किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2022-23 से मिलान का विवरण उपलब्ध न होने के कारण इसका सत्यापन नहीं किया जा सका है। इस प्रकार, इससे इंड एएस वित्तीय विवरणों पर होने वाले प्रभाव का मापन नहीं किया जा सकता है।

ii.) कम्पनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के संबंध में लेखा बहियों तथा 26एएस के अनुसार वसूलीयोग्य टीडीएस / टीसीएस का मिलान उपलब्ध नहीं करवाया गया है। वित्तीय वर्ष से संबंधित मिलान उपलब्ध न करवाए जाने के कारण इनका सत्यापन नहीं किया गया है। इस प्रकार, इससे इंड एएस वित्तीय विवरणों पर होने वाले प्रभाव का मापन नहीं किया जा सकता है।

14.) व्यवसाय प्राप्यों / विविध लेनदारों के कालक्रम के संबंध में नोट संख्या 32 XXXVIII (क), व्यवसाय देयों / विविध देनदारों से संबंधित नोट संख्या XXXVIII (ख) तथा नोट संख्या 32 XXIX हमें प्राप्त नहीं हुए हैं तथा हमने काल क्रम वार विभाजन / अनुपात विश्लेषण के आधार का सत्यापन नहीं किया है तथा हमने इनकी हमें की गई प्रस्तुति के अनुसार इनका उपयोग किया है।

15. क. पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखापरीक्षक द्वारा यह प्रेक्षण किया गया है कि, कंपनी तथा तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के मध्य लामबंदी की तिथि से 5 वर्ष की अवधि के लिए दो सिकोर्स्की एस76डी क्रू चेंज हेलीकॉप्टरों को पट्टे पर देने के लिए 15 फरवरी, 2022 को एक अनुबंध किया था। वित्तीय वर्ष 2022-2023 के दौरान, एक पट्टे पर लिया गया एक सिकोर्स्की हेलीकॉप्टर वीटी-पीडब्ल्यूआई(एमएसएन 761060) दिनांक 28 जून, 2022 को मुंबई हाई अपतटीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया तथा बीमा कम्पनी द्वारा बीमा दावे का निपटान जनवरी 2023 माह में किया गया था। उपर्युक्त घटना के कारण, तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने चार्टर सेवाओं को बंद कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप फ्लाइंग मासिक शुल्क के मामले में राजस्व हानि हुई है तथा इससे इंड एएस वित्तीय विवरणों पर होने वाले प्रभाव का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

ख. हम यात्री बीमा दावे पर टिप्पणी नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि कंपनी द्वारा हमें इसकी प्रमात्रा उपलब्ध नहीं करवाई गई है। इंड एएस वित्तीय विवरण के नोट संख्या 32 XIII (ग) में किए गए उल्लेख के अनुसार, मृतक/ओएनजीसी लिमिटेड के परिवार के सदस्यों के साथ स्वैच्छिक निपटान के लिए यात्री देयता दावों का सर्वेक्षणकर्ता द्वारा मूल्यांकन किया जा रहा है। तथापि, इसके लिए कोई प्रमात्रा निर्धारित नहीं की गई है। इसलिए, इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभाव को निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

ग. नोट संख्या 2बी(ii) में सूचित लेखांकन नीतियों के अनुसार, कंपनी की कार्यात्मक मुद्रा भारतीय रुपए है। तथापि, नोट संख्या 32 XIII (ग) के अनुसार हेलीकॉप्टर के बीमा दावे की मात्रा अमेरिकी डॉलर में दी गई है। इसे भारतीय रुपए में भी सूचित किया जाना चाहिए।

16. पश्चिमी क्षेत्र में शाखा लेखा परीक्षक द्वारा यह प्रेक्षण किया गया है कि कंपनी और अंडमान; निकोबार प्रशासन द्वारा 19 अगस्त, 2015 के अनुबंध में एक परिशिष्ट जोड़ा गया था और 24 मार्च, 2022 के अनुबंध के अंतर्गत 6 महीने की अवधि के लिए निश्चित मासिक शुल्क और अतिरिक्त ओवरहेड, प्रति घंटा उड़ान शुल्क, रखरखाव, शुल्क और एटीएफ लागत आदि में परिवर्तन के स्थान पर हेलीकॉप्टर सहायता सेवाएं प्रदान करने का अनुबंध किया गया था। अनुबंध की शर्तों के अनुसार 90 घंटे की उड़ान के पश्चात प्रति घंटा उड़ान शुल्क को मूल प्रति घंटा उड़ान शुल्क के 30% तक बढ़ाया जाएगा। तथापि, ऑडिट के दौरान कुछ मामलों में देखा गया कि 90 घंटे से

अधिक की उड़ान के दौरान मूल प्रति घंटा उड़ान शुल्क में 30% की वृद्धि के स्थान पर मूल प्रति घंटा उड़ान शुल्क के अनुसार शुल्क लिया गया था। इसके परिणामस्वरूप राजस्व की हानि हुई है तथा इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभाव को निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

17. क. पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक का ध्यान इस ओर गया है कि, क्षेत्र में संव्यवहार की तिथि की विनिमय दरों पर क्षेत्र की कार्यात्मक मुद्रा में विदेशी मुद्रा संव्यवहार को स्वीकृति दिए जाने की व्यवस्था है। तथापि, शाखा (पश्चिमी क्षेत्र) द्वारा उस माह के प्रथम दिन की विनिमय दर के उपयोग से ओएनजीसी से संबंधित विदेशी मुद्रा राजस्व को स्वीकृति दी गई है, जिस माह से राजस्व संबंधित है। शाखा (पश्चिमी क्षेत्र) द्वारा किया गया यह लेखांकन व्यवहार न तो क्षेत्र की व्यवस्था के अनुरूप है और न ही यह इंड एएस 21 "विदेशी मुद्रा दरों में परिवर्तन के प्रभाव" के अनुपालन में है। तथापि, हम इंड एएस वित्तीय विवरणों पर ऐसे गलत लेखांकन व्यवहार से उत्पन्न होने वाले प्रभाव, यदि कोई हो, को निर्धारित नहीं कर सकते हैं।

ख. उत्तरी क्षेत्र में, वित्तीय विवरण और प्रदान की गई विदेशी मुद्रा विनिमय में उतार-चढ़ाव वर्किंग शीट में दर्ज विदेशी मुद्रा के उतार-चढ़ाव में भिन्नता है। गैर-समाधान के कारण, प्रभाव, यदि कोई हो, को इंड एएस वित्तीय विवरणों पर निर्धारित नहीं किया जा सका । जिसका विवरण निम्नलिखित अनुसार है ।

क्र.सं.	विवरण	राशि (रुपए लाख में)
1.	वित्तीय विवरण में दर्ज विदेशी मुद्रा के उतार-चढ़ाव पर हानि।	27.21
2.	वर्किंग शीट के अनुसार विदेशी मुद्रा में उतार-चढ़ाव पर हानि।	5.79
	भिन्नता / अंतर	21.42

18.) प्रतिकूल मत के आधार के कॉलम की ओर ध्यान आकर्षित किया जताा है जिसमें खंड 1 से 6, 7क, 8, 10ग तथा 12 से 17 का इंड एएस वित्तीय विवरणों पर कोई प्रभाव नहीं है अथवा प्रभाव का मापन नहीं किया जा सकता है। खंड संख्या 7ख, 9, 10क, 10 बी तथा 11 के परिणामस्वरूप में 'राजस्व' में 548.53 लाख रुपए की बढ़ोतरी, ''व्यवसाय देय एवं अन्य देयताओं'' में 19.40 लाख रुपए की वृद्धि, ''ऋण एवं अग्रिमों (देयताओं)'' में 5.61 लाख रुपए की बढ़त, ''परिसम्पतियों'' में 576.77 लाख रुपए की बढ़ोतरी तथा संपति, संयंत्र एवं उपकरण में 3.23 लाख रुपए की कमी के साथ साथ 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के संबंध में आस्थगित कर एवं ईपीएस पर परिणामी प्रभाव होगा।

मामले का प्रभाव

1. नोट संख्या 32 XXXVI (viii) क में किए गए उल्लेख के अनुसार वर्ष के दौरान कम्पनी ने परामर्शदाताओं द्वारा उपलब्ध करवाए गए प्रमाण पत्र के आधार पर उपयोज्यता काल संभावित क्रेडिट हानि की स्वीकृति का लेखांकन किया है। तथापि, परामर्शदाताओं ने हमारी रिपोर्ट में किए गए उल्लेख के अनुसार अधिक / न्यून बिलिंग अथवा ग्राहक द्वारा काटे गए निर्णित हर्जाने को विचार में नहीं लिया था। तदनुसार, कम्पनी द्वारा संभावित क्रेडिट हानि की स्वीकृति के लिए किया गया लेखांकन संधारणीय नहीं है तथा इंड एएस वित्तीय विवरणों पर होने वाले इसके परिणामी प्रभाव, यदि कोई हुए, का मापन किया जाना संभव नहीं है।

2. नोट संख्या 32 XXX में दी गई जानकारी के अनुसार कम्पनी ने 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार केवल कॉर्पोरेट कार्यालय,उत्तरी क्षेत्र एवं पश्चिम क्षेत्र के संबंध में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की देयताओं को संज्ञान में लिया है। आपूर्तिकर्ताओं से 'सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006' के प्रावधानों की उपयोज्यता के संबंध में पुष्टि मांगी गई हैं जिनके प्रति कॉर्पोरेट क्षेत्र, उत्तरी क्षेत्र में कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है तथा पश्चिम क्षेत्र को सीमित प्रतिक्रिया मिली है। तदनुसार, हम कम्पनी द्वारा उक्त अधिनियम का अनुपालन किए जाने के संबंध में किसी प्रकार की टिप्पणी प्रस्तुत नहीं कर पा रहे हैं।

3. नोट संख्या 32 XV में किए गए उल्लेख के अनुसार पवन हंस लिमिटेड के साथ रोहिणी हेलीपोर्ट लिमिटेड के विलय की 1 अप्रैल, 2022 से समाप्ति का गोइंग कंसर्न के आधार पर अनुमोदन कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा दिनांक 29.8.2022 के आदेश संख्या 24/2/2020-सीएल-III के माध्यम से प्रदान किया गया है। तदनुसार, विलय समाप्ति की अनुमोदित योजना के अनुसरण में 1.4.2022 की यथास्थिति को रोहिणी हेलीपोर्ट से संबंधित परिसम्पतियों एवं देयताओं का अंतरण रोहिणी हेलीपोर्ट लिमिटेड को किया गया है।

4. पश्चिमी क्षेत्र के शाखा परीक्षक द्वारा यह प्रेक्षण किया गया है कि नोट संख्या 2 बी (vi) में कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अनुसार हेलीकॉप्टरों के उपयोज्यता काल को 20 वर्ष किए जाने के स्थान पर आंतरिक तकनीकी समिति के सुझाव से डॉफिन / बेल/ एक्यूरियल विमान बेड़े के लिए उपयोज्यता काल को बढ़ाकर 40 वर्ष किए जाने का उल्लेख किया गया है जिससे वर्ष के दौरान कम मूल्यह्रास प्रभारित हुआ है और जिसके फलस्वरूप इंड एएस वित्तीय विवरणों में घाटे पर परिणामी प्रभाव हुआ है। हमने यह देखा है कि पिछले कुछ वर्षों में एयरक्राफ्ट ऑन ग्राउंड (एओजी) के दिनों, ग्राहकों द्वारा निर्णित हर्जाने लगाए जाने में बढ़ोतरी होने, राजस्व उड़ान घंटों में कमी आने तथा कालातीत होने के कारण निर्माता / ओईएम से डॉफिन एएस 365एन के कुछ वैमानिक कलपूर्जे प्राप्त न हो पाने के कारण हेलीकॉप्टरों को लम्बे समय तक ग्राउंड किए जाने की घटनाएं बढ़ी हैं। यह चूंकि एक तकनीकी मामला है अतः हमने तकनीकी समिति द्वारा किए गए मूल्यांकन को आधार माना है।

5. नोट संख्या 32 IX में किए गए उल्लेख के अनुसार व्यवसाय प्राप्य, व्यवसाय देय, दीर्घकालिक तथा अल्पकालिक दायित्व, अन्य चालू दायित्व, दीर्घकालिक तथा अल्पकालिक ऋण एवं अग्रिम तथा जमा पर शेष की पार्टियों से पुष्टि मांगे जाने पर सीमित पुष्टि प्राप्त हुई है। बकाया पुष्टि एवं पुनःसमाधान उपलब्ध न होने के परिणामस्वरूप वित्तीय विवरणों पर होने वाले प्रभाव की प्रमात्रा नहीं आंकी जा सकती है।

6. वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा अवस्थांतरण की तिथि अर्थात 1 अप्रैल, 2015 से अपनी सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के लिए घटक लेखांकन का अनुसरण किया गया है। कम्पनी द्वारा हेलीकॉप्टर के छः प्रमुख घटकों यथा इंजन, मेन गियर बॉक्स (एमओबी), हब असेम्बली, ट्रांसमिशन असेम्बली, अंतःस्थापित अनुरक्षण एवं हल्ल को संज्ञान में लिया गया है। वर्ष के दौरान डॉफिन एन तथा एन3 बेड़े का मूल्यह्रास वास्तविक उड़ान घंटों के स्थान पर औसत उड़ान घंटों के अनुसार किया गया है। इसके अलावा, डॉफिन एन एवं एन3 के इंजनों की ओवरहॉल की लागत का पूंजीयन एकल लाइन मद के रूप में सम्बद्ध घटक के शेष को लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किए बिना किया गया है।

तथापि, पश्चिम क्षेत्र के शाखा लेखापरीक्षकों कि क्षेत्र ने अवस्थांतरण की तिथि अर्थात 1 अप्रैल, 2015 को सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण की मानित लागत को वहन मूल्य के रूप में उपयोग किया है। क्षेत्र द्वारा प्रत्येक डॉफिन एन3 हेलीकाप्टर का अंतःस्थापित अनुरक्षण 40 लाख रुपए तथा डॉफिन एन का 60 लाख रुपए विचार में लिया गया है। निर्धारण का यह आधार ओचित्यपरक नहीं है तथा इस प्रकार इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इससे होने वाले प्रभाव का परिमाण मापा नहीं जा सकता है।

7. क. लेखा परीक्षा वर्ष के दौरान हमारी रिपोर्ट के साथ संलग्न वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के संबंध में हमारा ध्यान अनेक भिन्नताओं की ओर गया हैं। इस प्रकार आंतरिक लेखा परीक्षण को ओर अधिक सुदढ़ बनाया जाना तथा सभी विभागों, विशेषतः अचल परिसम्पत्ति प्रबंधन, मालसूची प्रबंधन, बोली प्रक्रिया, अधिप्राप्ति प्रक्रिया, राजस्व लेखांकन एवं वसूली, सांविधिक अनुपालन, मानव संसाधन प्रबंधन एवं सूचना प्रौद्योगिकी सामान्य नियंत्रण के क्रियाकलापों का कम्पनी के प्रचालनों के आकार एवं प्रकृति के अनुरूप गहन सत्यापन किया जाना आवश्यक है।

ख. इसके अलावा, कंपनी द्वारा प्रति माह प्राप्त मुख्य उड़ान घंटों के रूप में लेखा बहियां में लाभ राजस्व के रूप में स्वीकृत किया जाता है और बाद में घंटों की पोस्टिंग सिस्टम में मैन्युअल रूप से की जाती है। सिस्टम जनरेटेड शीट में दिखाए गए उड़ान के घंटे हेलीकॉप्टरों के मैनिफेस्ट में दिखाए गए उड़ान के घंटों से मेल नहीं खाते हैं। तथापि, सिस्टम के राजस्व पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है क्योंकि राजस्व सीधे मैनिफ़ेस्ट से बुक किया जाता है, लेकिन सिस्टम को मजबूत करने की आवश्यकता है और खातों की पुस्तकों में डेटा की सही रिकॉर्डिंग के लिए मैन्युअल हस्तक्षेप को समाप्त किया जाना चाहिए। परीक्षण जांच के आधार पर निम्नलिखित त्रुटियाँ/चूकें पाई गईं: -

माह	हेलीकॉप्टर प्रकार	हेलीकॉप्टर पंजीकरण संख्या	बीजक के अनुसार उड़ान घंटे	सिस्टम द्वारा उत्पन्न शीट
अगस्त	एएस 350 बी 3	वीटी-पीएचयू	62:15:00	58:05:00
जून	एएस350 बी3	वीटी-पीएचवी	43:15:00	45:05:00
अप्रैल	डॉफिन एएस365एन3		19:10	18:30

ग. सभी क्षेत्रों से संबंधित ट्रॉयल शेष, ओएसटी, टीडीएस एवं बही लेखों की उत्पति अलग अलग मैनुअल आधार पर की जाती है। मूल्यह्रास का गणन एवं उससे संबंधित कार्य मैनुअल स्वरूप में किए जाते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए इनके संबंध में रिपोर्टिंग, मिलान, डेटा विश्लेषण सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली स्थापित नहीं है जिसके माध्यम से लेखापरीक्षा रिपोर्टों की उत्पति सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली पर की जा सके। स्टैंडएलोन/समेकित तुलनपत्र के निर्माण तथा रिपोर्टिंग उद्देश्यों से कम्पनी अपने वित्तीय डेटा तथा लेखा बहियों को क्षेत्र वार मैनुअल स्वरूप में करती है तथा ऐसे करने से वित्तीय विवरणों के समेकन के दौरान मानव चूक, लोप तथा अकरण संभव हो सकता है। एक्सेल में तैयार किए जाने वाले वित्तीय विवरण ट्रॉयल शेष से सम्बद्ध नहीं किए जाते हैं, कुछ कॉलमों में मैनुअल रूप में पंचिंग / एक्सेल शीट में लिकिंग की जाती है। इसके संबंध में किसी प्रकार समर्थित विवरण / स्रोत उपलब्ध नहीं करवाया गया है / स्पष्ट नहीं किया गया है।

8. अग्रिम कर की राशि में निर्धारण वर्ष 2021-22 तक के पूर्ण निर्धारणों से संबंधित 77478.78 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 6968.89 लाख रुपए) की राशि शामिल है तथा 740.32 लाख रुपए की राशि निर्धारण वर्ष 2022-23 से संबंधित है, जिनके निर्धारण अभी पूरे नहीं हुए हैं तथा शेष 1087.55 लाख रुपए का अग्रिम कर चालू वित्तीय वर्ष से संबंधित है।

31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार उपर्युक्त अग्रिम कर की 7478.78 लाख रुपए की राशि निर्धारण वर्ष 2021-22 (मार्च 31,2022 6,968.89 लाख रुपए) तक की धनवापसी योग्य राशि की मात्रा का निर्धारण वर्तमान स्थिति में नहीं किया जा सकता है क्योंकि इनके मामले सीआईटी/आईटीएटी के सम्मुख लंबित हैं। इस प्रकार, आयकर विभाग से वसूली / समायोजन योग्य 7,232.68 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 6809.45 लाख रुपए) की निवल राशि 'गैर-चालू परिस्मत्तियों के अंतर्गत दर्शाई गई है तथा शेष 2073.97 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 1340.07 लाख रुपए) की राशि 'चालू कर परिस्मत्तियों' के अंतर्गत दर्शाई गई है।

9. क. जैसा कि नोट संख्या 32 II (सी) (iii) में किए गए उल्लेख के अनुसार, सेवा कर से संबंधित आकस्मिक देयता 31-03-2023 को 7435.07 लाख रुपए (31.03.2022 को 7435.07 लाख रुपए) है। सेवा कर विभाग की ओर से जारी किया गया कारण बताओ नोटिस अप्रैल, 2009 से जून, 2017 की अवधि से संबंधित है। सेवा कर विभाग द्वारा जारी 18.59 लाख रुपए के मांग नोटिस के प्रति, कम्पनी सेवा कर आयुक्त सीजीएसटी एवं सीएक्स के सम्मुख, 2431.09 लाख रुपए के मांग नोटिस के प्रति ट्रिब्यूनल में 364.40 लाख रुपए के मांग के प्रति प्रतिवाद कर रही है तथा सीएक्स (अपील) के सम्मुख 265.15 लाख रुपए के मांग नोटिस का न्याय निर्णय प्रतीक्षित है। वर्ष 2014-15 से 2016-17 की अवधि के दौरान पूर्वोत्तर राज्यों को पट्टे पर प्रदान किए हेलीकॉप्टर के संबंध में जुर्माने एवं ब्याज सहित लगभग 4355.84

लाख रुपए का सेवा कर भुगतान न किए जाने से संबंधित दिनांक 6.7.2021 का मूल आदेश प्राप्त हुआ है।

ख. इसके अलावा, वस्तु एवं सेवा कर से संबंधित आकस्मिक देयता में 4021.13 में बढ़ोतरी हुई है जो कि अपर आयुक्त, सीजीएसटी से दिनांक 7 जून, 2023 को कारण बताओं मांग नोटिस के रूप में पूर्वोत्तर राज्यों को जुलाई, 2017 से मार्च, 2022 के दौरान हेलीकॉप्टरों के प्रति ओएसटी का भुगतान न किए जाने से संबंधित है जिसमें ब्याज तथा जुर्माना ब्याज शामिल है।

10. नोट संख्या 32 XXV में किए गए उल्लेख के अनुसार भारत सरकार ने पवन हंस लिमिटेड में प्रबंधन नियंत्रण सहित अपनी समग्र 51% शेयरधारिता का रणनीतिक विनिवेश किए जाने का निर्णय लिया गया था। इस उद्देश्य से निवेश एवं लोक सम्पति प्रबंधन विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा दिनांक 20 मार्च, 2017 को 'एसबीआई कैपिटल मार्केट्स को उक्त रणनीतिक विनिवेश के लिए संव्यवहार परामर्शदाता नियुक्त किया गया था। निवेश एवं लोक सम्पति प्रबंधन विभाग द्वारा की गई उक्त नियुक्ति के अलावा मैसर्स क्राफ्रड बेयलेय एंड कम्पनी को विधि परामश्रदाता एवं मैसर्स आरबीएसए को पवन हंस लिमिटेड की परिसमपतियों का मूल्यांकक नियुक्त किया गया था।

इसके लिए की जाने वाली प्रक्रियाओं के अंतर्गत प्रारंभिक सूचना ज्ञापन (पीआईएम) के साथ साथ रूचि अभिव्यक्ति जारी करने की प्रक्रिया मार्च, 2017 में प्रारंभ हो गई थी तथा वैश्विक बोली आमंत्रित करने के लिए प्रथम रूचि अभिव्यक्ति दिनांक 13 अक्तूबर, 2017 को जारी की गई थी, जिसे दिनांक 6 अप्रैल, 2018 को हटा दिया गया था क्योंकि अगले चरण (वित्तीय बोली) के लिए केवल एक ही योग्य बोलीदाता से बोली प्राप्त हुई थी।

इसके पश्चात, प्रारंभिक सूचना ज्ञापन (पीआईएम) के साथ दूसरी रूचि अभिव्यक्ति दिनांक 14 अप्रैल, 2018 को जारी की गई थी तथा प्रारंभिक सूचना ज्ञापन का शुद्धिपद्ध दिनांक 31 मई, 2018 को जारी हुआ था तथा बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 18 जून, 2018 थी।

उपर्युक्त के परिणामस्वरूप, तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग ('ओएनजीसी') द्वारा दिनांक 2 अगस्त, 2018 के अपने निदेशक मंडल संकल्प के माध्यम पवन हंस लिमिटेड में अपनी 49% की समग्र शेयरधारिता आफलोड करने की मंशा व्यक्त की गई थी। इस नई स्थिति में दिनांक 15 अगस्त, 2018 को प्रारंभिक सूचना ज्ञापन का एक परिशिष्ट जारी करके सभी संभावित एवं विद्यमान बोलीदाताओं को विनिवेश प्रक्रिया में प्रतिभागिता का अवसर प्रदान किया गया था। तदनुसार, इच्छुक बोलीदाताओं द्वारा रूचि अभिव्यक्ति की प्रस्तुति की अंतिम तिथि को 12 सितम्बर, 2018 तक के लिए बढ़ा दिया गया था तथा इसे बाद में 19 सितंबर, 2018 तक के लिए बढ़ाया गया था। बोलियों के मूल्यांकन की प्रक्रिया की गई थी तथा गोपनीय सूचना ज्ञापन (सीआईएम) डाक्यूमेंट जारी किया गया था और चयनित बोलीदाताओं को 9 अक्तूबर, 2018 को वीडीआर के लिए एस्सेस प्रदान किया गया था। इसके पश्चात दिनांक 18 दिसम्बर, 2018 को प्रस्ताव अनुरोध (आरएफपी) जारी किया गया था तथा एसबी की टिप्पणियों / सुझाव के समावेश के साथ अंतिम एसपीए दस्तावेज वीडीआर पर दिनांक 1 मार्च, 2019 को अपलोड किया गया था जिसमें 5 मार्च, 2019 तक बोलियां आमंत्रित की गई थी, जिसे शार्टलिस्ट किए गए बोलीदाताओं के अनुरोध पर एक सप्ताह अर्थात 12 मार्च, 2019 तक के लिए आगे विस्तारित किया गया था।

उपर्युक्त के प्रति, नियत तिथि अर्थात 12 मार्च, 2019 तक केवल एक बोली प्राप्त हुई थी। बोली संव्यवहार परामर्शदाता द्वारा छटनी के पश्चात यह सूचित किया गया था कि यह बोली सशर्त है तथा इसके दिया गया विवरण अपूर्ण है तथा प्रस्ताव अनुरोध के खंड 8, अयोग्यता के अंतर्गत यह अयोग्य भी है। तदनुसार, बोली को रद्द कर दिया गया था तथा इस मामले को निवेश एवं लोक सम्पति प्रबंधन विभाग को इस

संबंध में कार्रवाई का निर्णय लेने के लिए संदर्भित किया गया था।

विस्तृत विचार विमर्श के पश्चात, वैकल्पिक तंत्रव्यवस्था (एएम) द्वारा दिनांक 3 मई, 2019 को एक नई रूचि अभिव्यक्ति / प्रारंभिक सूचना ज्ञापन बोलीदाताओं द्वारा प्रतिभागिता के लिए जारी करने के निर्णय की सूचना दी गई थी। तदनुसार, 13 तथा 17 मई, 2019 को आयोजित इसी बैठकों में लिए गए निर्णय एवं इसके संबंध में अनुमोदन प्राप्ति के अनुसार संशोधित प्रारंभिक सूचना ज्ञापन तैयार किया गया था तथा दिनांक 22 अगस्त, 2019 तक बोली प्रस्तुति की तिथि के निर्धारण के साथ इसे 11 जुलाई, 2019 को जारी किया था। बोली प्रस्तुति की अंतिम तिथि को बोलीदाताओं से प्राप्त अनुरोध के आधार पर क्रमशः 12 सितम्बर, 2019, 26 सितम्बर, 2019 तथा 10 अक्तूबर, 2019 तक के लिए विस्तारित किया गया था। उपर्युक्ति के प्रति रूचि अभिव्यक्ति प्राप्त हुई थी। तथापि, अगले चरण (वित्तीय बोली) के लिए केवल एक ही बोली योग्य पाई थी जिससे इसके संबंध में आगे की कार्रवाई नहीं की गई।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए डीआईपीएएम द्वारा एसबीआई कैपिटल को भावी बोलिदाताओं के साथ रोड शो किए जाने का निदेश दिया गया है तथा तदनुसार बोलिदाताओं के साथ बैठकें आयोजित की गई थी तथा एसबीआई कैप द्वारा उनसे प्राप्त इनपुट/प्रेक्षण डीआईपीएएम को इस बारे में अंतिम निर्णय लेने के लिए सूचित कर दिए थे।

11. पश्चिम क्षेत्र के शाखा लेखापरीक्षकों का ध्यान निम्नलिखित मदों की ओर आकर्षित हुआ है:

क. क्षेत्र तथा तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) द्वारा दिनांक 19 जुलाई, 2022 को 3 डॉफिन 365एन3 प्रोडक्शन टास्क हेलीकॉप्टरों का चार्टर किराए पर प्रदान करने के लिए अनुबंध किया था तथा दिनांक 15 फरवरी, 2022 को समझौते में उल्लिखित विशिष्टताओं के अनुरूप ओएनजीसी के अपतटीय परिचालनों के लिए 02 सिकोर्स्की एस76डी क्रू चेंज हेलीकॉप्टरों चार्टर किराए पर प्रदान करने के लिए एक अनुबंध भी किया था। इसके अलावा, उत्पादन कार्य हेलीकॉप्टर अनुबंध को अनुबंध संख्या एम-यूएम/ओएफएफ/लॉजिस्टिक्स/एमएम/2022 /पीटीएचएलजीआरपीए/1067720/पी76ए-एल2204/90100357-5 के माध्यम से 2 प्रा-ड्क्शन टॉस्क हेलीकॉप्टर किराए पर दिए जाने के लिए नवीकरण किया गया था तथा क्रू परिवर्तन हेलीकॉप्टर अनुबंध को अनुबंध संख्या एमयूएम/ ओएफएफ-लॉजिस्टिक्स/एमएम/2022/उत्पा-दन/1027876/पी76एएल22004 के माध्यम प्रो-ड्क्शन टॉस्क हेलीकॉप्टर अनुबंध के रूप में 3 प्रो-डक्शन टॉस्क हेलीकॉप्टर अपतटीय परिचालनों के लिए किराए पर उपलब्ध करवाने के लिए परिव-र्तित किया गया था। क्षेत्र को उपरोक्त विचाराधीन सेवाओं के लिए निश्चित मासिक शुल्क और उड़ान मासिक शुल्क प्राप्त होता है। यदि क्षेत्र ओएनजीसी को हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने में सक्षम नहीं हो पाता है, तो हेलीकॉप्टर उपलब्ध नहीं होने की अवधि के लिए क्षेत्र को निश्चित मासिक शुल्क देय नहीं होता है। इसके अलावा, परिसमापन क्षति के लिए ग्राउं-डिंग के पूरे दिन के लिए निश्चित मासिक शुल्क के 5% के बराबर राशि और ग्राउंडिंग के आधे दिन के लिए निश्चित मासिक शुल्क के 2.5% (यानी, 5% का 50%) के बराबर रुपए राशि का भुगतान करना आवश्यक है। वर्ष के दौरान 113.36 लाख (पिछले वर्ष 31.78 लाख रुपए) की कटौती की गई है। इसके परिणामस्वरूप एक गैर-परिचालन दिवस के परिणा-मस्वरूप निश्चित मासिक शुल्क के साथ-साथ परिस-मापन क्षति का नुकसान हुआ है, जो देय भुगतान से काट लिया गया। चूंकि अनुबंध के अंतर्गत अनुमा-नित दायित्वों को पूरा करने की लागत अनुबंध की अवधि के दौरान प्राप्त होने वाले अपेक्षित आर्थिक लाभों से अधिक है, इसलिए अनुबंध एक कठिन अनुबंध है। (नोट संख्या 24 हेलीकाप्टर परिचालन और रखरखाव व्यय देखें)।

ख. क्षेत्र ने इस दौरान की गई उड़ान के संबंध में प्रत्येक माह की 7 तारीख तक निश्चित मासिक शुल्क (एफएमसी) और उड़ान प्रति घंटा शुल्क (एफएचसी) के चालान और अन्य स्वीकार्य शुल्क जारी करने के संबंध में समझौते की शर्तों का पालन नहीं किया है। निश्चित मासिक शुल्क (एफएमसी) और उड़ान प्रति घंटा शुल्क (एफएचसी) के लिए पिछले महीने और इसके लिए भुगतान चालान की प्राप्ति से 21 कार्य दिवसों के भीतर प्राप्त किया जाएगा। समझौते की शर्तों का अनुपालन न करने के कारण, हम इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इससे उत्पन्न होने वाले नकदी प्रवाह, यदि कोई हो, पर प्रभाव की मात्रा निर्धारित नहीं कर पा रहे हैं।

ग. वर्ष के दौरान क्षेत्र ने डॉफिन एएस365एन3 और सिकोरस्की एस76डी हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने के लिए तेल और प्राकृतिक गैस निगम के साथ एक अनुबंध किया था। हालाँकि हेलीकॉप्टरों को जुटाने में देरी के कारण उड़ान शुरू नहीं हो सकी। इसके परिणामस्वरूप तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के साथ अनुबंध में निर्धारित शर्तों को पूरा न करने के कारण क्षेत्र पर 77.30 लाख रुपए जुटाने में देरी के कारण परिसमापन हर्जाना लगाया गया।

घ. वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, क्षेत्र ने सिकोरस्की एस76डी हेलीकॉप्टरों के परिचालन में देरी के कारण 259.78 लाख रुपए की परिसमापन क्षति के लिए प्रावधान किया है। तथापि, प्रावधान अधिक पाया गया और अतिरिक्त प्रावधान की राशि 23.39 लाख रुपए का पुनर्लेखन किया गया था और इसे चालू वर्ष के लाभ और हानि विवरण में जमा किया गया है।

ङ. वर्ष के दौरान तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने 92.42 लाख रुपए की आंशिक निष्पादन बैंक गारंटी लागू की थी और इसे चालू वर्ष के लाभ और हानि के विवरण में प्रभारित किया गया है।

12. पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक द्वारा यह प्रेक्षण किया गया है कि, वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, क्षेत्र को सिकोर्स्की मॉडल एस76डी हेलीकॉप्टरों की चार्टर उड़ान सेवाएं प्रदान करने के लिए 65.11 लाख रुपए की व्यापार प्राप्य अग्रिम राशि प्राप्त हुई है। क्षेत्र ने ऐसे प्राप्त अग्रिमों पर आउटपुट टैक्स देनदारी (जीएसटी और एससीजीएसटी @9% प्रत्येक) का भुगतान नहीं किया है। केंद्रीय वस्तु और सेवा अधिनियम, 2017 की धारा 13 के तहत आवश्यक 9.93 लाख। इसके परिणामस्वरूप संभावित रूप से गैर-अनुपालन के लिए क़ानून के प्रावधानों के अनुसार ब्याज और अन्य दंडात्मक प्रावधान हो सकते हैं।

13. पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक ने यह देखा है कि, जैसा कि नोट संख्या 32 II (डी) में कहा गया है, जो भारतीय एएस वित्तीय विवरणों का भाग है, क्षेत्र ने आरएलसीआरएलसी (सी) द्वारा आईडी अधिनियम की धारा 33 सी (1)के अंतर्गत पारित दिनांक 27 जून, 2022 के आदेश, जिसमें 10% वार्षिक ब्याज के साथ 580.76 लाख रुपए की राशि का वसूली प्रमाणपत्र (आरसी) जारी किए जाने तथा उसके परिणामस्वरूप दिनांक 12 अक्टूबर, 2022 को कलेक्टर, मुंबई उपनगरीय जिला द्वारा जारी परिणामी कुर्की आदेश, जिसके अंतर्गत ऊपर उल्लिखित राशि के लिए क्षेत्र के बैंक खाते को अटैच किया जाना है, के प्रति रिट याचिका दायर की है। माननीय बम्बई उच्च न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 15 नवंबर, 2022 द्वारा निर्देश दिया है कि बैंक खाते को पूरी तरह से फ्रीज करने के स्थान पर बैंक ऑफ बड़ौदा 650.00 लाख रुपए की राशि को रोककर याचिकाकर्ता (पीएचएल) को अपने पास रखकर बैंक खाता उपयोग करने की अनुमति देने का निर्देश दिया जा सकता है। इसके परिणामस्वरूप क्षेत्र की नकदी प्रवाह स्थिति पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है तथा इसलिए, हम वित्तीय विवरणों पर उत्पन्न होने वाले इसके प्रभाव का मापन नहीं कर पा रहे हैं।

14. पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक का ध्यान इस ओर गया है कि क्षेत्र ने पट्टा देनदारियों और उपयोग अधिकार परिसम्पति की गणना के लिए वृद्धिशील ऋण दर को विचार में नहीं लिया है। शाखा (पश्चिमी क्षेत्र) द्वारा उपयोग में लाया गया यह लेखांकन व्यवहार न

तो क्षेत्र की नीति के अनुरूप है और न ही इंड एएस 116 'पट्टों' के अनुपालन में है। तथापि, हम इंड एएस वित्तीय विवरणों पर ऐसे गलत लेखांकन व्यवहार से उत्पन्न होने वाले प्रभाव, यदि कोई हो, का निर्धारण करने में असमर्थ हैं।

15. जैसा कि नोट क्रमांक 32II (क) तथा (ख) में कहा गया है, जो इंड एएस वित्तीय विवरणों का है, कंपनी ने बैंकों को दी गई काउंटर गारंटी के संबंध में 1371.41 लाख रुपए की राशि जिनमें से 694.33 लाख पश्चिम क्षेत्र से संबंधित है की गारंटियों का प्रकटीकरण किया है जिसमें से साख पत्र की 1544.98 लाख रुपए की राशि में से 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार 479.50 लाख रुपए पश्चिमी क्षेत्र से संबंधित है । इसका ब्यौरा / विवरण अथवा गारंटियों एवं साख पत्र से संबंधित आकस्मिक देनदारियां उपलब्ध न होने के कारण हम कोई टिप्पणी नहीं कर पा रहे हैं।

आकस्मिक देयताएं

1. दी गई गारंटियां

(रुपए लाख में)

विवरण	**31 मार्च, 2023**	**31 मार्च, 2022**
बैंकों को दी गई काउंटर गारंटी	1371.41	1706.59

2) साख पत्र

(रुपए लाख में)

विवरण	**31 मार्च, 2023**	**31 मार्च, 2022**
साख पत्र	1544.98	2504.27

16. नोट क्रमांक 32 II (ग) (i) में किए उल्लेख के अनुसार 31 मार्च, 2023 की यथास्थिति को आयकर से संबंधित आकस्मिक देयता 3374.35 लाख रुपए से बढ़ाकर 4003.06 लाख रुपए हो गई है। कंपनी को चालू वर्ष 22-23 के दौरान आयकर विभाग से धारा 143(1)/I/54 के अंतर्गत कर निर्धारण वर्ष 2021-22 से संबंधित दिनांक 28.12.2022 तथा दिनांक 24.2.2023 का आदेश प्राप्त प्राप्त हुआ है जिसमें वित्तीय वर्ष 2020-21 से संबंधित कुछ अस्वीकृतियों के प्रति 628.71 लाख रुपए की मांग की गई है। कंपनी ने आयकर विभाग से प्राप्त आदेश के लिए सीआईटी (अपील) के पास अपील दायर की है।

(रुपए लाख में)

विवरण	**31 मार्च, 2023**	**31 मार्च, 2022**
कम्पनी द्वारा आईटीएटी/सीआईटी (अपील) के सम्मुख आयकर मांग का प्रतिरोध	4003.06	3374.35

17. जैसा कि नोट संख्या 32 XXI (ए), जो इंड एएस वित्तीय विवरणों का अभिन्न भाग है, में उल्लेख है, कि पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक ने सतर्कता विभाग से अंतर्कार्यालय ज्ञापन के आधार पर दिनांक 12 अगस्त, 2014 के संदर्भ संख्या पीएचएल/सीओ/वीआईजी/219 में उक्त (आईओएम) सीवीओ (मुख्य सतर्कता अधिकारी) ने जांच की और लक्षद्वीप में 129.21 लाख रुपए की वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में प्रबंधन को रिपोर्ट सौंपी थी। प्रबंधन ने कर्मचारियों को देय 40.09 लाख रुपए की सहायता/चालान/बिल/क्रेडिट को संज्ञान में लिया है तथा प्रबंधन के मतानुसार केवल 89.12 लाख रुपए की शेष राशि को हानि माना गया है और 2014-15 के वित्तीय विवरणों में इसके लिए प्रावधान किए गए हैं। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अप्रैल 2008 से मार्च 2011 की अवधि के लिए लक्षद्वीप प्रशासन से 59.29 लाख रुपए का यात्रा बिल प्राप्त हुआ था। मानव संसाधन विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार जांच की गई है और सुझाई गई कार्रवाई को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। मामले पर कार्रवाई कॉरपोरेट कार्यालय द्वारा की जा रही है।

18. पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक ने नोट संख्या 32 XXI (ङ), जो इंड एएस वित्तीय विवरणों का अभिन्न भाग है, में यह प्रेक्षण किया है कि इसमें 0.83 लाख रुपए की राशि का उपयोग हुआ है तथा यही प्रेक्षण पोर्टब्लेयर डिटेचमेंट में उपलब्ध नकदी एवं लेखा बही नकदी के अंत शेष में भी किया गया है। मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग के दिनांक 18 सितम्बर, 2023 के संदर्भ संख्या पीएचएलः डब्ल्यूआरः एडमिनः058 के माध्यम से मामले की जांच के लिए एक जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है और इस संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट अभी भी प्रतीक्षित है। प्रबंधन के मतानुसार इसे 0.83 लाख रुपए की हानि माना गया है और वर्ष के दौरान वित्तीय विवरणों में इसे तदनुसार प्रभारित किया गया है।

19. पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक ने पाया कि 31 मार्च, 2023 तक विदेशी पार्टियों के पास पड़े रोटेबल्स से संबंधित जानकारी निम्नानुसार हैः-

(रुपए लाख में)

विवरण	**सकल लागत**	**डब्ल्यूडीवी मूल्य (डब्ल्यूडीवी)**
31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार रोटेब्ल्स	7848.28	5595.08
घटाएं बी/एस तिथि के पश्चात वापस प्राप्त रोटेब्ल्स	(1881.41)	(1467.38)
बी/एस तिथि के पश्चात निवल शेष	5966.87	7062.46

वर्तमान स्थिति के अनुसार विदेश में रखी रोटेब्ल्स, जो परिसम्पतियां हैं, का निवल शेष 710.83 रुपए (542.67 रुपए की डब्ल्यूडीवी) होने की पुष्टि हुई जिनकी प्राप्ति नहीं हुई है। शेष की पुष्टि प्राप्त न होने के कारण हम शेष पर इसकी प्रमात्रा के प्रभाव, यदि कोई हो, का निर्धारण नहीं कर पा रहे हैं।

20. 31-03-2022 (कर निर्धारण वर्ष 2022-23) तथा 31-03-2023 (कर निर्धारण वर्ष 2023-24) को समाप्त वर्ष के लिए आयकर विवरण की प्रस्तुति कर ऑडिट रिपोर्ट से पहले की गई थी। दोनों निर्धारण वर्षों के लिए आयकर विवरण प्रस्तुत करने के संबंध में कंपनी ने उल्लेख किया है कि क्रमशः सम्बद्ध कर निर्धारण वर्षों के लिए कर ऑडिट कंपनी के संबंध में लागू नहीं है तथा आयकर फार्म (जेटीआर 6) में इसका उल्लेख लागू नहीं के रूप में किया गया है। प्रस्तुति की तिथियां निम्नानुसार हैंः-

क्र.सं.	**वर्ष**	**प्रस्तुति का प्रकार**	**तिथि**
1.	निर्धारण वर्ष 2022-23	मूल	06-11-2022
		संशोधित	31-12-2022
		संशोधित	31-12-2022
2.	निर्धारण वर्ष 2023-24	मूल	30-10-2023

21. इंड एएस वित्तीय विवरण के नोट संख्या 32XI(ख)(4) के अनुसार कम्पनी ने उत्तरी क्षेत्र से संबंधित अर्जित छुट्टी देयता की 68.62 लाख रुपए की राशि गैर चालू प्रावधान शीर्ष के अंतर्गत प्रभारित की है, तथापि वास्तविक मूल्यांकन के अनुसार यह चालू प्रावधान के अंतर्गत आती है। कम्पनी इंड एएस वित्तीय विवरण में गलत वर्गीकरण किए हैं।

प्रमुख लेखा परीक्षा मामले

प्रमुख लेखापरीक्षा मामले, वे मामले हैं, जो मुख्यतः चालू अवधि के इंड एएस वित्तीय विवरणों के संबंध में हमारे द्वारा की गई लेखापरीक्षा से जुड़े हमारे स्व-विवेक के अनुसार अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन मामलों पर इंड एएस वित्तीय विवरणों के संबंध में समग्र लेखापरीक्षा के संदर्भ में प्रक्रिया की गई है तथा ऐसे मामलों के लिए हम अलग से अपनी कोई राय प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं। हमने नीचे प्रस्तुत मामलों को अपनी रिपोर्ट में प्रस्तुत करने के लिए प्रमुख लेखापरीक्षा मामले माना है।

क्र.सं.	प्रमुख लेखा परीक्षा मामले	लेखा परीक्षक की प्रतिक्रिया
1.	**निहित महत्वपूर्ण अनुमानों वाले निर्दिष्ट मूल्य के करारों के संबंध में राजस्व एवं दुर्भर दायित्वों की सटीकता:** मूल्यांकित प्रयासों से ही राजस्व तथा दुर्भर दायित्वों के महत्वपूर्ण अनुमान निर्धारित किए जा सकते हैं। ऐसे अनुमान के अंतर्गत अनुबंध की प्रगति पर विचार तथा शेष अनुबंध निष्पादन दायित्वों को पूरा करने के लिए अपेक्षित लागतों की ओर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। संदर्भ लेखांकन नीति संख्या 2 (xiii)	**मुख्य लेखापरीक्षा प्रकियाएं :** हमारे द्वारा की गई लेखा परीक्षा प्रक्रिया के अंतर्गत आंतरिक नियंत्रणों के संबंध में विभिन्न प्रकार के परीक्षण तथा प्रमुख प्रक्रियाओं को उपयोग में लाया गया था जिनमें निम्नलिखित शामिल है:- o प्रयुक्त प्रयासों की रिकार्डिंग से सम्बद्ध आंतरिक नियंत्रणों के अभिकल्प तथा निष्पादन दायित्वों को पूरा करने के लिए अपेक्षित प्रयासों का मूल्यांकन करना। o प्रयुक्त प्रयासों की रिकार्डिंग में अनाधिकृत बदलाव से बचाव के लिए टाइम रिकार्डिंग, विनियोजन एवं बजट व्यवस्थाओं से संबंधित ऐक्सेस एवं उपयोज्यताओं के नियंत्रणों का परीक्षण करना। o संविदाओं के नमूने चयन किए तथा इन नियंत्रणों के साक्ष्यों की जांच के माध्यम से प्रयुक्त एवं अनुमानों के संबंध में आंतरिक नियंत्रणों की प्रचालनात्मक प्रभाव्यता का परीक्षण करना। o लागतों के संबंध में महत्वपूर्ण भिन्नताओं के संज्ञान के लिए संविदाओं के नमूने चयन किए तथा यह सत्यापन किया कि क्या संविदा को पूरा करने के लिए शेष प्रयासों का निर्धारण करते समय ऐसी भिन्नताओं को विचार में लिया गया है अथवा नहीं। o संविदाओं के नमूनों से अलेखित राजस्वों, यदि कोई हो, का संज्ञान होने पर पुनरीक्षा की गई है। o विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं का निष्पादन किया तथा प्रयुक्त एवं अनुमानित प्रयासों का औचित्य ज्ञात करने के लिए विस्तृत परीक्षण किया गया है।

क्र.सं.	प्रमुख लेखा परीक्षा मामले	लेखा परीक्षक की प्रतिक्रिया
2.	**मुकदमें** कम्पनी ऐसे उद्योग में अपने प्रचालन करती है जो पूरी तरह से विनियमित है तथा जिससे अंतर्निहित मुकदमों के जोखिम बढ़ते हैं। कम्पनी श्रमिक मामलों तथा यात्रियों द्वारा किए जाने वाले दावों जैसे अनेक कानूनी मामलों से जूझ रही है। इसके लिए कृपया लेखांकन नीति संख्या 2 (xii) तथा नोट संख्या 32 II घ से संदर्भ प्राप्त करें।	**प्रमुख लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं :** • हमने प्रावधानों के निर्धारण के संबंध में प्रभावी प्रचालनात्मकता के सुनिश्चय के लिए कम्पनी के नियंत्रणों के डिजायन तथा प्रचालनात्मक प्रभाव्यता का मूल्यांकन एवं परीक्षण किया है। • हमने प्रबंधन द्वारा उपलब्ध करवाए गए मुकदमों के विवरण का अध्ययन किया गया तथा उनके संबंध में विवरण में शामिल मामलों सहित कम्पनी के विधि प्रमुख के साथ चर्चा की गई। • हमारे द्वारा मामलों से संबद्ध पत्रव्यवहार का परीक्षण किया गया। कम्पनी द्वारा स्वीकृत प्रावधानों के निरूपण एवं पूर्णता के उद्देश्य से आकलन की जांच की गई। • हमारे द्वारा प्रमाणन योग्य, संभाव्य विधि प्रावधानों के समायोजन तथा कम्पनी द्वारा तैयार किए गए रिमोट विश्लेषण का भी मूल्यांकन किया गया।
3.	**अनिश्चित कर स्थितियां** कम्पनी द्वारा अपने प्रचालन एक जटिल कर परिवेश में किए जाते हैं तथा अपने सामान्य व्यवसाय संव्यवहार के दौरान इसके सम्मुख अनेक प्रकार के कर जोखिम होते हैं। कम्पनी द्वारा किए जाने वाले संव्यवहार/अनुबंध जटिल, आलोचनात्मक प्रकार के होते है तथा इनके प्रति कर प्राधिकरणों द्वारा चुनौती दी जा सकती है। इसके अलावा कुछ व्ययों के संबंध में प्रदान की गई अनुमति तथा कम्पनी द्वारा अतिरिक्त समर्थित दस्तावेजों के संबंध में की जाने वाली स्वीकृति भी प्राधिकरणों के साथ किसी जारी विवाद का मुद्दा बन सकती हैं। कृपया लेखांकन नीति संख्या 2 (xii) एवं नोट संख्या 32 II ग से संदर्भ प्राप्त करें।	**प्रमुख लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं :** • हमारे द्वारा अनिश्चित कर स्थितियों के प्रावधानों पर प्रभावी प्रचालनात्मकता के सुनिश्चय के लिए कम्पनी के नियंत्रणों के डिजायन एवं प्रचालनात्मक प्रभाव्यता का मूल्यांकन एवं परीक्षण किया गया है। • प्रबंधन निर्णयों के प्रति अनुकूलता एवं मूल्यांकन के लिए हमारे द्वारा मामलों से संबंधित पत्रव्यवहार का परीक्षण, वर्तमान एवं चालू कर प्राधिकरण पूछताछ की स्थितियों पर विचार, कर विवरणों से संबंधित विवेकसम्मत निर्णयों तथा चालू वर्ष के अनुमानों एवं कर परिवेश में की जाने वाली प्रक्रियाओं का मूल्यांकन किया गया है। • अपने कर समूह के सहयोग से हमने कम्पनी के कर प्रावधानों की पर्याप्तता का मूल्यांकन करने के लिए कर जोखिमों तथा आकस्मिकताओं के अनुमानों पर प्रबंधन निर्णयों का मूल्यांकन किया है।

इंड एएस वित्तीय विवरण एवं उनसे संबंधित लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के अलावा अन्य सूचना :

इंड एएस वित्तीय विवरण तथा उससे संबंधित लेखापरीक्षकां की रिपोर्ट के अलावा अन्य मामले कम्पनी का निदेशक मंडल अन्य सूचना की प्रस्तुति के प्रति उत्तरदायी है। अन्य सूचना में निदेशक मंडल की रिपोर्ट एवं उसके अनुलग्नक, कॉर्पोरेट शासन एवं शेयरधारकों से संबंधित सूचना शामिल होती है परन्तु इसमें इंड एएस वित्तीय विवरणों तथा उससे संबंधित हमारी लेखा परीक्षा रिपोर्ट को शामिल नहीं किया जाता है।

इंड एएस वित्तीय विवरणों में व्यक्त हमारे मत में अन्य सूचना शामिल नहीं है तथा हम किसी प्रकार से उसके संबंध में किसी आश्वासन निष्कर्ष की प्रस्तुति नहीं कर रहे हैं।

इंड एएस वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के संबंध में हमारा दायित्व इसमें दी गई सूचना को पढ़ना है तथा ऐसा करते हुए यह विचार करना है कि क्या अन्य सूचना की सामग्री वित्तीय विवरणों तथा लेखा परीक्षा की प्रक्रिया के दौरान हमें प्राप्त जानकारी से वस्तुगत रूप से संगत है अथवा इसमें किसी प्रकार के वस्तुगत दुर्विवरण का उल्लेख किया गया है अथवा नहीं किया गया है। यदि हमारे द्वारा निष्पादित कार्य के आधार पर हमें अन्य सूचना में किसी प्रकार के सामग्रीगत मिथ्या कथन का आभास होता है तो ऐसे तथ्यों की रिपोर्ट किए जाने की अपेक्षा हमसे की गई है। इसके संबंध में रिपोर्ट के लिए कुछ प्रस्तुति नहीं कर रहे है।

प्रबंधन तथा इंड एएस वित्तिय विवरणों की शासी व्यवस्था के अत्तरदेयताओं के दायित्व

कम्पनी का निदेशक मंडल, अधिनियम की धारा 134(5) में निर्दिष्ट मामलों के संबंध में, कुल व्यापक आय, नकदी प्रवाह एवं इक्विटी परिवर्तन सहित कम्पनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन की सत्य एवं स्वच्छ छवि प्रस्तुत करने वाले इन स्टैंडएलोन वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति यथासंशोधित कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्दिष्ट भारतीय लेखांकन मानको सहित भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप करने के प्रति उत्तरदायी है। इस उत्तरदायित्व में, कम्पनी की परिसम्पत्तियों की सुरक्षा तथा जालसाजियों एवं अन्य अनियमितताओं से उनके बचाव के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकार्डों के रखरखाव करना; उचित लेखांकन नीति का चयन एवं उपयोग करना; औचित्यपरक एवं विवेकसम्मत निर्णय निर्धारण करना एवं अनुमान लगाना; तथा सत्य एवं स्वच्छ प्रस्तुत करने वाले एवं प्रत्येक प्रकार सामग्रीगत मिथ्या विवरण, जालसाजी अथवा चूक के कारण, से मुक्त इंड एएस स्टैंडएलोन इंड एएस वित्तीय विविरणों का निर्माण करने एवं प्रस्तुत करने के सुनिश्चय के उद्देश्य से अभिकल्प करने, **आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों,** जो लेखांकन रिकार्डों की सटीकता एवं पूर्णत के लिए प्रभावी प्रक्रिया कर रहे है, का कार्यान्वयन एवं सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व भी शामिल है।

यदि इंड एएस वित्तीय विवरणों के निर्माण के समय कम्पनी के प्रबंधन की मंशा परिचालनों को बन्द करने अथवा ऐसा करने के अलावा कोई अन्य विकल्प न होने के कारण कम्पनी का ऋणशोधन करने की नहीं है तो प्रबंधन कम्पनी के इन वित्तीय विवरणों के निर्माण के दौरान गोइंग कंसर्न के आधार पर कम्पनी की क्षमता का मूल्यांकन करने, तथा लागू प्रकटीकरण करने, लेखांकन के आधार के लिए गोइंब कंसर्न से संबंधित मामलों एवं उनका उपयोग करने के प्रति उत्तरदायी है।

कम्पनी का निदेशक मंडल कम्पनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी के प्रति उत्तरदायी है।

इंड एएस वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के संबंध में लेखापरीक्षकों के उत्तरदायित्व

हमारा उद्देश्य वित्तीय विवरणों को तथ्यात्मक दुर्विवरण, जालसाजी अथवा चूक के कारण, से मुक्त रखे जाने का युक्तिसंगत आश्वासन प्राप्त करके अपने मत को शामिल करते हुए लेखा परीक्षा रिपोर्ट जारी रखना है। युक्तिसंगत आश्वासन को आश्वासन का उच्च स्तर कहा जा सकता है परन्तु इसमें किए गए लेखा परीक्षण के संबंध में यह गारंटी नहीं होती है कि एसए प्रक्रिया के अंतर्गत किए जाने वाले लेखा परीक्षण से तथ्यात्मक दुर्विवरण, यदि कोई हों, की प्राप्ति निश्चित तौर पर हो सकेगी। तथ्यात्मक दुर्विवरण जालसाजी अथवा चूक के कारण हो सकता है अथवा इसे तथ्यात्मक तभी माना जा सकता है जब इनसे अलग अलग अथवा समस्त रूप से इन वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोक्ता द्वारा लिए गए आर्थिक निर्णयों पर किसी प्रकार का औचित्यपरक प्रभाव होने की संभावना की गई हो।

एसए के अंतर्गत की जाने वाली लेखा परीक्षा की पूरी प्रक्रिया के दौरान हमें व्यावसायिक तौर पर संश्यात्मक दृष्टिकोण से युक्त व्यावसायिक निर्धारण करने होते हैं। हमारे द्वारा निम्नलिखित प्रक्रियाएं भी की गई हैं:-

- वित्तीय विवरणों में तथ्यात्मक दुर्विवरण के जोखिमों, जो चाहे जालसाजी अथवा चूक के कारण हों,का संज्ञान तथा मूल्यांकन करना तथा ऐसे जोखिमों पर प्रभावीय लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं के स्वरूप के अनुसार लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं करके अपने मत के आधार के लिए ऐसे लेखा परीक्षा प्रमाण की प्राप्ति करना जो पर्याप्त एवं औचित्यपरक हों। पता न लगाई जा सकी किसी जालसाजी से किए

गए तथ्यात्मक दुर्विवरण के जोखिम परिणाम किसी चूक से उत्पन्न होने वाले जोखिमों से कहीं अधिक होते हैं क्योंकि जालसाजियां साठ गांठ, धोखाधड़ी, किन्हीं उद्देश्यों से की गई चूक, गलत बयानी अथवा आंतरिक नियंत्रण की अवहेलना किए जाने के कारण हो सकती हैं।

- परिस्थितियों के अनुकूल लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं के निर्माण के लिए लेखा परीक्षा से सम्बद्ध आंतरिक नियंत्रण को संज्ञान में लेना। कम्पनी अधिनियम,2013 की धारा143(3)(i) के अंतर्गत हमारा दायित्व अपने इस मत की अभिव्यक्ति करना भी है कि क्या कम्पनी में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण व्यवस्था स्थापित है तथा क्या ऐसे नियंत्रणों के लिए यह व्यवस्था प्रभावी है अथवा नहीं।
- प्रयुक्त लेखांकन नीतियों की पर्याप्तता एवं प्रबंधन द्वारा लगाए गए लेखा अनुमानों की औचित्यपरकता तथा सम्बद्ध प्रकटनों का मूल्यांकन करना।
- प्रबंधन द्वारा लेखांकन के लिए उपयोग में लाए गए गोइंग कंसर्न के आधार तथा प्राप्त लेखा परीक्षा परिणामों के आधार की उपयुक्तता के संबंध में यह निश्चय करना कि क्या ऐसी स्थितियां अथवा परिस्थितियां हैं जिनसे यह तथ्यपरक अनिश्चितता होती हो तथा जिनसे गोइंग कंसर्न के लिए कम्पनी की क्षमता पर किसी प्रकार का प्रभाव होने की आशंका हुई हो। यदि ऐसी किसी प्रकार की तथ्यपरक अनिश्चितता को शामिल किया जाता है तो हम से अपनी लेखा परीक्षा से सम्बद्ध इंड एएस वित्तीय विवरणों में किए गए प्रकटीकरणों की ओर ध्यान आकर्षित करवाए जाने तथा ऐसे प्रकटीकरण अपर्याप्त होने की स्थिति में अपना मत संशोधित करने की अपेक्षा है। हमारे द्वारा किया गया निश्चय हमारी रिपोर्ट में उल्लिखित तिथि के दौरान प्राप्त किए गए लेखा परीक्षा प्रमाणों पर आधारित है। तथापि, भावी स्थितियों अथवा परिस्थितियों के परिणाम कम्पनी की प्रक्रियाओं को गोइंग कंसर्न के रूप में जारी न रखे जाने का कारण हो सकते हैं।
- प्रकटीकरणों सहित इंड एएस वित्तीय विवरणों की पूर्ण प्रस्तुति, संरचना एवं सार संक्षेप का मूल्यांकन करना तथा यह ज्ञात करना कि क्या इंड एएस वित्तीय विवरणों में लेन देन संव्यवहार एवं स्थिति का विवरण उचित स्वरूप में दिया गया है अथवा नहीं।

वस्तुतः इंड एएस वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत किए जाने वाले दुर्विवरण, अलग अलग अथवा सामुच्य की वस्तुपरक जटिलता कुछ इस प्रकार की होती है कि इनसे वित्तीय विवरणों का औचित्य ज्ञात करने वाले उपयोक्ता द्वारा लिए जाने वाले निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। हम (i) अपने लेखा परीक्षा कार्य के कार्यक्षेत्र की योजना के निर्माण तथा अपने कार्य के परिणाम के मूल्यांकन, तथा (ii) वित्तीय विवरणों में से संज्ञान में लिए दुर्विवरण के प्रभाव के मूल्यांकन के लिए तथ्यपरक प्रमात्रा के गुणात्मक कारकों को विचार में लेते हैं।

हम, अन्य मामलों के साथ साथ शासन व्यवस्था की देखरेख करने वाले पदाधिकारियों को योजनाबद्ध कार्यक्षेत्र तथा लेखा परीक्षा की समय सारणी एवं लेखा परीक्षण के निष्कर्षों और साथ ही हमारे द्वारा किए गए लेखा परीक्षण के दौरान प्रकाश में आई आंतरिक नियंत्रण से जुड़ी खामियों के संबंध में जानकारी प्रदान करते हैं।

शासन व्यवस्था की देखरेख करने वाले पदाधिकारियों को हमने उन मामलों का विवरण भी दिया है जिनका समेकन हमारे द्वारा स्वतंत्रता से सम्बद्ध आचार अपेक्षाओं के अनुसार किया गया था तथा हमारी लेखा परीक्षा स्वतंत्रता एवं उससे जुड़े सुरक्षा उपायों, जहां लागू हों,के प्रभाव के लिए प्रत्येक प्रकार की औचित्यपरक संबद्धता एवं अन्य मामलों का सम्प्रेषण भी उन्हें किया गया है।

शासन व्यवस्था की देखरेख करने वाले पदाधिकारियों को सम्प्रेषित मामलों में से हमने उन मामलों का निर्धारण भी किया है जो चालू अवधि के इंड एएस वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण थे तथा तदनुसार जो प्रमुख लेखा परीक्षा मामले थे। अपनी लेखा परीक्षा की रिपोर्ट में हमने उन मामलों का वर्णन किया है जो विधि अथवा विनियमों के अंतर्गत ऐसे मामलों के सार्वजनिक प्रकटीकरण के लिए प्रतिबंधित नहीं हैं अथवा जहां, अत्यधिक विरल परिस्थितियों में, हमारे द्वारा किन्हीं परिणामों की संभावना के कारण किसी मामले की अभिव्यक्ति न करने का निर्धारण किया गया है, क्योंकि ऐसी अभिव्यक्ति किए जाने से सार्वजनिक हितों पर औचित्यपरक रूप से प्रभाव पड़ सकता है।

अन्य मामले

1. हमारे द्वारा कम्पनी के इंड ए एस वित्तीय विवरणों में सम्मिलित पश्चिम क्षेत्र के वित्तीय विवरणों तथा अन्य वित्तीय सूचना का लेखा परीक्षण नहीं किया गया है जिसके इंड एएस वित्तीय विवरणों में 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष की स्थिति के अनुसार कुल परिसम्पत्तियां 1,13,499.69 लाख रुपए तथा कुल राजस्व 2,70,18.75 लाख रुपए और कुल रोकड़ प्रवाह 327.49 लाख रुपए है, जिनके संबंध में इंड एएस वित्तीय विवरणों में विचार किया गया है। पश्चिम क्षेत्र के इन इंड एएस वित्तीय विवरणों तथा अन्य वित्तीय सूचनाओं का लेखा परीक्षण भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया है तथा जिनकी रिपोर्ट हमें प्रस्तुत की गई है। तदनुसार, इंड ए एस वित्तीय विवरणों में शामिल पश्चिम क्षेत्र से संबंधित राशियों एवं प्रकटीकरणों के लिए हमारा मत ऐसे अन्य लेखा परीक्षक की रिपोर्ट से प्राप्त जानकारी पर आधारित है।

   उपर्युक्त मामले के संबंध में हमारी रिपोर्ट संशोधित नहीं की गई है।

अन्य विधिक एवं विनियामक अपेक्षाओं की रिपोर्ट

1. कम्पनी अधिनियम की धारा143 की उप धारा (11) के निबंधनों के अनुसार भारत सरकार द्वारा कम्पनी (लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट)आदेश, 2020 (''आदेश'') द्वारा अपेक्षित उक्त आदेश के पैरा 3 तथा 4 में यथा लागू विनिर्दिष्ट विषयों पर एक हम अनुलग्नक – क में प्रस्तुत कर रहे हैं।

2. अधिनियम के अनुच्छेद 143(3) की अपेक्षाओं के अनुसार हम यह रिपोर्ट करते हैं कि:

क) हमने, 'प्रतिकूल मत के आधार' के पैराग्राफ में की गई टिप्पणी की शर्त के साथ, वे सब सूचनाएं और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के लिए आवश्यक हैं;

ख) हमारे मतानुसार, 'प्रतिकूल के आधार' के पैराग्राफ में वर्णित मामलों के प्रभाव के अलावा, विधि अपेक्षाओं के अनुसार कम्पनी द्वारा लेखों की उचित बहियों का अनुरक्षण किया गया है तथा ऐसा अब तक इन बहियों की हमारी जांच से प्रतीत हुआ है। कार्पोरेट कार्यालय तथा उत्तरी क्षेत्र का लेखापरीक्षण हमने किया गया है जबकि पश्चिम क्षेत्र का लेखापरीक्षण संबंधित शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा किया गया है। तथापि, हमने यह देखा है कि कम्पनी द्वारा ऐसे लेखांकन पैकेज का उपयोग किया जा रहा है जो कि अब प्रचलन में नहीं है तथा चालू अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए इसका उन्नयन / परिवर्तन किया जाना अपेक्षित है;

ग) शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा अधिनियम की धारा143(8) के अंतर्गत लेखा परीक्षित कम्पनी के पश्चिम क्षेत्र के लेखों का लेखा परीक्षण करके हमें भेजा गया है तथा इस रिपोर्ट को तैयार करने के लिए उसके संबंध में उचित अनुकूलन किया गया है ;

घ) इस रिपोर्ट में वर्णित तुलन पत्र, अन्य व्यापक आय सहित लाभ-हानि विवरण, इक्विटी परिवर्तन विवरण तथा रोकड़ प्रवाह विवरण कम्पनी की लेखा बहियों से मेल खाते हैं;

ङ) हमारे मतानुसार, 'प्रतिकूल मत के आधार' के पैराग्राफ में की गई टिप्पणी की शर्त के साथ, उपर्युक्त इंड एएस वित्तीय विवरण कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015, यथासंशोधित के साथ पठित अधिनियम की धारा133 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट भारतीय लेखांकन मानक(इंड एएस) से संगत हैं;

च) निदेशकों की अयोग्यता के संबंध में एक सरकारी कम्पनी होने के कारण अधिनियम की धारा 164(2) के प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं होते हैं;

छ) कम्पनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों के प्रचालनिक प्रभाव का उल्लेख 'अनुलग्नक 'ख'' में प्रस्तुत हमारी पृथक रिपोर्ट में किया गया है;

ज) अधिनियम की अनुसूची V के साथ पठनीय धारा 197 के अंतर्गत लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में प्रबंधन पारिश्रमिक के भुगतान से संबंधित सूचना को शामिल किए जाने की अपेक्षा अधिनियम की धारा 197(16), यथासंशोधित, की अपेक्षाओं के अनुसार सरकारी कम्पनी होने के कारण कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है;

झ) हमारे मतानुसार और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी

(लेखा परीक्षा और लेखापरीक्षक) नियम, 2014, के नियम 11 के अनुसार लेखा परीक्षा रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में :

i. कम्पनी ने अपने इंड एएस वित्तीय विवरणों में अपनी वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव का प्रकटीकरण किया है – इंड एएस वित्तीय विवरण के नोट संख्या 32 (II) का संदर्भ लें;

ii. कम्पनी द्वारा ऐसे कोई दीर्घकालिक अनुबंध नहीं किए गए हैं जिनसे हानियों की किसी प्रकार की कोई संभावना हो। कम्पनी द्वारा डेरियेटिव अनुबंध नहीं किए जाते हैं।

iii. ऐसी कोई राशियां नहीं थी जिन्हें कम्पनी के निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि में अंतरित किए जाने आवश्यकता हुई हो। तदनुसार, ऐसी राशियों के अंतरण में देरी होने का प्रश्न नहीं उठता है।

iv. क) प्रबंधन ने यह प्रस्तुति दी है कि उनकी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार कम्पनी द्वारा विदेशी इकाईयों, ''मध्यस्थों'' सहित किसी व्यक्ति (व्यक्तियों) अथवा इकाई (इकाईयों) को किसी निधि का अग्रिम अथवा ऋण नहीं दिया गया है अथवा निवेश (ऋण पर प्राप्त निधियों अथवा शेयर प्रीमियम अथवा अन्य स्रोतों से अथवा अन्य प्रकार की निधियों में किसी में से) इस सहमति, लिखित अथवा अन्यथा स्वरूप में, के साथ नहीं किया गया है कि मध्यस्थ द्वारा, प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप में, कम्पनी अथवा कम्पनी की ओर से (''अंतिम लाभग्राहियों'') अन्य व्यक्तियों अथवा निर्धारित इकाईयों को ऋण अथवा उनमें निवेश अथवा कोई गारंटी, प्रतिभूति अथवा, अंतिम लाभग्राहियों की ओर से किसी प्रकार की प्रतिभूति प्रदान की जाएगी;

ख) प्रबंधन ने यह प्रस्तुति दी है कि उनकी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार कम्पनी ने विदेशी इकाई (''निधियन पार्टी'') सहित किसी व्यक्ति (व्यक्तियों) अथवा इकाई (इकाईयों) से किसी निधि का अग्रिम अथवा ऋण की प्राप्ति इस सहमति, लिखित अथवा अन्यथा स्वरूप में, के साथ नहीं की है कि कम्पनी द्वारा, प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप में, निधियन पार्टी (''अंतिम लाभग्राहियों'') की ओर से अन्य व्यक्तियों अथवा निर्धारित इकाईयों को ऋण अथवा उनमें निवेश अथवा कोई गारंटी, प्रतिभूति अथवा, अंतिम लाभग्राहियों की ओर से किसी प्रकार की प्रतिभूति प्रदान की जाएगी;

ग) हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं, जिनका उपयोग परिस्थितियों के अनुसार औचित्यपरक एवं यथोचित समझा गया है, से हमारी जानकारी में ऐसा कुछ प्रकाश में नहीं आया है जिसके प्रभाव से ऐसा माना जा सके कि उपर्युक्त (क) एवं (ख) में नियम 11(ङ) के उप-खंड (i) एवं (ii) के अंतर्गत की गई प्रस्तुति में किसी प्रकार का कोई मिथ्याकथन है।

v. कंपनी ने वर्ष के दौरान कोई लाभांश घोषित नहीं किया है अथवा भुगतान नहीं किया है।

vi. लेखांकन साफ्टवेयर, जिसमें ऑडिट ट्रेल (एडिट लॉग) सुविधा को रिकॉर्ड करने की सुविधा है, तथा के उपयोग से लेखा बहियों के अनुरक्षण के लिए कंपनी (लेखांकन) नियमावली, 2014 के नियम 3(1) के परंतुक कम्पनी के संबंध में जो 1 अप्रैल, 2023 से लागू है, तथा तदनुसार, कंपनी (लेखापरीक्षा एवं लेखापरीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11(जी) के अंतर्गत रिपोर्टिंग 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लागू नहीं है।

3. अधिनियम की धारा 143(5) की कम्पनी के संबंध में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा जारी निदेशों के संबंध में की गई कार्रवाई तथा कम्पनी के इंड एएस वित्तीय विवरणों पर हुए इसके प्रभाव इस रिपोर्ट के **''अनुलग्नक –ग''** में प्रस्तुत किए गए हैं।

कृते एस.एस. पेरीवाल एंड कम्पनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण संख्याः 001021एन

ह/-
सीए आनन्द ग्रोवर
(साझेदार)
सदस्यता संख्याः 097954

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 16.05.2024
यूडीआईएन : 24097954BKBLCN9477

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के इंड ए एस वित्तीय विवरणों पर पवन हंस लिमिटेड के सदस्यों को संबोधित स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक 'क'

(i) क) (क) पश्चिम क्षेत्र में कम्पनी द्वारा संपति, संयंत्र एवं उपकरण के मात्रात्मक एवं स्थिति के पूर्ण विवरण दर्शाने वाले रिकार्ड का डिजीटल माध्यम अनुरक्षण में किया गया है। निगमित कार्यालय के संबंध में अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित अचल परिसम्पत्ति रजिस्टर का रखरखाव किया गया है, तथापि, कुछ मामले ऐसे प्रकाश में आए हैं जिनमें अचल परिसम्पत्तियों का मात्रात्मक एवं स्थिति का सही विवरण नहीं दिया गया है। उत्तरी क्षेत्र में कम्पनी द्वारा मात्रात्मक विवरण एवं स्थिर परिसम्पत्तियों की स्थिति पूर्ण विवरण दर्शाने वाले रिकार्ड का अनुरक्षण नहीं किया गया है।

(ख) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी द्वारा अमूर्त परिसम्पत्तियों की प्रमात्रा एवं स्थिति के विवरण सहित पूर्ण विवरण दर्शाने वाले रिकार्ड का अनुरक्षण नहीं किया गया है। इंड एएस वित्तीय विवरणों के नोट संख्या 4 के अंतर्गत केवल एक अमूर्त परिसम्पत्ति यथा (लेखांकन प्रणाली का टीसीएस पैकेज) का प्रकटीकरण किया गया है तथा इसके निर्धारित उपयोज्यता काल में इसका परिशोधन कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार लेखा बहियों में कर लिया गया है।

ग) हमें प्रदान की गई सूचना तथा स्पष्टीकरण के आधार पर कम्पनी में अचल सम्पत्तियों के भौतिक सत्यापन के लिए 3 वर्ष में किए जाने का नियमित कार्यक्रम स्थापित है जिसके अंतर्गत सभी अचल परिसम्पत्तियों का भौतिक सत्यापन चरणबद्ध पद्धति से किया जाता है।

पश्चिम क्षेत्र मे सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के भौतिक सत्यापन का नियमित कार्यक्रम स्थापित है जिसके अंतर्गत सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण का चरणबद्ध स्वरूप में भौतिक सत्यापन किया जाता है। पिछले वर्ष प्रबंधन द्वारा अपनी प्रत्येक सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण का भौतिक सत्यापन योजनागत कार्यक्रम के अनुसार किया गया था।

हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, पश्चिम क्षेत्र में रखे वैस्टलैंड विमान बेड़े सहित कॉर्पोरेट कार्यालय, पूर्वी क्षेत्र एवं इसके बेस तथा उत्तरी क्षेत्र एवं इसके बेस में प्रबंधन द्वारा भौतिक सत्यापन किए गए हैं।

इंड एएस वित्तीय विवरण के नोट संख्या 32VI(ख) में ''स्थिर परिसम्पत्तियों का भौतिक सत्यापन'' के संबंध में किए गए उल्लेख के अनुसार विचाराधीन वित्तीय वर्ष के दौरान एक स्वतंत्र एजेंसी द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया था तथा स्थिर परिसम्पत्ति रजिस्टर से मिलान की प्रक्रिया की जा रही है। तथापि, हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष में स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से कोई भौतिक सत्यापन नहीं किया गया है। स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से पिछला भौतिक सत्यापन यथा (स्थिर परिसम्पत्तियों का मिलान) वित्तीय वर्ष 2020-21 यथा अगस्त, 2020 में किया गया था।

हमारे मतानुसार कम्पनी के आकार एवं इसकी परिसम्पत्तियों की प्रकृति को विचार में लेकर प्रबंधन को भौतिक सत्यापन की इस अवधिकता को सुदृढ़ किया जाना चाहिए तथा हेलीकॉप्टर, जो कि इसकी प्रमुख सम्पत्ति है, संयंत्र एवं उपकरणों के साथ अतिरिक्त इंजनों का सत्यापन वार्षिक आधार पर किया जाना चाहिए। इसके अलावा, वर्ष के अंत में 7982.72 लाख रुपए के सकल मूल्य के रोटेब्ल्स मरम्मत के लिए भिजवाए गए थे जो कुछ विदेशी मूल उपकरण निर्माताओं के पास रखे हुए हैं। इनमें से 2014.60 लाख रुपए के सकल मूल्य के रोटेब्लस तथा 1561.74 लाख रुपए मूल्य के डब्ल्यूडीवी 31 मार्च, 2023 के पश्चात वापस प्राप्त हो गए हैं। पश्चिम क्षेत्र कुछ मूल उपकरण निर्माताओं से क्षेत्र की ओर से रखे गए 710.83 लाख रुपए (542.67 लाख रुपए की डब्ल्यूडीवी) के सकल मूल्य के संबंध में पुष्टि प्राप्त नहीं कर सका है। उत्तर क्षेत्र के संबंध में हम शेष उन रोटेब्ल्स के संबंध में संबंधित पार्टियों से प्राप्त पुष्टि का सत्यापन नहीं कर पाए हैं जो विदेशी उपकरण आपूर्तिकर्ताओं के पास रखे हुए हैं।

ग) इंड ए एस वित्तीय विवरणों में सम्पत्ति, संयंत्र तथा उपकरण के नोट संख्या 3 में किए गए प्रकटीकरण के अनुसार अचल परिसम्पत्तियों के हक विलेख कम्पनी के नाम हैं जो रोहिणी हेलीपोर्ट के अलावा, जिसकी भूमि का स्वामित्व नागर विमानन मंत्रालय के पास है। इसके अलावा, पश्चिम क्षेत्र में आवास भवन (जेएचसी) के अलावा जिसका हक विलेख कम्पनी के नाम पर इसलिए नहीं है कि इसकी भूमि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के नाम पर है तथा कम्पनी द्वारा इस भूमि पर 242 फ्लैट निर्मित किए गए हैं जिनमे से 50 फ्लैट भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को उक्त भूमि के पट्टे के बदले दिए गए हैं जो आंशिक रूप से पट्टे पर 25 वर्ष की अवधि के लिए प्राप्त की गई है। इसके अलावा नोट संख्या 32 (V) (ख) में 6 एमएचएडीए फ्लैटों, जिनका कब्जा कम्पनी के पास है परन्तु इन फ्लैटों का पट्टा शीर्ष कम्पनी के नाम पंजीकृत नहीं है, के संबंध में प्रकटीकरण किया गया है। इन फ्लैटों का विवरण नीचे दिया गया है:

सम्पति का विवरण	**सकल वहन मूल्य**	**किसके नाम धारित**	**क्या प्रोमोटर, निदेशक अथवा उनके संबंधी अथवा प्रोमोटर**	**किस अवधि से धारित हैं**	**कम्पनी के नाम धारित न होने के कारण**
आवासीय फ्लैट		एमएचएडीए	लागू नहीं	1998 से अब तक	स्टाम्प ड्यूटी का भुगतान न किए जाने के कारण

(घ) हमें प्रदान की गई सूचना तथा स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी ने सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण तथा अमूर्त परिसम्पत्तियों का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया है। तदनुसार कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश, 2020 ('आदेश') का पैराग्राफ 3(i) (घ) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।

(ङ) हमें प्रस्तुत सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार 31 मार्च, 202 की स्थिति के अनुसार वर्ष के दौरान कम्पनी के प्रति बेनामी संव्यवहार (प्रतिबंध) अधिनियम, 1988 (2016 में यथासंशोधित) तथा उसके अध्याधीन निर्मित नियमों के अंतर्गत किसी बेनामी संपत्ति के धारण के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

(ii) (क) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार औचित्यपरक अंतराल में मालसूचियों का भौतिक सत्यापन (तृतीय पार्टियों के पास रखी मालसूचियों एवं मार्गस्थ सामग्रियों के अलावा) नहीं किया गया है।

पश्चिम क्षेत्र के मामले में, प्रबंधन द्वारा वर्ष के अंत में मालसूचियों का भौतिक सत्यापन किया गया है । तथापि, बहियों के अनुसार शेष एवं भौतिक सत्यापन रिपोर्ट के मध्य लेखा बहियों में समाधान किए जा रहे हैं। डिटेचमेंट के भंडार एवं पुर्जों के मामले में प्रेषण मुम्बई से किया जाता है तथा वर्ष के अंत में पश्चिम क्षेत्र में भंडार एवं पुर्जों के अंत शेष को संबंधित डिटेचमेंट द्वारा प्रस्तुत भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट के आधार पर रिकार्ड में लिया जाता है तथा ऐसा होने से इसके लिए सीमित नियंत्रण की व्यवस्था की गई है।

उत्तरी क्षेत्र में, मालसूचियों का भौतिक सत्यापन आंतरिक रूप से प्रबंधन द्वारा किया गया है तथा भंडार ऑडिट के कार्य तृतीय पक्षकार / स्वतंत्र बाह्य एजेंसी द्वारा किए गए हैं।

हमारे मतानुसार एवं हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार वर्ष के दौरान प्रबंधन द्वारा भौतिक सत्यापन किए गए हैं, बहियों एवं भौतिक सत्यापन रिपोर्ट के मध्य व्याप्त अनियमितताओं को विचार में लिया गया है। इसके अलावा, बही प्रमात्रा एवं वास्तविक प्रमात्रा के बीच किसी प्रकार की भिन्नता को समाप्त करने के लिए मालसूची संचलन हेतु आंतरिक प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए। कृपया प्रबंधन द्वारा मालसूचियों के भौतिक सत्यापन के दौरान पाई गई न्यूनताओं / अतिरेक के लिए इंड एएस वित्तीय विवरणों का नोट संख्या 32 VII देखें।

(ख) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी को लेखापरीक्षा अवधि के वर्ष के दौरान किसी भी समय बैंकों अथवा वित्तीय संस्थानों द्वारा पांच करोड़ रुपए से अधिक की कार्यशील पूंजी सीमा स्वीकृत नहीं की गई है। तदनुसार कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') के पैराग्राफ 3(ii) (ख) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।

(iii) हमे प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी ने कम्पनियों, फर्मों, सीमित देनदारी, भागीदारी अथवा अन्य पार्टियों में किसी प्रकार का निवेश नहीं किया है तथा किसी प्रकार की गारंटी अथवा प्रतिभूति प्रदान नहीं की है। तदनुसार कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') के पैराग्राफ 3(iii) (क) (ख) (ग) (घ) (ङ) (च) कम्पनी पर लागू नहीं होते हैं।

(iv) हमें उपलब्ध करवाई गई सूचना तथा दिए गए स्पष्टीकरणों तथा हमारे द्वारा कम्पनी के रिकार्ड की जांच के अनुसार कम्पनी द्वारा कम्पनी अधिनियम की धारा 185 तथा 186 किसी प्रकार के ऋण अथवा उनमें कोई निवेश, अथवा उन्हें किसी प्रकार की गारंटी अथवा प्रतिभूति प्रदान नहीं किए गए है । तदनुसार कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') के पैराग्राफ 3(iv) के प्रावधान कम्पनी के लिए लागू नहीं होते हैं।

(v) कम्पनी द्वारा किसी प्रकार के जमा अथवा ऐसी कोई राशियां स्वीकार नहीं की गई हैं जो धारा 73 से 76 के अंतर्गत तथा उनके अंतर्गत निर्मित नियमों के अंतर्गत आती हों। कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') के पैराग्राफ 3(v) के प्रावधान कम्पनी के लिए लागू नहीं होते हैं।

(vi) केन्द्र सरकार द्वारा कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 की उप धारा (1) के अंतर्गत कम्पनी के लिए लागत रिकार्ड का अनुरक्षण किए जाने का निर्धारण नहीं किया गया है। तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') के पैराग्राफ 3 (vi) कम्पनी पर लागू नहीं होता है।

(vii) क) हमें उपलब्ध करवाई गई सूचना तथा दिए गए स्पष्टीकरणों तथा हमारे द्वारा की गई कम्पनी की लेखा बहियों में राशियों की कटौती / प्राप्ति के रिकार्ड की जांच के अनुसार कम्पनी द्वारा भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, आय कर, बिक्री कर, सेवा कर, सीमा शुल्क, मूल्य संवर्धित कर तथा उपकर लागू अन्य सभी अविवादित सांविधिक देयताओं के संबंध में सामान्यतः वर्ष के दौरान संबंधित प्राधिकरणों को नियमित रूप से भुगतान किया गया है। हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार उत्पाद कर के लिए कम्पनी द्वारा कोई भी बकाया देय नहीं है।

हमें दी गई सूचना एवं प्रस्तुत स्पष्टीकरणों के अनुसार भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, आय कर, बिक्री कर, सेवा कर, सीमा शुल्क, मूल्य संवर्धित कर,माल एवं सेवा कर तथा उपकर लागू अन्य सभी देयताओं के 31 मार्च,2023 की स्थिति के अनुसार उनकी देयता से छः माह की अवधि से अधिक बकाया नहीं थे जो 13.81 लाख रुपए की स्टाम्प ड्यूटी के अलावा, एमएचएडीए यथा चालू सर्कल दर के अनुसार प्राप्त होने की शर्त पर है तथा जिसका भुगतान अभी तक नहीं किया गया है तथा पश्चिम क्षेत्र की रिपोर्ट निम्नानुसार सूचित की गई है:

क्र.सं.	**देयताओं की प्रकृति**	**सांविधि का नाम**	**राशि (रुपए लाख में)**
1.	श्रम उपकर	भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996	0.29 लाख

हमें प्रस्तुत सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार निम्नानुसार किए गए उल्लेख के अलावा 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार कम्पनी द्वारा संबंधित प्राधिकरण में किसी विवाद के कारण जमा न करवाए गए आय कर, बिक्री कर, सम्पत्ति कर, सेवा कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, तथा उपकर की कोई देयता बकाया नहीं है :-

क्र.सं.	विधान विवरण	देयता का स्वरूप	राशि (रुपए लाख में)*	राशि से संबद्ध अवधि	विवादित मामला कहां लंबित है
1	दिल्ली मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2004	वीएटी, ब्याज **	7,963.08	वि.व. 2006-07	अपीलिय ट्रिब्यूनल, वीएटी, दिल्ली
2	दिल्ली मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2004	वीएटी, ब्याज **	8,989.66	वि.व. 2007-08	अपीलिय ट्रिब्यूनल, वीएटी, दिल्ली
3	दिल्ली मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2004	वीएटी, ब्याज **	12,194.39	वि.व. 2008-09	अपीलिय ट्रिब्यूनल, वीएटी, दिल्ली
4	दिल्ली मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2004	वीएटी, ब्याज **	14,107.79	वि.व. 2009-10	अपीलिय ट्रिब्यूनल, वीएटी, दिल्ली
5	वित्त अधिनियम, 1994	सेवा कर	532.31 (71.21)	वि.व. 2009-10	अपीलिय ट्रिब्यूनल, मुम्बई
6	वित्त अधिनियम, 1994	सेवा कर	447.43	वि.व. 2010-11	अपीलिय ट्रिब्यूनल, मुम्बई
7	वित्त अधिनियम, 1994	सेवा कर	551.39	वि.व. 2011-12	अपीलिय ट्रिब्यूनल, मुम्बई
8	वित्त अधिनियम,1994	सेवा कर	274.07 (50.51)	वि.व. 2012-13	अपीलिय ट्रिब्यूनल, मुम्बई
9	वित्त अधिनियम,1994	सेवा कर	482.40 (43.00)	वि.व. 2014-15	सीमाशुल्क, उत्पाद एवं सेवा कर अपीलिय ट्रिब्यूनल, मुम्बई
10	वित्त अधिनियम,1994	सेवा कर	223.50 (20.07)	वि.व. 2015-16	अपीलिय ट्रिब्यूनल, मुम्बई
11	वित्त अधिनियम,1994	सेवा कर	354.08 (33.29)	वि.व. 2016-17	अपीलिय ट्रिब्यूनल, मुम्बई
12	वित्त अधिनियम,1994	सेवा कर	31.84 (2.69)	वि.व. 2017-18	अपीलिय ट्रिब्यूनल, मुम्बई
13	वित्त अधिनियम,1994	दंड	182.20 (13.66)	वि.व. 2009-13	अपीलिय ट्रिब्यूनल, मुम्बई
15	आय कर अधिनियम, 1961	व्यय एवं ब्याज के प्रति अस्वीकृति	992.17 (1,055.04)	वि.व. 1997-98	आईटीएटी, दिल्ली
16	आय कर अधिनियम, 1961	व्यय एवं ब्याज के प्रति अस्वीकृति	2,975.00 (3,536)	वि.व. 1998-99	आईटीएटी, दिल्ली
17	आय कर अधिनियम, 1961	व्यय एवं ब्याज के प्रति अस्वीकृति	2,650.00 (3,292.78)	वि.व. 1999-00	आईटीएटी, दिल्ली
18	आय कर अधिनियम, 1961	व्यय एवं ब्याज के प्रति अस्वीकृति	4,742.00 (5,046.84)	वि.व. 2001-02	आईटीएटी, दिल्ली

क्र.सं.	विधान विवरण	देयता का स्वरूप	राशि (रुपए लाख में)*	राशि से संबद्ध अवधि	विवादित मामला कहां लंबित है
19	आय कर अधिनियम, 1961	व्यय एवं ब्याज के प्रति अस्वीकृति	2,556.00 (3,277.91)	वि.व. 2001-02	आईटीएटी, दिल्ली
21	आयकर अधिनियम, 1961	व्यय एवं ब्याज के प्रति अस्वीकृति	628.71	वि.व. 2021-22	सीआईटी (अपील)
22	आयकर अधिनियम, 1961	धारा 271(ग) के अंतर्गत जुर्माना	39.18	वि.व. 2002-03	सीआईटी (अपील)

* कोष्ठक में दिए गए आंकड़े या तो विरोध सहित राशि जमा करवाने अथवा प्राधिकरणों द्वारा कम्पनी को देय धनवापसी की राशि को रोके जाने से संबंधित हैं।

** वित्तीय वर्ष 2006-07 से वित्तीय वर्ष 2009-10 से संबंधित14327.36 लाख रुपए के वीएटी जुर्माने की स्वीकृति दिनांक 6.10.2022 को अपीलिय ट्रिब्यूनल द्वारा की गई है। तथापि, हमें इस आशय की कोई पुष्टि/विवरण प्राप्त नहीं हुआ है कि क्या विभाग द्वारा छूट/स्वीकृति के संबंध में किसी प्रकार की अपील दायर की गई है अथवा नहीं की गई है तथा इनके संबंध में 31.3.2023 की स्थिति के अनुसार देयता प्रावधानों पर कोई प्रभाव हो सकता है / नहीं हो सकता है। विवरण निम्नलिखित है :

वर्ष	जुर्माना (रुपए लाख में)
वित्तीय वर्ष 2006-07	4,581.17
वित्तीय वर्ष 2007-08	4,000.68
वित्तीय वर्ष 2008-09	3,647.54
वित्तीय वर्ष 2009-10	2,097.97
योग	**14,327.36**

(viii) हमारे मतानुसार एवं हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरणों तथा हमारे द्वारा कम्पनी की लेखा बहियों में ऐसे कोई संव्यवहार नहीं हैं जिन्हें आय कर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत कर निर्धारण के लिए वर्ष के दौरान सरेंडर किया गया हो अथवा आय के रूप में प्रकटीकरण किया गया हो। तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') का पैराग्राफ 3(viii) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।

(ix) (क) कम्पनी ने ऋणदाताओं से किसी प्रकार के ऋण अथवा उधार प्राप्त नहीं किए गए हैं। तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') का पैराग्राफ 3(ix) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।

(ख) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी को किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्थान अथवा सरकार अथवा किसी सरकारी प्राधिकरण द्वारा जानबूझकर चूककर्ता घोषित नहीं किया गया है।

(ग) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी ने वर्ष के दौरान किसी प्रकार के आवधिक ऋण तथा ऋण प्राप्त नहीं किए हैं। तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') का पैराग्राफ 3(ix)(ग) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।

(घ) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी ने वर्ष के दौरान अल्पकालिक निधियों की उत्पति नहीं की है। तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') का पैराग्राफ 3(ix)(घ) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।

(ङ) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी ने किसी इकाई अथवा किसी व्यक्ति से अपनी सहायक कम्पनियों, सम्बद्ध कम्पनियों अथवा संयुक्त उद्यमों के दायित्वों की पूर्ति के लिए कोई निधियां प्राप्त नहीं की हैं। तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') का पैराग्राफ 3(ix) (ङ) कम्पनी पर लागू नहीं है।

(च) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी ने वर्ष के दौरान अपनी प्रतिभूतियों में धारित संयुक्त उद्यमों अथवा सम्बद्ध कम्पनियों की प्रतिभूतियों को रेहन रखकर किसी प्रकार के ऋण की उत्पति नहीं की है। तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') का पैराग्राफ 3(ix) (च) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं होता है।

(x) (क) कम्पनी ने प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव अथवा अग्रेतर सार्वजनिक प्रस्ताव (नामे लिखतों सहित) के माध्यम से धन की उत्पति नहीं की है। तदनुसार, आदेश का पैराग्राफ 3(x) (क) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं होता है।

(ख) हमें प्रस्तुत की गई सूचना तथा दिए गए स्पष्टीकरण तथा हमारे द्वारा कम्पनी के रिकार्ड की जांच के आधार पर कम्पनी द्वारा वर्ष के दौरान शेयरों तथा पूर्णत अथवा आंशिक परिवर्तनीय लाभांशों के लिए किसी प्रकार का अधिमान्य आबंटन अथवा निजी नियोजन नहीं किया गया है तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2020 ('आदेश') का पैराग्राफ 3(ix) (ख) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं होता है।

(xi) (क) लेखा बहियों एवं कम्पनी के रिकार्ड की जांच तथा हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के आधार पर लेखापरीक्षा मानकों में दी गई सामग्रीकता के सिद्धांतों पर विचार करके हम यह रिपोर्ट करते हैं कि इंड एएस वित्तीय विवरणों के नोट संख्या 32 XXI में सूचित किए गए के अलावा कम्पनी द्वारा अथवा कम्पनी के प्रति किसी प्रकार की जालसाजी न तो हुई है तथा न ही लेखापरीक्षा अवधि के दौरान रिपोर्ट की गई है।

(ख) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143 की उप धारा (12) के अनुसार लेखापरीक्षकों ने कम्पनी (लेखापरीक्षा एवं लेखापरीक्षक) नियमावली 2014 में निर्धारित फार्म एडीटी-4 केन्द सरकार के सम्मुख प्रस्तुत नहीं किया गया है।

(ग) प्रबंधन द्वारा हमें दी गई प्रस्तुति के अनुसार वर्ष के दौरान कम्पनी को कोई व्हीसल ब्लोअर शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

(xii) हमारी जानकारी एवं विश्वास तथा हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार यह कम्पनी निधि कम्पनी नहीं है। तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश, 2020 ('आदेश') का पैराग्राफ 3(xii)(क) (ख) (ग) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं होता है;

(xiii) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों तथा हमारे द्वारा की गई कम्पनी के रिकार्ड की जांच के आधार पर कम्पनी ने अधिनियम की धारा 177 तथा 188 के प्रावधानों, जहां लागू हैं, किया है तथा लागू लेखांकन मानकों की अपेक्षाओं के अनुसार इंड एएस वित्तीय विवरणों में सम्बद्ध पार्टियों के साथ किए गए संव्यवहारों का प्रकटीकरण नोट संख्या 32 XXVII में किया है।

(xiv) (क) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, कार्यात्मक विभागों के नियंत्रण को कम्पनी के आकार एवं कम्पनी के परिचालनों के अनुकूल बनाने के लिए आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली को सुदृढ़ बनाया जाना अपेक्षित है;

(ख) संबंधित क्षेत्रों की आंतरिक लेखापरीक्षा की रिपोर्टों पर हमारे द्वारा लेखापरीक्षा की प्रक्रिया के दौरान विचार किया गया है।

(xv) हमें प्रदान की गई सूचना तथा दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी ने अपने निदशकों अथवा उनसे सम्बद्ध व्यक्तियों के साथ किसी प्रकार के गैर-नकद संव्यवहार नहीं किए हैं। तदनुसार, कम्पनी (लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश, 2020 ('आदेश') का पैराग्राफ 3(xv) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं होता है;

(xvi) (क) कम्पनी से भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-1ए के अंतर्गत पंजीकरण की अपेक्षा नहीं है। तदनुसार आदेश का खंड 3(xvi) (क) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।

(ख) कम्पनी से भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-1ए के अंतर्गत पंजीकरण की अपेक्षा नहीं है। तदनुसार आदेश का खंड 3(xvi)(ख) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।

(ग) यह कम्पनी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्मित विनियमों की परिभाषा के अनुसार प्रमुख निवेश कम्पनी (सीआईसी) नहीं है, तदनुसार खंड 3(xvi) (ग) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।

(घ) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, लेखापरीक्षा की प्रक्रिया के दौरान समूह का कोई सीआईसी (प्रमुख निवेश कम्पनी) नहीं है। तदनुसार खंड 3(xvi)(घ) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।

(xvii) हमारी लेखापरीक्षा से संबंधित वित्तीय वर्ष के दौरान तथा तत्काल निकट पिछले वर्ष के दौरान कम्पनी को नकदी हानियां नहीं हुई हैं।

(xviii) वर्ष के दौरान कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 140(2) के अंतर्गत सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा त्यागपत्र दिए जाने की कोई घटना नहीं हुई है। तदनुसार कम्पनी (लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश, 2020 (आदेश) का पैराग्राफ 3(x)(क) तथा (ख) कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।

(xix) वित्तीय अनुपात, कालक्रम एवं वित्तीय परिसम्पत्तियों से प्रतिफल प्राप्ति की संभावित तिथियों, वित्तीय विवरणों से सम्बद्ध अन्य सूचना तथा निदेशक मंडल एवं प्रबंधन की योजनाओं के संबंध में हमारी जानकारी तथा पूर्वानुमानों के लिए समर्थित दस्तावेजों की हमारे द्वारा की गई जांच के आधार पर हमारी जानकारी में ऐसा कुछ नहीं आया है जो हमारी इस धारणा का कारण बन सकें कि लेखापरीक्षा रिपोर्ट में उल्लिखित तिथि को किसी प्रकार की ऐसी सामग्रीगत अनिश्चितता व्याप्त है जिसके प्रभाव से कम्पनी तुलन पत्र तिथि के अनुसार विद्यमान अपनी देयताओं की पूर्ति तुलन पत्र की तिथि से एक वर्ष की अवधि के दौरान नहीं कर पाएगी। तथापि, हम यह उल्लेख करना चाहते हैं कि यह क्षेत्र की भावी व्यवहार्यता का किसी प्रकार का कोई आश्वसन नहीं है। हम आगे यह भी उल्लेख करना चाहते हैं कि हमारी रिपोर्टिंग हमारी लेखापरीक्षा तिथि के तथ्यों पर आधारित है तथा हम इस संबंध में न तो किसी प्रकार की गारंटी दे रहे हैं और कोई आश्वासन दे रहे हैं कि कम्पनी तुलन पत्र की तिथि से से एक वर्ष की अवधि में उत्पन्न होने वाली, जब कभी वे भुगतान के लिए देय हों, सभी देयताओं की पूर्ति कर देगी ।

(xx) हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार तथा हमारे द्वारा की गई कम्पनी के रिकार्डों की जांच के अनुसार कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 में उल्लिखित कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के प्रावधान वित्तीय विवरणों के नोट संख्या 32 XVII के अनुसार कम्पनी के संबंध में लागू नहीं है।

(xxi) हमारे मतानुसार एवं हमें प्रस्तुत सूचना तथा दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, भारत में निगमित और समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल कंपनियों की कंपनी (ऑडिटर की रिपोर्ट) आदेश, 2020 रिपोर्ट में पश्चिमी क्षेत्र शाखा लेखा परीक्षक द्वारा कोई अलग योग्यता या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है। सीएआरओ रिपोर्ट में पश्चिमी क्षेत्र के संबंधित लेखा परीक्षक द्वारा योग्यता या प्रतिकूल टिप्पणी को क्रमशः कॉर्पोरेट क्षेत्र और उत्तरी क्षेत्र रिपोर्टिंग के साथ मुख्य सीएआरओ रिपोर्ट में बिंदुवार शामिल/विलय किया गया है।

कृते एस.एस. पेरीवाल एंड कम्पनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण संख्याः 001021एन

ह/-
सीए आनन्द ग्रोवर
सदस्यता संख्याः 097954

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 16.05.2024
यूडीआईएन : 24097954BKBLCN9477

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए पवन हंस लिमिटेड के इंड ए एस वित्तीय विवरणों के संबंध में स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की समान तिथि का अनुबंध 'ख'

कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 143 के उप खंड 3 की धारा वाक्य (i) के अंतर्गत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की रिपोर्ट

हमने 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार पवन हंस लिमिटेड ("कम्पनी") की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का लेखा परीक्षण इस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए हमारे द्वारा किए गए इंड ए एस वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण के साथ किया है ।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर प्रबंधन के उत्तरदायित्व

कम्पनी का प्रबंधन भारत के सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के मार्गदर्शी नोट में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों को ध्यान में रखकर कम्पनी द्वारा स्थापित किए गए अनिवार्य घटकों की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण पर आधारित आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की स्थापना तथा अनुरक्षण के प्रति उत्तरदायी है । इस उत्तरदायित्वों में कंपनी की नीतियों के साथ साथ इसके व्यवसाय,इसकी परिसंपत्तियों को सुरक्षा प्रदान करने तथा जालसाजी व चूकों, लेखांकन रिकार्डों की परिशुद्धता एवं सम्पूर्णता तथा कम्पनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत अपेक्षित विश्वसनीय वित्तीय रिपोर्टों की सामयिक प्रस्तुति के सुनिश्चय के लिए प्रभावशाली रूप से कुशलतापूर्वक कार्य कर रहे पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के डिजाइन, कार्यान्वयन तथा अनुरक्षण के प्रति उत्तरदायित्व शामिल है ।

लेखा परीक्षक के दायित्व

हमारा उत्तरदायित्व हमारे द्वारा किए गए लेखा परीक्षण के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर कम्पनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के संबंध में अपनी राय व्यक्त करना है । हमारे द्वारा किया गया लेखा परीक्षण भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी मार्गदर्शी नोट तथा लेखा परीक्षण के मानकों के अनुसार, जो कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) में निर्धारित माने गए, आंतरिक लेखा परीक्षण के लिए यथासंभव लागू, जो दोनों आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए लागू हैं, तथा जो दोनों भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए हैं। इन मानकों तथा मार्गदर्शी नोट की अपेक्षाओं के अनुसार हमसे नीतिपरक अपेक्षाओं का पालन करते हुए लेखा परीक्षण की योजना बनाकर एवं निष्पादन करते हुए यह सुनिश्चित करने की अपेक्षा की गई है कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की स्थापना की गई है अथवा नहीं तथा क्या ऐसे नियंत्रण प्रभावपूर्ण एवं प्रत्येक वस्तुगत दृष्टि से कार्य कर रहे हैं अथवा नहीं ।

हमारे लेखा परीक्षण में प्रक्रियाबद्ध निष्पादन के माध्यम से वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली तथा उनकी प्रचालनात्मक प्रभाव्यता के लेखा परीक्षण प्रमाण एकत्र करना शामिल है । वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए हमारे लेखा परीक्षण में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के संबंध में जोखिमों के आकलन, किसी वस्तुगत दोष की उपस्थिति, तथा मूल्यांकित जोखिमों के आधार पर आंतरिक नियंत्रण पर डिजाइन तथा प्रचालनात्मक प्रभाव्यता का परीक्षण एवं मूल्यांकन के प्रति अनुकूलता प्राप्ति भी शामिल है । इंड एएस विवरणियों के वस्तुपरक मिथ्याकथन, जालसाजी अथवा चूक के कारण, के जोखिमों के मूल्यांकन सहित प्रक्रियाओं का चयन लेखा परीक्षक के विवेकानुसार किया जाता है ।

हमारी ऐसा मानना है कि वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की व्यवस्था पर हमारे मान्य सुझावों की प्रस्तुति के आधार के लिए हमें प्राप्त लेखा परीक्षण प्रमाण उचित एवं पर्याप्त हैं ।

इन वित्तीय विवरणों के संदर्भ में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का अभिप्राय

वित्तीय रिपोर्टिंग पर किसी कम्पनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया होती है जिससे वित्तीय रिपोर्टिंग तथा सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार बाह्य उद्देश्यों से वित्तीय विवरणों के संबंध में औचित्यपरक आश्वासन प्राप्त होते हों। किसी कम्पनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए नीतियां एवं प्रक्रियाएं भी शामिल होती हैं जिनके अनुसार (1) रिकार्डों का अनुरक्षण इस प्रकार किया जाना होता है कि उसमें औचित्यपरक विवरण, परिशुद्धता तथा कम्पनी की परिसम्पत्तियों के संबंध में लेन देन व्यवहार तथा विन्यास की छवि स्पष्ट प्रतीत होती हो; (2) जिससे यह औचित्यपरक आश्वासन की प्राप्ति होती हो कि किए गए लेन देन व्यवहारों को सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरणों के अनुमत्त निर्माण की आवश्यकता के अनुरूप रिकार्डबद्ध किया गया है तथा कम्पनी की प्राप्तियां एवं व्यय की प्रविष्टि केवल कम्पनी के प्रबंधन तथा निदेशकों से प्राधिकार प्राप्ति के पश्चात की गई है; तथा (3) कम्पनी की परिसम्पत्तियों के संबंध में वित्तीय विवरणों पर सामग्रीगत प्रभाव करने वाले कम्पनी की परिसम्पत्तियों के अनाधिकृत अधिग्रहण, उपयोग अथवा निपटान के संबंध में रोकथाम अथवा समय पर जानकारी प्राप्त होने का औचित्यपरक आवश्वासन प्राप्त होता हो।

इन वित्तीय विवरणों के संदर्भ में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाएँ।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित बाध्यताओं के कारण सांठ गांठ अथवा नियंत्रणों पर लंघन द्वारा अनुचित प्रबंधन, चूक अथवा धोखेबाजी के कारण गलत बयानी जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं तथा उनका पता नहीं भी लगाया जा सकता है । इसके साथ साथ वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों में भावी अवधियों के लिए किए जाने वाले मूल्यांकन के अनुमानों में भी इस जोखिम से परिपूर्ण होते हैं कि स्थितियों में बदलाव के कारण वित्तीय नियंत्रणों पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण अपर्याप्त हो सकते हैं अथवा नीतियों अथवा प्रक्रियाओं के कारण इनके अनुपालन का स्तर कम हो सकता है ।

अर्हक मत

हमें प्रस्तुत की गई सूचना तथा दिए गए स्पष्टीकरणों तथा हमारे द्वारा की गई लेखा परीक्षा के अनुसार कम्पनी में आरसीएम एवं लक्ष्य, प्रक्रिया एवं उनसे संबंधित जोखिम के अंतर की ट्रेकिंग से युक्त वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण सहित आंतरिक नियंत्रण को सुचारू बनाने के लिए विस्तृत मॉडल का प्रलेखन नहीं किया गया है। हमारी परीक्षण जांच एवं नियंत्रणों के लिए स्थापित प्रणाली की पर्याप्तता एवं प्रभाव्यता की समीक्षा के दौरान अचल परिसम्पत्ति प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन, निविदा प्रक्रिया, राजस्व लेखांकन, सांविधिक अनुपालन, मानव संसाधन प्रबंधन, प्रचालन एवं सूचना प्रौद्योगिकी सामान्य नियंत्रण की पर्याप्तता के डिजायन एवं प्रभाव्यता में अंतर पाए गए हैं। इसके अलावा, बेसों पर भी व्ययों के संबंध में समेकित प्रविष्टियां की जाती हैं अर्थात व्ययों की स्वीकृति देर से की जाती है जिसके कारण टीडीएस एवं जीएसटी जैसी सांविधिक देयताएं प्रभावित होती हैं। क्षेत्रीय सम्पर्क योजना प्रचालनों तथा पूर्व वर्षों में श्री केदारनाथ यात्रा के संबंध में विलम्बित टिकट बिक्री/गैर-समाधान किए जाने के मामले प्रकाश में आए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी साफ्टवेयर के पुराने वर्जन के कारण इंड एएस तथा जीएसटी के वित्तीय विवरणों की उत्पति नहीं हो सकती है तथा इन्हें हाथ से लिखकर तैयार करना पड़ता है। आंतरिक नियंत्रणों की समग्र प्रचालनात्मक प्रभाव्यता एवं परिभाषित नियंत्रणों के आधार पर इकाई द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली सूचना के निर्बाध संसाधन के लिए सूचना प्रौद्योगिकी साफ्टवेर को अद्यतन किया जाना आवश्यक है। सूचना प्रौद्योगिकी साफ्टवेयर ऐसे भी कुछ मामले प्रकाश में आएं जिनमें डीओपी उल्लंघन हुए हैं कुछ मामलों के संबंध में सक्षम प्राधिकारी से कार्योत्तर

अनुमोदन प्राप्त किया गया है। अपनी परीक्षण जांच से कुछ मामलों में हमने अधिक/कम राशि के बीजक निर्मित करने तथा प्रमुख व्यवसाय प्राप्यों तथा क्रेडिटरों के शेष के समाधान न किए जाने, अनुमोदन के लिए स्थापित ई-फाइल सिस्टम में गतिरोध उत्पन्न करके ऑफलाइन/मैनुअल नोट शीटों पर अनुमोदन प्रदान किए जाने के मामलों के प्रचलन की ओर ध्यान दिया है। भर्ती पर रोक होने के बावजूद भी कम्पनी द्वारा काफी लम्बे समय से संविदारत कर्मचारियों तथा परामर्शदाताओं को नियुक्त किया जा रहा है। विधिक मामलों के आंतरिक नियंत्रण तथा आकस्मिक देयताओं की परिमाण निर्धारण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाना आवश्यक है। इसके अलावा, नोट संख्या XXI में किए गए उल्लेख के अनुसार चालू वर्ष (नकदी का दुरूपयोग) तथा पिछले वर्षों के दौरान कम्पनी में हुई जालसाजी की कुछ घटनाओं का पता चला है जिसके मूल कारण को ज्ञात करने के लिए विस्तृत विश्लेषण किया जाना चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं की आवृत्ति को कमतर किया जा सके। कुछ कर्मचारियों के संबंध में हित विरोध होने तथा प्रमुख कर्मचारियों का रोटेशन के अनुसार स्थानांतरण न किए जाने से जालसाजी को बढ़ावा मिल सकता है। हमारा ध्यान पदों से संबंधित अनुक्रमण योजना तैयार न किए जाने, ग्राहकों के साथ अनुबंधों का मानकीकरण न किए जाने, मूल उपकरण निर्माता के पास 1 वर्ष से भी अधिक अवधि से रोटेब्ल्स रखे जाने, पार्टियों से/को बकाया शेष के लिए 3 वर्ष से अधिक अवधि तक समाधान न किए जाने, ओवरआल उड़ान तथा बिलिंग घंटों के संबंध में प्रति पायलट उड़ान घंटों का समाधान न किए जाने के मामलों की ओर भी गया है। एमआईएस व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए जाने की आवश्यकता है।

हमारे मतानुसार, नियंत्रण मानदंडों के लक्ष्यों की प्राप्ति के संबंध में ऊपर उल्लिखित सामग्रीगत कमी/कमियों के प्रभावों / संभावित प्रभावों के अलावा कम्पनी द्वारा सामग्रीगत स्वरूप में प्रत्येक वित्तीय रिपोर्टिंग पर अपने आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की प्रक्रिया का पूर्ण सामग्रीगत स्वरूप में अनुरक्षण किया गया है तथा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखा परीक्षण के मार्गदर्शी नोट में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों के अनुरूप कम्पनी द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण के लिए की गई स्थापना के आधार पर 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग पर ऐसे आंतरिक नियंत्रण प्रभावी रूप से कार्य कर रहे थे।

हमने संज्ञान में लाई गई प्रत्येक सामग्री कमजोरी / कमजोरियों तथा उपर्युक्तानुसार 31 मार्च, 2023 की स्थिति के लिए कम्पनी के इंड ए एस वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण के लिए उपयोग में लाई लेखा परीक्षण की प्रकृति, समय उपर्युक्ता एवं विस्तार पर विचार किया है तथा हमारे मतानुसार ये सामग्रीगत कमजोरियां कम्पनी के इंड ए एस वित्तीय विवरणों को प्रभावित नहीं करती हैं।

कृते एस.एस. पेरीवाल एंड कम्पनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण संख्याः 001021एन

ह/-
सीए आनन्द ग्रोवर
(साझेदार)
सदस्यता संख्याः 097954

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 16.05.2024
यूडीआईएन : 24097954BKBLCN9477

31 मार्च, 2023 को समाप्त पवन हंस लिमिटेड के सदस्यों को संबोधित इंड एएस वित्तीय विवरणों की स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट का अनुलग्नक 'ग'

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) अंतर्गत नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा जारी निर्देश के अनुसार

क्र.सं.	निर्देश	लेखापरीक्षक की टिप्पणी	प्रभाव
1.	क्या कम्पनी में सूचना प्रौद्योगिकी व्यवस्था के माध्यम से सभी लेखांकन संव्यवहारों की प्रक्रिया किए जाने की व्यवस्था स्थापित की गई है? यदि हां, तो लेखांकन संव्यवहारों को बाह्य सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से की जाने वाली प्रक्रिया से लेखों के समेकन में होने वाली कठिनाईयों तथा वित्तीय कठिनाईयों, यदि कोई हों, का विवरण प्रस्तुत करें।	1. कम्पनी के सभी लेखांकन संव्यवहारों का क्षेत्रवार संसाधन केन्द्रीकृत एकीकृत सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियों के माध्यम से किया जाता है। तथापि, स्टैंडएलोन / समेकित तुलनपत्र के निर्माण के लिए तथा रिपोर्टिंग उद्देश्य से कम्पनी को वित्तीय डेटा तथा क्षेत्रवार लेखा बहियों का समेकन करना होता है तथा ऐसे करने से वित्तीय विवरणों के समेकन के दौरान मानव चूक, लोप तथा अकरण संभव हो सकता है। सभी क्षेत्रों से संबंधित ट्रॉयल शेष, ओएसटी, टीडीएस एवं बही लेखों की उत्पति अलग अलग मैनुअल आधार पर की जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए इनके संबंध में रिपोर्टिंग, मिलान, डेटा विश्लेषण सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली स्थापित नहीं है जिसके माध्यम से लेखापरीक्षा रिपोर्टों की उत्पति सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली पर की जाती है। तथापि, हमने हमारे लेखापरीक्षा प्रेक्षण के लिए निष्कर्ष स्थापित करने के उद्देश्य से उपलब्ध सूचना प्रौद्योगिकी एवं मैनुअल प्रणाली को विचार में लिया है। 2. स्थिर परिसम्पत्ति रजिस्टर (एफएआर) तथा मालसूची के संबंध में स्थिर परिसम्पत्ति रजिस्टर का अनुरक्षण एक्सेल शीट में किया गया है तथा स्थिर परिसम्पत्तियों पर मूल्यह्रास का आकलन किया जाता है तथा बाद में इसे टीसीएस (ईआरपी) में दर्ज किया जाता है। इसके अलावा स्टॉक रिकार्ड का अनुरक्षण एक्सेल शीट में अलग से किया गया है। तथापि, इससे लेखा बहियों के लेखों की सत्यता अथवा वित्तीय प्रभाव नहीं है।	शून्य

क्र.सं.	निर्देश	लेखापरीक्षक की टिप्पणी	प्रभाव
2	क्या किसी विद्यमान ऋण अथवा किसी ऋणदाता द्वारा कम्पनी को दिए गए उधार/ऋण/ब्याज इत्यादि के संबंध में कम्पनी ऋण अदायगी न किए जाने के कारण ऋण की किसी प्रकार की पुनर्संरचना अथवा छूट / बट्टा/ किए जाने की प्रक्रिया की गई है? यदि हां, तो इससे होने वाले वित्तीय प्रभाव का उल्लेख करें। यह बताएं कि क्या ऐसे मामलों का सही ढंग से लेखांकन किया जाता है अथवा नहीं किया जाता है? (यदि ऋणदाता सरकारी कम्पनी है तो ये निदेश सांविधिक लेखापरीक्षक अथवा ऋणदाता कम्पनी के संबंध में भी लागू हैं)	हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी में, किसी विद्यमान ऋण की पुनर्संरचना करने अथवा किसी ऋणदाता द्वारा कम्पनी को दिए गए ऋण की अदायगी करने की असमर्थता के कारण उधार/ऋण/ब्याज इत्यादि के संबंध में छूट/बट्टा प्रदान करने के कोई मामले नहीं हैं।	शून्य
3	क्या विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत केन्द्र / राज्य सरकारों अथवा इनकी एजेंसियों से प्राप्त / प्राप्य से अनुदान / राजसहायता का उचित लेखाजोखा रखा गया है/नियमों एवं शर्तों के अनुसार उचित उपयोग किया गया है? व्यतिक्रम के मामलों की सूची प्रस्तुत करें।	हमें प्रदान की गई सूचना एवं दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार कम्पनी को वर्ष के दौरान केन्द्र / राज्य सरकारों की एजेंसियों से कोई निधियां प्राप्त नहीं हुई हैं।	शून्य

कृते एस.एस. पेरीवाल एंड कम्पनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण संख्याः 001021एन

ह/-
सीए आनन्द ग्रोवर
(साझेदार)
सदस्यता संख्याः 097954

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 16.05.2024
यूडीआईएन : 24097954BKBLCN9477

एस.एस पेरिवाल एंड कम्पनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में,
पवन हंस लिमिटेड के सदस्यगण
इंड एएस वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा रिपोर्ट

प्रतिकूल मत

हमने पवन हंस लिमिटेड ("कंपनी") के संलग्न इंड ए एस वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च 2023 की स्थिति के अनुसार तुलन पत्र तथा लाभ एवं हानि विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), इक्विटी परिवर्तन विवरण एवं समाप्त वर्ष के अनुसार रोकड़ प्रवाह विवरण तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का संक्षेप एवं अन्य स्पष्टीकरण सूचना (इसका उल्लेख एतद्वारा "इंड एएस वित्तीय विवरणों" के रूप में किया जाएगा) के साथ साथ भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा पश्चिम क्षेत्र की लेखा परीक्षित रिपोर्ट शामिल की गई है।

हमारे मत तथा हमारे पास उपलब्ध सूचना एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार कम्पनी के कार्यों तथा अन्य व्यापक आय, नकदी प्रवाह विवरण एवं उपर्युक्त तिथि को समाप्त वर्ष के इक्विटी परिवर्तन विवरणों के संबंध में, उपर्युक्त इंड एएस वित्तीय विवरण, हमारी रिपोर्ट प्रतिकूल मत भाग के अंतर्गत प्रकटीकरण किए गए महत्वपूर्ण मामलों के कारण, यथासंशोधित कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 (''इंड एएस) के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानकों तथा भारत में सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप सत्य एवं स्वच्छ छवि की प्रस्तुति नहीं करते हैं।

हमारे द्वारा किया गया इंड ए एस वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षा कार्य अधिनियम की धारा143(10) में किए गए विनिर्देशन के अंतर्गत सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा परीक्षा मानकों का अनुसरण करते हुए किया गया है। इन मानकों के अंतर्गत हमारे उत्तरदायित्वों का उल्लेख हमारी रिपोर्ट में इंड एएस वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण के लिए लेखापरीक्षकों के दायित्व खंड में किया गया है। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी आचार संहिता के अनुसार हम कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों तथा उसके अध्याधीन निर्मित नियमों के अंतर्गत वित्तीय विवरणों के संबंध में हमारा लेखा परीक्षण सम्बद्ध स्वतंत्र अपेक्षाओं के साथ आचार अपेक्षाओं के अनुरूप किया गया है तथा हमारे द्वारा इन आचार अपेक्षाओं एवं भारतीय सनदी लेखाकार (आईसीएआई) द्वारा जारी आचार संहिता की अपेक्षाओं के अनुरूप अपने उत्तरदायित्वों का पालन किया गया है। हमारा यह मानना है कि इंड एएस स्टेंडएलोन इंड एएस वित्तीय विवरणों के संबंध में हमारा लेखा परीक्षा प्रतिकूल मत प्रस्तुत करने के आधार के लिए हमारे द्वारा प्राप्त किए गए लेखा परीक्षा साक्ष्य पर्याप्त एवं उपर्युक्त हैं।

प्रतिकूल मत का आधार

1. (क) "मामलों के प्रभाव" की मद संख्या जेओ तथा इंड एएस वित्तीय विवरणों के नोट संख्या 32 XXV में की गई निर्दिष्टि के अनुसार कंपनी ने 29 अप्रैल 2022 की स्थिति के अनुसार स्टार9 मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड (उच्चतम बोलीदाता) के पक्ष में अपनी 51% हिस्सेदारी का रणनीतिक विनिवेश किया गया है। प्रेस विज्ञप्ति में किए गए उल्लेख के अनुसार विशेषज्ञों (लेन-देन सलाहकार एवं परिसम्पति मूल्यांकक) द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर पवन हंस लिमिटेड की 51% शेयरधारिता की बिक्री का आरक्षित मूल्य 199.92 करोड़ रुपए था जिसकी तुलना में 211.14 करोड़ रुपए का बोलीदाता मूल्य था। कम्पनी की 51% हिस्सेदारी का मूल्यांकन 199.92 करोड़ का मूल्यांकन कम्पनी के कुल 399.84 करोड़ रुपए के अनुसार किया गया है। वित्त मंत्रालय द्वारा आंकी गई लगभग 502.71 करोड़ रुपए की अक्षमता हानि के मूल्यांकन आधार पर 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों के अनुसार कम्पनी की निवल सम्पति 902.55 करोड़ है।

क्र.सं.	विवरण	मूल्यांकन	निवल सम्पति	मूल्यांकन में भिन्नता
1.	मूल्यांकन विशेषज्ञ (लेनदेन परामर्शदाता एवं परिसम्पति मूल्यांकक)	399.84 करोड़ रुपए (199.92 करोड़*2)	902.55 करोड़	502.71 करोड़
2.	स्टार9मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड (उच्चतम बोलीदाता)	Rs 422.28 Crore (211.14 करोड़*2)	902.55 करोड़	480.27 करोड़

दिनांक 29.4.2022 को जारी पीआईबी विज्ञप्ति निम्नानुसार पठित है :-

''पवन हंस लिमिटेड में रणनीतिक विनिवेश के अनुमोदित रणनीतिक क्रेता''

''आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति से शक्ति प्राप्त वैकल्पिक तंत्रव्यवस्था, जिसमें श्री नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण, केन्द्रीय वित्त एवं एएमपी; कॉर्पोरेट कार्य तथा श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री शामिल हैं, द्वारा पवन हंस लिमिटेड में भारत सरकार की समग्र शेयरधारिता (शेयरधारिता का 51%) की बिक्री उच्चतम बोलीदाता मैसर्स स्टार9मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड को किए जाने का अनुमोदन दिया गया है।

पवन हंस लिमिटेड, हेलीकॉप्टर और एयरो मोबिलिटी सेवाएं प्रदान करने वाला भारत सरकार तथा ओएनजीसी का एक संयुक्त उद्यम है। भारत सरकार के पास कंपनी की 51% शेयरधारिता है तथा ओएनजीसी के पास शेष 49% शेयरधारिता है। ओएनजीसी द्वारा पहले अपनी समग्र शेयरधारिता का विनिवेश भारत सरकार के रणनीतिक विनिवेश संव्यवहार के अंतर्गत निर्धारित सफल बोलीदाता को उसी समान मूल्य एवं शर्तों के अनुसार किए जाने का निर्णय लिया गया था जो भारत सरकार के साथ तय की गई थी।

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा अक्टूबर, 2016 में पवन हंस लिमिटेड में भारत सरकार की सम्पूर्ण शेयरधारिता के रणनीतिक विनिवेश का अनुमोदन दिया गया था। इसके लिए पूर्वकाल में यह प्रक्रिया किए जाने के तीन प्रयास किए गए थे। प्रथम प्रयास के अंतर्गत रूचि अभिव्यक्ति की प्राप्ति के लिए दिनांक 13 अक्तूबर, 2017 को प्रारंभिक सूचना ज्ञापन (पीआईएम) जारी किया गया था। इसके प्रति प्राप्त चार रूचि अभिव्यक्तियों में से केवल एक ही योग्य पाई गई थी तथा इससे संबंधित संव्यवहार दूसरे चरण में रद्द कर दिया गया था। दिनांक 14 अप्रैल, 2018 को रूचि अभिव्यक्ति की प्राप्ति के लिए प्रारंभिक सूचना ज्ञापन जारी किया गया था जिसमें दो बोलीदाता योग्य पाए गए थे तथा उन्हें अर्हता प्रस्ताव (आरएफपी) जारी किया गया था। रूचि अभिव्यक्ति प्राप्त करने के लिए अंतिम प्रारंभिक सूचना ज्ञापन दिनांक 11 जुलाई, 2019 को जारी किया गया था। इसकी प्रतिक्रिया में प्राप्त चार रूचि अभिव्यक्तियों में से केवल एक ही योग्य पाई गई तथा यह प्रक्रिया रद्द कर दी गई थी। रूचि अभिव्यक्ति प्राप्त करने के लिए यह चौथी पुनरावृति है जो 8 दिसम्बर, 2020 को दोहराई गई थी। इसके प्रति सात रूचि अभिव्यक्तियां प्राप्त हुई तथा चार इच्छुक बोलीदाताओं को योग्य बोलीदाता के रूप में शार्टलिस्ट किया गया था। विस्तृत प्रक्रियाओं के सम्पादन के पश्चात योग्य बोलीदाताओं को अपनी वित्तीय बोली प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था। तीन वित्तीय बोलियां प्राप्त हुई थी।

निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, विशेषज्ञों (लेनदेन सलाहकार एवं परिसम्पति मूल्यांकक) द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर, पवन हंस लिमिटेड की 51% शेयरधारिता की बिक्री के लिए आरक्षित मूल्य 199.92 करोड़ रुपए तय किया गया था। इसके पश्चात बोलीदाताओं की उपस्थिति में तीनों बोलियां खोली गईं। सभी तीन बोलियां मैसर्स बिग चार्टर प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स महाराजा एविएशन प्राइवेट लिमिटेड और मैसर्स अल्मास ग्लोबल अपॉर्चुनिटी फंड एसपीसी के कंर्सोटियम मैसर्स स्टार9 मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में 211.14 करोड़ रुपए की उच्चतम बोली के साथ वैध पाई गईं; जो आरक्षित मूल्य से अधिक था। अन्य दो बोलियां 181.05 करोड़ रुपए तथा 153.155 करोड़ रुपए मूल्य की थी। विस्तृत विचार-विमर्श के बाद, मैसर्स स्टार9 मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड की वित्तीय बोली सरकार द्वारा स्वीकार की गई है।

रणनीतिक विनिवेश लेनदेन प्रक्रिया का कार्यान्वयन मुक्त प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से किया गया था, जो एक बहुस्तरीय परामर्शदात्री निर्णय लेने वाले तंत्र द्वारा

समर्थित थी, जिसमें अंतर मंत्रालयी समूह, विनिवेश पर सचिवों का कोर समूह और सशक्त वैकल्पिक तंत्र शामिल था। लेन-देन अब समापन चरण में है। अगले चरण में अवार्ड पत्र जारी करने, शेयर क्रय करार पर हस्ताक्षर करना तथा संव्यवहार समाप्ति की प्रक्रिया की जानी है।

पवन हंस लिमिटेड द्वारा पिछले तीन वर्ष (वित्तीय वर्ष -19, वित्तीय वर्ष-20 तथा वित्तीय वर्ष-21) के दौरान घाटे वहन किए गए हैं। कम्पनी के पास 42 हेलीकॉप्टरों का विमान बेड़ा है जिसमें से 41 हेलीकॉप्टर कम्पनी के स्वामित्व में है। स्वामित्व वाले हेलीकॉप्टरों का औसत उपयोज्यता काल 20 वर्ष है तथा इनमें से तीन चौथाई हेलीकॉप्टरों का विनिर्माण मूल उपकरण विनिर्माता द्वारा नहीं किया जा रहा है। निजीकरण की इस प्रक्रिया से यह संभावना है कि रणनीतिक क्रेता द्वारा अधिक पूंजी के उपयोग से कम्पनी के पुराने विमान बेड़े के स्थान पर नया विमान बेड़ा शामिल किया जाएगा तथा कम्पनी के निष्पादन में सुधार लाया जाएगा।

भविष्य में इसका सामग्रीगत प्रभाव कंपनी के वित्तीय आंकड़ों पर भी हो सकता है। तथापि, वित्तीय विवरणों पर होने वाले ऐसे प्रभाव का परिमाण आंका नहीं जा सकता है।

(ख) वित्तीय विवरण के अनुसार, कंपनी के पास 871.21 करोड़ रुपए मूल्य की पीपीई का धारण है। मूल्यांकन एवं कम्पनी की निवल सम्पति में विशाल भिन्नता इंड एएस 36 के अनुसार परिसम्पतियों की क्षमता हानि किए जाने की आवश्यकता की सूचक है।

इंड एएस 36 के अनुसार, परिसम्पतियों की अक्षमता हानि का मूल्यांकन यह ज्ञात करने के लिए किया जाता है कि क्या परिसम्पति में अक्षमता हानि के कोई लक्षण हैं अथवा नहीं है तथा इसके लिए इकाई द्वारा निम्नलिखित न्यूनतम लक्षणों को ऐसा निर्धारण करने के लिए विचार में लिया जाता है:

सूचना के बाह्य स्रोत

(क) अवधि के दौरान, किसी परिसम्पति का बाजार मूल्य समय काल के प्रभाव अथवा सामान्य उपयोग की प्रत्याशा से काफी कम होने की स्थिति।

(ख) अवधि के दौरान, जिस प्रौद्योगिकी, बाजार, आर्थिक अथवा विधिक परिवेश में कम्पनी अपने परिचालन करती है अथवा जहां परिसम्पति का उपयोग किया जा रहा है,प्रतिकूल प्रभाव के साथ साथ महत्वपूर्ण परिवर्तन होने की स्थिति।

(ग) अवधि के दौरान बाजार ब्याज दरों अथवा निवेश पर प्रतिफल की अन्य बाजार दरों में वृद्धि होने की स्थिति तथा ऐसी कोई वृद्धि जिनका प्रभाव परिसम्पति के उपयोज्यता मूल्य के आकलन के लिए प्रयुक्त छूट दर पर होने तथा परिसम्पति की वसूली योग्य राशि में सामग्रीगत स्वरूप में कमी होने की संभावना हो।

(घ) इकाई की निवल परिसम्पतियों की वहन कम्पनी के बाजार पूंजीयन से अधिक होने की स्थिति में।

सूचना के आंतरिक स्रोत

(ङ) परिसम्पति का उपयोगी न होने अथवा उसमें किसी भौतिक क्षति का प्रमाण उपलब्ध होने की स्थिति।

(च) अवधि के दौरान इकाई पर प्रतिकूल प्रभाव वाले महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं, अथवा निकट भविष्य में कुछ ऐसी सीमा अथवा स्वरूप में होने की संभावना है जिससे परिसम्पति का उपयोग अथवा संभावित उपयोग प्रभावित हो सकता है। ऐसे परिवर्तनों में परिसम्पति अनुपयोगी होना, उसका उपयोग समाप्त किए जाने की योजना होना अथवा परिसम्पति से सम्बद्ध परिचालन की पुनर्संरचना करना, निपटान की संभावित तिथि से पूर्व परिसम्पति के निपटान की योजना बना, परिसम्पति के उपयोज्यता काल का अनिश्चित के स्थान पर निश्चित काल के लिए पुनर्मूल्यांकन किया जाना शामिल है।

(छ) आंतरिक रिपोर्टिंग से साक्ष्य उपलब्ध है जिनसे यह ज्ञात होता है कि परिसंपत्ति का आर्थिक निष्पादन अपेक्षा से अधिक खराब है अथवा हो सकता है।

आंतरिक रिपोर्टिंग के साक्ष्य उपलब्ध हैं कि परिसंपत्ति ख़राब हो सकती है, जिसमें निम्नलिखित व्याप्त होना शामिल है:

(क) परिसंपत्ति की प्राप्ति के लिए नकदी प्रवाह, अथवा बाद में इसे परिचालनात्मक बनाने अथवा बनाए रखने के लिए अपेक्षित नकदी जो निर्धारित बजट से काफी अधिक है।

(ख) परिसम्पति से वास्तविक निवल नकदी प्रवाह अथवा परिचालनात्मक लाभ अथवा हानि प्रवाह जो निर्धारित बजट से काफी अधिक है। परिचालन लाभ या हानि जो कि निर्धारित बजट के अनुसार लाभकारी नहीं है;

(ग) बजटीय निवल नकदी प्रवाह अथवा परिचालन लाभ में काफी कमी , अथवा परिसंपत्ति से बजटीय घाटे में अत्यधिक बढ़ोतरी; अथवा

(घ) परिसंपत्ति के लिए परिचालन घाटा या शुद्ध नकदी बहिर्वाह, जब वर्तमान अवधि की राशि भविष्य के लिए बजटीय राशि के साथ एकत्रित की जाती है।

जैसा कि नोट क्रमांक 32 VI डी में किए गए उल्लेख के अनुसार, परिसंपत्तियों का वहन मूल्य इसकी वसूली योग्य राशि से अधिक न होने के विचार से प्रबंधन के मतानुसार परिसंपत्तियों का क्षमता हानि परीक्षण अपेक्षित नहीं है, तथापि, इसके उपयोग मूल्य का आाकलन, परिसम्पति के उपयोग से उत्पन्न होने वाले भावी नकदी प्रवाह जैसी सूचना उपलब्ध न होने के कारण, नहीं किया जा सकता है। प्रबंधन द्वारा नागर विमानन महानिदेशलय की रिपोर्ट के आधार पर परिसम्पतियों की क्षमता हानि की प्रक्रिया नहीं की जा रही है। नागर विमानन महानिदेशालय की रिपोर्ट में केवल रिपोर्ट में उल्लिखित ग्राहकों के संरक्षित उड़ान घंटों के उद्देश्य से हेलीकॉप्टर की उड़नयोग्यता का प्रमाणन ही होता है। "किसी विमान की उड़ान योग्यता उन सभी परिस्थितियों में उड़ान के लिए विमान की उपयुक्तता है जिसके लिए इसे डिज़ाइन किया गया है, तथा जो इसके सम्मुख व्याप्त हो सकती हैं। आईसीएओ अनुबंध 8 के अनुसार, उड़ानयोग्यता शब्द का अर्थ किसी विमान, इंजन, प्रोपेलर अथवा उसके किसी हिस्से की स्थिति है जब वह अपने अनुमोदित डिजाइन के अनुरूप हो और सुरक्षित परिचालन करने की स्थिति में हो। जो एक आंतरिक संकेतक है कि विमान उड़ान योग्य है और डीजीसीए रिपोर्ट में उल्लिखित घंटों के लिए ग्राहकों के परिचालन के लिए सुरक्षित रूप से उड़ान कार्य कर सकता है।

तथापि, ऊपर मद संख्या 1 में किए गए उल्लेख के अनुसार मूल्यांकन एवं कम्पनी निवल सम्पति में अधिक भिन्नता / गिरावट के कारण कम्पनी को अपनी परिसम्पतियों यथा पीपीई का क्षमता हानि परीक्षण करना चाहिए। प्रबंधन द्वारा वित्तीय 2020-21 की वार्षिक रिपोर्ट के मामले के प्रभाव पैराग्राफ में दी गई सूचना के अनुसार पिछले वित्तीय वर्ष परिसम्पतियों यथा पीपीई का क्षमता हानि परीक्षण नहीं किया गया है। कम्पनी द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के संबंध में भी पीपीई का क्षमता हानि परीक्षण नहीं किया गया है। तदनुसार, लेखा बहियों / वित्त से कम्पनी कार्यों की सत्य एवं स्वच्छ छवि की प्रस्तुति नहीं होती है। इस प्रकार, लेखापरीक्षा रिपोर्ट में मत को अर्हक मत के स्थान पर प्रतिकूल मत के रूप में परिवर्तित किया गया है।

2. इंड एएस 37 'प्रावधान, आकस्मिक देयताएं एवं आकस्मिक परिसम्पतियां' का अनुपालन नहीं किया गया है जो कम्पनी के पास लागत केन्द्रों और न ही ग्राहक अनुबंधों के लिए वास्तविक बनाम बजट राजस्व की तुलना के लिए कोई परिभाषित व्यवस्था न होने के कारण है, अतः इस प्रकार दूभर अनुबंधों एवं उनके प्रावधानों, यदि कोई हों, को संज्ञान में नहीं लिया जा सकता है।

3. वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान एक ग्राहक को चार्टर व्यवसाय के अंतर्गत हेलीकॉप्टर उपलब्ध करवाए थे जिसकी उड़ान अवधि के अनुमानित राजस्व के लिए अग्रिम प्राप्त किया जाना था। न तो कोई अग्रिम के तौर पर कोई राशि प्राप्त की गई है और न ही इसकी छूट के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदान किया गया अनुमोदन हमें उपलब्ध करवाया गया है। हमने अनुबंध के विरूद्ध की गई अधिक बिलिंग की ओर भी ध्यान दिया है जो ग्राहक द्वारा कम करवाई गई थी तथा विपणन विभाग द्वारा स्वीकार कर ली गई थी। इसके लिए ग्राहक से प्राप्य कुल 436.79 लाख रुपए की राशि में से ग्राहक से केवल 252.30 लाख रुपए की पुष्टि प्राप्त हुई है। कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2020-21 तथा 2021-22 के दौरान ग्राहक को क्रमशः 101.71 लाख रुपए तथा 76.87 लाख रुपए की राशि का क्रेडिट नोट जारी किया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान शेष 5.91 लाख रुपए की शेष राशि न तो ग्राहक से प्राप्त हुई है और न ही इसकी कोई पुष्टि ही मिली है, इस प्रकार, इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इससे होने वाले प्रभाव के परिमाण का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

4. वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान एक ग्राहक को चार्टर व्यवसाय के अंतर्गत एनटीपीसी हेलीकॉप्टर

उपलब्ध करवाए गए थे तथा एनटीपीसी को 91.5% की दर से इसका क्रेडिट प्रदान कर दिया गया था। जैसा कि ऊपर पैरा 3 में उल्लेख किया गया है कि ग्राहक ने उन दिनों की देयताओं के प्रति विवाद किया है जिस दौरान हेलीकॉप्टर स्टैंडबाई था तथा जिसके लिए एनटीपीसी से 46.45 लाख रुपए की वसूली की जानी चाहिए। इसके परिणामस्वरूप राजस्व में 4.32 लाख रुपए की वृद्धि तथा वर्ष के दौरान वाणिज्यिक प्रचालनों की हानि में उपर्युक्त राशि की घटत हुई है। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान लेखा बहियों में और कोई समायोजन / रिवर्सल नहीं किए गए हैं।

5. कम्पनी द्वारा वर्ष 2019-2020 की अवधि में विदेशी मुद्रा में हुए उतार चढ़ाव के प्रति एक ग्राहक के संबंध में 1,078.67 लाख रुपए के बिल न किए गए राजस्व का लेखांकन किया है जो अनुबंध के उल्लंघन में गलती से ग्राहक पर प्रभारित किए गए थे। **उपरोक्त राशि का बिल जारी किया गया है जिसकी न तो राशि प्राप्त हुई है और न ही ग्राहक की ओर से इसकी पुष्टि की गई है।** इसके अलावा, वर्ष के अंत में 812.44 लाख रुपए की संभावित क्रेडिट हानि की स्वीकृति का लेखांकन राजस्व के रूप में किया गया है। इसके परिणामस्वरूप राजस्व तथा अनुबंध परिसम्पत्तियों में 1,078.67 लाख रुपए की बढ़त, व्यवसाय प्राप्यों की अक्षमता हानि के प्रावधानों में 812.44 लाख रुपए की राशि की बढ़त तथा वर्ष के दौरान जारी प्रचालनों की हानि में 266.23 लाख रुपए की घटत हुई है। कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में 135.06 लाख रुपए की राशि के संभावित क्रेडिट हानि (ईसीएल) के प्रावधान किए हैं। कंपनी ने शेष 131.17 लाख रुपए के बारे में कोई विवरण नहीं दिया है, जो आजतक बकाया है।

6. कम्पनी ने वर्ष के अंत में संविदारत कर्मचारियों यथा बेस सहायकों, हैल्परों सहित उत्तरी क्षेत्र के विभिन्न बेसों तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 तक कम्पनी द्वारा सेवा में लिए गए एसोसिएट पायलटों एवं वर्ष के दौरान सेवा में लिए गए संविदारत कर्मचारियों के संबंध में एक बीमांकक के माध्यम से उपदान बीमांकन मूल्यांकन करवाए हैं। तथापि, हम वेतन सूची/ कम्पनी के कर्मचारियों का डेटा उपलब्ध न होने के कारण बीमांकिक मूल्यांकन रिपोर्ट से कर्मचारियां की संख्या की तुलना / समाधान लेखा बहियों / वित्तीय विवरणों के साथ नहीं कर पा रहे हैं। इससे इंड एएस वित्तीय विवरणों पर होने वाले प्रभाव के परिमाण का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

7. क. कम्पनी द्वारा घटक लेखांकन के अनुसार मूल्यह्रास का आकलन किए जाने के दौरान संज्ञान में लिए गए सभी घटकों, मेन गियर बॉक्स (एमजीबी) एवं इंजन के अलावा, के संबंध में अवस्थांतरण की तिथि अर्थात 1 अप्रैल, 2015 के लिए "शून्य' उड़ान घंटे विचार में लिए गए हैं। तथापि, ऐसे घटक पहले से ही पूंजीयन किए जाने की अपनी संबंधित तिथि से उपयोग में लाए जा रहे थे। हमें यह स्पष्टीकरण दिया गया है कि 1 अप्रैल, 2015 को प्रत्येक घटक के वास्तविक उड़ान घंटों का संज्ञान किया जाना संभव नहीं है तथा इसे ध्यान में रखते हुए इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभाव का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

ख. वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कॉर्पोरेट कार्यालय में निम्नलिखित परिसम्पत्तियों के संबंध में अत्यधिक मूल्यह्रास प्रभारित किया गया है।

परिसम्पत्ति का नाम	वर्ष के दौरान प्रभारित मूल्यह्रास	वर्ष के दौरान प्रभारित मूल्यह्रास	निवल भिन्नता
एयर कंडीशनर	0.27	0.07	0.20
एयर कंडीशनर	0.27	0.07	0.20
एयर कंडीशनर	0.20	0.06	0.14
कार्यालय उपकरण	0.02	0.03	(0.01)
कम्प्यूटर	2.57	0.21	2.36
कम्प्यूटर	0.97	0.65	0.32
योग	**4.31**	**1.09**	**3.23**

इसके परिणामस्वरूप, वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान राजस्व में 3.23 लाख रुपए कमी तथा परिसम्पत्ति पीपीई में 3.23 लाख रुपए की कमी हुई है।

8. कम्पनी द्वारा दिनांक 1 अप्रैल, 2015 अर्थात अवस्थातंरण की तिथि को सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के वहन मूल्य को उपयोग में लिया गया है। कम्पनी ने प्रत्येक डॉफिन एन3 हेलीकॉप्टर के सन्निहित अनुरक्षण के लिए 40 लाख रुपए तथा प्रत्येक डॉफिन एन हेलीकॉप्टर के सन्निहित अनुरक्षण के लिए 60 लाख रुपए विचार में लिए हैं। ऐसे निर्धारण को युक्तिसंगत नहीं माना जा सकता है तथा तदनुसार इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इससे होने वाले प्रभाव की मात्रा का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

9. पश्चिम क्षेत्र के शाखा लेखापरीक्षकों का ध्यान इस ओर गया है कि कम्पनी तथा दमन एवं दीव प्रशासन के मध्य दिनांक 1 अप्रैल, 2022 से प्रारंभ एक वर्ष की अवधि के लिए एक डॉफिन एसए 365एन हैलीकॉप्टर के पट्टे के संबंध में, दिनांक 12 जनवरी, 2023 को अनुबंध किया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कम्पनी ने दमन एवं दीव प्रशासन को डॉफिन एसए 365एन3 हैलीकॉप्टर उपलब्ध करवाया था तथा इसके संबंध में अनुबंध न होने के कारण दमन एवं दीव प्रशासन को बीजक जारी नहीं किए जा सके थे जिसके कारण बिल की प्रस्तुति एवं वस्तु एवं सेवा कर के भुगतान में देरी हुई है। तथापि, केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 13 के अनुसार क्षेत्र से वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2016 के अंतर्गत सेवाओं की आपूर्ति के समय पर आउटपुट कर देयता (केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर तथा राज्य वस्तु एवं सेवा कर) का भुगतान किया जाना अपेक्षित है तथा जनवरी, 2023 के दौरान इसका अनुपालन नहीं किया गया है। इसके परिणामस्वरूप ब्याज एवं अन्यथा अनुपालन के सांविधिक प्रावधानों के अंतर्गत जुर्माना लगाया जा सकता है।

10. क. पश्चिम क्षेत्र के शाखा लेखापरीक्षकों का ध्यान इस ओर गया है कि कम्पनी की 5.61 लाख रुपए की ऋण एवं अग्रिम प्राप्ति (देयताएं) तथा 25.15 लाख रुपए की व्यवसाय देयताएं पिछले 3 से भी अधिक वर्षों से बकाया हैं। पार्टियों को भुगतान नहीं किए गए हैं तथा कोई पुष्टि प्राप्त नहीं हुई है। इसके परिणामस्वरूप देयताओं का अतिकथन एवं 30.75 लाख रुपए के लाभ की न्यूनोक्ति हुई है।

ख. पश्चिम क्षेत्र के शाखा लेखापरीक्षकों का ध्यान इस ओर गया है कि कम्पनी की व्यवसाय देयताओं में 5.74 लाख रुपए की नामे शेष राशि शामिल है जो 3 वर्ष से अधिक से बकाया है तथा जिसके लिए कम्पनी ने कोई प्रावधान नहीं किए हैं तथा कोई पुष्टि प्राप्त नहीं हुई है। इसके परिणामस्वरूप, परिसम्पतियों का अतिकथन एवं 5.74 लाख रुपए की राशि के लिए लाभ का अतिकथन हुआ है।

ग. i) उत्तरी क्षेत्र (रोहिणी हेलीपोर्ट के अलावा) में वसूलीयोग्य एवं बकाया नामे के बिल वार विश्लेषण के अनुसार ऐसा देखने में आया है कि 3849.18 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 2483.42 लाख रुपए) की राशि के बिल मुख्यतः केन्द्र सरकार / राज्य सरकारों / संघशासित क्षेत्रों के अलावा बाह्य पार्टियों (निजी पीएसयू) से बकाया हैं जिनमें से 566.48 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 509.47 लाख रुपए) तीन से भी अधिक वर्षों से बकाया हैं।

ii) मुख्यतः केन्द्र सरकार / राज्य सरकारों / संघशासित क्षेत्रों से 11782.24 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 11672.81 लाख रुपए) के वसूलीयोग्य एवं बकाया नामे हैं जिनमें से 6548.04 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 6215.65 लाख रुपए) तीन से भी अधिक वर्षों से तथा 2420.02 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 2124.19 लाख रुपए) सात से भी अधिक वर्षों से बकाया हैं।

iii) वर्ष के अंत में आकलन किए गए अनुसार उपयोज्यता काल संभावित क्रेडिट हानि के आधार पर बहियों में 6676.55 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 6251.42 लाख रुपए) के प्रावधान बहियों में अग्रेषित किए गए हैं। बकाया बिलों तथा आंशिक रूप से चुकता बिलों का अनुसरण किया जा रहा है तथा प्रबंधन का यह विचार है कि इनमें से अधिकांश केन्द्र सरकार / राज्य सरकारों/ संघशासित क्षेत्रों से बकाया हैं जिनकी वसूली भविष्य में कर ली जाएगी।

उत्तरी क्षेत्र में 6676.55 लाख रुपए की राशि के ईसीएल प्रावधान बहियों में प्रभारित किए गए हैं, तथापि, परामर्शदाता द्वारा जारी दिनांक 13.10.2023 के ईसीएल प्रमाणपत्र के अनुसार 6695.94 लाख रुपए की राशि के ईसीएल प्रावधान किए जाने चाहिए थे।

उत्तरी क्षेत्र के लेखों तथा ईसीएल प्रमाणपत्र में उल्लिखित देनदारों के अनुसार कुल देनदारों में भिन्नता है। इससे संबंधित विवरण निम्नानुसार है:-

क्र. संख्या	विवरण	रुपए (लाख में)
1.	वित्तीय विवरणों के अनुसार देनदार	15650.69
2.	ईसीएल प्रमाणपत्र के अनुसार देनदार	15695.15
	भिन्नता	44.46

इसके संबंध में मिलान विवरण उपलब्ध न होने के कारण हम कोई टिप्पणी नहीं कर रहे हैं, इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इससे होने वाले प्रभाव को आंका नहीं जा सकता है।

11. क) प्रबंधन ने जीएसटीआर-3बी और जीएसटीआर-2ए/2बी में प्राप्त सेवाओं/क्रय के प्रति दावा किए गए आईटीसी का लेखा बहियों के साथ मिलान प्रदान नहीं किया है। इसके कारण लेखा बहियों में उल्लिखित जीएसटी प्राप्य और देय तथा जीएसटी पोर्टल पर उपलब्ध शेष का मिलान नहीं किया गया है।

ख) संबंधित रिटर्न अर्थात जीएसटीआर 3बी और जीएसटीआर 1 के साथ प्रदान की गई सेवाओं/टर्नओवर का मिलान प्रदान किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

विवरण	उत्तरी क्षेत्र **	कॉर्पोरेट क्षेत्र *
वित्त के अनुसार टर्नओवर (अन्य आय के अलावा)	14,592.78 लाख	48.98 लाख
जीएसटीआर3बी	13,820.12 लाख	53.82 लाख
जीएसटीआर I	14,016. O1 लाख	53.82 लाख
जीएसटीआर 1 एवं वित्तीय विवरणों में भिन्नता	576. 77 लाख	(4.84) लाख

इसके परिणामस्वरूप 576.77 लाख रुपए की राशि के लिए राजस्व का अतिकथन एवं परिसम्पतियों का अतिकथन हुआ है।

* कॉर्पोरेट क्षेत्र में टर्नओवर के लिए मिलान किए गए तथा इनमें भिन्नता पिछले वर्ष किए गए संशोधन एवं स्थिर परिसम्पतियों की बिक्री के कारण है। तथापि, जीएसटी पोर्टल से जीएसटी देय / प्राप्य के मिलान नहीं किए गए हैं।

** उत्तरी क्षेत्र में जीएसटीआर 1, 3बी तथा बहियों के मिलान किए गए हैं। तथापि, समर्थित दस्तावेज उपलब्ध न करवाए जाने के कारण देय / प्राप्य जीएसटी के प्रति जीएसटी पोर्टल से मिलान न किए जाने के कारण इनका सत्यापन नहीं किया जा सकता है।

ग) शाखा लेखापरीक्षकों का ध्यान इस ओर गया है कि कम्पनी, जीएसटी के संबंध में, जीएसटीआर 2ए के साथ उपयोग में लाई गई इनपुटों का समाधान किए जाने की प्रक्रिया कर रही है। इसके परिणामस्वरूप ब्याज का प्रत्यारोपण एवं सांविधिक व्यवस्था का उल्लंघन करने के परिणामस्वरूप अन्य जुर्माने लगाए जा सकते हैं।

12. i) प्रबंधन द्वारा स्रोत पर कर कटौती तथा लाभ एवं हानि लेखे / लेखा बहियों का समाधान आय कर प्राधिकरण के सम्मुख प्रस्तुत की गई स्रोत पर कर कटौती के विवरणों के साथ किया जा रहा है। कुछ इस प्रकार की स्थितियां प्रकाश में आई हैं जिनमें यह देखा गया है कि व्ययों के लेखांकन में देरी हुई है जिसके परिणामस्वरूप प्राधिकरण को टीडीएस

देयता जमा करने में देरी हुई है और क्षेत्र को वर्ष के दौरान टीडीएस राशि देर से जमा करने पर 16.52 लाख रुपए का ब्याज भी देना पड़ा है। इसके अलावा, प्रबंधन ने पार्टियों के व्ययों एवं आंकड़ों मिलान लेखा बहियां से करने में देरी की है। लेखा बहियों में दर्शाया गया टीडीएस देय हमें प्रदान किए गए टीडीएस रिटर्न डेटा से मेल नहीं करता है। इसका परिणामी प्रभाव ब्याज उगाही एवं आय कर अधिनियम, 1961 का अनुपालन न किए जाने पर सांविधिक शास्ति प्रावधानों के अंतर्गत हो सकता है।

ii) उत्तरी क्षेत्र में, 31.3.2023 की लेखा बहियों / वित्तीय विवरणों के अनुसार देय टीडीएस का मिलान नीचे उल्लिखित जमा चालानों के साथ नहीं किया गया है। मिलान / डेटा उपलब्ध न होने के कारण इंड एएस वित्तीय विवरणों पर होने वाले परिणामी प्रभाव, यदि कोई हो, के परिमाण का आकलन किया जाना संभव नहीं है।

उत्तरी क्षेत्र

विवरण	**बहियों के अनुसार देय टीडीएल**	**जमा टीडीएस चालान**	**भिन्नता**
व्यावसायिक / तकनीकी सेवाओं के भुगतान पर टीडीएस 260564	6.12	4.17	1.95
260560- टीडीएस (जारी) देय	16.05	15.91	0.14
260647-टीडीएस देय 1940	2.36	2.69	(0.33)

13.i) ऐसा देखने में आया है कि 6.03 लाख रुपए की राशि की वसूलीयोग्य टीडीएस/टीसीएस प्रभारित नहीं की गई है। तथापि, प्रबंधन द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार 6.03 लाख रुपए की शेष राशि का दावा वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए आईटीआर भरने के दौरान किया जाएगा तथा चालू वर्ष के दौरान प्रविष्टियों की क्लोजिंग को विचार में रखकर प्रविष्टियों को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्रभावित किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2022-23 से मिलान का विवरण उपलब्ध न होने के कारण इसका सत्यापन नहीं किया जा सका है। इस प्रकार, इससे इंड एएस वित्तीय विवरणों पर होने वाले प्रभाव का मापन नहीं किया जा सकता है।

ii.) कम्पनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के संबंध में लेखा बहियों तथा 26एएस के अनुसार वसूलीयोग्य टीडीएस / टीसीएस का मिलान उपलब्ध नहीं करवाया गया है। वित्तीय वर्ष से संबंधित मिलान उपलब्ध न करवाए जाने के कारण इनका सत्यापन नहीं किया गया है। इस प्रकार, इससे इंड एएस वित्तीय विवरणों पर होने वाले प्रभाव का मापन नहीं किया जा सकता है।

14. व्यवसाय प्राप्यों / विविध लेनदारों के कालक्रम के संबंध में नोट संख्या 32 XXXVIII (क), व्यवसाय देयों / विविध देनदारों से संबंधित नोट संख्या XXXVIII (ख) तथा नोट संख्या 32 XXIX हमें प्राप्त नहीं हुए हैं तथा हमने काल क्रम वार विभाजन / अनुपात विश्लेषण के आधार का सत्यापन नहीं किया है तथा हमने इनकी हमें की गई प्रस्तुति के अनुसार इनका उपयोग किया है।

15. क. पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखापरीक्षक द्वारा यह प्रेक्षण किया गया है कि, कंपनी तथा तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के मध्य लामबंदी की तिथि से 5 वर्ष की अवधि के लिए दो सिकोर्स्की एस76डी क्रू चेंज हेलीकॉप्टरों को पट्टे पर देने के लिए 15 फरवरी, 2022 को एक अनुबंध किया था। वित्तीय वर्ष 2022-2023 के दौरान, एक पट्टे पर लिया गया एक सिकोर्स्की हेलीकॉप्टर वीटी-पीडब्ल्यूआई (एमएसएन 761060) दिनांक 28 जून, 2022 को मुंबई हाई अपतटीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया तथा बीमा कम्पनी द्वारा बीमा दावे का निपटान जनवरी 2023 माह में किया गया था। उपर्युक्त घटना के कारण, तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने चार्टर सेवाओं को बंद कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप फ्लाइंग मासिक शुल्क के मामले में राजस्व हानि हुई है तथा इससे इंड एएस वित्तीय विवरणों पर होने वाले प्रभाव का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

ख. हम यात्री बीमा दावे पर टिप्पणी नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि कंपनी द्वारा हमें इसकी प्रमात्रा उपलब्ध नहीं करवाई गई है। इंड एएस वित्तीय विवरण के नोट संख्या 32 XIII (ग) में किए गए उल्लेख के अनुसार, मृतक/ओएनजीसी लिमिटेड के परिवार के सदस्यों के साथ स्वैच्छिक निपटान के लिए यात्री देयता दावों का सर्वेक्षणकर्ता द्वारा मूल्यांकन किया जा रहा है। तथापि, इसके लिए कोई प्रमात्रा निर्धारित नहीं की गई है। इसलिए, इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभाव को निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

ग. नोट संख्या 2बी(ii) में सूचित लेखांकन नीतियों के अनुसार, कंपनी की कार्यात्मक मुद्रा भारतीय रुपए है। तथापि, नोट संख्या 32 XIII (ग) के अनुसार हेलीकॉप्टर के बीमा दावे की मात्रा अमेरिकी डॉलर में दी गई है। इसे भारतीय रुपए में भी सूचित किया जाना चाहिए।

16. पश्चिमी क्षेत्र में शाखा लेखा परीक्षक द्वारा यह प्रेक्षण किया गया है कि कंपनी और अंडमान; निकोबार प्रशासन द्वारा 19 अगस्त, 2015 के अनुबंध में एक परिशिष्ट जोड़ा गया था और 24 मार्च, 2022 के अनुबंध के अंतर्गत 6 महीने की अवधि के लिए निश्चित मासिक शुल्क और अतिरिक्त ओवरहेड, प्रति घंटा उड़ान शुल्क, रखरखाव, शुल्क और एटीएफ लागत आदि में परिवर्तन के स्थान पर हेलीकॉप्टर सहायता सेवाएं प्रदान करने का अनुबंध किया गया था। अनुबंध की शर्तों के अनुसार 90 घंटे की उड़ान के पश्चात प्रति घंटा उड़ान शुल्क को मूल प्रति घंटा उड़ान शुल्क के 30% तक बढ़ाया जाएगा। तथापि, ऑडिट के दौरान कुछ मामलों में देखा गया कि 90 घंटे से अधिक की उड़ान के दौरान मूल प्रति घंटा उड़ान शुल्क में 30% की वृद्धि के स्थान पर मूल प्रति घंटा उड़ान शुल्क के अनुसार शुल्क लिया गया था। इसके परिणामस्वरूप राजस्व की हानि हुई है तथा इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभाव को निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

17. क. पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक का ध्यान इस ओर गया है कि, क्षेत्र में संव्यवहार की तिथि की विनिमय दरों पर क्षेत्र की कार्यात्मक मुद्रा में विदेशी मुद्रा संव्यवहार को स्वीकृति दिए जाने की व्यवस्था है। तथापि, शाखा (पश्चिमी क्षेत्र) द्वारा उस माह के प्रथम दिन की विनिमय दर के उपयोग से ओएनजीसी से संबंधित विदेशी मुद्रा राजस्व को स्वीकृति दी गई है, जिस माह से राजस्व संबंधित है। शाखा (पश्चिमी क्षेत्र) द्वारा किया गया यह लेखांकन व्यवहार न तो क्षेत्र की व्यवस्था के अनुरूप है और न ही यह इंड एएस 21 "विदेशी मुद्रा दरों में परिवर्तन के प्रभाव" के अनुपालन में है। तथापि, हम इंड एएस वित्तीय विवरणों पर ऐसे गलत लेखांकन व्यवहार से उत्पन्न होने वाले प्रभाव, यदि कोई हो, को निर्धारित नहीं कर सकते हैं।

ख. उत्तरी क्षेत्र में, वित्तीय विवरण और प्रदान की गई विदेशी मुद्रा उतार-चढ़ाव वर्किंग शीट में दर्ज विदेशी मुद्रा उतार-चढ़ाव में भिन्नता है। गैर-समाधान के कारण, प्रभाव, यदि कोई हो, को इंड एएस वित्तीय विवरण पर निर्धारित नहीं किया जा सका। जिसका विवरण इस प्रकार है:-

क्र.सं.	विवरण	राशि (रुपए लाख में)
1.	वित्तीय विवरणों में स्वीकृति विदेशी मुद्रा उतार चढ़ाव से हानि	27.21
2.	कार्यशील शीट के अनुसार विदेशी मुद्रा उतार चढ़ाव से हानि	5.79
	अंतर / भिन्नता	21.42

18. प्रतिकूल मत के आधार के कॉलम की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है जिसमें खंड 1 से 7क, 8, 10ग तथा 12 से 17 का इंड एएस वित्तीय विवरणों पर कोई प्रभाव नहीं है अथवा प्रभाव का मापन नहीं किया जा सकता है। खंड संख्या 7ख, 9, 10क, जेओबी तथा 11 के परिणामस्वरूप में 'राजस्व' में 548.53 लाख रुपए की बढ़ोतरी, ''व्यवसाय देय एवं अन्य देयताओं'' में 19.40 लाख रुपए की वृद्धि, ''ऋण एवं अग्रिमों (देयताओं)'' में 5.61 लाख रुपए की बढ़त, ''परिसम्पतियों'' में 576.77 लाख रुपए की बढ़ोतरी तथा संपति, संयंत्र एवं उपकरण में 3.23 लाख रुपए की कमी के साथ साथ 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के संबंध में आस्थगित कर एवं ईपीएस पर परिणामी प्रभाव होगा।

मामले का प्रभाव

1. नोट संख्या 32 XXXVI (viii) क में किए गए उल्लेख के अनुसार वर्ष के दौरान कम्पनी ने परामर्शदाताओं द्वारा उपलब्ध करवाए गए प्रमाण पत्र के आधार पर उपयोज्यता काल संभावित क्रेडिट हानि की स्वीकृति का लेखांकन किया है। तथापि, परामर्शदाताओं ने हमारी रिपोर्ट में किए गए उल्लेख के अनुसार अधिक / न्यून बिलिंग अथवा ग्राहक द्वारा काटे गए निर्णित हर्जाने को विचार में नहीं लिया था। तदनुसार, कम्पनी द्वारा संभावित क्रेडिट हानि की स्वीकृति के लिए किया गया लेखांकन संधारणीय नहीं है तथा इंड एएस वित्तीय विवरणों पर होने वाले इसके परिणामी प्रभाव, यदि कोई हुए, का मापन किया जाना संभव नहीं है।

2. नोट संख्या 32 XXX में दी गई जानकारी के अनुसार कम्पनी ने 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार केवल कॉर्पोरेट कार्यालय,उत्तरी क्षेत्र एवं पश्चिम क्षेत्र के संबंध में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की देयताओं को संज्ञान में लिया है। आपूर्तिकर्ताओं से 'सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006' के प्रावधानों की उपयोज्यता के संबंध में पुष्टि मांगी गई हैं जिनके प्रति कॉर्पोरेट क्षेत्र, उत्तरी क्षेत्र में कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है तथा पश्चिम क्षेत्र को सीमित प्रतिक्रिया मिली है। तदनुसार, हम कम्पनी द्वारा उक्त अधिनियम का अनुपालन किए जाने के संबंध में किसी प्रकार की टिप्पणी प्रस्तुत नहीं कर पा रहे हैं।

3. नोट संख्या 32 XV में किए गए उल्लेख के अनुसार पवन हंस लिमिटेड के साथ रोहिणी हेलीपोर्ट लिमिटेड के विलय की 1 अप्रैल, 2022 से समाप्ति का गोइंग कंसर्न के आधार पर अनुमोदन कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा दिनांक 29.8.2022 के आदेश संख्या 24/2/2020-सीएल-III के माध्यम से प्रदान किया गया है। तदनुसार, विलय समाप्ति की अनुमोदित योजना के अनुसरण में 1.4.2022 की यथास्थिति को रोहिणी हेलीपोर्ट से संबंधित परिसम्पतियों एवं देयताओं का अंतरण रोहिणी हेलीपोर्ट लिमिटेड को किया गया है।

4. पश्चिमी क्षेत्र के शाखा परीक्षक द्वारा यह प्रेक्षण किया गया है कि नोट संख्या 2 बी (vi) में कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अनुसार हेलीकॉप्टरों के उपयोज्यता काल को 20 वर्ष किए जाने के स्थान पर आंतरिक तकनीकी समिति के सुझाव से डॉफिन / बेल/ एक्यूरियल विमान बेड़े के लिए उपयोज्यता काल को बढ़ाकर 40 वर्ष किए जाने का उल्लेख किया गया है जिससे वर्ष के दौरान कम मूल्यह्रास प्रभारित हुआ है और जिसके फलस्वरूप इंड एएस वित्तीय विवरणों में घाटे पर परिणामी प्रभाव हुआ है। हमने यह देखा है कि पिछले कुछ वर्षों में एयरक्राफ्ट ऑन ग्राउंड (एओजी) के दिनों, ग्राहकों द्वारा निर्णित हर्जाने लगाए जाने में बढ़ोतरी होने, राजस्व उड़ान घंटों में कमी आने तथा कालातीत होने के कारण निर्माता / ओईएम से डॉफिन एएस 365एन के कुछ वैमानिक कलपूर्जे प्राप्त न हो पाने के कारण हेलीकॉप्टरों को लम्बे समय तक ग्राउंड किए जाने की घटनाएं बढ़ी हैं। यह चूंकि एक तकनीकी मामला है अतः हमने तकनीकी समिति द्वारा किए गए मूल्यांकन को आधार माना है।

5. नोट संख्या 32 IX में किए गए उल्लेख के अनुसार व्यवसाय प्राप्य, व्यवसाय देय, दीर्घकालिक तथा अल्पकालिक दायित्व, अन्य चालू दायित्व, दीर्घकालिक तथा अल्पकालिक ऋण एवं अग्रिम तथा जमा पर शेष की पार्टियों से पुष्टि मांगे जाने पर सीमित पुष्टि प्राप्त हुई है। बकाया पुष्टि एवं पुनःसमाधान उपलब्ध न होने के परिणामस्वरूप वित्तीय विवरणों पर होने वाले प्रभाव की प्रमात्रा नहीं आंकी जा सकती है।

6. वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा अवस्थांतरण की तिथि अर्थात 1 अप्रैल, 2015 से अपनी सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के लिए घटक लेखांकन का अनुसरण किया गया है। कम्पनी द्वारा हेलीकॉप्टर के छः प्रमुख घटकों यथा इंजन, मेन गियर बॉक्स (एमओबी), हब असेम्बली, ट्रांसमिशन असेम्बली, अंतःस्थापित अनुरक्षण एवं हल्ल को संज्ञान में लिया गया है। वर्ष के दौरान डॉफिन एन तथा एन3 बेड़े का मूल्यह्रास वास्तविक उड़ान घंटों के स्थान पर औसत उड़ान

घंटों के अनुसार किया गया है। इसके अलावा, डॉफिन एन एवं एन3 के इंजनों की ओवरहॉल की लागत का पूंजीयन एकल लाइन मद के रूप में सम्बद्ध घटक के शेष को लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किए बिना किया गया है।

तथापि, पश्चिम क्षेत्र के शाखा लेखापरीक्षकों कि क्षेत्र ने अवस्थांतरण की तिथि अर्थात 1 अप्रैल, 2015 को सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण की मानित लागत को वहन मूल्य के रूप में उपयोग किया है। क्षेत्र द्वारा प्रत्येक डॉफिन एन3 हेलीकाप्टर का अंतःस्थापित अनुरक्षण 40 लाख रुपए तथा डॉफिन एन का 60 लाख रुपए विचार में लिया गया है। निर्धारण का यह आधार ओचित्यपरक नहीं है तथा इस प्रकार इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इससे होने वाले प्रभाव का परिमाण मापा नहीं जा सकता है।

7. क) लेखा परीक्षा वर्ष के दौरान हमारी रिपोर्ट के साथ संलग्न वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के संबंध में हमारा ध्यान अनेक भिन्नताओं की ओर गया हैं। इस प्रकार आंतरिक लेखा परीक्षण को ओर अधिक सुदढ़ बनाया जाना तथा सभी विभागों, विशेषतः अचल परिसम्पत्ति प्रबंधन, मालसूची प्रबंधन, बोली प्रक्रिया, अधिप्राप्ति प्रक्रिया, राजस्व लेखांकन एवं वसूली, सांविधिक अनुपालन, मानव संसाधन प्रबंधन एवं सूचना प्रौद्योगिकी सामान्य नियंत्रण के क्रियाकलापों का कम्पनी के प्रचालनों के आकार एवं प्रकृति के अनुरूप गहन सत्यापन किया जाना आवश्यक है।

ख) इसके अलावा, कंपनी द्वारा प्रति माह प्राप्त मुख्य उड़ान घंटों के रूप में लेखा बहियां में लाभ राजस्व के रूप में स्वीकृत किया जाता है और बाद में घंटों की पोस्टिंग सिस्टम में मैन्युअल रूप से की जाती है। सिस्टम जनरेटेड शीट में दिखाए गए उड़ान के घंटे हेलीकॉप्टरों के मैनिफेस्ट में दिखाए गए उड़ान के घंटों से मेल नहीं खाते हैं। तथापि, सिस्टम के राजस्व पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है क्योंकि राजस्व सीधे मैनिफ़ेस्ट से बुक किया जाता है, लेकिन सिस्टम को मजबूत करने की आवश्यकता है और खातों की पुस्तकों में डेटा की सही रिकॉर्डिंग के लिए मैन्युअल हस्तक्षेप को समाप्त किया जाना चाहिए। परीक्षण जांच के आधार पर निम्नलिखित त्रुटियाँ/चूकें पाई गईं: -

माह	हेलीकॉप्टर प्रकार	हेलीकॉप्टर पंजीकरण संख्या	बीजक के अनुसार उड़ान घंटे	सिस्टम द्वारा उत्पन्न शीट
अगस्त	एएस 350 बी 3	वीटी-पीएचयू	62:15:00	58:05:00
जून	एएस350 बी3	वीटी-पीएचवी	43:15:00	45:05:00
अप्रैल	डॉफिन एएस365एन3		19:10	18:30

ग) सभी क्षेत्रों से संबंधित ट्रॉयल शेष, ओएसटी, टीडीएस एवं बही लेखों की उत्पति अलग अलग मैनुअल आधार पर की जाती है। मूल्यह्रास का गणन एवं उससे संबंधित कार्य मैनुअल स्वरूप में किए जाते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए इनके संबंध में रिपोर्टिंग, मिलान, डेटा विश्लेषण सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली स्थापित नहीं है जिसके माध्यम से लेखापरीक्षा रिपोर्टों की उत्पति सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली पर की जा सके। स्टैंडएलोन/समेकित तुलनपत्र के निर्माण तथा रिपोर्टिंग उद्देश्यों से कम्पनी अपने वित्तीय डेटा तथा लेखा बहियों को क्षेत्र वार मैनुअल स्वरूप में करती है तथा ऐसे करने से वित्तीय विवरणों के समेकन के दौरान मानव चूक, लोप तथा अकरण संभव हो सकता है। एक्सेल में तैयार किए जाने वाले वित्तीय विवरण ट्रॉयल शेष से सम्बद्ध नहीं किए जाते हैं, कुछ कॉलमों में मैनुअल रूप में पंचिंग / एक्सेल शीट में लिकिंग की जाती है। इसके संबंध में किसी प्रकार समर्थित विवरण / स्रोत उपलब्ध नहीं करवाया गया है / स्पष्ट नहीं किया गया है।

8. अग्रिम कर की राशि में निर्धारण वर्ष 2021-22 तक के पूर्ण निर्धारणों से संबंधित 77478.78 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 6968.89 लाख रुपए) की राशि शामिल है तथा 740.32 लाख रुपए की राशि निर्धारण वर्ष 2022-23 से संबंधित है, जिनके निर्धारण अभी पूरे नहीं हुए हैं तथा शेष 1087.55 लाख रुपए का अग्रिम कर चालू वित्तीय वर्ष से संबंधित है।

31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार उपर्युक्त अग्रिम कर की 7478.78 लाख रुपए की राशि निर्धारण वर्ष 2021-22 (मार्च 31,2022 6,968.89 लाख रुपए) तक की धनवापसी योग्य राशि की मात्रा का निर्धारण वर्तमान स्थिति में नहीं किया जा सकता है क्योंकि इनके मामले सीआईटी/आईटीएटी के सम्मुख लंबित हैं। इस प्रकार, आयकर विभाग से वसूली / समायोजन योग्य 7,232.68 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 6809.45 लाख रुपए) की निवल राशि 'गैर-चालू परिस्मत्तियों के अंतर्गत दर्शाई गई है तथा शेष 2073.97 लाख रुपए (31 मार्च, 2022, 1340.07 लाख रुपए) की राशि 'चालू कर परिस्मत्तियों' के अंतर्गत दर्शाई गई है।

9. क) जैसा कि नोट संख्या 32 II (सी) (iii) में किए गए उल्लेख के अनुसार, सेवा कर से संबंधित आकस्मिक देयता 31-03-2023 को 7435.07 लाख रुपए (31.03.2022 को 7435.07 लाख रुपए) है। सेवा कर विभाग की ओर से जारी किया गया कारण बताओ नोटिस अप्रैल, 2009 से जून, 2017 की अवधि से संबंधित है। सेवा कर विभाग द्वारा जारी 18.59 लाख रुपए के मांग नोटिस के प्रति, कम्पनी सेवा कर आयुक्त सीजीएसटी एवं सीएक्स के सम्मुख, 2431.09 लाख रुपए के मांग नोटिस के प्रति ट्रिब्यूनल में 364.40 लाख रुपए के मांग के प्रति प्रतिवाद कर रही है तथा सीएक्स (अपील) के सम्मुख 265.15 लाख रुपए के मांग नोटिस का न्याय निर्णय प्रतीक्षित है। वर्ष 2014-15 से 2016-17 की अवधि के दौरान पूर्वोत्तर राज्यों को पट्टे पर प्रदान किए हेलीकॉप्टर के संबंध में जुर्माने एवं ब्याज सहित लगभग 4355.84 लाख रुपए का सेवा कर भुगतान न किए जाने से संबंधित दिनांक 6.7.2021 का मूल आदेश प्राप्त हुआ है।

ख) इसके अलावा, वस्तु एवं सेवा कर से संबंधित आकस्मिक देयता में 4021.13 में बढ़ोतरी हुई है जो कि अपर आयुक्त, सीजीएसटी से दिनांक 7 जून, 2023 को कारण बताओं मांग नोटिस के रूप में पूर्वोत्तर राज्यों को जुलाई, 2017 से मार्च, 2022 के दौरान हेलीकॉप्टरों के प्रति ओएसटी का भुगतान न किए जाने से संबंधित है जिसमें ब्याज तथा जुर्माना ब्याज शामिल है।

10. नोट संख्या 32 XXV में किए गए उल्लेख के अनुसार भारत सरकार ने पवन हंस लिमिटेड में प्रबंधन नियंत्रण सहित अपनी समग्र 51% शेयरधारिता का रणनीतिक विनिवेश किए जाने का निर्णय लिया गया था। इस उद्देश्य से निवेश एवं लोक सम्पति प्रबंधन विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा दिनांक 20 मार्च, 2017 को 'एसबीआई कैपिटल मार्केट्स को उक्त रणनीतिक विनिवेश के लिए संव्यवहार परामर्शदाता नियुक्त किया गया था। निवेश एवं लोक सम्पति प्रबंधन विभाग द्वारा की गई उक्त नियुक्ति के अलावा मैसर्स क्राफ्रड बेयलेय एंड कम्पनी को विधि परामश्रदाता एवं मैसर्स आरबीएसए को पवन हंस लिमिटेड की परिसमपतियों का मूल्यांकक नियुक्त किया गया था। इसके लिए की जाने वाली प्रक्रियाओं के अंतर्गत प्रारंभिक सूचना ज्ञापन (पीआईएम) के साथ साथ रूचि अभिव्यक्ति जारी करने की प्रक्रिया मार्च, 2017 में प्रारंभ हो गई थी तथा वैश्विक बोली आमंत्रित करने के लिए प्रथम रूचि अभिव्यक्ति दिनांक 13 अक्तूबर, 2017 को जारी की गई थी, जिसे दिनांक 6 अप्रैल, 2018 को हटा दिया गया था क्योंकि अगले चरण (वित्तीय बोली) के लिए केवल एक ही योग्य बोलीदाता से बोली प्राप्त हुई थी।

इसके पश्चात, प्रारंभिक सूचना ज्ञापन (पीआईएम) के साथ दूसरी रूचि अभिव्यक्ति दिनांक 14 अप्रैल, 2018 को जारी की गई थी तथा प्रारंभिक सूचना ज्ञापन का शुद्धिपद्ध दिनांक 31 मई, 2018 को जारी हुआ था तथा बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 18 जून, 2018 थी।

उपर्युक्त के परिणामस्वरूप, तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग ('ओएनजीसी') द्वारा दिनांक 2 अगस्त, 2018 के अपने निदेशक मंडल संकल्प के माध्यम पवन हंस लिमिटेड में अपनी 49% की समग्र शेयरधारिता आफलोड करने की मंशा व्यक्त की गई थी। इस नई स्थिति में दिनांक 15 अगस्त, 2018 को प्रारंभिक सूचना ज्ञापन का एक परिशिष्ट जारी करके सभी संभावित एवं विद्यमान बोलीदाताओं को विनिवेश प्रक्रिया में प्रतिभागिता का अवसर प्रदान किया गया था। तदनुसार, इच्छुक बोलीदाताओं द्वारा रूचि अभिव्यक्ति की प्रस्तुति की अंतिम तिथि

को 12 सितम्बर, 2018 तक के लिए बढ़ा दिया गया था तथा इसे बाद में 19 सितंबर, 2018 तक के लिए बढ़ाया गया था। बोलियों के मूल्यांकन की प्रक्रिया की गई थी तथा गोपनीय सूचना ज्ञापन (सीआईएम) डाक्यूमेंट जारी किया गया था और चयनित बोलीदाताओं को 9 अक्तूबर, 2018 को वीडीआर के लिए एस्सेस प्रदान किया गया था। इसके पश्चात दिनांक 18 दिसम्बर, 2018 को प्रस्ताव अनुरोध (आरएफपी) जारी किया गया था तथा एसबी की टिप्पणियों / सुझाव के समावेश के साथ अंतिम एसपीए दस्तावेज वीडीआर पर दिनांक 1 मार्च, 2019 को अपलोड किया गया था जिसमें 5 मार्च, 2019 तक बोलियां आमंत्रित की गई थी, जिसे शार्टलिस्ट किए गए बोलीदाताओं के अनुरोध पर एक सप्ताह अर्थात 12 मार्च, 2019 तक के लिए आगे विस्तारित किया गया था।

उपर्युक्त के प्रति, नियत तिथि अर्थात 12 मार्च, 2019 तक केवल एक बोली प्राप्त हुई थी। बोली संव्यवहार परामर्शदाता द्वारा छटनी के पश्चात यह सूचित किया गया था कि यह बोली सशर्त है तथा इसके दिया गया विवरण अपूर्ण है तथा प्रस्ताव अनुरोध के खंड 8, अयोग्यता के अंतर्गत यह अयोग्य भी है। तदनुसार, बोली को रद्द कर दिया गया था तथा इस मामले को निवेश एवं लोक सम्पति प्रबंधन विभाग को इस संबंध में कार्रवाई का निर्णय लेने के लिए संदर्भित किया गया था।

विस्तृत विचार विमर्श के पश्चात, वैकल्पिक तंत्रव्यवस्था (एएम) द्वारा दिनांक 3 मई, 2019 को एक नई रूचि अभिव्यक्ति / प्रारंभिक सूचना ज्ञापन बोलीदाताओं द्वारा प्रतिभागिता के लिए जारी करने के निर्णय की सूचना दी गई थी। तदनुसार, 13 तथा 17 मई, 2019 को आयोजित इसी बैठकों में लिए गए निर्णय एवं इसके संबंध में अनुमोदन प्राप्ति के अनुसार संशोधित प्रारंभिक सूचना ज्ञापन तैयार किया गया था तथा दिनांक 22 अगस्त, 2019 तक बोली प्रस्तुति की तिथि के निर्धारण के साथ इसे 11 जुलाई, 2019 को जारी किया था। बोली प्रस्तुति की अंतिम तिथि को बोलीदाताओं से प्राप्त अनुरोध के आधार पर क्रमशः 12 सितम्बर, 2019, 26 सितम्बर, 2019 तथा 10 अक्तूबर, 2019 तक के लिए विस्तारित किया गया था। उपर्युक्ति के प्रति रूचि अभिव्यक्ति प्राप्त हुई थी। तथापि, अगले चरण (वित्तीय बोली) के लिए केवल एक ही बोली योग्य पाई थी जिससे इसके संबंध में आगे की कार्रवाई नहीं की गई।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए डीआईपीएएम द्वारा एसबीआई कैपिटल को भावी बोलिदाताओं के साथ रोड शो किए जाने का निदेश दिया गया है तथा तदनुसार बोलिदाताओं के साथ बैठकें आयोजित की गई थी तथा एसबीआई कैप द्वारा उनसे प्राप्त इनपुट/प्रेक्षण डीआईपीएएम को इस बारे में अंतिम निर्णय लेने के लिए सूचित कर दिए थे।

11. पश्चिम क्षेत्र के शाखा लेखापरीक्षकों का ध्यान निम्नलिखित मदों की ओर आकर्षित हुआ है:

क) क्षेत्र तथा तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) द्वारा दिनांक 19 जुलाई, 2022 को 3 डॉफिन 365एन3 प्रोडक्शन टास्क हेलीकॉप्टरों का चार्टर किराए पर प्रदान करने के लिए अनुबंध किया था तथा दिनांक 15 फरवरी, 2022 को समझौते में उल्लिखित विशिष्टताओं के अनुरूप ओएनजीसी के अपतटीय परिचालनों के लिए 02 सिकोर्स्की एस76डी क्रू चेंज हेलीकॉप्टरों चार्टर किराए पर प्रदान करने के लिए एक अनुबंध भी किया था। इसके अलावा, उत्पादन कार्य हेलीकॉप्टर अनुबंध को अनुबंध संख्या एम-यूएम/ओएफएफ/लॉजिस्टिक्स/एमएम/2022 /पीटीएचएलजीआरपीए/1067720/पी76ए-एल2204/90100357-5 के माध्यम से 2 प्रा-ड्क्शन टॉस्क हेलीकॉप्टर किराए पर दिए जाने के लिए नवीकरण किया गया था तथा क्रू परिवर्तन हेलीकॉप्टर अनुबंध को अनुबंध संख्या एमयूएम/ ओएफएफ-लॉजिस्टिक्स/एमएम/2022/उत्पा-दन/1027876/पी76एएल22004 के माध्यम प्रो-ड्क्शन टॉस्क हेलीकॉप्टर अनुबंध के रूप में 3 प्रो-डक्शन टॉस्क हेलीकॉप्टर अपतटीय परिचालनों के लिए किराए पर उपलब्ध करवाने के लिए परिव-र्तित किया गया था। क्षेत्र को उपरोक्त विचाराधीन

सेवाओं के लिए निश्चित मासिक शुल्क और उड़ान मासिक शुल्क प्राप्त होता है। यदि क्षेत्र ओएनजीसी को हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने में सक्षम नहीं हो पाता है, तो हेलीकॉप्टर उपलब्ध नहीं होने की अवधि के लिए क्षेत्र को निश्चित मासिक शुल्क देय नहीं होता है। इसके अलावा, परिसमापन क्षति के लिए ग्राउंडिंग के पूरे दिन के लिए निश्चित मासिक शुल्क के 5% के बराबर राशि और ग्राउंडिंग के आधे दिन के लिए निश्चित मासिक शुल्क के 2.5% (यानी, 5% का 50%) के बराबर रुपए राशि का भुगतान करना आवश्यक है। वर्ष के दौरान 113.36 लाख (पिछले वर्ष 31.78 लाख रुपए) की कटौती की गई है। इसके परिणामस्वरूप एक गैर-परिचालन दिवस के परिणामस्वरूप निश्चित मासिक शुल्क के साथ-साथ परिसमापन क्षति का नुकसान हुआ है, जो देय भुगतान से काट लिया गया। चूंकि अनुबंध के अंतर्गत अनुमानित दायित्वों को पूरा करने की लागत अनुबंध की अवधि के दौरान प्राप्त होने वाले अपेक्षित आर्थिक लाभों से अधिक है, इसलिए अनुबंध एक कठिन अनुबंध है। (नोट संख्या 24 हेलीकाप्टर परिचालन और रखरखाव व्यय देखें)।

ख) क्षेत्र ने इस दौरान की गई उड़ान के संबंध में प्रत्येक माह की 7 तारीख तक निश्चित मासिक शुल्क (एफएमसी) और उड़ान प्रति घंटा शुल्क (एफएचसी) के चालान और अन्य स्वीकार्य शुल्क जारी करने के संबंध में समझौते की शर्तों का पालन नहीं किया है। निश्चित मासिक शुल्क (एफएमसी) और उड़ान प्रति घंटा शुल्क (एफएचसी) के लिए पिछले महीने और इसके लिए भुगतान चालान की प्राप्ति से 21 कार्य दिवसों के भीतर प्राप्त किया जाएगा। समझौते की शर्तों का अनुपालन न करने के कारण, हम इंड एएस वित्तीय विवरणों पर इससे उत्पन्न होने वाले नकदी प्रवाह, यदि कोई हो, पर प्रभाव की मात्रा निर्धारित नहीं कर पा रहे हैं।

ग) वर्ष के दौरान क्षेत्र ने डॉफिन एएस365एन3 और सिकोर्स्की एस76डी हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने के लिए तेल और प्राकृतिक गैस निगम के साथ एक अनुबंध किया था। हालाँकि हेलीकॉप्टरों को जुटाने में देरी के कारण उड़ान शुरू नहीं हो सकी। इसके परिणामस्वरूप तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के साथ अनुबंध में निर्धारित शर्तों को पूरा न करने के कारण क्षेत्र पर 77.30 लाख रुपए जुटाने में देरी के कारण परिसमापन हर्जाना लगाया गया।

घ) वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, क्षेत्र ने सिकोर्स्की एस76डी हेलीकॉप्टरों के परिचालन में देरी के कारण 259.78 लाख रुपए की परिसमापन क्षति के लिए प्रावधान किया है। तथापि, प्रावधान अधिक पाया गया और अतिरिक्त प्रावधान की राशि 23.39 लाख रुपए का पुनर्लेखन किया गया था और इसे चालू वर्ष के लाभ और हानि विवरण में जमा किया गया है।

ङ) वर्ष के दौरान तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने 92.42 लाख रुपए की आंशिक निष्पादन बैंक गारंटी लागू की थी और इसे चालू वर्ष के लाभ और हानि के विवरण में प्रभारित किया गया है।

12. पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक द्वारा यह प्रेक्षण किया गया है कि, वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, क्षेत्र को सिकोर्स्की मॉडल एस76डी हेलीकॉप्टरों की चार्टर उड़ान सेवाएं प्रदान करने के लिए 65.11 लाख रुपए की व्यापार प्राप्य अग्रिम राशि प्राप्त हुई है। क्षेत्र ने ऐसे प्राप्त अग्रिमों पर आउटपुट टैक्स देनदारी (जीएसटी और एससीजीएसटी @9% प्रत्येक) का भुगतान नहीं किया है। केंद्रीय वस्तु और सेवा अधिनियम, 2017 की धारा 13 के तहत आवश्यक 9.93 लाख। इसके परिणामस्वरूप संभावित रूप से गैर-अनुपालन के लिए क़ानून के प्रावधानों के अनुसार ब्याज और अन्य दंडात्मक प्रावधान हो सकते हैं।

13. पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक ने यह देखा है कि, जैसा कि नोट संख्या 32 II (डी) में कहा गया है, जो भारतीय एएस वित्तीय विवरणों का भाग है, क्षेत्र ने आरएलसीआरएलसी (सी) द्वारा आईडी अधिनियम की धारा 33 सी (1)के अंतर्गत पारित दिनांक 27 जून, 2022 के आदेश, जिसमें 10% वार्षिक ब्याज के साथ 580.76 लाख रुपए की राशि का वसूली प्रमाणपत्र (आरसी) जारी किए जाने तथा उसके परिणामस्वरूप

दिनांक 12 अक्टूबर, 2022 को कलेक्टर, मुंबई उपनगरीय जिला द्वारा जारी परिणामी कुर्की आदेश, जिसके अंतर्गत ऊपर उल्लिखित राशि के लिए क्षेत्र के बैंक खाते को अटैच किया जाना है, के प्रति रिट याचिका दायर की है।

माननीय बम्बई उच्च न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 15 नवंबर, 2022 द्वारा निर्देश दिया है कि बैंक खाते को पूरी तरह से फ्रीज करने के स्थान पर बैंक ऑफ बड़ौदा 650.00 लाख रुपए की राशि को रोक कर याचिकाकर्ता (पीएचएल) को अपने पास रखकर बैंक खाता उपयोग करने की अनुमति देने का निर्देश दिया जा सकता है। इसके परिणामस्वरूप क्षेत्र की नकदी प्रवाह स्थिति पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है तथा इसलिए, हम वित्तीय विवरणों पर उत्पन्न होने वाले इसके प्रभाव का मापन नहीं कर पा रहे हैं।

14. पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक का ध्यान इस ओर गया है कि क्षेत्र ने पट्टा देनदारियों और उपयोग अधिकार परिसम्पति की गणना के लिए वृद्धिशील ऋण दर को विचार में नहीं लिया है। शाखा (पश्चिमी क्षेत्र) द्वारा उपयोग में लाया गया यह लेखांकन व्यवहार न तो क्षेत्र की नीति के अनुरूप है और न ही इंड एएस 116 'पट्टों' के अनुपालन में है। तथापि, हम इंड एएस वित्तीय विवरणों पर ऐसे गलत लेखांकन व्यवहार से उत्पन्न होने वाले प्रभाव, यदि कोई हो, का निर्धारण करने में असमर्थ हैं।

15. जैसा कि नोट क्रमांक 32 II (क) तथा (ख) में कहा गया है, जो इंड एएस वित्तीय विवरणों का है, कंपनी ने बैंकों को दी गई काउंटर गारंटी के संबंध में 1371.41 लाख रुपए की राशि जिनमें से 694.33 लाख पश्चिम क्षेत्र से संबंधित है की गारंटियों का प्रकटीकरण किया है जिसमें से साख पत्र की 1544.98 लाख रुपए की राशि में से 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार 479.50 लाख रुपए पश्चिमी क्षेत्र से संबंधित है । इसका ब्यौरा / विवरण अथवा गारंटियों एवं साख पत्र से संबंधित आकस्मिक देनदारियां उपलब्ध न होने के कारण हम कोई टिप्पणी नहीं कर पा रहे हैं।

आकस्मिक देयताएं

1. दी गई गारंटियां

(रुपए लाख में)

विवरण	**31 मार्च, 2023**	**31 मार्च, 2022**
बैंकों को दी गई काउंटर गारंटी	1371.41	1706.59

2) साख पत्र

(रुपए लाख में)

विवरण	**31 मार्च, 2023**	**31 मार्च, 2022**
साख पत्र	1544.98	2504.27

16. नोट क्रमांक 32 II (ग) (i) में किए उल्लेख के अनुसार 31 मार्च, 2023 की यथास्थिति को आयकर से संबंधित आकस्मिक देयता 3374.35 लाख रुपए से बढ़ाकर 4003.06 लाख रुपए हो गई है। कंपनी को चालू वर्ष 22-23 के दौरान आयकर विभाग से धारा 143(1)/I/54 के अंतर्गत कर निर्धारण वर्ष 2021-22 से संबंधित दिनांक 28.12.2022 तथा दिनांक 24.2.2023 का आदेश प्राप्त हुआ है जिसमें वित्तीय वर्ष 2020-21 से संबंधित कुछ अस्वीकृतियों के प्रति 628.71 लाख रुपए की मांग की गई है। कंपनी ने आयकर विभाग से प्राप्त आदेश के लिए सीआईटी (अपील) के पास अपील दायर की है।

(रुपए लाख में)

विवरण	**31 मार्च, 2023**	**31 मार्च, 2022**
कम्पनी द्वारा आईटीएटी/सीआईटी (अपील) के सम्मुख आयकर मांग का प्रतिरोध	4003.06	3374.35

17. जैसा कि नोट संख्या 32 XXI (ए), जो इंड एएस वित्तीय विवरणों का अभिन्न भाग है, में उल्लेख है, कि पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक ने सतर्कता विभाग से अंतर्कायालय ज्ञापन के आधार पर दिनांक 12 अगस्त, 2014 के संदर्भ संख्या पीएचएल/सीओ/वीआईजी/219 में उक्त (आईओएम) सीवीओ (मुख्य सतर्कता अधिकारी) ने जांच की और लक्षद्वीप में 129.21 लाख रुपए की वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में प्रबंधन को रिपोर्ट सौंपी थी। प्रबंधन ने कर्मचारियों को देय 40.09 लाख रुपए की सहायता/चालान/बिल/क्रेडिट को संज्ञान में लिया है तथा प्रबंधन के मतानुसार केवल 89.12 लाख रुपए की शेष राशि को हानि माना गया है और 2014-15 के वित्तीय विवरणों में इसके लिए प्रावधान किए गए हैं। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अप्रैल 2008 से मार्च 2011 की अवधि के लिए लक्षद्वीप प्रशासन से 59.29 लाख रुपए का यात्रा बिल प्राप्त हुआ था। मानव संसाधन विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार जांच की गई है और सुझाई गई कार्रवाई को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। मामले पर कार्रवाई कॉरपोरेट कार्यालय द्वारा की जा रही है।

18. पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक ने नोट संख्या 32 XXI (ङ), जो इंड एएस वित्तीय विवरणों का अभिन्न भाग है, में यह प्रेक्षण किया है कि इसमें 0.83 लाख रुपए की राशि का उपयोग हुआ है तथा यही प्रेक्षण पोर्टब्लेयर डिटेचमेंट में उपलब्ध नकदी एवं लेखा बही नकदी के अंत शेष में भी किया गया है। मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग के दिनांक 18 सितम्बर, 2023 के संदर्भ संख्या पीएचएल: डब्ल्यूआर: एडमिन:058 के माध्यम से मामले की जांच के लिए एक जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है और इस संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट अभी भी प्रतीक्षित है। प्रबंधन के मतानुसार इसे 0.83 लाख रुपए की हानि माना गया है और वर्ष के दौरान वित्तीय विवरणों में इसे तदनुसार प्रभारित किया गया है।

19. पश्चिमी क्षेत्र के शाखा लेखा परीक्षक ने पाया कि 31 मार्च, 2023 तक विदेशी पार्टियों के पास पड़े रोटेबल्स से संबंधित जानकारी निम्नानुसार है:-

(रुपए लाख में)

विवरण	**सकल लागत**	**डब्ल्यूडीवी मूल्य (डब्ल्यूडीवी)**
31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार रोटेब्ल्स	7848.28	5595.08
घटाएं बी/एस तिथि के पश्चात वापस प्राप्त रोटेब्ल्स	(1881.41)	(1467.38)
बी/एस तिथि के पश्चात निवल शेष	5966.87	7062.46

वर्तमान स्थिति के अनुसार विदेश में रखी रोटेब्ल्स, जो परिसम्पतियां हैं, का निवल शेष 710.83 रुपए (542.67 रुपए की डब्ल्यूडीवी) होने की पुष्टि हुई जिनकी प्राप्ति नहीं हुई है। शेष की पुष्टि प्राप्त न होने के कारण हम शेष पर इसकी प्रमात्रा के प्रभाव, यदि कोई हो, का निर्धारण नहीं कर पा रहे हैं।

20. 31-03-2022 (कर निर्धारण वर्ष 2022-23) तथा 31-03-2023 (कर निर्धारण वर्ष 2023-24) को समाप्त वर्ष के लिए आयकर विवरण की प्रस्तुति कर ऑडिट रिपोर्ट से पहले की गई थी। दोनों निर्धारण वर्षों के लिए आयकर विवरण प्रस्तुत करने के संबंध में कंपनी ने उल्लेख किया है कि क्रमशः सम्बद्ध कर निर्धारण वर्षों के लिए कर ऑडिट कंपनी के संबंध में लागू नहीं है तथा आयकर फार्म (जेटीआर 6) में इसका उल्लेख लागू नहीं के रूप में किया गया है। प्रस्तुति की तिथियां निम्नानुसार हैं:-

क्र.सं.	**वर्ष**	**प्रस्तुति का प्रकार**	**तिथि**
1.	निर्धारण वर्ष 2022-23	मूल	06-11-2022
		संशोधित	31-12-2022
		संशोधित	31-12-2022
2.	निर्धारण वर्ष 2023-24	मूल	30-10-2023

21. इंड एएस वित्तीय विवरण के नोट संख्या 32XI(ख)(4) के अनुसार कम्पनी ने उत्तरी क्षेत्र से संबंधित अर्जित छुट्टी देयता की 68.62 लाख रुपए की राशि गैर चालू प्रावधान शीर्ष के अंतर्गत प्रभारित की है, तथापि वास्तविक मूल्यांकन के अनुसार यह चालू प्रावधान के अंतर्गत आती है। कम्पनी इंड एएस वित्तीय विवरण में गलत वर्गीकरण किए हैं।

प्रमुख लेखा परीक्षा मामले

प्रमुख लेखापरीक्षा मामले, वे मामले हैं, जो मुख्यतः चालू अवधि के इंड एएस वित्तीय विवरणों के संबंध में हमारे द्वारा की गई लेखापरीक्षा से जुड़े हमारे स्व-विवेक के अनुसार अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन मामलों पर इंड एएस वित्तीय विवरणों के संबंध में समग्र लेखापरीक्षा के संदर्भ में प्रक्रिया की गई है तथा ऐसे मामलों के लिए हम अलग से अपनी कोई राय प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं। हमने नीचे प्रस्तुत मामलों को अपनी रिपोर्ट में प्रस्तुत करने के लिए प्रमुख लेखापरीक्षा मामले माना है।

क्र.सं.	प्रमुख लेखा परीक्षा मामले	लेखा परीक्षक की प्रतिक्रिया
1.	**निहित महत्वपूर्ण अनुमानों वाले निर्दिष्ट मूल्य के करारों के संबंध में राजस्व एवं दुर्भर दायित्वों की सटीकता:** मूल्यांकित प्रयासों से ही राजस्व तथा दुर्भर दायित्वों के महत्वपूर्ण अनुमान निर्धारित किए जा सकते हैं। ऐसे अनुमान के अंतर्गत अनुबंध की प्रगति पर विचार तथा शेष अनुबंध निष्पादन दायित्वों को पूरा करने के लिए अपेक्षित लागतों की ओर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। संदर्भ लेखांकन नीति संख्या 2 (xiii)	**मुख्य लेखापरीक्षा प्रकियाएं :** हमारे द्वारा की गई लेखा परीक्षा प्रक्रिया के अंतर्गत आंतरिक नियंत्रणों के संबंध में विभिन्न प्रकार के परीक्षण तथा प्रमुख प्रक्रियाओं को उपयोग में लाया गया था जिनमें निम्नलिखित शामिल है:- o प्रयुक्त प्रयासों की रिकार्डिंग से सम्बद्ध आंतरिक नियंत्रणों के अभिकल्प तथा निष्पादन दायित्वों को पूरा करने के लिए अपेक्षित प्रयासों का मूल्यांकन करना। o प्रयुक्त प्रयासों की रिकार्डिंग में अनाधिकृत बदलाव से बचाव के लिए टाइम रिकार्डिंग, विनियोजन एवं बजट व्यवस्थाओं से संबंधित ऐक्सेस एवं उपयोज्यताओं के नियंत्रणों का परीक्षण करना। o संविदाओं के नमूने चयन किए तथा इन नियंत्रणों के साक्ष्यों की जांच के माध्यम से प्रयुक्त एवं अनुमानों के संबंध में आंतरिक नियंत्रणों की प्रचालनात्मक प्रभाव्यता का परीक्षण करना। o लागतों के संबंध में महत्वपूर्ण भिन्नताओं के संज्ञान के लिए संविदाओं के नमूने चयन किए तथा यह सत्यापन किया कि क्या संविदा को पूरा करने के लिए शेष प्रयासों का निर्धारण करते समय ऐसी भिन्नताओं को विचार में लिया गया है अथवा नहीं। o संविदाओं के नमूनों से अलेखित राजस्वों, यदि कोई हो, का संज्ञान होने पर पुनरीक्षा की गई है। o विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं का निष्पादन किया तथा प्रयुक्त एवं अनुमानित प्रयासों का औचित्य ज्ञात करने के लिए विस्तृत परीक्षण किया गया है।

क्र.सं.	प्रमुख लेखा परीक्षा मामले	लेखा परीक्षक की प्रतिक्रिया
2.	**मुकदमें** कम्पनी ऐसे उद्योग में अपने प्रचालन करती है जो पूरी तरह से विनियमित है तथा जिससे अंतर्निहित मुकदमों के जोखिम बढ़ते हैं। कम्पनी श्रमिक मामलों तथा यात्रियों द्वारा किए जाने वाले दावों जैसे अनेक कानूनी मामलों से जूझ रही है। इसके लिए कृपया लेखांकन नीति संख्या 2 (xii) तथा नोट संख्या 32 II घ से संदर्भ प्राप्त करें।	**प्रमुख लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं :** • हमने प्रावधानों के निर्धारण के संबंध में प्रभावी प्रचालनात्मकता के सुनिश्चय के लिए कम्पनी के नियंत्रणों के डिजायन तथा प्रचालनात्मक प्रभाव्यता का मूल्यांकन एवं परीक्षण किया है। • हमने प्रबंधन द्वारा उपलब्ध करवाए गए मुकदमों के विवरण का अध्ययन किया गया तथा उनके संबंध में विवरण में शामिल मामलों सहित कम्पनी के विधि प्रमुख के साथ चर्चा की गई। • हमारे द्वारा मामलों से संबद्ध पत्रव्यवहार का परीक्षण किया गया। कम्पनी द्वारा स्वीकृत प्रावधानों के निरूपण एवं पूर्णता के उद्देश्य से आकलन की जांच की गई। • हमारे द्वारा प्रमाणन योग्य, संभाव्य विधि प्रावधानों के समायोजन तथा कम्पनी द्वारा तैयार किए गए रिमोट विश्लेषण का भी मूल्यांकन किया गया।
3.	**अनिश्चित कर स्थितियां** कम्पनी द्वारा अपने प्रचालन एक जटिल कर परिवेश में किए जाते हैं तथा अपने सामान्य व्यवसाय संव्यवहार के दौरान इसके सम्मुख अनेक प्रकार के कर जोखिम होते हैं। कम्पनी द्वारा किए जाने वाले संव्यवहार/अनुबंध जटिल, आलोचनात्मक प्रकार के होते है तथा इनके प्रति कर प्राधिकरणों द्वारा चुनौती दी जा सकती है। इसके अलावा कुछ व्ययों के संबंध में प्रदान की गई अनुमति तथा कम्पनी द्वारा अतिरिक्त समर्थित दस्तावेजों के संबंध में की जाने वाली स्वीकृति भी प्राधिकरणों के साथ किसी जारी विवाद का मुद्दा बन सकती हैं। कृपया लेखांकन नीति संख्या 2 (xii) एवं नोट संख्या 32 II ग से संदर्भ प्राप्त करें।	**प्रमुख लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं :** • हमारे द्वारा अनिश्चित कर स्थितियों के प्रावधानों पर प्रभावी प्रचालनात्मकता के सुनिश्चय के लिए कम्पनी के नियंत्रणों के डिजायन एवं प्रचालनात्मक प्रभाव्यता का मूल्यांकन एवं परीक्षण किया गया है। • प्रबंधन निर्णयों के प्रति अनुकूलता एवं मूल्यांकन के लिए हमारे द्वारा मामलों से संबंधित पत्रव्यवहार का परीक्षण, वर्तमान एवं चालू कर प्राधिकरण पूछताछ की स्थितियों पर विचार, कर विवरणों से संबंधित विवेकसम्मत निर्णयों तथा चालू वर्ष के अनुमानों एवं कर परिवेश में की जाने वाली प्रक्रियाओं का मूल्यांकन किया गया है। • अपने कर समूह के सहयोग से हमने कम्पनी के कर प्रावधानों की पर्याप्तता का मूल्यांकन करने के लिए कर जोखिमों तथा आकस्मिकताओं के अनुमानों पर प्रबंधन निर्णयों का मूल्यांकन किया है।

इंड एएस वित्तीय विवरण एवं उनसे संबंधित लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के अलावा अन्य सूचना :

इंड एएस वित्तीय विवरण तथा उससे संबंधित लेखापरीक्षकां की रिपोर्ट के अलावा अन्य मामले कम्पनी का निदेशक मंडल अन्य सूचना की प्रस्तुति के प्रति उत्तरदायी है। अन्य सूचना में निदेशक मंडल की रिपोर्ट एवं उसके अनुलग्नक, कॉर्पोरेट शासन एवं शेयरधारकों से संबंधित सूचना शामिल होती है परन्तु इसमें इंड एएस वित्तीय विवरणों तथा उससे संबंधित हमारी लेखा परीक्षा रिपोर्ट को शामिल नहीं किया जाता है।

इंड एएस वित्तीय विवरणों में व्यक्त हमारे मत में अन्य सूचना शामिल नहीं है तथा हम किसी प्रकार से उसके संबंध में किसी आश्वासन निष्कर्ष की प्रस्तुति नहीं कर रहे हैं।

इंड एएस वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के संबंध में हमारा दायित्व इसमें दी गई सूचना को पढ़ना है तथा ऐसा करते हुए यह विचार करना है कि क्या अन्य सूचना की सामग्री वित्तीय विवरणों तथा लेखा परीक्षा की प्रक्रिया के दौरान हमें प्राप्त जानकारी से वस्तुगत रूप से संगत है अथवा इसमें किसी प्रकार के वस्तुगत दुर्विवरण का उल्लेख किया गया है अथवा नहीं किया गया है। यदि हमारे द्वारा निष्पादित कार्य के आधार पर हमें अन्य सूचना में किसी प्रकार के सामग्रीगत मिथ्या कथन का आभास होता है तो ऐसे तथ्यों की रिपोर्ट किए जाने की अपेक्षा हमसे की गई है। इसके संबंध में रिपोर्ट के लिए कुछ प्रस्तुति नहीं कर रहे है।

प्रबंधन तथा इंड एएस वित्तिय विवरणों की शासी व्यवस्था के अत्तरदेयताओं के दायित्व

कम्पनी का निदेशक मंडल, अधिनियम की धारा 134(5) में निर्दिष्ट मामलों के संबंध में, कुल व्यापक आय, नकदी प्रवाह एवं इक्विटी परिवर्तन सहित कम्पनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन की सत्य एवं स्वच्छ छवि प्रस्तुत करने वाले इन स्टैंडएलोन वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति यथासंशोधित कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्दिष्ट भारतीय लेखांकन मानको सहित भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप करने के प्रति उत्तरदायी है। इस उत्तरदायित्व में, कम्पनी की परिसम्पत्तियों की सुरक्षा तथा जालसाजियों एवं अन्य अनियमितताओं से उनके बचाव के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकार्डों के रखरखाव करना; उचित लेखांकन नीति का चयन एवं उपयोग करना; औचित्यपरक एवं विवेकसम्मत निर्णय निर्धारण करना एवं अनुमान लगाना; तथा सत्य एवं स्वच्छ प्रस्तुत करने वाले एवं प्रत्येक प्रकार सामग्रीगत मिथ्या विवरण, जालसाजी अथवा चूक के कारण, से मुक्त इंड एएस स्टैंडएलोन इंड एएस वित्तीय विविरणों का निर्माण करने एवं प्रस्तुत करने के सुनिश्चय के उद्देश्य से अभिकल्प करने, **आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों,** जो लेखांकन रिकार्डों की सटीकता एवं पूर्णत के लिए प्रभावी प्रक्रिया कर रहे है, का कार्यान्वयन एवं सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व भी शामिल है।

I	प्रचालनों से राजस्व	22	41,515.96	38,513.35
II	अन्य आय	23	2,688.76	2,708.26
	योगआय (III)		**44,204.72**	**41,221.61**
IV	**व्यय**			
	हैलीकॉप्टर प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय	24	14,212.13	12,333.17
	कर्मचारी हितलाभ व्यय	25	15,758.19	15,808.51
	वित्त लागतें	26	803.80	545.38
	मूल्यह्रास एवं परिशोधन व्यय	27	9,805.16	9,377.24
	अन्य व्यय	28	4,272.59	3,546.59
	योगव्यय(IV)		**44,851.87**	**41,610.89**
V	**अपरिहार्य मदों तथा कर से पूर्व लाभ (III-IV)**		**(647.16)**	**(389.28)**
VI	अपरिहार्य मदें	29	-	-
VII	**कर पूर्व लाभ / (हानि) (V-VI)**		**(647.16)**	**(389.28)**
VIII	**कर व्यय :**			
	(1) न्यूनतम वैकल्पिक कर		-	-
	(2) पूर्व वर्षों के लिए आयकर प्रावधान		-	-
	(3) आस्थगित कर		1,709.22	885.13
			1,709.22	**885.13**
IX	**अवधि के दौरान प्रचालनों पर जारी लाभ (हानि) (VII-VIII)**		**(2,356.38)**	**(1,274.42)**
X	**समाप्त किए गए प्रचालन**			
	समाप्त किए गए प्रचालनों से कर पूर्व लाभ / (हानि)		-	(498.27)
	समाप्त किए गए प्रचालनों पर कर व्यय			
			-	(498.27)
XI	**अन्य व्यापक आय**			
	(क) अन्य व्यापक आय का पुन:वर्गीकरण अनुगामी अवधियों में लाभ अथवा हानि में किया जाना है:			
	(i) उपर्युक्त पर निवल लाभ/(हानि)		-	-
	(ii) उपर्युक्त पर कर का प्रभाव		-	-
	(ख) अन्य व्यापक आय का पुन:वर्गीकरण आगामी अवधियों में लाभ अथवा हानि में नहीं किया जाना है:			
	(i) उपर्युक्त पर निवल लाभ/(हानि)	30	180.78	(80.12)
	(ii) उपर्युक्त पर कर प्रभाव		(56.40)	25.00
			124.38	(55.13)
XII	**अवधि के दौरान योगव्यापक आय (IX+ X+XI) (अवधि के दौरान लाभ (हानि) एवं अन्य व्यापक आय से युक्त)**		**(2,232.00)**	**(1,827.81)**
XIII	**प्रति इक्विटी शेयर आय**	**31**		
	-जारी प्रचालन			
	(1) मूल		(400)	(238)
	(2) डाय्ल्युटिड		(400)	(238)
	-समाप्त किए गए प्रचालन			
	(1) मूल		-	(89)
	(2) डाय्ल्युटिड		-	(89)

नोट 1 से 32 वित्तीय विवरणों का अभिन्न भाग हैं।

नोट:

1. कोष्ठक में दिए गए आंकड़े रोकड़ बर्हिप्रवाह दर्शाते हैं
2. उपर्युक्त रोकड़ प्रवाह विवरण का निर्माण इंड एएस-7 रोकड़ प्रवाह विवरण में निर्धारित अप्रत्यक्ष विधि से किया गया है।
3. नकदी एवं नकदी समतुल्य के योग 2916.39 लाख रुपए (पिछले वर्ष 4210.86 लाख रुपए) का मार्जिन धन शामिल है।

यह रोकड़ प्रवाह विवरण समान तिथि की हमारी रिपोर्ट से संदर्भित है।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

ह/-

(संजीव राजदान)

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

डीआईएन संख्या 08711596

कृते एस.एस. पेरिवाल एंड कम्पनी

चार्टर्ड एकाउंटेंट

फर्म पंजीकरण सं.00102

ह/-

(आनंद ग्रोवर)

साझेदार

सदस्यता संख्या 097954

स्थान : नई दिल्ली

दिनांक : 23.01.2024

यूडीआईएन : 24097954BKBLAS8324

ह/-

(रंजीत सिंह चौहान)

कम्पनी सचिव

सदस्यता संख्या एफ8785

स्थान : नोएडा

दिनाक : 07.11.2023

ह/-

(अजय गुप्ता)

मुख्य वित्त अधिकारी

सदस्यता संख्या 079580

पवन हंस लिमिटेड
31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष का इक्विटी परिवर्तन विवरण

(रुपए लाख में)

विवरण	इक्विटी शेयर पूंजी	आबंटन पूर्व शेयर आवेदन राशि	आरक्षित तथा अतिरेक		अन्य व्यापक आय की मदें		योग अन्य इक्विटी
			सामान्य आरक्षित	धारित आय	इक्विटी उपकरण के माध्यम से अन्य विस्तृत आय	अन्य विस्तृत आय की अन्य मदें	
1 अप्रैल, 2020 की स्थिति	55,748.20	-	2,050.00	43,645.76	(95.65)	(337.29)	45,262.82
लेखांकन नीति में परिवर्तन	-	-	-	-	-	-	-
इंड एएस 116 की उपयोज्यता का प्रभाव	-	-	-	-	-	-	-
रिपोर्टिंग अवधि के प्रारम्भ में पुन: उल्लिखित शेष	55,748.20	-	-	-	-	-	-
वर्ष में जारी प्रचालनों से लाभ /(हानि)	-	-	-	(1,260.46)	-		(1,260.46)
अन्य व्यापक आय	-	-	-			(400.53)	(400.53)
वर्ष के दौरान योगव्यापक आय	55,748.20	-	-	(1,260.46)	-	(400.53)	(1,660.99)
लाभांश	-	-	-	-	-	-	-
लाभांश वितरण कर का भुगतान	-	-	-	-	-	-	-
समाप्त किए गए प्रचालनों से लाभ / (हानि)	-	-	-	(484.12)	-	-	(484.12)
धारित आय में अंतरण	-	-	-	-	-	-	-
अन्य कोई परिवर्तन	-	-	-	360.30	-	-	360.30
31 मार्च 2021 की स्थिति	55,748.20	-	2,050.00	42,261.48	(95.65)	(737.82)	43,478.01
लेखांकन नीति में परिवर्तन	-	-	-	-	-	-	-
पूर्वावधि चूकें	-	-	-	-	-	-	-
रिपोर्टिंग अवधि के प्रारम्भ में पुन: उल्लिखित शेष	55,748.20	-	-	-	-	-	-
वर्ष में जारी प्रचालनों से लाभ /(हानि)	-	-	-	(1,274.42)	-	-	(1,274.42)
अन्य व्यापक आय	-	-	-			(55.13)	(55.13)
वर्ष के दौरान योग व्यापक आय	55,748.20	-	-	(1,274.42)	-	(55.13)	(1,329.55)
लाभांश	-	-	-	-	-	-	-
लाभांश वितरण कर का भुगतान	-	-	-	-	-	-	-
समाप्त किए गए प्रचालनों से लाभ / (हानि)	-	-	-	(498.27)	-	-	(498.27)
धारित आय में अंतरण	-	-	-	-	-	-	-
अन्य कोई परिवर्तन	-	-	-	1.00	-	-	1.00
31 मार्च 2022 की स्थिति	55,748.20	-	2,050.00	40,489.80	(95.65)	(792.95)	41,651.20
लेखांकन नीति में परिवर्तन	-	-	-	-	-	-	-
पूर्वावधि चूकें	-	-	-	-	-	-	-
रिपोर्टिंग अवधि के प्रारम्भ में पुन: उल्लिखित शेष	55,748.20	-	-	-	-	-	-
जारी परिचालनों से वर्ष में लाभ/(हानि)	-	-	-	(2,356.38)	-		(2,356.38)
अन्य व्यापक आय	-	-	-			124.38	124.38
वर्ष में अन्य व्यापक आय	55,748.20	-	-	(2,356.38)	-	124.38	(2,232.00)
लाभांश	-	-	-	-	-	-	-
लाभांश वितरण कर का भुगतान	-	-	-	-	-	-	-
विलय के परिणामस्वरूप आरएचएल को अंतरित परिसम्पतियां (देयता निवल)	-	-	-	(4,912.02)	-	-	(4,912.02)
धारित आय में अंतरण	-	-	-	-	-	-	-
अन्य कोई परिवर्तन	-	-	-		-	-	-
31 मार्च, 2023 की स्थिति	55,748.20	-	2,050.00	33,221.40	(95.65)	(668.57)	34,507.19

नोट 1 से 32 वित्तीय विवरणों का अभिन्न भाग हैं।

यह रोकड़ प्रवाह विवरण समान तिथि की हमारी रिपोर्ट से संदर्भित है।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

ह/-
(संजीव राजदान)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन संख्या 08711596

कृते एस.एस. पेरिवाल एंड कम्पनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण सं.00102

ह/-
(आनंद ग्रोवर)
साझेदार
सदस्यता संख्या 097954

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 23.01.2024
यूडीआईएन : 24097954BKBLAS8324

ह/-
(रंजीत सिंह चौहान)
कम्पनी सचिव
सदस्यता संख्या एफ8785
स्थान : नोएडा
दिनाक : 07.11.2023

ह/-
(अजय गुप्ता)
मुख्य वित्त अधिकारी
सदस्यता संख्या 079580

पवन हंस लिमिटेड

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष का रोकड़ प्रवाह विवरण

(रुपए लाख में)

	विवरण	यथा तिथी			
		31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष		31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष	
क.	**प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह**				
	जारी प्रचालनों से कर पूर्व निवल लाभ		(466.38)		(469.41)
	समाप्त प्रचालनों से कर पूर्व निवल लाभ		-		(498.27)
	निम्नलिखित के लिए समायोजन -				
	मूल्यह्रास एवं परिशोधन व्यय (निवल) जारी परिचालन	9,805.16		9,377.24	
	मूल्यह्रास एवं परिशोधन व्यय (निवल) बंद परिचालन	-		359.54	
	बैंक जमा से ब्याज आय	(340.40)		(363.22)	
	बीमा दावा – केवल हल्ल	-		-	
	स्थिर परिसम्पत्तियों की बिक्री से लाभ	(6.67)		-	
	ब्याज लागत	803.80		545.38	
	बट्टाकृत स्थिर परिसम्पत्तियां	343.28		267.27	
	संदेहास्पद ऋण एवं अग्रिम/संभावित ऋण हानियों के लिए प्रावधान	476.57		241.08	
	नॉन मूविंग मालसूची /कालातीत मदों के लिए प्रावधान	212.82		117.97	
	अप्राप्त विदेशी मुद्रा दर उतार चढ़ाव	-		(5.24)	
	स्थिर परिसम्पतियों की बिक्री से हानि	2.01		0.24	
	अतिरिक्त प्रावधान प्रतिलेखित (अन्य)	(2,221.64)		(1,367.32)	
	मालसूची में कमी / अधिकेय के लिए प्रावधान	4.68		96.56	
	पट्टे में संशोधन से हानि	-		0.43	
	परिसम्पत्तियों की अक्षमता हानि के प्रावधान	-		(54.43)	
	निवेश मूल्य में घटाव के लिए प्रावधान	0.83		-	
			9,080.44		9,215.49
	कार्यशील पूंजी परिवर्तन से पूर्व प्रचालन लाभ		8,614.06		8,247.82
	परिसम्पत्तियों एवं देयताओं में परिवर्तन				
	व्यवसाय प्राप्य	3,092.12		(1,074.98)	
	ऋण एवं अग्रिम तथा अन्य परिसम्पत्तियां	(1,244.83)		(1,715.73)	
	मालसूचियां	729.19		(1,618.33)	
	व्यवसाय प्राप्य, अन्य देयताएं तथा प्रावधान	(6,751.80)		19,297.43	
	प्रचालनों से उत्पन्न रोकड़		**(4,175.32)**		**14,888.39**
	(चुकता)/प्राप्त आय कर		(1,156.94)		727.00
	प्रचालन क्रियाकलापों से उत्पन्न निवल रोकड़		**3,281.81**		**23,863.20**
ख.	**निवेश क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह**				
	स्थिर परिसम्पत्तियों का क्रय	(4,501.30)		(28,200.12)	
	स्थिर परिसम्पत्तियों की बिक्री / बीमा दावे/ समायोजन	7.54		1.05	
	पूंजी कार्य प्रगति पर	(71.43)		(896.10)	
	विलय समाप्ति पर आरएचएल को अंतरित स्थिर परिसम्पतियां	4,070.56		-	
	ब्याज प्राप्ति	340.40		363.22	
	निवेश क्रियाकलापों में प्रयुक्त निवल रोकड़		**(154.23)**		**(28,731.95)**
ग.	**वित्तीय क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह**				
	ब्याज लागत	(803.80)		(545.38)	
	दीर्घकालिक ऋणों का पुनर्भुगतान	(67.60)		(785.49)	
	वित्तीय क्रियाकलापों से उत्पन्न/ (प्रयुक्त) निवल रोकड़		**(871.40)**		**(1,330.87)**
	रोकड़ तथा रोकड़ समतुल्य की उपयोज्यता में निवल वृद्धि		**2,256.17**		**(6,199.62)**
	अवधि के प्रारम्भ में रोकड़ तथा रोकड़ समतुल्य		**7,912.87**		**14,112.49**
	अवधि के अंत में रोकड़ तथा रोकड़ समतुल्य		**10,169.05**		**7,912.87**
	नोट:				
	1.रोकड़ तथा रोकड़ समतुल्य में निम्नलिखित शामिल हैं:				
	जारी प्रचालनों से संबंधित रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य		3,956.17		2,656.95
	घटाएं: बैंक में लाभांश खाते में शेष		0.16		0.16
	जारी प्रचालनों से संबंधित निवल रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य (क)		3,956.01		2,656.79
	समाप्त प्रचालनों से संबंधित निवल रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य (ख)		-		55.25
	योगरोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य (क+ख)		3,956.01		2,712.04
	अन्य बैंक शेष (ग)		6,213.03		5,200.83
	योगरोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य (क+ख+ग)		10,169.04		7,912.87

नोट 1 से 32 वित्तीय विवरणों का अभिन्न भाग हैं।

नोटः

1. कोष्ठक में दिए गए आंकड़े रोकड़ बर्हिप्रवाह दर्शाते हैं
2. उपर्युक्त रोकड़ प्रवाह विवरण का निर्माण इंड एएस-7 रोकड़ प्रवाह विवरण में निर्धारित अप्रत्यक्ष विधि से किया गया है।
3. नकदी एवं नकदी समतुल्य के योग 2916.39 लाख रुपए (पिछले वर्ष 4210.86 लाख रुपए) का मार्जिन धन शामिल है।

यह रोकड़ प्रवाह विवरण समान तिथि की हमारी रिपोर्ट से संदर्भित है।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

ह/-
(संजीव राजदान)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन संख्या 08711596

कृते एस.एस. पेरिवाल एंड कम्पनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण सं.001021एन

ह/-
(आनंद ग्रोवर)
साझेदार
सदस्यता संख्या 097954

ह/-
(रंजीत सिंह चौहान)
कम्पनी सचिव
सदस्यता संख्या एफ8785
स्थान : नोएडा
दिनाक : 07.11.2023

ह/-
(अजय गुप्ता)
मुख्य वित्त अधिकारी
सदस्यता संख्या 079580

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 23.01.2024
यूडीआईएन : 24097954BKBLAS8324

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ

1. कॉर्पोरेट सूचना

पवन हंस लिमिटेड ("कम्पनी") (सीआईएन संख्या यू 62200यूपी1985जीओआई129953) एक पब्लिक लिमिटेड कम्पनी है जिसका निगमन कम्पनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत 15 अक्तूबर,1985 को हुआ था तथा भारत में स्थित इस कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय सी-14, सेक्टर-1, नोएडा, जिला गौतम बुध नगर – 201 301 में स्थित है। यह कम्पनी सरकारी क्षेत्र का उपक्रम है तथा यह कम्पनी पंजीयक, उत्तर प्रदेश में पंजीकृत है।

कम्पनी भारत के विमानन सेक्टर का पथप्रदर्शक के रूप में नेतृत्व कर रही है तथा यह कम्पनी समग्र राष्ट्र को अवसंरचना निर्माण, मानव संसाधन तथा हेलीकॉप्टर प्रचालनों के संरक्षा स्तरों में संवर्धन के साथ साथ विविध श्रेणी की हेलीकॉप्टर सेवाएं प्रदान कर रही है। कम्पनी द्वारा विभिन्न राज्य सरकारों नामत: मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, गृह मंत्रालय, लक्षद्वीप प्रशासन, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन, केदारनाथ के साथ साथ ओएनजीसी, एनटीपीसी, महाराष्ट्र पुलिस इत्यादि को हेलीकॉप्टर सेवाएं प्रदान कर रही हैं।

2. क) निर्माण का आधार

(i) अनुपालन विवरण

वित्तीय विवरणों का निर्माण एवं प्रस्तुति कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 के नियम 3 के साथ पठनीय कम्पनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम''), की धारा 133 के अंतर्गत निर्दिष्ट अनिवार्य भारतीय लेखांकन मानकों (''इंड एएस'') के अनुसरण के लिए सम्बद्ध प्रावधानों तथा भारत में सामान्यत: स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धांतों का अनुपालन करते हुए भारत में सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धातों (जीएएपी) की अपेक्षाओं के अनुसार की गई है। कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के दिनांक 16 फरवरी, 2015 की अधिसूचना, जिसके माध्यम से कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 अधिसूचित की गई है, के अनुसरण में कम्पनी द्वारा 1 अप्रैल, 2015 की अवस्थांतरण तिथि के साथ 1 अप्रैल, 2016 से भारतीय लेखांकन मानक (इंड ए एस) अंगीकार किए गए हैं।

वित्तीय विवरणों को जारी करने का प्राधिकार निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 7 नवम्बर, 2023 को प्रदान किया गया है।

(ii) मापन का आधार

ये वित्तीय विवरण उचित मूल्य अथवा परिशोधन लागत पर मापन किए गए कुछ वित्तीय प्रपत्रों के अलावा ऐतिहासिक लागत के आधार पर तैयार किए गए हैं।

(iii) महत्वपूर्ण लेखांकन अनुमान तथा निर्धारण

इन वित्तीय विवरणों को तैयार करते समय प्रबंधन द्वारा वित्तीय विवरणों की तिथि के अनुसार लेखांकन नीतियों एवं सूचित परिसम्पत्तियों,देयताओं, आय एवं व्यय की राशियों, आकस्मिक देयताओं के प्रकटीकरण की उपयोज्यता पर प्रभावी होने वाले निर्धारण किए गए हैं, अनुमान लगाए गए हैं तथा पूर्वानुमान लगाए गए हैं। वास्तविक परिणाम ऐसे अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं।

अनुमानों तथा पूर्वानुमानों की समीक्षा ऑनगोइंग आधार पर की जाती है। लेखांकन अनुमानों में किए गए संशोधनों की स्वीकृति भावी प्रभाव के लिए की गई है।

लेखांकन नीतियों के उपयोग से महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए लगाए गए जिस अनुमान / अनिश्चितता तथा निर्धारण से वित्तीय विवरणों पर जो महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकते हैं उससे संबंधित सूचना नीचे दी गई है:-

नीचे प्रस्तुत मद संख्या 2 (xi) – परिभाषित लाभ दायित्वों का मापन : प्रमुख बीमांकिक पूर्वानुमान

नीचे प्रस्तुत नोट 2 (vi) - सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के उपयोज्यता काल एवं अवशिष्ट मूल्य का मापन।

नीचे प्रस्तुत मद संख्या 2 (iii) – वित्तीय प्रपत्रों के उचित मूल्य का मापन।

ऐसे कोई पूर्वानुमान तथा अनुमान अनिश्चितताएं नहीं हैं जिनके परिणामस्वरूप अगले वित्तीय वर्ष में सामग्रीगत समायोजन के प्रति महत्वपूर्ण जोखिम हो।

ख) महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

नीचे प्रस्तुत की गई लेखांकन नीतियों का क्रमिक उपयोग प्रस्तुत वित्तीय विवरणों की सभी अवधियों के संबंध में किया गया है।

(i) चालू बनाम गैर-चालू वर्गीकरण

सभी परिसम्पत्तियों तथा देयताओं का वर्गीकरण चालू तथा गैर-चालू के रूप में किया गया है।

परिसम्पत्तियां

किसी परिसम्पत्ति का वर्गीकरण चालू के रूप में तब किया जाता है जब निम्नलिखित मानदंडों में से किसी एक के प्रति संतुष्टि हो :

- वह नकदीकरण अथवा बिक्री के लिए नियत हो अथवा कम्पनी के सामान्य प्रचालन क्रम में खपत की जाने वाली हो;
- वह प्रारम्भ से ही व्यवसाय के लिए धारित की गई हो;
- वह रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात बारह माह के भीतर बिक्री की जानी हो, अथवा
- वे विनियम के लिए प्रतिबंधित न होने अथवा रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात किसी देयता के समाधान के लिए कम से कम बारह माह के लिए उपयोग की जा रही होने के अलावा रोकड़ अथवा रोकड़ समतुल्य हो।

चालू परिसम्पत्तियों में गैर-चालू वित्तीय परिसम्पत्तियों का चालू भाग भी शामिल है। अन्य सभी परिसम्पत्तियों का वर्गीकरण गैर-चालू परिसम्पत्ति के रूप में किया गया है।

देयताएं

किसी देयता का वर्गीकरण चालू देयता के रूप में तब किया जाता है जब नीचे उल्लिखित मापदंड में से किसी एक के प्रति संतुष्टि होती हो :

- कम्पनी के सामान्य प्रचालन क्रम में इसका निपटान संभावित हो;
- यह मुख्यतः व्यवसाय के उद्देश्य से धारित की गई हो;
- रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात 12 माह के भीतर इसका समाधान किया जाना हो, अथवा
- कम्पनी के पास इसके प्रति रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात कम से कम 12 माह की अवधि के लिए देयताओं के निपटान को स्थगित करने का किसी प्रकार का कोई अप्रतिबंधित अधिकार न हो। दूसरी पार्टी को उपलब्ध विकल्प के अनुसार देयताओं के निबंधन इक्विटी प्रपत्र को जारी करने के निपटान के तौर पर परिणत होते हों तथा जिससे यह वर्गीकरण प्रभावित न होता हो।

चालू देयताओं में गैर-चालू वित्तीय दायित्वों का चालू भाग शामिल है। अन्य सभी दायित्वों का वर्गीकरण गैर-चालू के रूप में किया गया है।

आस्थगित कर परिसम्पत्तियों तथा देयताओं का वर्गीकरण गैर-चालू परिसम्पत्ति तथा देयताओं के रूप में किया गया है।

प्रचालन काल क्रम समय संसाधन के लिए परिसम्पत्तियों के अधिग्रहण तथा उनकी नकदी अथवा नकदी समतुल्य की प्राप्ति के बीच का समय है। प्रचालनों की प्रकृति तथा उनके नकदी अथवा नकदी समतुल्य प्राप्ति के आधार पर कम्पनी द्वारा परिसम्पत्तियों एवं देयताओं को चालू अथवा गैर-

चालू वर्गीकरण प्रदान करने के उद्देश्य से अपने प्रचालन काल क्रम की अवधि बारह माह निर्धारित की गई है।

(ii) विदेशी मुद्रा संव्यवहार एवं विनिमय

कार्यात्मक एवं उपयोग की मुद्रा

प्रबंधन द्वारा उस मुद्रा को कार्यात्मक मुद्रा अर्थात भारतीय रुपए (₹) को उपयोग के लिए अपनाया गया है जिसके प्राथमिक आर्थिक परिवेश में कम्पनी द्वारा अपने कार्य किए जाते है। वित्तीय विवरण भारतीय रुपए में प्रस्तुत किए गए हैं जो कम्पनी की कार्यात्मक एवं उपयोग की मुद्रा है। यदि कहीं अन्यथा उल्लेख नहीं किया गया है तो सभी राशियों को दो दशमलव स्थल तक निकटतम लाख रुपए में राउंड ऑफ किया गया है।

संव्यवहार एवं शेष

विदेशी मुद्राओं में किए जाने वाले मौद्रिक एवं गैर-मौद्रिक संव्यवहार की प्रारंभिक स्वीकृति कार्यात्मक मुद्रा में संव्यवहार की तिथि की विनिमय दर के अनुसार रिकार्ड की जाती है।

रिपोर्टिंग तिथि को समाधान न की गई मौद्रिक विदेशी मुद्रा परिसम्पत्तियों तथा देयताओं का समाधान रिपोर्टिंग तिथि की प्रचलित विनिमय दरों के अनुसार किया जाता है। विदेशी मुद्रा संव्यवहार की स्वीकृति / समाधान से होने वाले लाभ / (हानियों) तथा विदेशी मुद्रा परिसम्पत्तियों एवं देयताओं की स्वीकृति लाभ एवं हानि विवरण में की जाती है जिसमें 31 मार्च, 2016 से पूर्व लिए गए दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा मौद्रिक ऋणों के अंतरण से उत्पन्न ऐसी लाभ / (हानियां) शामिल नहीं होती हैं जो मूल्यह्रास योग्य सम्पति, संयंत्र तथा उपकरण के अधिग्रहण के लिए उपयोग में लाई गई हैं तथा जिनका समायोजन सम्पति, संयंत्र तथा उपकरण की लागत पर किया गया है। उपर्युक्त व्यवस्था विदेशी मुद्रा ऋण का पुनर्भुगतान कर दिए जाने तक जारी रखी गई है।

विदेशी मुद्रा के मौद्रिक ऋणों के अंतरण से उत्पन्न विदेशी मुद्रा विनिमय दर लाभ / (हानि) को निवल आधार पर लाभ एवं हानि विवरण में दर्शाया गया है। तथापि, विदेशी मुद्रा ऋण से उत्पन्न मुद्रा विनिमय अंतर को उनकी वित्त लागतों के दायरे में लाभ एवं हानि विवरण में ऋण लागतों को समायोजित करते हुए दर्शाया गया है।

(iii) उचित मूल्य मापन

उचित मूल्य वह मूल्य होता है जो मापन की तिथि को बाजार भागियों के मध्य व्यवस्थित संव्यवहार द्वारा किसी परिसम्पत्ति की बिक्री से प्राप्त हो अथवा जो किसी देयता के अंतरण के लिए चुकता किया जा सकता हो। उचित मूल्य के मापन का आधार परिसम्पत्ति की बिक्री अथवा देयता के अंतरण से संबंधित संव्यवहार के पूर्वानुमान पर आधारित है जो निम्नलिखित में से किसी में भी किया जा सकता है:-

- परिसम्पत्ति अथवा देयता के लिए श्रेष्ठ बाजार में, अथवा
- परिसम्पत्ति अथवा देयता के लिए श्रेष्ठ बाजार उपलब्ध न होने की स्थिति में अत्यधिक लाभकारी बाजार में

श्रेष्ठ अथवा अत्यधिक लाभकारी बाजार कम्पनी के लिए / द्वारा गम्य होने आवश्यक हैं।

वित्तीय विवरणों में उचित मूल्य के साथ मापन अथवा प्रकटीकरण की गई सभी परिसम्पत्तियों तथा देयताओं का वर्गीकरण उनके उचित मूल्य के क्रम में उनके उचित मूल्य मापन के महत्वपूर्ण न्यूनतम स्तर इनपुट के आधार पर निम्नानुसार वर्णित किया गया है:-

- स्तर 1 — सक्रिय बाजार में समान परिसम्पत्तियों अथवा देयताओं का उद्धृत (गैर-समायोजित) मूल्य
- स्तर 2 — न्यूनतम स्तर इनपुट के लिए मूल्यांकन तकनीक जो उचित मूल्य मापन के लिए प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप में विचार योग्य है।

- स्तर 3 — न्यूनतम स्तर इनपुट के लिए मूल्यांकन तकनीक जो उचित मूल्य मापन के लिए लक्षित नहीं है।

वित्तीय विवरणों में आवृत्ति आधार पर मान्य परिसम्पत्तियों एवं देयताओं के लिए कम्पनी द्वारा यह निर्धारण किया जाता है कि क्या इनके संबंध में क्रमों के स्तरों के मध्य पुन: मूल्यांकित वर्गीकरण (पूर्ण उचित मूल्य मापन के लिए महत्वपूर्ण न्यूनतम स्तर इनपुट के आधार पर) से प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में अंतरण हुए हैं अथवा नहीं हुए हैं।

उचित मूल्य के प्रकटीकरण के उद्देश्य से कम्पनी द्वारा परिसम्पत्तियों एवं देयताओं के वर्गों का निर्धारण उनकी प्रकृति, विशिष्टता तथा परिसम्पत्ति अथवा देयता के जोखिम तथा ऊपर स्पष्ट क्रम बद्ध उचित मूल्यों के अनुसार किया गया है।

कम्पनी द्वारा निवेश जैसे (सहायक कम्पनियों में किए गए निवेश के अलावा) वित्तीय प्रपत्रों का मापन रिपोर्टिंग तिथि को उनके उचित मूल्य के अनुसार किया गया है। इसके अलावा वित्तीय प्रपत्रों के उचित मूल्यों का मापन परिशोधन लागत पर किया गया है।

(iv) वित्तीय प्रपत्र

किसी करार के ऐसे वित्तीय प्रपत्र जिनसे किसी एक इकाई की वित्तीय परिसम्पत्तियां तथा किसी अन्य इकाई की वित्तीय देयताएं अथवा इक्विटी प्रपत्र का उत्थान होता हो।

क) वित्तीय परिसम्पत्तियां

स्वीकृति तथा प्रारम्भिक मापन

प्रारंभिक स्वीकृति करते हुए वित्तीय परिसम्पत्तियों का प्रारंभिक मापन एवं स्वीकृति केवल उस स्थिति के अलावा उचित मूल्य पर होती है जिस स्थिति में कम्पनी द्वारा अवस्थांतरण की तिथि के पश्चात किए गए संव्यवहार के लिए उचित मूल्य का मापन भावी प्रभाव पर करने के लिए इंड ए एस 101 के पैरा डी20 में अंगीकरण किए जाने पर पहली बार दी जाने वाली छूट का प्रयोग किया है। लाभ अथवा हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर रिकार्ड में न ली गई वित्तीय परिसम्पत्ति के मामले में उसकी संव्यवहार लागतें वित्तीय परिसम्पत्ति के अधिग्रहण से संबद्ध की गई हैं।

वर्गीकरण एवं अनुवर्ती मापन

वर्गीकरण

कम्पनी द्वारा अपनी वित्तीय परिसम्पत्तियों का वर्गीकरण नीचे उल्लिखित अनुवर्ती मापन वर्गों में किया गया है:-

- परिशोधित मूल्य पर मापन किए गए ऋण प्रपत्र
- अन्य विस्तृत आय (एफवीटीओसीआई) के माध्यम से उचित मूल्य पर मापन किए गए ऋण प्रपत्र
- लाभ एवं हानि के माध्यम से (एफवीटीपीएल) के माध्यम से उचित मूल्य पर मापन किए गए ऋण प्रपत्र, डेरिएटिव्स तथा इक्विटी प्रपत्र,
- अन्य व्यापक आय (एफवीटीओसीआई) के माध्यम से उचित मूल्य पर मापन किए गए इक्विटी प्रपत्र

यह वर्गीकरण वित्तीय परिसम्पत्तियों तथा रोकड़ प्रवाहों के संविदागत उपबंधों के प्रबंधन के लिए कम्पनी के व्यवसाय मॉडल पर निर्भर करता है। उचित मूल्य, लाभ एवं हानि पर मापन की गई परिसम्पत्तियों को लाभ एवं हानि विवरण अथवा अन्य विस्तृत आय में रिकार्ड किया जाता है। ऋण प्रपत्रों में किए गए निवेश की स्थिति में यह उस व्यवसाय मॉडल पर निर्भर है जिसमें निवेश किया गया है। इक्विटी प्रपत्र में निवेश के लिए इसकी निर्भरता कम्पनी द्वारा अन्य विस्तृत आय के माध्यम से उचित मूल्य पर किए गए इक्विटी निवेश की प्रारंभिक स्वीकृति लेखे में करते समय अप्रतिसंहरणीय का चयन किए जाने अथवा न किए जाने पर निर्भर करती है।

प्रारंभिक स्वीकृति एवं मापन

अनुवर्ती मापन

परिशोधन लागत पर वित्तीय परिसम्पत्तियों का मापन

किसी वित्तीय परिसम्पत्ति का मापन परिशोधन लागत पर तब किया जाता है जब उसका धारण ऐसे व्यावसायिक मॉडल में किया गया हो जिसका लक्ष्य संविदागत रोकड़ प्रवाहों के संग्रहण के लिए परिसम्पत्ति का धारण करना है तथा वित्तीय परिसम्पत्ति के संविदागत उपबंधों से विशिष्ट तिथियों को ऐसे रोकड़ प्रवाह उत्पन्न होते हों जो केवल मूलधन एवं मूलधन के ब्याज की बकाया राशि के भुगतान के लिए हों।

यह श्रेणी कम्पनी के लिए सर्वाधिक श्रेयस्कर है। प्रारंभिक मापन के पश्चात ऐसी वित्तीय परिसम्पत्तियों का अनुवर्ती मापन प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) विधि के उपयोग से परिशोधन लागत पर किया जाता है। प्रभावी ब्याज दर परिशोधन को लाभ एवं हानि विवरण की वित्तीय आय में शामिल किया जाता है। अक्षमता क्षति के कारण उत्पन्न हानियों (यदि कोई हों) की स्वीकृति लाभ एवं हानि विवरण में की जाती है। यह श्रेणी सामान्यत: कर्मचारियों को दिए गए ऋणों, व्यवसाय प्राप्यों, सुरक्षा जमा राशियों तथा अन्य प्राप्यों के लिए लागू होती है।

अन्य विस्तृत आय के माध्यम से उचित मूल्य पर मापन की गई वित्तीय परिसम्पत्तियां (एफवीटी-ओसीआई)

किसी वित्तीय परिसम्पत्ति का मापन एफवीटीओसीआई के अनुसार तब किया जाता है जब उसका धारण ऐसे व्यवसाय मॉडल में किया गया हो जिसमें उसके संविदागत रोकड़ प्रवाह तथा वित्तीय परिसम्पत्तियों की बिक्री के दोनों लक्ष्य प्राप्त किए जा चुके हों तथा उसके संविदागत उपबंधों से विशिष्ट तिथियों को ऐसे रोकड़ प्रवाह उत्पन्न होते हों जो केवल मूलधन एवं मूलधन के ब्याज की बकाया राशि के भुगतान के लिए हों।

लाभ अथवा हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर मापन की गई वित्तीय परिसम्पत्तियां (एफवीटी-पीएल)

उपर्युक्त में से किसी भी वर्ग में शामिल न की गई परिसम्पत्ति का मापन एफवीटीपीएल के अनुसार किया जाता है।

ख) वित्तीय परिसम्पत्तियों की अक्षमता क्षति (उचित मूल्य के अलावा)

कम्पनी द्वारा लाभ अथवा हानि के माध्यम से उचित मूल्यन न की गई वित्तीय परिसम्पत्तियों के लिए संभावित क्रेडिट हानि (ईसीएल) मॉडल के उपयोग से हानि भत्ते की स्वीकृति की जाती है। किसी गैर महत्वपूर्ण वित्तीय घटक वाले व्यवसाय प्राप्यों के हानि भत्ते का मापन संभावित क्रेडिट हानि के उपयोज्यता काल की समतुल्य राशि पर किया जाता है। अन्य सभी वित्तीय परिसम्पत्तियों के लिए संभावित क्रेडिट हानियों का मापन 12 माह के संभावित क्रेडिट हानि की समतुल्य राशि पर किया गया है तथा प्रारंभिक स्वीकृति में से क्रेडिट जोखिम में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी होने की स्थिति के मामलों में वित्तीय परिसम्पत्तियों का मापन उनकी उपयोज्यता काल की संभावित क्रेडिट हानि के लिए होता है। संभावित क्रेडिट हानि मॉडल के उपयोग से हानि भत्ते में किसी प्रकार के बदलाव (वृद्धिशील अथवा विपर्यय) की स्वीकृति लाभ एवं हानि विवरण में क्षति लाभ अथवा हानि के रूप में की जाती है।

ग) बट्टा

वित्तीय विवरण में ऐसी सकल वहन राशि को बट्टा (आंशिक अथवा पूर्ण) मान लिया जाता है जिसकी प्राप्ति की कोई उचित संभावना नहीं होती है।

घ) वित्तीय देयताएं

प्रारम्भिक स्वीकृति एवं मापन

वित्तीय देयताओं की प्रारम्भिक स्वीकृति का वर्गीकरण निम्नानुसार किया जा सकता है:-

- लाभ अथवा हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएं,

- परिशोधन लागत पर मापन की गई वित्तीय देयताएं,
- ऋण एवं उधार तथा देय,

सभी वित्तीय देयताओं की प्रारंभिक स्वीकृति उनके उचित मूल्य पर तथा ऋण एवं उधार तथा देय के मामले में संव्यवहार लागतों से प्रत्यक्ष संबंद्ध मूल्य पर की जाती है।

कम्पनी की सभी वित्तीय देयताओं में सुरक्षा जमा, व्यवसाय एवं अन्य देय शामिल हैं।

अनुवर्ती मापन

परिशोधन लागत पर मापन (जो कम्पनी की एकमात्र सम्बद्ध श्रेणी है) की गई वित्तीय देयताओं का अनुवर्ती मापन प्रभावी ब्याज दर के उपयोग से परिशोधन लागत पर किया जाता है। ब्याज व्यय एवं विदेशी मुद्रा विनिमय लाभ तथा हानियों की स्वीकृति लाभ एवं हानि विवरण की जाती है।

ङ) वित्तीय प्रपत्रों की स्वीकृति समाप्त करना

कम्पनी द्वारा ऐसी वित्तीय परिसम्पत्ति की स्वीकृति समाप्त की जाती है जिस वित्तीय परिसम्पत्ति के रोकड़ प्रवाह के संविदागत अधिकारों की अवधि समाप्त हो गई होती है अथवा जिन वित्तीय परिसम्पत्तियों का अंतरण किया जाता है तथा ऐसा अंतरण इंड एएस 109 के अंतर्गत स्वीकृति समाप्ति के लिए योग्य होता है।

कम्पनी के तुलन पत्र में से किसी वित्तीय देयता (अथवा किसी वित्तीय देयता का कोई भाग) की स्वीकृति तब समाप्त की जाती है जब उसकी संविदा में निर्धारित दायित्वों का निर्वाह हो जाता है अथवा रद्द हो जाते हैं अथवा समाप्त हो जाते हैं।

च) वित्तीय प्रपत्रों की समंजन

वित्तीय परिसम्पत्तियों एवं वित्तीय देयताओं का समंजन तथा तुलन पत्र में निवल राशियों की स्वीकृति तब की जाती है जब स्वीकृत राशियों के समंजन के प्रति कोई प्रवर्तन योग्य चालू विधिक अधिकार न हो तथा ऐसा परिसम्पत्तियां निवल आधार पर धर्नाजन करके दायित्वों को चुकाने के लिए निपटाए जाने की मंशा से हो।

छ) रोकड़ अथवा रोकड़ समतुल्य

तुलन पत्र में दर्शाए गए रोकड़ तथा रोकड़ समतुल्य में बैंकों में जमा एवं उपलब्ध चैक तथा तीन माह अथवा कम अवधि की सामान्य परिपक्वता के साथ अल्प-कालिक जमा, जो मूल्य में परिवर्तन के अल्प जोखिम की शर्त पर है, शामिल हैं।

ज) सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण

स्वीकृति एवं मापन

सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण का मापन उनकी लागत में से संचित मूल्यह्रास एवं संचित अपसामान्य क्षतियों को लागत, यदि कोई हों, को घटाकर किया गया है। लागत में वे व्यय शामिल हैं जो प्रबंधन के अभिप्रेत उद्देश्य से प्रचालन योग्य बनाने के लिए सम्पति को स्थल तथा आवश्यक स्थिति में लाए जाने के लिए प्रत्यक्ष जुड़े हुए हैं। कम्पनी द्वारा सम्पति, संयंत्र तथा प्रपत्र का मूल्यह्रास उनके अनुमानित उपयोज्य काल के लिए सीधी लाइन विधि के उपयोग से किया जाता है। किसी सम्पति, संयंत्र तथा प्रपत्र की मूल लागत की 5% राशि को अवशिष्ट मूल्य माना जाता है।

वर्ष 2015-16 के दौरान कम्पनी की एक तकनीकी समिति द्वारा गहन तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात हेलीकॉप्टर बेड़े के अनुमानित उपयोज्य काल का पुन: मूल्यांकन किया गया था। वर्ष 2022-23 के दौरान कम्पनी ने डॉफिन एसए365एन के अनुमानित उपयोज्यता काल का पुनर्मूल्यांकन किया है तथा इसके संबंध में मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) के साथ विचार विमर्श एवं विस्तृत चर्चा के पश्चात हेलीकॉप्टर का अनुमानित उपयोज्यता काल 35 वर्ष के स्थान पर 40 वर्ष कर दिया गया है। इसके अलावा, पट्टे पर प्राप्त सिकोरस्की एस76डी हेलीकॉप्टर का अनुमानित उपयोज्यता काल उपयोग अधिकार परिसम्पति के अंतर्गत प्राप्ति की तिथि से 7 वर्ष माना गया है। इस प्रकार इन परिसम्पत्तियों का उपयोज्य

काल कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के भाग ग में निर्धारित उपयोज्य कालों से भिन्न है। भिन्न प्रकार के हेलीकॉप्टर बेड़े लिए निर्धारित किए उपयोज्य काल का विवरण नीचे दिया गया है:-

हेलीकॉप्टर का प्रकार	**अनुमानित उपयोज्य काल वर्षों में**	**अनुमानित उपयोज्य काल उड़ान घंटों में**
डॉफिन एसए 365 एन	40 वर्ष	1,00,000 उड़ान घंटे
डॉफिन एसए 365 एन3	35 वर्ष	1,00,000 उड़ान घंटे
इक्यूरेयूइल ए एस350 बी3	35 वर्ष	1,00,000 उड़ान घंटे
बेल्ल 206 एल4	35 वर्ष	35,000 उड़ान घंटे
बेल्ल 407	35 वर्ष	35,000 उड़ान घंटे
एमआई-172	30 वर्ष	18,000 उड़ान घंटे
सिकोरस्की एस76डी (पट्टाकृत)	7 वर्ष	

कम्पनी द्वारा सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण का घटक लेखांकन इंड एएस-16 के अनुसरण में उनकी स्वीकृति एवं किसी सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के किसी महत्वपूर्ण घटक, जिसकी लागत की सम्बद्धता मद की कुल लागत पर विशिष्ट हो तथा जिसका उपयोज्य काल भिन्न हो, का अलग से मूल्यह्रास करते हुए किया गया है। कम्पनी द्वारा ऐसे घटक को विचार में लिया गया है जिनकी लागत हेलीकॉप्टर के महत्वपूर्ण घटक की कुल लागत का 8% अथवा अधिक है, तथापि, सन्निहित अनुरक्षण के रूप में प्रस्तुत हेलीकॉप्टर के प्रमुख ओवरहॉल की लागत की स्वीकृति अलग से की गई है तथा अन्य परिसम्पत्तियों के मामले में किसी महत्वपूर्ण घटक की स्वीकार्यता घटक लेखांकन के उद्देश्य से नहीं की गई है।

हेलीकॉप्टर के संदर्भ में भिन्न उपयोज्य काल वाले स्वीकृत महत्वपूर्ण घटकों का विवरण नीचे दिया गया है:-

बेड़ा प्रकार	**स्वीकृत घटक**	**घटक का उपयोज्य काल**
डॉफिन एन	इंजन	3000 घंटे / 5 वर्ष **
	एम.जी.बी.	3000 घंटे / 5 वर्ष **
	हेलीकॉप्टर की ओवरहॉल लागत	5400 घंटे / 9 वर्ष **
डॉफिन एन3	इंजन	3500 घंटे / 6 वर्ष **
	एम.जी.बी.	3000 घंटे / 5 वर्ष **
	हेलीकॉप्टर की ओवरहॉल लागत	5400 घंटे / 9 वर्ष **
इक्यूरेयूइल ए एस 350 बी3	इंजन	3500 घंटे / 6 वर्ष **
	एम.जी.बी.	3000 घंटे / 5 वर्ष **
	हेलीकॉप्टर की ओवरहॉल लागत	प्रमुख जांच- 12 वर्ष **
बेल्ल 407	इंजन	2000 घंटे / 3 वर्ष **
	ट्रांसमिशन एसेंबली	5000 घंटे / 8 वर्ष **
	हब एसेंबली	2500 घंटे / 4 वर्ष **
	हेलीकॉप्टर की ओवरहॉल लागत	कोई प्रमुख ओवरहॉल नहीं
एमआई-172	इंजन	1500 घंटे / 5 वर्ष **
	हेलीकॉप्टर की ओवरहॉल लागत	4500 घंटे / 15 वर्ष **

** एन, एन3, बी3 एवं बेल्ल 407 के संदर्भ में वर्ष का निर्धारण 600 घंटों की उड़ान तथा एमआई-172 के लिए 300 घंटों की उड़ान के आधार पर किया गया है।

किसी परिसम्पत्ति के प्रमुख पुर्जे को बदलने अथवा पुन: निर्मित किए जाने की स्थिति में पुराने पुर्जे की वहन राशि की स्वीकृति समाप्त कर दी जाती है तथा नए पुर्जे को परिसम्पत्ति में जोड़ लिया जाता है। जब किसी स्वीकृति समाप्त किए गए / बदले गए घटक का वहन मूल्य ज्ञात नहीं होता है तो चालू लागत के अनुसार उचित अनुमान निर्धारित किए जाते हैं।

अनुवर्ती लागतें

अनुवर्ती लागतों का पूंजीयन तभी किया जाता है जब विशिष्ट परिसम्पत्ति से संबद्ध इसके भावी आर्थिक लाभों में वृद्धि हो। अन्य मूर्त परिसम्पत्तियों की सभी अन्य मरम्मत एवं अनुरक्षण व्ययों की स्वीकृति लाभ एवं हानि विवरण में इनके उत्पन्न होने के समय की जाती है।

मूल्यह्रास

एयरफ्रेम तथा एयरो-इंजन प्रपत्र-रोटेबल का मूल्यह्रास एवं मध्य उपयोज्यता काल उन्नयन कार्यक्रम (टाइप प्रमाणन लागतों के साथ) / हेलीकॉप्टरों के प्रमुख पुनःसंयोजन का लागत आकलन सीधी रेखा आधार पर इस स्वरूप में किया गया है कि उनकी प्रमुख परिसम्पत्ति (हेलीकॉप्टरों के प्रकार) का शेष उपयोज्यता काल की 95% राशियों का बट्टा वह हो जिनसे वे सम्बद्ध हैं। इस उद्देश्य से हेलीकॉप्टरों के अंतिम बैच (डाफिन एन के मामले में चूंकि इसका बेड़ा आकार में बड़ा है) अथवा नवीनतम हेलीकॉप्टर (अन्य किसी बेड़े के मामले में) को विचार में लिया गया है।

पट्टे की भूमि की लागत का परिशोधन पट्टे की अवधि के अनुसार किया गया है। इसी प्रकार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ संयुक्त विकास कार्यक्रम के अंतर्गत निर्मित आवासीय फ्लैटों की लागत का परिशोधन उनके करार से संबंधित शर्तों के अनुसार सम्पति के धारण अधिकार की अवधि पर किया गया है।

हेलीकॉप्टरों / अतिरिक्त एयरो इंजनों के संवर्धन अथवा विलोपन से संबंधित मूल्यह्रास आनुपातिक आधार पर अधिग्रहण की तिथि / निपटान से / तक दिनों (हेलीकॉप्टरों के लिए भारत के क्षेत्र में उड़नयोग्यता अधिकारी द्वारा उड़नयोग्यता प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर किए जाने की तिथि) की संख्या के अनुसार किया जाता है। अन्य प्रत्येक सम्पति, संयंत्र तथा प्रपत्र से संबंधित मूल्यह्रास दिनों की संख्या के अनुसार आनुपातिक आधार पर किया जाता है। परिसम्पत्ति का क्रय किए जाने वाले माह के अगले माह के पहले दिन को ऐसी अन्य परिसम्पत्तियों के संवर्धन की प्रभावी तिथि माना जाता है। इसी प्रकार विलोपन के मामले में पूर्व माह के अंतिम दिन को ऐसी परिसम्पत्ति से संबंधित मूल्यह्रास के लिए विचार में लिया जाता है। सक्रिय उपयोग के पश्चात सामग्रीगत मूल्य वाली हटाई गई तथा निपटान के लिए धारित परिसम्पत्तियों की प्रस्तुति उनके न्यूनतम निवल बही मूल्य अथवा निवल प्राप्य मूल्य (जहां भी उपलब्ध हो) के अनुसार की जाती है तथा लेखे में अलग से उनका प्रकटीकरण किया जाता है। ऐसी परिसम्पत्तियों (वित्तीय वर्ष 1995-96 से वैस्टलैंड हेलीकॉप्टरों तथा संबंधित मदों सहित) के लिए मूल्यह्रास प्रदान नहीं किया जाता है। परिसम्पत्तियों को हटाए जाने अथवा निपटान किए जाने से उत्पन्न लाभ अथवा हानियां लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित की जाती हैं।

मोबाइल हैंडसेट का अनुमानित उपयोज्यता काल तीन वर्ष माना गया है। मूल्यह्रास विधियों, उपयोज्यता काल तथा शेष मूल्य की समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में किए जाने के साथ साथ आवधिक रूप में भी की जाती है।

पूंजीगत कार्य प्रगति पर

रिपोर्टिंग तिथि को उस सम्पति, संयंत्र तथा उपकरण का प्रकटीकरण पूंजी कार्य प्रगति पर होने के रूप में किया जाता है जो प्रयोग के लिए तैयार नहीं हैं।

(vii) अमूर्त परिसम्पत्तियां

स्वीकृति एवं मापन

अलग अलग अधिगृहित अमूर्त परिसम्पत्तियों का

मापन उनकी प्रारंभिक स्वीकृत लागत तथा उसकी अनुवर्ती वहन लागत में से संचित परिशोधन एवं संचित क्षति हानि घटाकर, यदि कोई हो, किया जाता है।

किसी अमूर्त परिसम्पत्ति की स्वीकृति की समाप्ति उसके निपटान अथवा उसके उपयोग अथवा निपटान से किसी प्रकार के भावी आर्थिक लाभ संभावित न होने की स्थिति में की जाती है। स्वीकृति समाप्ति से उत्पन्न लाभ अथवा हानियों का निर्धारण उनसे हुए मुनाफे की तुलना वहन राशि से करके उन्हें लाभ एवं हानि विवरण में शामिल किया जाता है।

अनुवर्ती लागतें

किसी विशिष्ट परिसम्पत्ति की सन्निहित लागत में सम्बद्ध भावी आर्थिक लाभ बढ़ने पर अनुवर्ती लागतों का पूंजीयन किया जाता है । अन्य अमूर्त परिसम्पत्तियों के अन्य सभी व्ययों की स्वीकृति किए गए व्यय के अनुसार लाभ एवं हानि विवरण में की जाती है।

परिशोधन

कम्पनी द्वारा अमूर्त परिसम्पत्तियों का परिशोधन अमूर्त परिसम्पत्तियों के उपयोज्य काल पर सीधी रेखा विधि के उपयोग से परिमत उपयोज्य काल के साथ किया जाता है। अमूर्त परिसम्पत्तियों के परिशोधन व्यय की स्वीकृति लाभ एवं हानि विवरण में की जाती है। प्रबंधन द्वारा अनुमानित उपयोज्य जीवन की वार्षिक समीक्षा की जाती है तथा उनका समायोजन पूर्व प्रभाव से किया जाता है।

क्रय किए गए/आंतरिक रूप से विकसित किए गए 5 लाख रुपए प्रत्येक से अधिक मूल्य के साफ्टवेयर की लागत का परिशोधन सीधी रेखा आधार पर साफ्टवेयर की सफल कमीशनिंग की तिथि से, प्रत्येक वर्ष के अंत में उनकी समीक्षा किए जाने की शर्त के साथ, 60 माह की अवधि में किया जाता है। 5 लाख रुपए प्रत्येक लागत वाले साफ्टवेयर के लिए क्रय के वर्ष में उसे राजस्व में प्रभारित किया जाता है।

बिक्री के लिए धारित गैर-चालू परिसम्पत्तियां

गैर-चालू परिसम्पत्तियों तथा निपटान समूहों का वर्गीकरण बिक्री के लिए धारित मदों के लिए तब किया जाता है जब उनकी वहन राशि की वसूली मूलत: उनके निरंतर उपयोग के स्थान पर बिक्री संव्यवहार से की जानी हो। इस स्थिति को पूर्ण तब माना जाता है जब परिसम्पत्ति (अथवा निपटान समूह) अपनी वर्तमान स्थिति में तत्काल बिक्री के लिए केवल व्यावहारिक एवं सामान्य शर्त के साथ उपलब्ध हो तथा ऐसी परिसम्पत्ति (अथवा निपटान समूह) की बिक्री की संभावना उच्चतर हो। प्रबंधन ऐसी बिक्री के प्रति प्रतिबद्ध होता है जिसकी पूर्ण बिक्री उसके वर्गीकरण की तिथि से एक वर्ष के भीतर स्वीकृति के लिए संभावित समझी गई हो।

बिक्री के लिए धारित के तौर पर वर्गीकृत की गई गैर-चालू परिसम्पत्तियों (तथा निपटान समूहों) का मापन उनकी वहन राशि से कम तथा उचित मूल्य में से बिक्री की लागत कम करते हुए किया जाता है।

(viii) मालसूचियां

मालसूचियों (नीचे अलग से उल्लिखित मदों के अलावा) का मूल्य निर्धारण, उनके अप्रयोग एवं अन्य हानियों के प्रावधान करते हुए, जहां आवश्यक समझे जाएं, उनकी न्यूनतम लागत (गतिमान भारित औसत आधार पर) तथा निवल प्राप्य मूल्य के अनुसार किया जाता है। लागतों में माल को उसके वर्तमान स्थल तथा स्थिति पर लाने के लिए व्यय किए गए सभी प्रभार शामिल होते हैं। वर्ष के अंत में शॉप फ्लोर में रखे गए कलपूर्जो तथा भंडार की मदों को भी मालसूची के अंतशेष के भाग के रूप में विचार में लिया जाता है।

लूज औजारों / परीक्षण औजारों का परिशोधन समान रूप से 3 वित्तीय वर्षों की अवधि में किया जाता है जिसमें इनके क्रय का वर्ष शामिल होता है तथा इनका उल्लेख उसी के अनुसार किया जाता है। इन शीर्षों के अतंर्गत रद्द की गई मदों का बट्टा एफआईएफओ आधार पर किया जाता है।

भंडार एवं अतिरिक्त पूर्जों की वे मदें, जिनका प्राप्ति मूल्य 1000/- रुपए से कम है, अथवा तेल, ग्रीस एवं स्नेहकों की सभी उपभोज्य मदों के व्यय उनके क्रय वर्ष में दर्शाए जाते हैं।

लेखे में भंडार, अतिरिक्त पूर्जों तथा उपभोज्य मदों (स्थल सहायता एवं परीक्षण प्रपत्रों तथा अनुरक्षण औजारों के अलावा) की गैर गतिमान मदों, जो पिछले संव्यवहार की तिथि से तीन निरंतर वर्षों में वास्तविक उपयोग के लिए जारी नहीं की गई हैं, के संबंध में गतिमान भारित औसत आधार पर प्रावधान किए गए हैं।

(ix) अक्षमता क्षति

क) वित्तीय परिसम्पत्तियां

इंड ए एस 109 के अनुसरण में कम्पनी द्वारा अक्षमता क्षति हानियों के मापन एवं स्वीकृति के उद्देश्य से निम्नलिखित वित्तीय परिसम्पत्तियों एवं क्रेडिट जोखिम विवरण के लिए संभावित क्रेडिट हानि (ईसीएल) मॉडल का उपयोग किया गया है:-

i. वित्तीय परिसम्पत्तियां, जो ऋण प्रपत्र हैं तथा जिनका मापन परिशोधन लागत अर्थात ऋण, जमा इत्यादि पर किया गया है।

ii. व्यवसाय प्राप्य – कम्पनी द्वारा व्यवसाय प्राप्यों का मापन, यदि संव्यवहार में महत्वपूर्ण वित्तीय घटक शामिल नहीं है, उनके संव्यवहार मूल्य पर तथा किया जाता है तथा अक्षमता क्षति हानि भत्ते की स्वीकृति के उद्देश्य से कम्पनी द्वारा व्यवसाय प्राप्य के लिए इंड ए एस -109 वित्तीय प्रपत्र में दी गई सरलीकृत विधि का उपयोग किया जाता है। सरलीकृत विधि के उपयोग से कम्पनी को क्रेडिट जोखिम में होने वाले ट्रैक परिवर्तनों का अनुगमन नहीं करना होता है। इसकी अपेक्षा इसमें अक्षमता क्षति हानि भत्ते की स्वीकृति उनके उपयोज्यता काल की प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को संभावित क्रेडिट पर की गई प्रारंभिक स्वीकृति पर आधारित है।

कम्पनी द्वारा संभावित क्रेडिट हानियों का मापन केवल उन मामलों में किया गया है जिनके लिए रिपोर्टिंग तिथि के लिए औचित्यपरक एवं समर्थनकारी सूचना किसी अदेय लागत अथवा पूर्व कार्यों, चालू स्थितियों एवं भावी आर्थिक स्थिति के पूर्वानुमान के प्रयासों के बिना उपलब्ध होती है।

किसी औचित्यपरक सूचना प्राप्त न होने की स्थिति में कम्पनी द्वारा सामान्यत: केन्द्रीय सरकार/ राज्य सरकार /संघ शासित प्रदेश से सात वर्षों से अधिक अवधि के प्राप्य बकाया को संदेहास्पद मानकर प्रभारित किया जाता है। केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/ संघ शासित प्रदेशों के अलावा अन्य पार्टियों से तीन वर्ष से अधिक अवधि के प्राप्य बकाया को संदेहास्पद माना जाता है तथा इस अवधि से पूर्व उनके संदेहास्पद न होने का विशिष्ट संज्ञान होने की स्थिति के अलावा स्थिति में उसे प्रभारित किया जाता है।

iii. व्यवसाय देय – बाह्य पार्टियों के दावा न किए गए क्रेडिट शेष तथा तीन वर्षों से अधिक बकाया को लेखे में लेकर आय मान लिया जाता है।

iv. सरकार / सरकारी विभागों/ सरकारी कम्पनियों से कालातीत देयताओं को सामान्यत: ऐसी वित्तीय परिसम्पत्ति के ऋण जोखिम में वृद्धि के रूप में विचार में नहीं लिया जाता है।

v. विधिक प्रक्रिया में विवादित देयताओं के संबंध में कम्पनी के प्रति प्रतिकूल निर्णय होने के विचार से प्रावधान किए जाते हैं भले ही इसके प्रति उच्च प्राधिकरणों / न्यायालयों में अपील की गई हो।

vi. लम्बे समय से बकाया देयताओं की समीक्षा की जाती है तथा मामलावार आधार पर प्रावधान किए जाते हैं।

vii. लाभ एवं हानि विवरण में क्षति हानि भत्ते (अथवा विपर्यय) की स्वीकृति व्यय / आय के रूप में की जाती है।

ख) गैर-वित्तीय परिसम्पत्तियां

सम्पति, संयंत्र तथा प्रपत्र एवं नियत उपयोज्य काल वाली अमूर्त परिसम्पत्तियों के संबंध में उनकी वहन

राशि की वसूली न हो पाने का कोई लक्षण होने की स्थिति में उनका मूल्य निर्धारण उनकी वसूली योग्यता के अनुसार किया जाता है। लाभ एवं हानि विवरण में उस राशि के लिए क्षति हानि की स्वीकृति की जाती है जिस राशि से परिसम्पत्ति का वहन मूल्य उसकी वसूली योग्य राशि से अधिक होता है। किसी परिसम्पत्ति से यदि ऐसे रोकड़ प्रवाह उत्पन्न नही होते हैं, मुख्यत: जो अन्य परिसम्पत्तियों से अलग हो, तो उसकी वसूली योग्य राशि (उचित मूल्य का उच्चतर घटा बिक्री लागत एवं उपयोग मूल्य) का निर्धारण किसी एकल परिसम्पत्ति के आधार पर किया जाता है। ऐसे मामलों में वसूली योग्य राशि का निर्धारण उसकी उस रोकड़ उत्पत्ति यूनिट (सीजीयू) के लिए होता है जिससे ऐसी परिसम्पत्ति सम्बद्ध होती है।

(x) कर्मचारी हितलाभ

क) अल्पकालिक कर्मचारी हितलाभ

रिपोर्टिंग अवधि के अंत में उस बारह माह की अवधि, जिस अवधि में कर्मचारियों द्वारा संबद्ध सेवाएं प्रदान की गई हैं, के दौरान देय वेतन, मजदूरी, बोनस इत्यादि के सभी कर्मचारी हितलाभों की देयताओं की स्वीकृति रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक की गई है तथा उनका मापन गैर छूट प्राप्त राशि पर देयताओं के निपटान के भुगतान की संभाव्यता के साथ किया गया है।

ख) सेवानिवृत्ति उपरांत हितलाभ योजनाएं

कर्मचारी हितलाभों में भविष्य निधि अंशदान, पेंशन, सेवानिवृत्ति पश्च चिकित्सा हितलाभ, उपदान निधि, प्रतिपूरक अनुपस्थिति तथा सेवानिवृत्ति के समय दिया जाने वाला सामान भत्ता इत्यादि शामिल है।

परिभाषित अंशदायी योजनाएं

पात्र कर्मचारियों के लिए परिभाषित अंशदायी सेवानिवृत्ति हितलाभ योजना के भुगतान देय होने पर व्यय में प्रभारित किए जाते हैं। ऐसे हितलाभ परिभाषित अंशदायी योजनाओं के रूप में वर्गीकृत किए गए हैं क्योंकि अंशदान दिए जाने के अलावा कम्पनी के अन्य कोई दायित्व नहीं होते हैं।

भविष्य निधि

कम्पनी द्वारा भविष्य निधि में अंशदान के तात्पर्य से योग्य कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति हितलाभ योजना के अंतर्गत परिभाषित अंशदान दिया जाता है। योजना के अंतर्गत कम्पनी से हितलाभों में निधियन के लिए मूल वेतन के विशिष्ट प्रतिशत का अंशदान किया जाना अपेक्षित किया गया है। यह अंशदान विधि द्वारा निर्दिष्ट है तथा इसका भुगतान कम्पनी द्वारा स्थापित भविष्य निधि ट्रस्ट को किया जाता है। कम्पनी से मासिक अंशदान किया जाना अपेक्षित किया गया है तथा निधि परिसम्पत्ति में किसी प्रकार की न्यूनता भारत सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट न्यूनतम दरों पर आधारित होती है। ऐसे अंशदान एवं न्यूनताओं, यदि कोई हों, को भुगतान के वर्ष में प्रभारित किया जाता है।

पेंशन निधि

कम्पनी की पेंशन योजना परिभाषित अंशदान योजना है जिसमें कम्पनी की देयताएं प्रत्येक माह में किए गए अंशदान पर उस वेतन के 11% के समतुल्य हैं जिस पर भविष्य निधि अंशदान किया गया है। कम्पनी द्वारा नागर विमानन मंत्रालय से अनुमोदन के पश्चात भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ पेंशन योजना को अंतिम रूप दिया गया है।

परिभाषित हितलाभ योजनाएं

कम्पनी द्वारा नीचे प्रस्तुत प्रमुख परिभाषित हितलाभ योजनाएं प्रदान की गई हैं:-

उपदान

कम्पनी में परिभाषित हितलाभ उपदान योजना लागू की गई है। पांच वर्ष अथवा अधिक काल की अनवरत सेवाएं प्रदान करने वाला प्रत्येक कर्मचारी अपनी सेवानिवृत्ति, त्याग-पत्र, सेवा मुक्ति, अक्षमता अथवा मृत्यु होने पर 20.00 लाख रुपए की अधिकतम सीमा तक उपदान का पात्र होता है। उपदान योजना के लिए निधियन कम्पनी द्वारा किया जाता है तथा इसका प्रबंधन अलग ट्रस्ट द्वारा किया जाता है।

सेवानिवृत्ति उपरांत चिकित्सा हितलाभ योजना (पीआरएमबीएस)

कम्पनी में सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा हितलाभ योजना लागू है जिसके अंतर्गत सेवानिवृत्त कर्मचारी तथा उसकी पत्नी/ उसके पति को कम्पनी द्वारा निर्धारित अधिकतम सीमा की शर्त के साथ पैनलबद्ध अस्पतालों के माध्यम से चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

सेवानिवृत्ति के समय सामान भत्ता

सामान भत्ते के अंतर्गत सेवानिवृत्ति के पश्चात भारत में किसी भी ऐसे स्थान के लिए, जहां कर्मचारी अपनी सेवानिवृत्ति के पश्चात अपना निवास स्थापित करना चाहता है, कर्मचारी/ परिवार के सदस्यों की यात्रा तथा सामान की शिफ्टिंग के लिए पुनर्भुगतान करने की व्यवस्था की गई है।

कम्पनी की परिभाषित हितलाभ योजनाओं के संबंध में देयताओं अथवा परिसम्पत्तियों की स्वीकृति तुलन पत्र में परिभाषित हितलाभ दायित्व के विद्यमान मूल्य पर रिपोर्टिंग अवधि के अंत में योजना परिसम्पत्तियों में से उचित मूल्य घटाकर की जाती है। परिभाषित हितलाभ दायित्व का आकलन वार्षिक तौर पर बीमांकक द्वारा अनुमानित यूनिट क्रेडिट विधि के उपयोग से किया जाता है।

उक्त दायित्व के विद्यमान मूल्य का निर्धारण सरकारी बांडों, जो संबद्ध दायित्व के काल की लगभग समान अवधि के अवधि के होते हैं, के बाजार प्रतिफल के उपयोग से अनुमानित भावी रोकड़ बर्हिप्रवाह में न्यूनता करके किया जाता है।

ब्याज आय / (व्यय) का आकलन सकल परिभाषित देयता अथवा परिसम्पत्ति पर छूट दर के उपयोग से किया जाता है। निवल परिभाषित हितलाभ दायित्व अथवा परिसम्पत्ति पर निवल ब्याज आय / (व्यय) की स्वीकृति लाभ एवं हानि विवरण में की जाती है।

अनुभव समायोजनों से उत्पन्न पुन:मापन लाभों तथा हानियों एवं बीमांकिक अनुमानों की स्वीकृति उनके उत्पन्न होने के वर्ष में सीधे अन्य विस्तृत आय में की जाती है। इन्हें इक्विटी परिवर्तन विवरण एवं तुलन पत्र में धारित आय में शामिल किया जाता है।

योजना संशोधनों अथवा संक्षेपन से उत्पन्न परिभाषित हितलाभ दायित्व के वर्तमान मूल्य के परिवर्तन पूर्व सेवा लागत पर लाभ एवं हानि विवरण में तत्काल स्वीकृत किए जाते हैं।

छुट्टी (अर्जित छुट्टी/अर्ध वेतन छुट्टी)

कम्पनी द्वारा अपने कर्मचारियों को अर्जित छुट्टी हितलाभ (प्रतिपूरक अनुपस्थिति सहित) तथा अर्ध वेतन छुट्टी लाभ प्रदान किए जाते हैं जिनकी उत्पत्ति वर्ष में क्रमश: 30 दिन एवं 20 दिन की होती है। सेवा के दौरान 75% अर्जित छुट्टियों का नकदीकरण किया जा सकता है। अर्ध-वेतन छुट्टी का नकदीकरण केवल 50 वर्ष की आयु के पश्चात कम्पनी से कार्यमुक्त होते समय अधिकतम 480 दिनों के लिए किया जा सकता है तथा अर्ध वेतन छुट्टी के विनिमय की अनुमति नहीं है। लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार अर्जित छुट्टी तथा अर्ध-वेतन छुट्टी का एक साथ नकदीकरण अधिकतम 300 दिनों के लिए किया जा सकता है। इसके दायित्व की स्वीकृति बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर की जाती है।

(xi) प्रावधान

प्रावधानों की स्वीकृति तब की जाती है जब कम्पनी के समक्ष किसी पूर्व घटना के परिणामस्वरूप (विधिक अथवा तर्कसाध्य) विद्यमान दायित्व हो तथा जिसमें आर्थिक लाभों के बर्हिप्रवाह की अपेक्षा ऐसे दायित्व के निपटान के लिए किए जाने की संभावना की गई हो तथा जिसकी राशि के विश्वसनीय अनुमान लगाए जा सकते हों। 5000/- रुपए से कम मूल्य के संव्यवहार के संबंध में व्यय /दायित्वों के प्रावधान लेखे में नहीं किए जाते हैं।

तुलन पत्र की तिथि को प्रत्येक ज्ञात दायित्वों के लिए लेखे में प्रावधान किए गए हैं। ऐसे दायित्वों को लेखे में नहीं लिया गया है जिन दायित्वों की जानकारी नहीं है अथवा जिन दायित्वों की राशि का निर्धारण औचित्यपरक सटीकता के साथ नहीं किया

जा सकता है। इसके अलावा, माल तथा मरम्मत / ओवरहॉल प्रभारों के दायित्व आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रत्येक वर्ष 31 मार्च तक किए गए ऐसे माल के प्रेषण के संबंध में किए गए हैं जिनकी डिलीवरी कम्पनी को वर्ष के अंत तक प्राप्त नहीं हुई है तथा इन्हें निर्माता से प्राप्त सूचना / इंजीनियरिंग अनुमानों के आधार पर लेखे में प्रभारित किए गए हैं।

किसी दुर्भर अनुबंध के प्रति प्रावधान की स्वीकृति तब की जाती है जब कम्पनी को किसी अनुबंध से प्राप्त होने वाले लाभ अनुबंध के अंतर्गत निर्वाह किए जाने वाले दायित्वों की अपहिरार्य लागतों से कम हों। प्रावधान का मापन अनुबंध को समाप्त किए जाने की न्यूनतर प्रत्याशित लागत तथा अनुबंध को जारी रखे जाने की प्रत्याशित शुद्ध लागत के अनुसार किया जाता है। किसी प्रावधान को स्थापित करने से पूर्व कम्पनी द्वारा अनुबंध से सम्बद्ध क्षति हानि के प्रति स्वीकृति प्रदान की जाती है।

किसी प्रावधान से संबंधित किसी पुनर्भुगतान के व्यय लाभ एवं हानि विवरण में प्रस्तुत किए गए हैं। धन का समय मूल्य सामग्रीगत होने की स्थिति में दायित्व से संबद्ध जोखिम के समरूप चालू कर पूर्व दर के उपयोग, जहां उचित हो, से प्रावधानों में न्यूनता की जाती है। न्यूनता का उपयोग किए जाने की स्थिति में समय के साथ साथ प्रावधान में होने वाली बढ़त की स्वीकृति वित्त लागतों के रूप में की जाती है।

(xii) आकस्मिक देयताएं / आकस्मिक परिसम्पत्तियां

आकस्मिक देयताएं संभावित दायित्व होते हैं जो पूर्व घटनाओं के फलस्वरूप उत्पन्न होते हैं तथा जिनके अस्तित्व की पुष्टि भविष्य में उनके एक अथवा अधिक अवसरों पर घटित होने अथवा न होने से होती है जो कि कम्पनी के नियंत्रण से परे होते है अथवा जिनकी स्वीकृति दायित्वों के निपटान के लिए संसाधनों का बर्हिप्रवाह अपेक्षित न होने की संभावना से नहीं की गई थी । कम्पनी द्वारा किसी आकस्मिक देयता की स्वीकृति नहीं की गई है परन्तु वित्तीय विवरणों में उनके विद्यमान होने का प्रकटीकरण किया गया है। ऐसे संभावित दायित्व अथवा किसी ऐसे विद्यमान दायित्व, जिससे संसाधनों के बर्हिप्रवाह की संभावना अत्यधिक कम है, के संबंध में प्रकटीकरण नहीं किया गया है।

आकस्मिक परिसम्पत्तियां संभावित परिसम्पत्तियां होती हैं जो पूर्व घटनाओं के फलस्वरूप उत्पन्न होती हैं तथा जिनके अस्तित्व की पुष्टि भविष्य में उनके एक अथवा अधिक अवसरों पर घटित होने अथवा न होने से होती है जो कि कम्पनी के नियंत्रण से परे होते है।

(xiii) राजस्व स्वीकृति

ग्राहकों के साथ किए गए अनुबंध से राजस्व

i. राजस्व स्वीकृति (अथवा के रूप में) तब प्रदान की जाती है जब कम्पनी किसी ग्राहक को प्रतिबद्ध माल एवं सेवाओं (अर्थात परिसम्पत्ति) के अंतरण के निष्पादन के प्रति संतुष्ट हो।

ii. समय बिंदु पर दायित्वों का संतोषजनक निष्पादन

क. माल अथवा सेवाओं के नियंत्रण के अंतरण के निष्पादित दायित्व की प्रगति के प्रति पूर्ण संतुष्टि होने का मापन करने के समय बिंदु पर निम्नलिखित में से किसी एक मापदंड को पूरा किए जाने की स्थिति में राजस्व मान्यता प्रदान की जाती है:-

- जब कम्पनी के निष्पादन के परिणामस्वरूप ग्राहक को कम्पनी के निष्पादन के साथ साथ लाभ प्राप्त करने एवं उपयोग का अधिकार होता है।
- जब कम्पनी द्वारा किए जाने वाले निष्पादन से उस परिसम्पत्ति की उत्पत्ति अथवा संवर्धन होता हो जिसका परिसम्पत्ति की उत्पत्ति एवं संवर्धन के साथ साथ नियंत्रण ग्राहक द्वारा किया गया हो।
- जब कम्पनी के निष्पादन से कम्पनी द्वारा किए जाने वाले वैकल्पिक उपयोग वाली किसी परिसम्पत्ति की उत्पत्ति न हो तथा अब तक प्रदान किए गए निष्पादन के संबंध में कम्पनी को भुगतान के प्रवर्तनीय अधिकार प्राप्त हों।

ख. किसी निष्पादन दायित्व की प्रगति के संतोषजनक निर्वाह का मूल्यांकन अनुबंध को पूरा किए जाने की संभावित अनुमानित लागत की रिपोर्टिंग तिथि तक व्यय की गई वास्तविक लागतों के अनुपात के आधार पर किया जाता है। यदि किसी निष्पादन दायित्व के प्रतिफल के विश्वसनीय अनुमान लगाए जाने संभव नहीं होते तथा जब लागतों की वसूली संभाव्य हो तो व्यय की गई लागतों के लिए राजस्व स्वीकृति की जाती है।

ग. एएमसी अनुबंधों के ऐसे मामलों में, जिनमें निष्पादन दायित्व के प्रति संतुष्टि के मापदंड समय पर आधारित होते हैं, राजस्व स्वीकृति आउटपुट विधि के उपयोग से की जाती है।

iii. समय बिन्दु पर निष्पादन दायित्व के प्रति संतुष्टि

क. ऐसे मामलों के संबंध में जब नियंत्रण का अंतरण समय बिंदु पर न किया गया हो तो कम्पनी द्वारा राजस्व के प्रति प्रदान की जाने वाली स्वीकृति निष्पादन दायित्वों के प्रति संतुष्टि के समय बिन्दु पर की जाती है।

ख. ग्राहक द्वारा परिसम्पत्ति का नियंत्रण प्राप्त किए जाने पर निष्पादन दायित्व पूरा हो जाते हैं। नियंत्रण अंतरण के सूचकों में निम्नलिखित शामिल है:-

- कम्पनी द्वारा परिसम्पत्ति का भौतिक धारण अंतरित किया जाना
- ग्राहक के पास परिसम्पत्ति का विधिक शीर्ष होना
- ग्राहक द्वारा परिसम्पत्ति की स्वीकृति किया जाना
- कम्पनी के पास परिसम्पत्ति के लिए भुगतान करने के अधिकार विद्यमान होना
- परिसम्पत्ति के महत्वपूर्ण जोखिम एवं स्वामित्व प्रतिफल ग्राहक का होना। अनुबंध से सम्बद्ध दायित्वों के मूल्यांकन के आधार पर महत्वपूर्ण जोखिमों एवं स्वामित्व प्रतिफल का अंतरण किया जाता है।.

iv. मापन

1. निष्पादन दायित्व के लिए निर्धारित संव्यवहार मूल्य की राशि पर राजस्व स्वीकृति की जाती है।

वर्ष 1986 में कम्पनी ने 25090.00 लाख रुपए की परियोजना लागत से 21 डॉफिन तथा 21 वेस्टलेंड हेलीकॉप्टरों को अपने बेड़े में शामिल किया था जिसका निधियन भारत सरकार द्वारा अपने अंशदान के रूप में कम्पनी में किए गए इक्विटी निवेश के रूप में किया जाना था। तथापि, कम्पनी को केवल 11376.00 लाख रुपए की राशि की इक्विटी ही प्राप्त हुई थी जिसमें ओएनजीसी द्वारा की गई इक्विटी अंशदान की 2450.00 लाख रुपए की राशि भी सम्मिलित है । कम्पनी द्वारा 13091.03 लाख रुपए की राशि के शेष को अलग छोड़कर परियोजना लागत के लिए इस पूंजी अंशदान का उपयोग आंतरिक स्रोतों से एकत्र की गई 622.97 लाख रुपए की राशि के साथ किया गया था । शेष 13091.03 लाख रुपए की राशि का भुगतान भारत सरकार द्वारा हेलीकॉप्टरों के आपूर्तिकर्ताओं को किया गया तथा इसे भारत सरकार को देय बकाया राशि के तौर पर स्वीकृति दी गई थी। वित्त मंत्रालय द्वारा कम्पनी से 31.03.2016 तक बकाया मूल राशि 13091.03 लाख रुपए तथा ब्याज के रूप में 33931.19 लाख रुपए अर्थात कुल राशि 47022.22 लाख रुपए होने की पुष्टि को विचार में लेकर कम्पनी ने 31.03.2001 तक इन बकायों / देयताओं के ब्याज के तौर पर 33931.19 लाख रुपए का लेखांकन कर लिया था तथा 31.3.2001 के पश्चात से ब्याज के प्रावधान नहीं किए थे। कम्पनी द्वारा नागर विमानन मंत्रालय के माध्यम से समय समय पर भारत सरकार के सम्मुख इस आधार पर इन देयताओं और इसके ब्याज से छूट प्राप्ति के लिए इस आधार पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए हैं कि यह परियोजना उन 42 हेलीकॉप्टरों के आयात के लिए थी जिसका पूर्ण निधियन भारत सरकार द्वारा इक्विटी अंशदान के माध्यम से किया जाना था। इस

संबंध में कम्पनी ने एक बार फिर से जनवरी, 2016 में यह मामला वित्त मंत्रालय के सम्मुख प्रस्तुत किए जाने के लिए नागर विमानन मंत्रालय को प्रस्तुत किया था। इसके संबंध में, नागर विमानन मंत्रालय ने मामले पर मंत्रिमंडल द्वारा विचार किए जाने के लिए एक मंत्रिमंडलीय नोट प्रस्तुत किया था।

अंतत: काफी लम्बी प्रतीक्षा के पश्चात वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान निर्णय प्राप्त हुआ जिसकी सूचना नागर विमानन मंत्रालय द्वारा अपने दिनांक 1.12.2016 के पत्र के माध्यम से इस उल्लेख के साथ भिजवाई गई कि वेस्टलैंड हेलीकॉप्टरों के संबंध में वित्त मंत्रालय द्वारा किए गए दावे के निपटान का अनुमोदन मंत्रिमंडल द्वारा पवन हंस लिमिटेड के लिए 13091.03 लाख रुपए का बजट प्रावधान उपलब्ध के साथ कर दिया गया है जो सरकार को 13091.03 लाख रुपए के पुनर्भुगतान के लिए उपयोग में लाए जाने हैं तथा साथ ही ब्याज के स्तर को 1.4.2001 की स्थिति के अनुसार फ्रिज करके पवन हंस लिमिटेड द्वारा वित्त मंत्रालय को देय 33,931.19 लाख रुपए की मांग समाप्त कर दी गई है। तदनुसार, नागर विमानन मंत्रालय द्वारा दिनांक 18.1.2017 के स्वीकृति आदेश के माध्यम से पवन हंस लिमिटेड में वर्ष 2016-17 के दौरान 13091.03 लाख रुपए के इक्विटी निवेश के बजट प्रावधान की स्वीकृति भिजवाई गई थी। पवन हंस लिमिटेड द्वारा इस राशि के उपयोग से 13091.03 की मूल राशि का भुगतान भारतीय रिजर्व बैंक के सीएएए खाते में कर दिया गया है। नागर विमानन मंत्रालय द्वारा उक्त राशि का अंतरण पवन हंस लिमिटेड को दिनांक 20.1.2017 को किया गया था। तदनुसार, वित्त मंत्रालय के निपटान के लिए 13091.03 लाख रुपए की राशि दिनांक 4.2.2017 को भारतीय रिजर्व बैंक के सीएएए खाते में जमा करवा दी गई थी।

IV. वैस्टलैंड परिसम्पत्तियों का निपटान

क) वेस्टलैंड बेड़े को ग्रांउड किए जाने के पश्चात भारत सरकार द्वारा दिनांक 18 जनवरी,1993 को समग्र वेस्टलैंड बेड़े तथा उससे संबंधित माल सूची को वैश्विक निविदा के माध्यम से बेचे जाने तथा इसकी बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग भारत सरकार तथा ब्रिटेन सरकार के मध्य आपसी परामर्श से गरीबी उन्मूलन के लिए उपलब्ध करवाए जाने के निर्णय से अवगत करवाया गया था । तथापि, इसकी वैश्विक निविदा की प्रतिक्रिया अनुकूल न होने के परिणामस्वरूप सरकार द्वारा दिनांक 12 मई, 1994 को कम्पनी को वेस्टलैंड परिसम्पत्तियों का निपटान इसकी खरीद के प्रति इच्छुक पार्टियों के साथ परक्रामण के माध्यम से किए जाने की अनुमति प्रदान की गई थी । भारत सरकार द्वारा वेस्टलैंड परिसम्पत्तियों के निपटान की देख रेख के लिए एक संचलन समिति का गठन भी किया गया था ।

ख) वेस्टलैंड हेलीकॉप्टरों (एक क्षतिग्रस्त हेलीकॉप्टर सहित) तथा उससे संबद्ध मालसूची के रूप में ये परिसम्पत्तियां निपटान किए जाने तक के लिए 2239.00 लाख रुपए के औसत बही मूल्य पर दर्शाई गई हैं । कम्पनी द्वारा पिछले वर्षों में पूर्व विचार करते हुए वेस्टलैंड परिसम्पत्तियों से होने वाली संभावित हानियों का बही मूल्य के समरूप 100% प्रावधान किया गया था । वर्ष 1999-2000 में इन परिसम्पत्तियों के निपटान से संबंधित 723.00 लाख रुपए को बही मूल्य में समायोजित करने के पश्चात 1516.00 लाख रुपए के बकाया प्रावधान को अग्रेनित किया गया है।

ग) वर्ष 1999-2000 के दौरान सरकार से अनुमोदन प्राप्त करके कम्पनी द्वारा वेस्टलैंड की परिसम्पत्तियों की बिक्री पांउड स्टर्लिंग 9,00,000 की एकमुश्त राशि की एक पैकेज डील के अंतर्गत ब्रिटेन की एक फर्म मैसर्स एईएस एयरोस्पेस लिमिटेड को किए जाने के लिए करार किया गया था । यह सहमति हुई थी समग्र पैकेज अधिकाधिक दो परेषणों में तथा प्रत्येक परेषण के अनुमानित मूल्य का भुगतान करते हुए किया जाएगा । पहला परेषण दिसम्बर, 1999 में भेजा गया था तथा कम्पनी को बिक्री के तौर पर पांउड स्टर्लिंग 4,50,000 (322.00 लाख रुपए) की राशि जनवरी, 2000 में प्राप्त हुई थी जिसे प्रशासनिक मंत्रालय के निदेशानुसार तत्काल भारत सरकार के पास जमा करवा दिया गया था । क्रेता द्वारा विवाद खड़ा किए जाने के कारण दूसरा परेषण

नहीं भेजा जा सका । कम्पनी द्वारा करार के अंतर्गत सहमत विभिन्न दायित्वों को पूरा न किए जाने के प्रति क्रेता के विरुद्ध विशिष्ट निष्पादन न किए जाने एवं नुकसानों की भरपाई के लिए दावा किया गया है । तथापि, क्रेता की वित्तीय स्थिति को देखते हुए माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 13 अगस्त, 2012 को इस मामले को मध्यस्थता द्वारा निपटाने के लिए कहा गया है ।

घ) वित्तीय वर्ष 1999-2000 के दौरान बेची गई वेस्टलैंड परिसम्पत्तियों (लागत 5146.00 लाख रुपए बट्टा मूल्य 723.00 लाख रुपए) से संबंधित आवश्यक समायोजन पहले परेषण के अंतर्गत किए गए लेन देन को पूर्ण बिक्री मानते हुए उस वर्ष की लेखा पुस्तिकाओं में किया गया है । बेची गई तथा मुम्बई के मालगोदाम से एकत्र की गई मालसूचियों का पूर्ण प्रमात्रा विवरण उपलब्ध न होने के कारण इससे संबंधित आंकड़ों को अस्थाई आधार पर विचार में लिया गया है । वेस्टलैंड परिसम्पत्तियों की बिक्री से संबंधित करार चूंकि एकमुश्त मूल्य पर आधारित था अतः इससे संबंधित मदों के निपटान पर हुई हानि का निर्धारण पहले परेषण के अंतर्गत पांउड स्टर्लिंग 4,50,000 (322.00 लाख रुपए) की राशि से बेचे गए 9 हेलीकॉप्टरों, टेस्ट बैड, माल सूची की मदों से संबंधित उनका मदवार बिक्री मूल्य उपलबध न होने के कारण औसत बही मूल्य से कम करते हुए किया गया है । इनका लेखांकन वित्तीय वर्ष 1999-2000 के दौरान कर लिया गया था।

ङ) वैस्टलैंड हेलीकॉप्टर के शेष भाग पवन हंस लिमिटेड, पश्चिमी क्षेत्र के परिसर में रखे हुए हैं तथा वित्तीय वर्ष 1999-2000 के दौरान कम्पनी के दिल्ली कार्यालय से मुम्बई कार्यालय में ले जाई जाने वाली इसकी माल सूची की मदों का मार्ग परिवर्तन खरीददार के नियुक्त परिवाहक द्वारा खरीददार के निदेश पर किया गया था तथा ये मदें मुम्बई के मालगोदाम में रखी हुई हैं । वैस्टलैंड माल सूची तथा पूंजीगत मदों की अनुमानित प्रारंभिक अधिग्रहण लागत 3250.00 लाख रुपए (बट्टा मूल्य - 450.00 लाख रुपए) है । मालगोदाम कम्पनी तथा मालवाहक द्वारा दायर की गई विशेष रिट याचिका सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2012 में निरस्त कर दी गई थी। तदनुसार, सागर वेयरहाउसिंग कम्पनी के मालगोदाम में से वैस्टलैंड की मालसूची की मदों को कम्पनी के पश्चिमी क्षेत्र में स्थानांतरित किया गया था। ये हेलीकॉप्टर तथा उनकी शेष मालसूची मदें कम्पनी के पास रखी हुई हैं (इन्हें बॉक्स में रखा गया है परन्तु वर्ष के दौरान इनका भौतिक सत्यापन नहीं किया गया है) तथा दूसरी शिपमेंट के इस भाग का बही मूल्य 647.00 लाख रुपए है जिसे ऊपर पैरा IV-बी) में दर्शाया गया है। इनके निपटान के लिए नागर विमानन मंत्रालय से संचलन समिति के पुनर्गठन का अनुरोध किया गया था । मंत्रालय द्वारा शेष वैस्टलैंड परिसम्पत्तियों के मूल्य निर्धारण की रिपोर्ट तैयार करने के निदेश दिए गए थे तथा मूल्य निर्धारणकर्ता ने इसका मूल्य 25.73 लाख रुपए निर्धारित किया था । तथापि मंत्रालय द्वारा अपने दिनांक 7.11.2014 के पत्र के माध्यम से एक बार फिर से किसी अन्य मूल्य निर्धारणकर्ता से इनका पुनः मूल्यांकन करवाए जाने के निदेश दिए गए थे । अन्य मूल्यांकन कर्ता की रिपोर्ट में इसका मूल्यांकन 26.53 लाख रुपए किया गया है तथा इसे नागर विमानन मंत्रालय को इनके निपटान के लिए संचलन समिति का पुनर्गठन करने के लिए भिजवा दिया गया है । नागर विमानन मंत्रालय द्वारा दिनांक 27.9.2017 के आदेश के माध्यम से वैस्टलैंड हैलीकॉप्टर परिसम्पतियों के निपटान के लिए कार्य संचालन समिति का गठन किया गया है।

नागर विमानन मंत्रालय ने दिनांक 27.09.2017 के आदेश के माध्यम से वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर संपत्तियों के निपटान के लिए संचालन समिति का पुनर्गठन किया है और पुनर्गठित समिति में पवन हंस लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, संयुक्त सचिव (प्रशासन पवन हंस) -नागर विमानन मंत्रालय, संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार-नागर विमानन मंत्रालय , निदेशक (ईईसी)-आर्थिक कार्य विभाग, संयुक्त सचिव (ईडी एवं एमईआर), विदेश मंत्रालय तथा एई(एम)- पश्चिम कमांड, भारतीय वायु सेना सदस्य के रूप में शामिल हैं। इसके अलावा, दिनांक 26.6.2020 के पत्र के माध्यम से यह सूचित किया गया था कि विदेश मंत्रालय

से संचालन समिति के सदस्य, जो पहले संयुक्त सचिव (ईडी एवं एमईआर), विदेश मंत्रालय सूचित किए गए थे उन्हें अपर सचिव (ईआर), विदेश मंत्रालय पढ़ा जाना है।

7) निपटान के लिए निर्धारित वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर की परिसम्पतियां एवं मालसूचियां जुहू, मुंबई में पवन हंस लिमिटेड के परिसर में पड़ी है और इसके लिए 1340.88 वर्ग मीटर का स्थल घिरा हुआ है, जिसके लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा पवन हंस लिमिटेड से किराया वसूल किया जा रहा है। इन परिसम्पतियों का निपटान संचालन समिति के पर्यवेक्षण में किया जाना है।

8) पवन हंस लिमिटेड द्वारा नागर विमानन मंत्रालय के सम्मुख यह प्रस्तुति की गई है कि वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर स्क्रैप के कब्जे वाले क्षेत्र के लिए पवन हंस से किराया वसूल करना उचित नहीं है तथा इससे पवन हंस पर प्रति वर्ष 85 लाख रुपये जमा जीएसटी का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। तदनुसार, नागर विमानन मंत्रालय द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि पवन हंस और भाविप्रा के बीच 1.4.2015 से हस्ताक्षरित अम्ब्रेला समझौते में जुहू एयरपोर्ट कॉम्प्लेक्स में वेस्टलैंड हेलीकॉप्टरों के कब्जे वाले 1340.88 वर्गमीटर के क्षेत्र को शामिल नहीं किया जाए। 1.4.2020। पवन हंस और भाविप्रा के सहयोग से स्क्रैप के मुद्दे को हल करने का भी निर्णय लिया गया ताकि भाविप्रा द्वारा भूमि का उत्पादक उपयोग किया जा सके। यह निर्णय नागर विमानन मंत्रालय द्वारा दिनांक 17.8.2021 के पत्र द्वारा सूचित किया गया था।

V. आवासीय फ्लैट / क्वार्टर्स

क) कम्पनी द्वारा वर्ष 2002-03 में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से 25 वर्ष की अवधि के लिए जुहू हवाईअड्डे पर आबंटित की गई 35,490 वर्ग मीटर भूमि पर 2270.68 लाख रुपए की लागत से 242 फ्लैटों का निर्माण एवं पूंजीयन किया गया था । कम्पनी द्वारा संयुक्त विकास करार के अंतर्गत उक्त भूमि के पट्टा किराए तथा परियोजना आर्किटैक्ट द्वारा अनुमानित इन फ्लैटों की निर्माण लागत की 595.00 लाख रुपए की राशि के स्थान पर 242 फ्लैटों में से 50 फ्लैट भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को आबंटित किए गए थे।

ख) कम्पनी द्वारा अपने कर्मचारियों के लिए वर्ष 1998 में एमएचएडीए, मुम्बई से 6 आवासीय फ्लैट खरीदे गए थे तथा इन फ्लैटों का कब्जा आबंटन पत्र के आधार पर प्राप्त कर लिया गया है तो भी ये स्टाम्प ड्यूटी देकर पंजीकरण करवा लिए जाने एवं अंतिम भुगतान किए जाने पर ये फ्लैट सोसायटी के पक्ष में उचित हस्तांतरण करार तैयार किए जाने की शर्त पर है। कुछ सोसायटियों द्वारा मुम्बई उच्च न्यायालय में एमएचएडीए के खिलाफ मूल्य में भिन्नता का दावा किया गया है। इस प्रकार ये फ्लैट पवन हंस लिमिटेड के नाम से पंजीकृत नहीं हैं। तथापि, इंड एएस 37 की अपेक्षाओं के अनुसार कम्पनी द्वारा अपनी बहियों में स्टाम्प ड्यूटी का वर्तमान मूल्य नहीं दर्शाया गया है। 31.3.2023 की स्थिति के अनुसार कम्पनी द्वारा मुख्य संग्राहक, एमएचएडीए के कार्यालय को स्टाम्प ड्यूटी का वर्तमान मूल्य ज्ञात करने के लिए लिखा गया है। मुख्य संग्राहक से अभी कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है। जब कभी भी उत्तर की प्राप्ति के पश्चात लेखा बहियों में राशि में बढ़ोतरी किए जाने की आवश्यकता पड़ेगी तो उसे संबंधित वर्ष के लिए शामिल कर लिया जाएगा।

VI. सम्पत्ति, संयंत्र तथा उपकरण

क. 31.3.2022 की स्थिति के अनुसार विदेशी उपकरण आपूर्तिकर्ता के पास 7982.72 लाख रुपए (31 मार्च, 2022 को 5706.67 लाख रुपए) के रोटेब्ल्स एवं मरम्मतयोग्य तथा 5690.41 लाख रुपए (31 मार्च, 2022 को 3926.50 लाख रुपए) के डब्ल्यूडीवी मरम्मत के लिए रखे गए हैं। इनमें से 2014.60 लाख रुपए (31 मार्च, 2022 को 1410.78 लाख रुपए के सकल मूल्य के रोटेब्ल्स तथा 1561.74 लाख रुपए (31 मार्च, 2022 को 902.45 लाख रुपए) के डब्ल्यूडीवी 31 मार्च, 2023 के पश्चात वापस प्राप्त हो गए हैं। संबंधित पार्टियों से शेष रोटेब्ल्स अपने पास अभी भी विदेश में रखे जाने के संबंध में संबंधित पक्षकारों से पुष्टि प्राप्त कर ली गई है। मदों को विधिवत मरम्मत / ओवरहॉल के साथ मूल उपकरण निर्माता से वापस प्राप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

ख. कम्पनी द्वारा सभी स्थिर परिसम्पत्तियों की मदों का भौतिक सत्यापन तीन वर्ष की अवधि में पूरा करने के लिए चरणबद्ध स्वरूप में प्रक्रिया की जा रही है। स्थिर परिसम्पत्तियों का भौतिक सत्यापन विचाराधीन वित्तीय वर्ष में स्वतंत्र एजेंसी द्वारा किया गया था तथा स्थिर परिसम्पत्ति रजिस्टर से इनका समाधान किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है।

ग. कम्पनी की यह मत है कि कम्पनी के स्वामित्व वाले हेलीकॉप्टर नागर विमानन महानिदेशालय से आवधिक / वार्षिक आधार पर उड़नयोग्यता के लिए प्रमाणित किए गए हैं तथा इनसे वर्ष के दौरान राजस्व का अर्जन किया गया है अतः हेलीकॉप्टरों की क्षमता हानि नहीं हुई है ।

घ. कम्पनी का यह मत है कि इसकी परिसम्पत्तियों का वहन मूल्य चूंकि वसूलीयोग्य मूल्य से अधिक नहीं होता है अतः परिसम्पत्तियों के संबंध में अक्षमता हानि का परीक्षण किया जाना अपेक्षित नहीं है।

VII. मालसूचियां

1) वर्ष के दौरान मालसूचियों का भौतिक सत्यापन किए जाने पर नीचे उल्लिखित कमियां / बढ़ोतियां देखने में आई हैं :

(रुपए लाख में)

2022-2023		2021-2022	
कमियां	बढ़ोतियां	कमियां	बढ़ोतियां
4.68	शून्य	96.56	शून्य

उक्त राशियों के संबंध में वित्तीय विवरणों में उचित समायोजन कर लिए गए हैं। तथापि, भौतिक शेष एवं बही रिकार्ड का समाधान किया जा रहा है।

2) अनुमोदित लेखांकन नीति का अनुसरण करते हुए विचाराधीन वर्ष के दौरान स्थिर भंडार, कलपूर्जो एवं उपभोज्य वस्तुओं की समीक्षा करने पर वर्ष के दौरान 212.82 लाख रुपए (31 मार्च,2021: 117.97 लाख रुपए) के प्रावधान किए गए हैं।

3) विमानन क्षेत्र के मूल्य प्रवाह अन्य उद्योगों के मूल्य प्रवाह से भिन्न होते हैं जिससे पूर्व स्वामित्व वाले हेलीकॉप्टरों, कलपूर्जों, उपयोज्यताओं की उपलब्धि खुले बाजार में नहीं हो पाती है। इसके अलावा, विमानन क्षेत्र का विकास काफी तेजी से हो रहा है जबकि बाजार में इसके विक्रेता काफी कम हैं। तदनुसार, मालसूचियों का मूल्यांकन उनके प्रचलित भारित औसत मूल्य पर किया गया है।

VIII. प्रतिभूत ऋण

(रुपए लाख में)

क्र.स.	कहां से ऋण	स्वीकृत सीमा / तिथि	31.3.2023 तक निकासी	31.3.2023 तक पुनर्भुगतान	ब्याज दर (मासिक शेष)	भुगतान अनुसूची	प्रत्याभूत माध्यम
1	एन.टी.पी.सी. लिमिटेड	5430.00 29/04/2010	5283.63	5283.63	18.6.2019 तक 6% प्रतिवर्ष तथा 19.6.2019 से 27.11.2019 तक 12.20% प्रतिवर्ष तथा 1.12.2019 से 6% प्रतिवर्ष	अप्रैल, 2022 तक देय राशि का पूर्ण पुनर्भुगतान किया गया है	डॉफिन एन3 हेलीकॉप्टरों के प्रति रेहन समाप्ति की प्रक्रिया की जा रही है

IX. 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार व्यवसाय प्राप्य, व्यवसाय देय एवं ऋण तथा अग्रिम / जमा के शेष की पुष्टि मांगी गई थी परन्तु इसकी कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है।

X. प्रबंधन द्वारा जी.एस.टी. विवरणों में दी गई सूचना के अनुसार सेवा / बिक्रियों तथा प्राप्त / क्रय की गई सेवा के आंकड़ों का समाधान लेखा बहियों जीएसटीआर-2ए में दिए गए आंकड़ों से किया जा रहा है।

XI. कर्मचारी पारिश्रमिक एवं अन्य हितलाभ

निदेशक मंडल द्वारा अपनी 154वीं बैठक में पॉयलटों तथा विमान अनुरक्षण अभियंताओं के लिए दिनांक 1.4.2016 से लाइसेंस सम्बद्ध भत्ता अनुमोदित कर दिया गया है तथा तदनुसार वित्तीय 2016-17 के लिए 1147.39 लाख रुपए के प्रावधान किए गए हैं। वर्ष 2017-18 के दौरान पॉयलटों तथा विमान अनुरक्षण अभियंताओं के लिए 1.1.2017 से लोक उद्यम विभाग के अनुसार वेतन संशोधन में समय फ्रिक्वेंसी के साथ प्रभावी किए जाने वाले अतिरिक्त लाइसेंस सम्बद्ध भत्ते से संबंधित एक मंत्रिमंडलीय नोट नागर विमानन मंत्रालय को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया था। वित्तीय वर्ष 2021-22 तक के लिए लाइसेंस संबंधी भत्ते के संबंध में 3602.00 लाख रुपए के प्रावधान किए गए थे। प्रबंधन ने वित्त वर्ष 2022 23 के दौरान इस प्रावधान की समीक्षा की और प्रत्येक संबंधित वर्ष में नियमित पायलटों / एएमई की वास्तविक संख्या, जो 31.3.2023 की स्थिति के अनुसासर कम्पनी की वेतनसूची में कार्यरत थे, के आधार पर प्रावधान को संशोधित किया था तथा वित्तीय वर्ष 2022 23 में 2175.00 लाख रुपये के अतिरिक्त प्रावधान को रिवर्स कर दिया गया है और वित्तीय वर्ष 2022 23 के लिए 272.00 लाख रुपये का प्रावधान लेखा बहियों में किया गया है। पायलटों और एएमई को मार्च 2023 तक लाइसेंस संबंधी अतिरिक्त भत्तों के लिए किए गए कुल प्रावधान 1699.00 लाख रुपए के हैं।

1) सेवानिवृत्ति हितलाभ योजनाएं

1) नीचे दी गई तालिका में वित्तीय विवरणों में स्वीकृत सेवानिवृत्ति हितलाभ योजनाओं की स्थिति दर्शाई गई है:-

(रुपए लाख में)

विवरण	2022-23			2021-22		
	अथ शेष देयताएं	वर्ष के दौरान निर्मित / समायोजित	अंत शेष देयताएं	अथ शेष देयताएं	वर्ष के दौरान निर्मित / समायोजित	अंत शेष देयताएं
अर्जित छुट्टी	1388.88	(32.63)	1356.25	1652.60	(263.72)	1388.88
अर्ध वेतन छुट्टी	922.39	(29.07)	893.32	914.13	8.26	922.39
सेवानिवृत्ति उपरांत चिकित्सा हितलाभ योजना	2483.55	278.41	2761.96	2094.27	389.28	2483.55
सेवानिवृत्ति पर सामान प्रेषण भत्ता	19.99	(1.49)	18.50	21.26	(1.27)	19.99
उपदान	842.49	17.44	859.94	1227.28	(384.79)	842.49
योग	**5657.30**	**232.66**	**5888.37**	**5909.54**	**(252.24)**	**5657.30**

2) उपदान

i. परिभाषित हितलाभ दायित्वों के वर्तमान मूल्य में निम्नानुसार परिवर्तन हुए हैं:-

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
वर्ष के प्रारम्भ में परिभाषित हितलाभ दायित्व	5137.39	5494.62
उपार्जन समायोजन आईएन	-	3.92
चालू सेवा लागत	241.33	269.57
ब्याज लागत	367.84	366.49
बीमांकिक लाभ / (हानि)	(296.99)	(121.74)
चुकता हितलाभ	(692.06)	(875.47)
वर्ष के अंत में परिभाषित हितलाभ दायित्व	4757.51	5137.39

ii. योजना परिसम्पत्तियों के उचित मूल्य में परिवर्तन निम्नानुसार है:-

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
वर्ष के प्रारम्भ में योजना परिसम्पत्तियों का उचित मूल्य	4295.36	4267.79
योजना परिसम्पत्तियों पर वास्तविक लाभ	293.45	321.64
नियोक्ता / स्थानांतरण के लिए अन्य नियोजकों द्वारा अंशदान	2.41	581.41
चुकता हितलाभ	(692.06)	(875.47)
वर्ष के अंत में योजना परिसम्पत्तियों का उचित मूल्य	3899.16	4295.36

iii. कुल योजना परिसम्पत्तियों में से प्रमुख वर्गों की योजना परिसम्पत्तियों के उचित मूल्य का प्रतिशत निम्नानुसार है:-

विवरण	31 मार्च, 2023 (%)	31 मार्च, 2022 (%)
सरकारी प्रतिभूतियां / भा.रि.बैं. में विशेष जमा	68.52	56.36
उच्च गुणवत्ता वाले कॉर्पोरेट बांड	26.31	27.19
बीमा कम्पनियां	शून्य	शून्य
रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य, बैंक शेष	4.85	16.17
सावधि जमा	शून्य	शून्य
इक्विटी (म्यूचुअल फंड)	0.32	0.28

iv. परिभाषित हितलाभ दायित्व का विवरण

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
परिभाषित हितलाभ दायित्व का वर्तमान मूल्य	4757.51	5137.39
योजना परिसम्पत्तियों का उचित मूल्य	3899.16	4295.36
हितलाभ देयताएं	(858.34)	(842.02)

v. लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृत व्यय :

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
चालू सेवा लागत	241.33	269.57
हितलाभ दायित्व की ब्याज लागत	60.29	81.83
अवधि के दौरान निवल व्यय	301.62	351.40

vi. अन्य व्यापक आय में स्वीकृत व्यय:

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
अवधि से सम्बद्ध दायित्वों पर बीमांकिक लाभ/ (हानि)	296.99	121.74
योजना परिसम्पत्तियों पर बीमांकिक लाभ/ (हानि)	(14.10)	36.98
निवल संचयी गैर-स्वीकृत बीमांकिक लाभ/ (हानि) अथ शेष	-	-
अवधि के दौरान स्वीकृत अन्य व्यापक आय पर बीमांकिक लाभ/ (हानि)	282.89	154.80

vii. कर्मचारी हितलाभ के निर्धारण के लिए प्रयुक्त प्रमुख अनुमान :-

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
छूट दर	7.31%	7.16%
भावी लागत वृद्धि/वेतन संवर्धन दर	6.00%	6.00%
सेवानिवृत्ति आयु	60	60
संघर्षण दर		
आयु (वर्ष)		
30 वर्ष तक	3.00%	3.00%
31 से 44 वर्ष तक	2.00%	2.00%
44 वर्ष से अधिक	1.00%	1.00%

उक्त सूचना का प्रमाणन बीमांकक द्वारा किया गया है तथा इसे लेखा परीक्षकों द्वारा विश्वसनीय मानकर उपयोग किया गया है।

बीमांकिक मूल्यांकन के लिए विचार में लाई गई अनुमानित भावी वेतन वृद्धि में मंहगाई दर, वरिष्ठता, पदोन्नति एवं रोजगार बाजार में आपूर्ति एवं मांग जैसे अन्य सम्बद्ध घटकों की ओर ध्यान दिया गया है। योजना परिसम्पत्तियों के प्रतिफल की समग्र प्रत्याशित दर का निर्धारण तुलन पत्र तिथि को प्रचलित बाजार मूल्यों के आधार पर किया गया है जो दायित्व का समाधान किए जाने की अवधि के लिए लागू हैं।

viii. संवेदी विश्लेषण

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
चालू पूर्वानुमानों पर अनुमानित हितलाभ दायित्व		
डिस्काउंटिंग दर में +0.50% परिवर्तन से डेल्टा प्रभाव	(166.92)	(108.96)
डिस्काउंटिंग दर में -0.50% परिवर्तन से डेल्टा प्रभाव	176.56	114.45
वेतन वृद्धि की दर में +0.50% परिवर्तन से डेल्टा प्रभाव	175.80	115.18
वेतन कमी की दर में - 0.50% परिवर्तन से डेल्टा प्रभाव	(168.47)	(110.63)

ix. अनुमानित हितलाभ दायित्वों का परिपक्वता विश्लेषण

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
रिपोर्टिंग तिथि में से भावी वर्षों में देय अनुमानित हितलाभ		
पहले अनुगामी वर्ष	810.20	800.23
दूसरे अनुगामी वर्ष	891.76	573.56
तीसरे अनुगामी वर्ष	842.67	863.67
चौथे अनुगामी वर्ष	481.16	804.33
पांचवे अनुगामी वर्ष	317.49	451.85
छठे अनुगामी वर्ष	348.94	291.21
6 वर्षों के पश्चात	891.18	1352.53

x. **चालू एवं पूर्व अवधियों की राशियां निम्नानुसार हैं :-**

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
परिभाषित हितलाभ दायित्व	4757.50	5137.39
योजना परिसम्पत्तियां	3899.16	4295.36
अधिशेष / (न्यूनता)	(858.34)	(842.02)

3) सेवानिवृत्ति उपरांत हितलाभ योजना

i. **हितलाभ दायित्व के वर्तमान मूल्य में हुआ परिवर्तन निम्नानुसार है:-**

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
वर्ष के प्रारंभ में दायित्व का वर्तमान मूल्य	2483.55	2094.27
चालू सेवा लागत	48.74	62.58
ब्याज लागत	177.82	139.69
बीमांकिक लाभ / (हानि)	105.36	236.14
पूर्व सेवा लागत	-	
चुकता हितलाभ	(53.51)	(49.12)
वर्ष के अंत में दायित्व का वर्तमान मूल्य	2761.96	2483.55

ii. **तुलन पत्र तथा सम्बद्ध विश्लेषण :-**

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
अंत में दायित्व का वर्तमान मूल्य	2761.96	2483.55
योजना परिसम्पत्तियों का उचित मूल्य	-	-
गैर-निधियन देयताएं/ तुलन पत्र में प्रावधान	(2761.96)	(2483.55)
तुलन पत्र में स्वीकृत गैर-निधियन दायित्व	(2761.96)	(2483.55)

iii. **लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृत व्यय :-**

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
चालू सेवा लागत	48.74	62.58
हितलाभ दायित्व पर ब्याज लागत	177.82	139.69
अवधि के दौरान निवल व्यय	226.56	202.26

iv. **अन्य व्यापक आय में स्वीकृत व्यय :-**

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
अवधि के दौरान दायित्व पर बीमांकिक हानियां	(105.36)	(236.14)
निवल गैर-स्वीकृत बीमांकिक लाभ/(हानि) अथ शेष	-	-
अवधि के दौरान परिसम्पत्तियों पर बीमांकिक लाभ/(हानि)	-	-
अन्य व्यापक आय में स्वीकृत अवधिक में निवल व्यय	(105.36)	(236.14)

v. कर्मचारी हितलाभों के निर्धारण के लिए उपयोग में लाए गए प्रमुख अनुमान निम्नानुसार हैं:-

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
छूट दर	7.31%	7.16%
भावी लागत वृद्धि / वेतन संवर्धन दर	6.00%	6.00%
सेवानिवृत्ति आयु	60	60
संघर्षण दर		
आयु (वर्ष)		
30 वर्ष तक	3.00	3.00
31 से 44 वर्ष तक	2.00	2.00
44 वर्ष से अधिक	1.00	1.00

उक्त सूचना का प्रमाणन बीमांकक द्वारा किया गया है तथा इसे लेखा परीक्षकों द्वारा विश्वसनीय मानकर उपयोग किया गया है।

बीमांकिक मूल्यांकन के लिए विचार में लाई गई अनुमानित भावी वेतन वृद्धि में मंहगाई दर, वरिष्ठता, पदोन्नति एवं रोजगार बाजार में आपूर्ति एवं मांग जैसे अन्य सम्बद्ध घटकों की ओर ध्यान दिया गया है।

vi. संवेदी विश्लेषण

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
चालू अनुमानों पर संभावित हितलाभ दायित्व		
डिस्काउंटिंग दर में +0.50%परिवर्तन से डेल्टा प्रभाव	(86.53)	(84.48)
डिस्काउंटिंग दर में -0.50% परिवर्तन से डेल्टा प्रभाव	86.41	84.59

4) अर्जित छुट्टी देयता

i. हितलाभ दायित्व के वर्तमान मूल्य में परिवर्तन निम्नानुसार है :-

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
वर्ष के प्रारंभ में दायित्व का वर्तमान मूल्य	1388.88	1652.60
अधिग्रहण समायोजन	3.17	1.26
चालू सेवा लागत	107.58	115.29
ब्याज लागत	99.44	110.23
बीमांकिक लाभ / (हानि)	453.75	169.09
चुकता हितलाभ	(696.58)	(659.59)
वर्ष के अंत में दायित्व का वर्तमान मूल्य	1356.25	1388.88

ii. तुलन पत्र तथा सम्बद्ध विश्लेषण

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
अंत में दायित्व का वर्तमान मूल्य	1356.27	1388.88
योजना परिसम्पत्तियों का उचित मूल्य	-	-
गैर-निधियन देयताएं/तुलन पत्र में प्रावधान	(1356.27)	(1388.88)

iii. लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृत व्यय :-

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
चालू सेवा लागत	107.58	115.29
हितलाभ दायित्व पर ब्याज लागत	99.44	110.23
अवधि के दौरान स्वीकृत निवल बीमांकिक (हानि)/ लाभ	453.75	169.09
अवधि के दौरान निवल व्यय	660.78	394.61

iv. कर्मचारी हितलाभ के निर्धारण के लिए प्रयुक्त प्रमुख अनुमान निम्नानुसार हैं:-

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
छूट दर	7.31%	7.16%
भावी लागत वृद्धि/वेतन संवर्धन दर	6.00%	6.00%
सेवानिवृत्ति आयु	60	60
संघर्षण दर		
आयु (वर्ष)		
30 वर्ष तक	3.00	3.00
31 से 44 वर्ष तक	2.00	2.00
44 वर्ष से अधिक	1.00	1.00

उक्त सूचना का प्रमाणन बीमांकक द्वारा किया गया है तथा इसे लेखा परीक्षकों द्वारा विश्वसनीय मानकर उपयोग किया गया है।

बीमांकिक मूल्यांकन के लिए विचार में लाई गई अनुमानित भावी वेतन वृद्धि में मंहगाई दर, वरिष्ठता, पदोन्नति एवं रोजगार बाजार में आपूर्ति एवं मांग जैसे अन्य सम्बद्ध घटकों की ओर ध्यान दिया गया है।

v. संवेदी विश्लेषण

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
चालू पूर्वानुमानों पर अनुमानित हितलाभ दायित्व		
डिस्काउंटिंग दर में +0.50% परिवर्तन से डेल्टा प्रभाव	(81.29)	(35.90)
डिस्काउंटिंग दर में -0.50% परिवर्तन से डेल्टा प्रभाव	84.28	34.32
वेतन वृद्धि में +0.50% परिवर्तन से डेल्टा प्रभाव	84.05	34.58
वेतन कमी में - 0.50% परिवर्तन से डेल्टा प्रभाव	(81.76)	(36.50)

vi. अनुमानित हितलाभ दायित्व का परिपक्वता विश्लेषण : नियोक्ता की ओर से

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
पहले अनुगामी वर्ष	299.44	263.79
दूसरे अनुगामी वर्ष	212.97	132.75
तीसरे अनुगामी वर्ष	231.52	205.96
चौथे अनुगामी वर्ष	128.01	189.56
पांचवे अनुगामी वर्ष	78.78	108.16
छठे अनुगामी वर्ष	85.91	57.82
6 वर्षों के पश्चात	206.09	393.96

5) सामान प्रेषण भत्ता

i. हितलाभ दायित्व के वर्तमान मूल्य में परिवर्तन निम्नानुसार है:-

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
वर्ष के प्रारंभ में दायित्व का वर्तमान मूल्य	199.99	21.26
चालू सेवा लागत	.68	0.76
ब्याज लागत	1.43	1.42
बीमांकिक लाभ / (हानि)	(3.25)	(1.22)
चुकता हितलाभ	(0.35)	(2.22)
वर्ष के अंत में दायित्व का वर्तमान मूल्य	18.51	19.99

ii. तुलन पत्र तथा सम्बद्ध विश्लेषण :-

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
अंत में दायित्व का वर्तमान मूल्य	18.51	19.99
योजना परिसम्पत्तियों का उचित मूल्य	-	-
गैर-निधियन देयताएं/तुलन पत्र में प्रावधान	(18.51)	(19.99)
गैर-निधियन देयताएं/तुलन पत्र में स्वीकृत	(18.51)	(19.99)

iii. लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृत व्यय

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
चालू सेवा लागत	0.68	0.76
हितलाभ दायित्व पर ब्याज लागत	1.43	1.42
अवधि के दौरान निवल व्यय	2.12	2.18

iv. अन्य व्यापक आय में स्वीकृत व्यय :

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
अवधि के दौरान दायित्व पर बीमांकिक लाभ/ (हानियां)	3.25	1.22
निवल संचयी गैर-स्वीकृत बीमांकिक लाभ/(हानि) अथ शेष	-	-
अवधि के दौरान परिसम्पत्तियों पर बीमांकिक लाभ/(हानि)	-	-
अन्य व्यापक आय में स्वीकृत अवधि में निवल व्यय	(3.25)	(1.22)

v. कर्मचारी हितलाभ के निर्धारण के लिए प्रयुक्त प्रमुख अनुमान निम्नानुसार हैं:-

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
छूट दर	7.31%	7.16%
भावी लागत वृद्धि/वेतन संवर्धन दर	6.00%	6.00%
सेवानिवृत्ति आयु	60	60
संघर्षण दर		
आयु (वर्ष)		
30 वर्ष तक	3.00	3.00
31 से 44 वर्ष तक	2.00	2.00
44 वर्ष से अधिक	1.00	1.00

उक्त सूचना का प्रमाणन बीमांकक द्वारा किया गया है तथा इसे लेखा परीक्षकों द्वारा विश्वसनीय मानकर उपयोग किया गया है।

बीमांकिक मूल्यांकन के लिए विचार में लाई गई अनुमानित भावी वेतन वृद्धि में मंहगाई दर, वरिष्ठता, पदोन्नति एवं रोजगार बाजार में आपूर्ति एवं मांग जैसे अन्य सम्बद्ध घटकों की ओर ध्यान दिया गया है।

vi. संवेदी विश्लेषण

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
चालू पूर्वानुमानों पर अनुमानित हितलाभ दायित्व		
डिस्काउंटिंग दर में+0.50%परिवर्तन से डेल्टा प्रभाव	(0.71)	(0.73)
डिस्काउंटिंग दर में -0.50%परिवर्तन से डेल्टा प्रभाव	0.71	0.74

6) अर्ध-वेतन छुट्टी देयता

i. हितलाभ दायित्व में परिवर्तन का वर्तमान मूल्य निम्नानुसार है :-

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
वर्ष के प्रारम्भ में दायित्व का वर्तमान मूल्य	922.39	914.13
अधिग्रहण समायोजन	-	1.73
चालू सेवा लागत	45.69	48.99
ब्याज लागत	66.04	60.97
बीमांकिक लाभ / (हानि)	(33.79)	15.39
चुकता हितलाभ	(107.01)	(118.83)
वर्ष के अंत में परिभाषित हितलाभ दायित्व	893.32	922.39

ii. तुलन पत्र तथा सम्बद्ध विश्लेषण :-

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
परिभाषित हितलाभ दायित्व का वर्तमान मूल्य	893.32	922.39
योजना परिसम्पत्तियों का उचित मूल्य	-	-
गैर निधियन देयता / तुलन पत्र में प्रावधान	(893.32)	(922.39)

iii. लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृत व्यय :-

(रुपए लाख में)

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
चालू सेवा लागत	45.69	48.99
हितलाभ दायित्व की ब्याज लागत	66.04	60.97
अवधि के दौरान स्वीकृत बीमांकिक लाभ / (हानि)	(33.79)	15.39
अवधि के दौरान निवल व्यय	77.95	125.35

iv. कर्मचारी हितलाभ के निर्धारण के लिए प्रयुक्त प्रमुख अनुमान निम्नानुसार हैं:-

विवरण	31 मार्च, 2023	31 मार्च, 2022
छूट दर	7.31%	7.16%
भावी लागत वृद्धि/वेतन संवर्धन दर	6.00%	6.00%
सेवानिवृत्ति आयु	60	60
संघर्षण दर		
आयु (वर्ष)		
30 वर्ष तक	3.00	3.00
31 से 44 वर्ष तक	2.00	2.00
44 वर्ष से अधिक	1.00	1.00

उक्त सूचना का प्रमाणन बीमांकक द्वारा किया गया है तथा इसे लेखा परीक्षकों द्वारा विश्वसनीय मानकर उपयोग किया गया है।

बीमांकिक मूल्यांकन के लिए विचार में लाई गई अनुमानित भावी वेतन वृद्धि में मंहगाई दर, वरिष्ठता, पदोन्नति एवं रोजगार बाजार में आपूर्ति एवं मांग जैसे अन्य सम्बद्ध घटकों की ओर ध्यान दिया गया है।

v. संवेदी विश्लेषण

(रुपए लाख में)

विवरण	**31 मार्च, 2023**	**31 मार्च, 2022**
चालू अनुमानों पर संभावित हितलाभ दायित्व		
डिस्काउंटिंग दर में +0.50%परिवर्तन से डेल्टा प्रभाव	(22.62)	(20.11)
डिस्काउंटिंग दर में -0.50% परिवर्तन से डेल्टा प्रभाव	19.75	19.98
वेतन वृद्धि में +0.50%परिवर्तन से डेल्टा प्रभाव	19.88	19.09
वेतन कमी में - 0.50% परिवर्तन से डेल्टा प्रभाव	(22.89)	(20.38)

vi. अनुमानित हितलाभ दायित्वों का परिपक्वता विश्लेषण : नियोक्ता की ओर से

(रुपए लाख में)

विवरण	**31 मार्च, 2023**	**31 मार्च, 2022**
पहले अनुगामी वर्ष	95.56	149.35
दूसरे अनुगामी वर्ष	71.70	77.91
तीसरे अनुगामी वर्ष	53.78	182.84
चौथे अनुगामी वर्ष	79.69	182.15
पांचवे अनुगामी वर्ष	165.58	61.80
छठे अनुगामी वर्ष	206.17	42.15
6 वर्षों के पश्चात	214.11	223.77

XII. इक्विटी शेयरों (गैर-सूचीबद्ध) में लागत पर निवेश – (स्तर 3 निवेश)

कम्पनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान नेशनल फ्लाइंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड, गोंदिया, महाराष्ट्र में 289.34 लाख रुपए का इक्विटी अंशदान (गैर-सूचीबद्ध) किया गया था। निवेशी कम्पनी को 31.3.2023 की स्थिति के अनुसार 8368.40 लाख रुपए की चुकता शेयर पूंजी में से 8368.40 लाख रुपए की हानियां (अस्थाई अलेखापरीक्षित लेखा) हुई हैं । कम्पनी द्वारा एनएफटीआई की चुकता पूंजी पर हुई लगभग 105.83% की इन संचयी हानियों (31 मार्च, 2022 : 96.13%) को विचार में लेकर 31.3.2023 की स्थिति के अनुसार हानि के मूल्य के लिए 289.34 लाख रुपए (31 मार्च,2022: 289.34 लाख रुपए) के प्रावधान किए गए हैं।

XIII. बीमा दावे

1) दिनांक 28 जून, 2013 को उत्तराखंड में मातेली से हार्शिल के एक बचाव मिशन के दौरान एन3 हेलीकॉप्टर पंजीकरण संख्या वीटी-पीएचजैड दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हेलीकॉप्टर की मरम्मत के पश्चात 1086.76 लाख रुपए की राशि का वित्तीय दावा मैसर्स न्यू इंडिया एश्यूरेंस कम्पनी लिमिटेड को मूल्यांकन तथा अग्रेतर कार्रवाई के लिए प्रस्तुत किया गया था। इसके पश्चात दिनांक 10 सितम्बर, 2015 को सर्वेयर से प्राप्त ई-मेल के अनुसार दावे का मूल्यांकन 733.45 लाख रुपए के लिए हुआ था जो कि बीमा कम्पनी द्वारा समाधान किए जाने की शर्त के अध्याधीन था। बीमा कम्पनी द्वारा हमारा दावा नागर विमानन महानिदेशालय की दुर्घटना रिपोर्ट के आधार पर निरस्त कर दिया गया है। कम्पनी द्वारा अपने दिनांक 13 अगस्त, 2018 के माध्यम से दुर्घटना के कारणों के बारे में विस्तार में स्पष्टीकरण प्रस्तुत किए

गए हैं तथा बीमा कम्पनी को एक बार फिर से इस मामले पर पुनर्विचार करने और दावे का निपटान करने का अनुरोध किया गया है। कम्पनी द्वारा मैसर्स न्यू इंडिया एश्यूरेंस कम्पनी लिमिटेड के खिलाफ माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में बीमा कम्पनी को 812.74 लाख रुपए का भुगतान का निदेश देने की प्रार्थना के साथ याचिका दायर की गई है। इस मामले पर अंतिम सुनवाई दिनांक 13.1.2023 को हुई थी। याचना के निपटान के लिए सुनवाई की अगली तिथि 31.1.2024 है।

2) दिनांक 3.10.2018 को बेल्ल 206एल4 हेलीकॉप्टर वीटी-पीएचडी (बीमा मूल्य 875.00 लाख रुपए) द्वारा पदौम से उड़ान भरी गई थी तथा इसने लेह से आगे जांसकर में स्थित कारगियाक में आपात लैंडिंग की थी। दावे का आकलन रचनात्मक कुल नुकसान के रूप में किया गया है और कंपनी को 19.1.2021 (वित्तीय वर्ष 2020-21) को कुल प्राप्य 835.00 लाख (कटौती योग्य-. 40 लाख रुपए का शुद्ध)रुपये में से 780.06 लाख रुपए (क्षति मूल्य का शुद्ध) प्राप्त हुए हैं। निस्तारण के निपटान से संबंधित बीमाकर्ता से बकाया प्राप्य 55 लाख रुपए की राशि का शेष भुगतान (निस्तारण मूल्य) दिनांक 20.7.2023 को प्राप्त हो गया है।

3) कंपनी ने $12,700,00 की राशि के सुनिश्चित बीमा मूल्य का एक सिकोरस्की हेलीकॉप्टर वीटी-पीडब्ल्यूआई (एमएसएन 761060) पट्टे पर दिया था जो 28/06/2022 को तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के लिए उड़ान कार्य के दौरान मुंबई हाई अपतटीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। पवन हंस लिमिटेड ने दुर्घटना की सूचना बीमा कंपनी को दे दी। इस विमान को ''पूर्ण क्षतिग्रस्त'' घोषित किया गया है। तदनुसार, बीमा कम्पनी ने $ 12,600,000 (निवल कटौती रू $100,000) की निवल राशि पर दावे का निपटान किया है तथा इसका भुगतान सीधे ही पट्टा करार के अनुसार पट्टाकार को जारी कर दिया गया है। पट्टा करार के अनुसार $100,000 की कटौती की गई राशि का भुगतान पवन हंस लिमिटेड द्वारा सीधे ही पट्टाकार को किया गया है। यात्री देयता दावों के संबंध में मृतकों के परिवार के सदस्यों / ओएनजीसी के साथ स्वैच्छिक निपटान के लिए सर्वेक्षक द्वारा मूल्यांकन किए जा रहे हैं।

XIV. कराधान

1) 31.03.2007 से 31.03.2017 को समाप्त वित्तीय वर्षों में हुई कर योग्य हानि के प्रति कंपनी ने आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115जेबी के अंतर्गत न्यूनतम वैकल्पिक कर (एमएटी) का भुगतान किया था, जो कि 13,343.44 लाख रुपए (31 मार्च, 2022 : 13,343.44 लाख) था जिसमें निर्धारण वर्ष 2017-18 के प्रति 4669.72 लाख रुपए का एमएटी शामिल है। तथापि, निर्धारण वर्ष 2017-18 के लिए मूल्यांकन अधिकारी द्वारा किए गए कुछ अस्वीकरणों के कारण निर्धारण सामान्य कर के अंतर्गत किया गया है और निर्धारण वर्ष 2017-18 के लिए एमएटी के तहत भुगतान किए गए 4669.72 लाख रुपए के समायोजन के पश्चात 5752.66 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग की गई है। इसके पश्चात, मूल्यांकन अधिकारी द्वारा दिनांक 02/02/ 2021 के संशोधन आदेश संख्या आईटीबीए/आरईसी/एस/154_1/2020-21/1030290334 (1) के माध्यम से निर्धारण वर्ष 2016-17 तक उपलब्ध 8673.72 लाख रुपए के एमएटी क्रेडिट का समायोजन उपर्युक्त मांग के प्रति किया गया है तथा 31.3.2017 की स्थिति को 4529.64 लाख रुपए के शेष को छोड़ कर उपलब्ध एमएटी क्रेडिट में से 4144.08 लाख रुपए का समायोजन किया गया है, कम्पनी ने इस अस्वीकरण एवं मूल्यांकन अधिकारी द्वारा की गई 5752.60 लाख रुपए की मांग के प्रति पहले से ही अपील की है। इसके अलावा, आयकर विभाग ने कर की मांग के प्रति 4028.06 लाख रुपये के उपलब्ध एमएटी क्रेडिट का निर्धारण वर्ष 2018-19 की कर मांग के प्रति समायोजन किया है।, जिसके लिए कंपनी ने पहले ही सीआईटी (ए) के समक्ष अपील दायर कर दी थी। तदनुसार, वर्तमान में कंपनी के पास 501.58 लाख रुपए का एमएटी क्रेडिट उपलब्ध है जिसका समायोजन भावी करों के प्रति सामान्य प्रावधानों के अंतर्गत किया जा सकता है। तथापि, इसे विवेक के आधार पर लेखाबद्ध नहीं किया गया है क्योंकि प्रबंधन को उपलब्ध न्यूनतम वैकल्पिक कर क्रेडिट के समायोजन के

लिए भावी करयोग्य लाभ उत्पत्ति के प्रति निश्चितता नहीं है। इसके अलावा, यह उल्लेख किया जाता है कि विचाराधीन वर्ष के दौरान कम्पनी को सामान्य प्रावधानों एवं आयकर अधिनियम, 1961 के एमएटी 115जेबी के अंतर्गत करयोग्य हानि हुई है।

2) अग्रिम कर के 9,306.65 लाख रुपए (पिछले वर्ष 8,149.72 लाख रुपए) के निवल कर प्रावधानों का ब्यौरा 7232.68 लाख रुपए (पिछले वर्ष 6809.45 लाख रुपए) के गैर चालू अग्रिम कर के अंतर्गत दर्शाया गया है जिनमें 95.53 लाख रुपए (पिछले वर्ष : 95.53 लाख रुपए) के अमान्य स्रोत कर कटौती प्रमाण पत्र शामिल नहीं है जो निम्नानुसार चालू अग्रिम कर के 2073.97 लाख रुपए (पिछले वर्ष 1,340.27 लाख रुपए) एवं शून्य रुपए (पिछले वर्ष शून्य रुपए) की चालू देयताओं के अंतर्गत मूल्यांकन वर्ष 2004-05, 2005-06, 2006-07,2009-10 तथा 2010-11 से संबंधित हैं:-

(रुपए लाख में)

विवरण	**31 मार्च, 2023**	**31 मार्च, 2022**
स्रोत पर कर कटौती सहित अग्रिम कर	43,731.14	42,574.21
आय कर के लिए प्रावधान	34,424.49	34,424.49
अग्रिम चुकता आय कर की निवल राशि	**9,305.65**	**8,149.72**

3) अग्रिम कर की राशि में मूल्यांकन वर्ष 2021-22 तक के पूर्ण मूल्यांकनों से संबंधित 7,478.78 लाख रुपए (31 मार्च, 2022: 6,968.89 लाख रुपए) एवं मूल्यांकन वर्ष 2022-23, मूल्यांकन वर्ष 2020-21 से संबंधित 740.32 लाख रुपए की वह राशि शामिल है जिसके मूल्यांकन अभी नहीं हुए हैं तथा शेष 1087.55 लाख रुपए का अग्रिम कर चालू वित्तीय वर्ष से संबंधित है।

31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार उपर्युक्त अग्रिम कर में से 7478.78 लाख रुपए की राशि मूल्यांकन वर्ष 2021-22 (31 मार्च,2022: 6,968.89 लाख रुपए) तक की वह धनवापसी योग्य राशि है जो वर्तमान स्तर पर सीआईटी/ आय कर अपीलिय ट्रिब्यूनल के सम्मुख इनके मामले लम्बित होने के कारण स्वीकृति योग्य नहीं है। इस प्रकार आय कर विभाग से धनवापसी के रूप में प्राप्य / समायोजन योग्य 7,232.68 लाख रुपए (31 मार्च, 2022: 6,809.45 लाख रुपए) की राशि को 'गैर चालू परिसम्पत्तियों' के अंतर्गत दर्शाया गया है तथा 7,232.68 लाख रुपए (31 मार्च,2022: 1,340.07 लाख रुपए) की बकाया राशि को 'चालू कर परिसम्पत्तियों' के अंतर्गत दर्शाया गया है तथा शेष 2,073.97 लाख रुपए (31 मार्च, 2022: 1,340.07) को ''चालू कर परिसम्पतियों'' के अंतर्गत दर्शाया गया है।

कम्पनी ने मूल्यांकन अधिकारी द्वारा दी गई अस्वीकृति एवं आय कर आयुक्त (अपील) द्वारा की गई पुष्टि के प्रति आय कर अपीलिय ट्रिब्यूनल के सम्मुख अपीलें दायर की गई है। ये अपीलें मुख्यत: कम्पनी द्वारा केन्द्र सरकार को देय ब्याज के दावों / वित्तीय वर्ष 1996-97 से 2001-02 के कर मुक्त बांडों के ब्याज से संबंधित हैं।

XV. हेलीपोर्ट परियोजना

सरकार द्वारा कम्पनी के लिए रोहिणी, नई दिल्ली में 6400 लाख रुपए (1907 लाख रुपए की भूमि लागत सहित जो नागर विमानन मंत्रालय के नाम है) की अनुमानित लागत से हेलीपोर्ट के निर्माण की परियोजना का अनुमोदन दिया गया था जिसे नागर विमानन मंत्रालय द्वारा दिनांक 7.6.2016 को अनिवार्य सुरक्षा, संरक्षा तथा प्रचालनात्मक अवसंरचना लागत के लिए अतिरिक्त मदों एवं आकस्मिकताओं को विचार में लेकर 9925.00 लाख रुपए कर दिया गया था। इस परियोजना के लिए निधियन निम्नानुसार किया गया है:-

1) अनुमानित मूल्य अवसंरचना विकास की 80% लागत के लिए सरकारी इक्विटी के तौर पर लगभग 6414.00 लाख रुपए का योगदान

2) कम्पनी द्वारा परियोजना लागत 20% भाग के तौर पर 1604 लाख रुपए का योगदान

कम्पनी को हेलीपोर्ट परियोजना की लागत के लिए भारत सरकार से 6414.00 लाख रुपए के इक्विटी अंशदान (जिसमें भारत सरकार (नागर विमानन मंत्रालय) से मार्च, 2017 में इक्विटी पूंजी के रूप में प्राप्त 2814.00 लाख रुपए शामिल हैं) मार्च 2017 तक प्राप्त हो गया था।

इस परियोजना पर 31.3.2022 तक किए गए व्यय का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:-

(रुपए लाख में)

विवरण	**31 मार्च, 2022**	**31 मार्च, 2021**
भूमि की लागत-भारत सरकार द्वारा निधियन नहीं	7.01	7.01
परामर्शदाताओं को डिजाइनिंग तथा परियोजना योजना के लिए भुगतान	178.68	178.68
चारदीवारी तथा ठेकेदारों, बिजली लोड स्वीकृति फीस इत्यादि के आर/ए बिलों के भुगतान के लिए।	5948.26	5948.26
योग	**6133.95**	**6133.95**

वित्तीय वर्ष 2016-17 में दिनांक 28.2.2017 से रोहिणी स्थित हेलीपोर्ट से प्रचालन प्रारम्भ हो गए थे। तदनुसार, दिनांक 28.2.2017 को घटक एप्रोच का अनुसरण करते हुए विभिन्न स्वीकृत घटकों के अंतर्गत 6133.95 लाख रुपए का अस्थाई पूंजीयन कर लिया गया था। इसके अलावा, चूंकि रोहिणी हेलीपोर्ट के संबंध में कम्पनी एवं नागर विमानन मंत्रालय के बीच किसी प्रकार का पट्टा करार किए जाने की आवश्यकता थी अत: कम्पनी अधिनियम के अंतर्गत उल्लिखित उपयोज्यता काल को संबंधित स्वीकृत घटकों के लिए विचार में लिया गया है।

इसके अलावा, कम्पनी के विनिवेश की प्रक्रिया जारी होने को विचार में लेते हुए पवन हंस लिमिटेड के निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 31 अक्तूबर, 2019 को आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में रोहिणी हेलीपोर्ट से अलग होने का अनुमोदन दिया गया है। 1 अप्रैल, 2022 से प्रभावी विलय समाप्ति का अनुमोदन कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा दिनांक 29.8.2022 के आदेश संख्या 24/2/2022-सीएल-III के माध्यम से जारी किया गया है। तदनुसार, विलय समाप्ति की अनुमोदित योजना के अनुसरण में 1.4.2022 की स्थिति के अनुसार रोहिणी हेलीपोर्ट की अंतरण की गई परिसम्पतियों एवं देयताओं का विवरण निम्नलिखित है:-

(रुपए लाख में)

विवरण	**1.4.2022**
परिसम्पत्तियां	
सम्पत्ति,संयंत्र तथा उपकरण	4070.56
व्यवसाय प्राप्य	38.54
रोकड़ तथा रोकड़ समतुल्य	55.24
अन्य चालू परिसम्पत्तियां	1363.93
योग	**5528.27**
देयताएं	
अन्य गैर चालू वित्तीय देयताएं	0.06
व्यवसाय देय	13.98
अन्य चालू देयताएं	602.21
योग	**616.25**
धारित आय के प्रति अंतरित / समायोजित राशि में भिन्नता	4912.02

इसके अलावा, विलय समाप्ति की अनुमोदित योजना के अनुसार 1156.66 लाख रुपए की व्यापार हानि एवं 2721.32 लाख रुपए की राशि का आयकर अधिनियम के अनुसार अनावशोषित मूल्यह्रास एवं उससे संबंधित 31.3.2022 तक की आस्थगित कर परिसम्पतियों का अंतरण रोहिणी हेलीपोर्ट लिमिटेड को किया गया है।

XVI. हडप्सर, पुणे में हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण अकादमी एवं हेलीपोर्ट

कम्पनी को हडप्सर , पुणे में स्थित नागर विमानन महानिदेशालय के स्वामित्व एवं नियंत्रणाधीन विद्यमान ग्लाइडिंग सेन्टर में हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण अकादमी एवं हेलीपोर्ट के निर्माण का उत्तरदायित्व सौंपा गया था। नागर विमानन मंत्रालय द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को अनुमोदन दे दिया गया है। नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा इस उद्देश्य से अप्रैल, 2010 में 1000.00 लाख रुपए की राशि जारी कर दी गई है। उक्त अग्रिम में से 31.3.2023 तक निम्नानुसार व्यय किए गए हैं:-

(रुपए लाख में)

	विवरण	**31 मार्च,2023**	**31 मार्च, 2022**
क	-नागर विमानन महानिदेशालय से अप्रैल, 2010 में प्राप्त अग्रिम	1000.00	1000.00
	-कुल उपार्जित एवं अर्जित ब्याज	232.60	229.20
	कुल निधि	**1232.60**	**1229.20**
ख	- एनबीसीसी को दी गई राशि	1134.09	1134.09
	- कम्पनी द्वारा परियोजना पर व्यय की गई राशि	26.68	26.68
	योग वितरण / व्यय	**1160.77**	**1160.77**
ग	**बैंक में उपलब्ध रोकड़**		
	- चालू खाते में	4.92	4.92
	- सावधि जमा में	65.55	62.70
	- ब्याज उपार्जित एवं अन्य	0.64	0.46
	योग	**71.11**	**68.08**

XVII. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं संवहनीय विकास निधि

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुसार 1 अप्रैल, 2014 से कम्पनी से पूर्व तीन वर्षों में कम्पनी द्वारा उपार्जित शुद्ध लाभ के औसत का प्रत्येक वर्ष कम से कम 2% सीएसआर नीति के अंतर्गत व्यय किया जाना अपेक्षित किया गया है । इसके आधार पर सीएसआर में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए शून्य लाख रुपए (31 मार्च, 2022: शून्य लाख रुपए) की राशि के व्यय की अपेक्षा की गई है । इसके अलावा, पूर्व वर्षों के लिए 200.92 लाख रुपए (31 मार्च, 2022: 200.92 लाख रुपए) के प्रावधान अग्रेषित किए गए हैं । चालू वित्त वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा सीएसआर क्रियाकलापों पर निम्नलिखित शीर्ष के अंतर्गत शून्य लाख रुपए (31 मार्च,2022: शून्य रुपए) व्यय किए गए हैं :

(रुपए लाख में)

विवरण	**31 मार्च, 2023**	**31 मार्च, 2022**
स्वच्छ भारत अभियान	शून्य	शून्य
शिक्षा प्रोत्साहन **	शून्य	शून्य
स्वास्थ्य सेवा	शून्य	शून्य
प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण	शून्य	शून्य
प्रशिक्षण एवं कौशल विकास	शून्य	शून्य
योग	**शून्य**	**शून्य**

** शिक्षा प्रोत्साहन के लिए मैसर्स कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस के साथ 6.75 लाख रुपए के कुल मूल्य का अनुबंध किया गया था जिसमें से 31.3.2019 तक 5.06 लाख रुपए का व्यय किया जा चुका है तथा शेष 1.69 लाख रुपए निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रतिबद्ध देयता के अंतर्गत लेखा बहियों में अग्रेनित किए गए हैं।

31.3.2023 की स्थिति के अनुसार व्यय न की गई 204.62 लाख रुपए की राशि के शेष का विधिवत उपयोग लोक उपक्रम विभाग के दिनांक 23.9.2011 के दिशानिर्देशों तथा समय समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाएगा ।

XVIII. प्रचालन पट्टे के प्रति दायित्व :-

निरस्त किए गए प्रचालन पट्टों के संबंध में 1376.09 लाख रुपए (31 मार्च, 2022: 1345.08 लाख रुपए) का किराया व्यय / हेलीकॉप्टर पट्टा प्रभार लाभ एवं हानि विवरणी में प्रभारित किए गए है । कम्पनी द्वारा वर्टिकल एविएशन नम्बर 1 लिमिटेड के साथ सात वर्ष के लिए एस76डी हेली के संबंध गैर-निरस्त प्रचालन पट्टे किए गए हैं तथा विचाराधीन वर्ष के दौरान हेलीकॉप्टर पट्टा प्रभार के प्रति 2816.60 लाख रुपए (31 मार्च, 2022- 1055.67 लाख रुपए) चुकता किए गए हैं।

हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ प्रचालन पट्टे का प्रकटीकरण *:-

(रुपए लाख में)

विवरण	**एक वर्ष से अधिक नहीं**	**एक वर्ष से अधिक परन्तु पांच वर्ष से अधिक नहीं**	**पांच वर्ष से अधिक**
हि.ए.लि. से ड्राई लीज पर ध्रुव हेलीकॉप्टर (वीटी-एचएक्यू तथा वीटी-एचएआर)	684.00	667.13	-

*वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 567.24 लाख रुपए (पिछले वर्ष – 313.59 लाख रुपए) लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किए गए हैं।

XIX पट्टे :-

वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा संशोधित पूर्वव्यापी अभिमुखता के साथ इंड एएस 116 का उपयोग किया गया है जिसके अंतर्गत 1 अप्रैल, 2019 की स्थिति के अनुसार प्रारंभिक उपयोज्यता से 1.81 लाख रुपए (आस्थगित कर का निवल) के संचयी प्रभाव की स्वीकृति धारित आय में की गई है।

1 अप्रैल, 2019 की स्थिति के अनुसार 1711.15 लाख रुपए मूल्य की उपयोग अधिकार वाली परिसम्पत्तियां तथा 1713.77 लाख रुपए की पट्टा देयताओं की स्वीकृति की गई है।

क. रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वर्ग वार उपयोग अधिकार वाली परिसम्पत्तियों का वहन मूल्य निम्नलिखित है:-

विवरण	**2022-23**	**2021-22**
वर्ष के प्रारंभ में	18965.17	877.72
अवधि के दौरान आवर्धन	-	20424.80
वर्ष के दौरान विलोपन	(3001.85)	80.04
मूल्यह्रास	(2865.61)	2257.31
अंत शेष	13097.71	18965.17

* वर्टिकल एविएशन के साथ 7 वर्ष के पट्टे के लिए पट्टे पर प्राप्त एस76डी हेलीकॉप्टर क्र.सं.761060 का पट्टा दिनांक 27 जून, 2022 को घटित दुर्घटना के कारण समाप्त हो गया था। इस प्रकार, पट्टे वाले हेलीकॉप्टर के संबंध में 27 जून, 2022 की स्थिति के अनुसार उपयोग अधिकार परिसम्पति का शेष (3046.14 लाख रुपए) तथा पट्टा देयता शेष (3388.52 लाख रुपए) का 342.38 लाख रुपए के निवल लाभ प्रभाव के साथ लाभ एवं हानि विवरण में बट्टा / प्रतिलेखन किया गया है।

ख. पट्टा देयताओं का परिपक्वता विश्लेषण :

परिपक्वता विश्लेषण – संविदागत गैर-छूट प्राप्त रोकड़ प्रवाह	**31 मार्च, 2023 की स्थिति**	**31 मार्च, 2022 की स्थिति**
एक वर्ष से कम	3483.86	3844.39
एक से पांच वर्ष	15310.20	17333.08
पांच वर्ष से अधिक	13.74	32.75
कुल गैर-छूट प्राप्त पट्टा देयताएं	18807.80	21210.22
31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार वित्तीय विवरणों में शामिल पट्टा देयताएं	13754.74	18769.29
चालू	2789.52	650.59
गैर – चालू	10965.22	18118.70

ग. लाभ अथवा हानि में स्वीकृत राशियां:

विवरण	**31 मार्च, 2023 की स्थिति**	**31 मार्च, 2022 की स्थिति**
पट्टा देयताओं पर ब्याज	645.50	511.75
उपयोग अधिकार वाली सम्पत्तियों का परिशोधन	2865.61	2257.31

घ. रोकड़ प्रवाह विवरण में स्वीकृत राशियां :

विवरण	**31 मार्च, 2023 की स्थिति**	**31 मार्च, 2022 की स्थिति**
पट्टे के लिए कुल रोकड़ प्रवाह	3311.16	1527.47

XX. घटक लेखांकन

वित्तीय वर्ष 2016-17 से हेलीकॉप्टर के कलपुर्जों के लिए घटक लेखांकन की प्रक्रिया अपनाई गई थी तथा घटक लेखांकन के लिए निम्नलिखित कलपुर्जे विचार में लिए गए थे:-

1 इंजन
2 मुख्य गियर बॉक्स
3 हब एसेम्बली
4 ट्रांसमिशन एसेम्बली
5 सन्निहित लागत
6 हल्ल

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान हेलीकॉप्टरों तथा घटकों के मूल्यह्रास की कुल राशि 6394.32 लाख रुपए (31 मार्च,2022: 6522.20 लाख रुपए) है। ओवरहॉल प्रभार / जी निरीक्षण व्यय की राशि 3995.28 लाख रुपए (31 मार्च, 2021: 6971.37 लाख रुपए) की राशि का वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान पूंजीयन किया गया है।

XXI. क) वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान लक्षद्वीप डिटैचमेंट में एक वित्तीय अनियमितता पाई गई थी। सतर्कता विभाग द्वारा जांच करके अपनी रिपोर्ट प्रबंधन को प्रस्तुत की गई थी। सतर्कता विभाग द्वारा सूचित 129.21 लाख रुपए की अनुमानित वित्त हानि में से वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान 89.12 लाख रुपए के प्रावधान किए गए थे। इस 89.12 लाख रुपए की राशि का निर्धारण 129.21 लाख रुपए की अनुमानित लागत के अनुसार किया गया था जिसमें से कर्मचारियों को देय यात्रा बिल/क्रेडिट/ सहायक कार्यों/बीजकों इत्यादि के लिए देय 40.09 लाख रुपए का संज्ञान कर लिया गया था। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान लक्षद्वीप प्रशासन से अप्रैल2008 से मार्च, 2011के यात्री बिलों के लिए 59.29 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई थी। मानव संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच कार्रवाई पूरी हो चुकी है तथा दिए गए सुझाव के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

ख) विचाराधीन वर्ष के दौरान दमन डिटेचमेंट के बेस सहायक द्वारा दमन एवं दीव प्रशासन की ओर से टिकटें जारी करने के लिए संग्रहित की गई 3.56 लाख रुपए (अनुमानित) का दुरूपयोग किया गया था । राशि की वसूली के लिए उचित कार्रवाई की गई है तथा उससे 2.40 लाख रुपए की वसूली कर ली गई है और 1.16 लाख रुपए की शेष राशि की वसूली एवं अन्य उचित कार्रवाई करने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं। इस राशि को वित्तीय वर्ष 2018-19 के लेखों में शामिल किया गया है।

ग) वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान पोर्टब्लेयर डिटेचमेंट की लेखा बहियों के अंत शेष में उपलब्ध नकदी एवं शेष नकदी में 0.83 लाख रुपए (लगभग) का दुरूपयोग प्रकाश में आया था। इस मामले पर जांच प्रारंभ की गई तथा इससे संबंधित विस्तृत रिपोर्ट प्रतीक्षित है। रिपोर्ट के आधार पर कम्पनी नियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। लेखा बहियों में इसके लिए आवश्यक प्रावधान कर लिए गए हैं।

XXII. प्रावधान

31.3.2023 की स्थिति के अनुसार बहियों में किए गए विभिन्न प्रावधान नीचे दिए गए हैं:-

(रुपए लाख में)

